थोंगछी का जन्म 1952 में अरुणाचल प्रदेश के पश्चिम कामेंग जिले में हुआ। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा जीगांव और बोमडिला में प्राप्त की तथा आगे की शिक्षा गुवाहाटी के कॉटन कॉलेज से स्नातक और गुवाहाटी विश्वविद्यालय से असमिया साहित्य में स्नातकोत्तर उपाधि के रूप में संपन्न की। एक भारतीय प्रशासनिक सेवा (IAS) अधिकारी के रूप में उन्होंने विभिन्न उच्च पदों पर कार्य किया। सेवानिवृत्ति के उपरांत वे साहित्यिक गतिविधियों में पुनः सक्रिय हुए और अरुणाचल प्रदेश साहित्यिक सोसायटी के अध्यक्ष के रूप में राज्य के साहित्यिक परिदृश्य को सशक्त दिशा प्रदान की।

थोंगछी की साहित्यिक विशेषता यह है कि वे असमिया भाषा के माध्यम से अरुणाचल प्रदेश की जनजातीय संस्कृति, परंपरा और जीवन–संघर्ष को अभिव्यक्त करते हैं। उनकी इस विशेषता के कारण दोनों राज्यों में भाईचारे की भावना का अधिक विस्तार हो उठता है। उनके लेखन में सूक्ष्म वर्णन, प्राकृतिक चेतना, सामाजिक यथार्थ और मानवीय संवेदनाओं का गहन समन्वय दिखाई देता है। उनका उपन्यास सोनाम इसी संवेदनशील दृष्टि का उत्कृष्ट उदाहरण है। यह येसे दरजे थोंगछी का प्रथम प्रकाशित उपन्यास है। इस उपन्यास का हिंदी अनुवाद डॉ. महेन्द्रनाथ दुबे द्वारा 2009 में किया गया।

थोंगछी का उद्देश्य केवल अरुणाचल प्रदेश के आदिवासी जीवन का चित्रण करना नहीं है, बल्कि वे मानवीय मूल्यों की पुनर्खोज, भावनात्मक जटिलताओं की अभिव्यक्ति तथा मनोवैज्ञानिक गहराइयों की प्रस्तुति के माध्यम से साहित्य को एक व्यापक सामाजिक और सांस्कृतिक आयाम प्रदान करते हैं। उनके लेखन में लोक–संवेदना, सामाजिक यथार्थ और सांस्कृतिक संवाद की त्रिवेणी स्पष्ट रूप से परिलक्षित होती है, जो उन्हें अन्य समकालीन लेखकों से विशिष्ट बनाती है।

येसे दरजे थोंगछी का उपन्यास सोनाम ब्रोकपा जनजाति की जीवन–शैली, लिंग, बहुपति प्रथा आदि जैसे जटिल विषयों को केंद्र में रखता है। यह उपन्यास अरुणाचल प्रदेश की मोनपा जनजाति की एक विशिष्ट शाखा 'ब्रोकपा' समुदाय के जीवन, सामाजिक संरचना और मानसिक जटिलताओं को अत्यंत संवेदनशीलता एवं यथार्थपरक दृष्टि के साथ प्रस्तुत करता है। इस समुदाय की सामाजिक व्यवस्था में बहुपति प्रथा (Polyandry) एक प्राचीन परंपरा के रूप में विद्यमान रही है, जिसमें एक स्त्री एक से अधिक पुरुषों की पत्नी होती है। यह प्रथा

न केवल उनके सांस्कृतिक ढाँचे का अंग है, बल्कि पारिवारिक संपत्ति के संरक्षण और सामाजिक समरसता बनाए रखने का माध्यम भी रही है। भारतीय मिथकीय परंपरा में भी बहुपति प्रथा के उदाहरण मिलते हैं—जैसे महाभारत में द्रौपदी का पाँच पांडवों की पत्नी होना, जो इस विषय की ऐतिहासिक गहराई और सांस्कृतिक विविधता को रेखांकित करता है।

उपन्यास का प्रमुख पात्र लबजाँग एक युवा ब्रोकपा चरवाहा है, जो अरुणाचल प्रदेश के ऊँचे हिमालयी क्षेत्र में स्थित चोकसुम पहाड़ियों पर बने अपने 'ब्रोक' नामक पशु—फार्म में जीवन का अधिकांश भाग व्यतीत करता है। उसकी नवविवाहिता पत्नी सोनाम गृहग्राम में रहती है। लबजाँग की व्यवसायगत प्रवृत्ति और उनके बीच की भौगोलिक दूरी, उनके वैवाहिक जीवन में धीरे—धीरे भावनात्मक दूरी का रूप ले लेती है। लेखक इस दूरी को केवल भौगोलिक न मानकर, सामाजिक और सांस्कृतिक प्रतिबंधों से उपजे अवरोध के रूप में भी चित्रित करते हैं। ब्रोकपा समाज की लोक—मान्यताएँ और मिथकीय विश्वास सामाजिक व्यवहार को गहराई से नियंत्रित करते हैं। जब लबजाँग अपनी पत्नी को अपने पशु पालन स्थान पर लाने का प्रयास करता है, तो समुदाय द्वारा यह चेतावनी दी जाती है कि ऐसा करना देवताओं को अप्रसन्न कर सकता है, जिससे पशुओं पर महामारी फैलने और पशुधन के नाश की आशंका उत्पन्न हो सकती है। यह विश्वास लबजाँग और सोनाम के दांपत्य जीवन में एक गंभीर सामाजिक व्यवधान उत्पन्न करता है। थोंगछी इस मिथक को मात्र अंधविश्वास के रूप में नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक संरचना और सामूहिक विश्वास प्रणाली के रूप में प्रस्तुत करते हैं, जो समुदाय की पहचान, सुरक्षा और अस्तित्व से गहराई से जुड़ी हुई है। थोंगछी ने मिथक और लोक कथाओं का अत्यंत प्रभावशाली उपयोग करते हुए यह दर्शाया है कि ये सांस्कृतिक संरचनाएँ कैसे न केवल स्त्री को बाधित करती हैं, बल्कि पुरुष पात्रों के मानसिक द्वंद्व को भी जन्म देती हैं। लबजाँग की स्थिति इसी द्वंद्व का प्रतिनिधित्व करती है—वह एक ओर अपनी पत्नी से प्रेम करता है, दूसरी ओर सामाजिक वर्जनाओं से बँधा हुआ है।

मोनपा समाज में खोर—देपका नामक इस बहुपतित्व प्रथा को सोनाम, लबजाँग तथा पेमा स्वीकार करते हैं। समाज के नियमों को आत्मसात् करता है, अपितु मानवीय आचार—विचार में खोट होना स्वाभाविक है। जिसके कारण उनके रिश्तों में भी टकराव आता है। पेमा स्वयं को अधिक प्रभावशाली दर्शाने के लिए लबजाँग के पीठ पीछे षड्यंत्र रचता है तथा लबजांग से ईर्ष्या करता है। इस प्रकार, सोनाम उपन्यास न केवल जनजातीय समाज की जीवन—पद्धति और सांस्कृतिक संरचनाओं का दस्तावेज है, बल्कि यह लिंग, कामुकता और विवाह जैसे स्त्रीवादी मुद्दों की जटिलताओं को भी संवेदनशीलता और आलोचनात्मक दृष्टि के साथ प्रस्तुत करता है। यह कृति केट मिलेट के सिद्धांतों को व्यावहारिक उदाहरणों में बदलते हुए दर्शाती है कि कैसे जैविक सेक्स के आधार पर निर्मित सामाजिक लिंग संरचनाएँ स्त्री की स्वतंत्रता और इच्छाओं को नियंत्रित करने का माध्यम बनती हैं।

सोनाम खुद को निर्दोष बताती है तथा उपन्यास में कोई भी पात्र सोनाम की मनोस्थिति के बारे में सोचता नहीं है। सोनाम कहती है ''मैंने क्या गलत किया है? मैं ही हूँ जो हर दिन अकेली सोती हूँ, और मुझे घर में अकेली पाकर गाँव के लड़के हर समय आकर मुझे परेशान करते हैं। एक असहाय महिला होने के नाते मैं क्या करूँ, मैं उन्हें कैसे दूर रखूँ? और वह पेमा वांगछू? उसने मेरी बार—बार की चेतावनियों पर कोई ध्यान नहीं दिया। मैंने उससे कितनी विनती की कि वह मेरे पास न आए। अब मुझे क्या करना चाहिए? तुम ही बताओ!

या तो तुम मुझे अपने साथ रहने के लिए ब्रोक के पास ले जाओ या फिर तुम मुझे मार डालो...?'' सोनाम रोने लगी (थोंगछी, 22)। सोनाम की दयनीय स्थिति इस तथ्य को उजागर करती है कि विवाहित होने के बावजूद वह अपने पति की अनुपस्थिति में एकाकी जीवन जीने को मजबूर है। वह एक महिला होने के नाते असुरक्षित जीवन जीती है क्योंकि उसका पति दूर खेतों में काम करने जाता है। गाँव के युवक इस तथ्य का फायदा उठाते हैं और उसके साथ अवैध संबंध बनाने की कोशिश करते हैं। वे एक महिला की पवित्रता और ईमानदारी को कमजोर करने की कोशिश करते हैं। यहाँ लैंगिक समानता पर भी सवालिया निशान है। इसका परिणाम यह होता है कि उसे गाँव के दूसरे लड़कों के आगे झुकना पड़ता है। सोनाम एक चुप, विनम्र और पीड़ित महिला है। यहाँ तक कि लबजाँग ने भी इस तथ्य को स्वीकार किया कि सोनाम के लिए लगातार महीनों तक अकेले रहना वास्तव में कठिन होगा। उसे घर में एक पुरुष साथी की जरूरत थी जो उसे प्यार, देखभाल और सुरक्षा प्रदान कर सके। इस समस्या का समाधान खोर–देपका यानि बहुपतित्व की प्रणाली में निहित था, जिसे लबजाँग के अपने समुदाय द्वारा स्वीकारा जाता है। इस तरह से सोनाम पेमा वांगछू नामक व्यक्ति को अपना सह–पति बनाने के लिए तैयार हो गई। हालाँकि, समुदाय में हर कोई पेमा वांगछू को सोनाम का सह–पति स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं था। उन्होंने कहा कि लबजाँग और पेमा वांगछू दो अलग–अलग जाति–विरादरी के हैं। अगर उनके परिवार में कोई बच्चा पैदा होता है, तो यह तय करना मुश्किल होगा कि वह बच्चा पेमा की जाति का है या लबजाँग की। लबजाँग के खोर–देपका करने के निर्णय पर केजाँग और लबजाँग के मध्य वार्तालाप होता है तथा लबजाँग कहता है– "पेमा वांगछू दूसरी जाति का पुरुष है। हम लोगों के अपने वंश का वह नहीं है। उसके साथ अगर तुम खोर–देपका करोगे, तो बाद में चल कर जो पुत्र या पुत्री सन्तानें होंगी उनके पिता–विशेषतः पिता के वंश, उस वंश की उपाधि, वगैरह–को ले कर भारी समस्या आ खड़ी होगी। दोनों पतियों में से किस विशेष को, उस विशेष सन्तान का पिता बतला कर उसका वंश परिचय दिया जायेगा" (थोंगछी, 32)। यहाँ तक कि गाँव की महिलाएँ भी इस रिश्ते के खिलाफ थीं। लेकिन इस रिश्ते का सबसे बड़ा विरोध पेमा वांगछू के माता–पिता की तरफ से हुआ। पेमा के पिता का मानना था कि उनका बेटा लबजाँग की पत्नी से शादी करने के बजाय अपने भाई की किसी भी पत्नी से शादी कर सकता है क्योंकि लबजाँग एक अलग जाति से था। यह साबित करता है कि ब्रोकपा समुदाय के लोगों के अवचेतन मन में जाति एक निर्णायक भूमिका निभाती थी।

उपन्यास इस तथ्य को उजागर करता है कि ब्रोकपा समाज में ग्राम पदानुक्रम (ग्रामीय अनुक्रम व्यवस्था) वैवाहिक संबंधों को निर्धारित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यह ग्राम परिषद् त्सोपा के रूप में स्पष्ट है जिसने पेमा और सोनाम के बीच प्रस्तावित विवाह को कुछ शर्तों के अधीन अपनी मंजूरी दे दी। पहली शर्त जो ग्राम परिषद् ने रखी थी वह यह थी कि पेमा अपनी जाति का त्याग करेगा और लबजाँग की उपाधि स्वीकार करेगा। दूसरी शर्त यह थी कि पेमा के पिता त्सावांग अपने बेटे को अस्वीकार कर देंगे और इसके साथ ही पेमा अपने पिता की संपत्ति में हिस्सा खो देगा। ये महत्त्वपूर्ण आदिवासी वैवाहिक मुद्दे ब्रोकपा समुदाय के जीवन और भाग्य को नियंत्रित करते थे। ब्रोकपा की प्रथा के अनुसार बहुपति प्रथा के तहत वरिष्ठ पति को अपनी संपत्ति अपने सह–पति के साथ साझा करनी होती थी। इसलिए सोनाम और पेमा की शादी के बाद, लबजाँग

अपनी संपत्ति अपने सह–पति पेमा के साथ साझा करने की सोचता है। लबजाँग ने न केवल अपनी संपत्ति बल्कि अपनी जिम्मेदारी भी पेमा के साथ साझा की। समझौते के अनुसार वे दोनों बारी–बारी से खेत और घर पर बराबर दिन बिताएँगे। जब लबजाँग खेत पर जानवरों की देखभाल करता था, उस दौरान पेमा घर पर अपनी पत्नी सोनाम के साथ रहता था। बहुपति प्रथा के तहत विवाह को सफल बनाने के लिए दोनों पतियों को कड़ी मेहनत करने और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करने की आवश्यकता होती है। हालाँकि पेमा वांगछू की ओर से एक बड़ी चूक हुई जो अपना कर्त्तव्य ठीक से निभाने में विफल रहा। पेमा समय से पहले घर आ गया था क्योंकि एक हिम तेंदुए ने खेत पर हमला किया था और एक भेड़ को मार डाला था। भेड़ पेमा की लापरवाही के कारण मारी गई थी। इसलिए लबजाँग ने तुरंत पेमा को खेत में वापस जाने और जानवरों की देखभाल करने का आदेश दिया। उसी रात उन तीनों– सोनाम, लबजाँग और पेमा वांगछू– ने एक कमरे में एक साथ रात बिताई। कमरे के एक कोने में अकेला लेटा लबजाँग पूरी रात सो नहीं पाया क्योंकि भेड़ों के खो जाने के कारण वह मानसिक रूप से परेशान था। जब उसने देखा कि सोनाम और पेमा वांगछू एक ही बिस्तर पर सो रहे हैं और शांति से सो रहे हैं, तो वह यह सब बर्दाश्त नहीं कर पाया। ऐसा लग रहा था जैसे बहुपति प्रथा उसकी समस्या का समाधान करने में विफल रही हो। उसने अपनी पत्नी को पेमा वांगछू को अपना सह–पति बनाने की अनुमति दे दी थी ताकि उसे खेत की देखभाल के लिए एक अतिरिक्त व्यक्ति मिल जाए। लेकिन, अब तक पेमा बेकार साबित हुआ था। पेमा की लापरवाही के कारण भेड़ें मारी गई थीं। लबजाँग के वफादार कुत्ते डम्बू को खेत में जानवरों की रखवाली करनी थी। लेकिन पेमा वांगछू ने रात में डम्बू को उसके खंभे से बांध दिया जिससे कुत्ता भेड़ों को बचाने नहीं जा सका। जब हिम तेंदुए ने जानवरों पर हमला किया, तो आलस्य और डर के कारण पेमा घर से बाहर नहीं निकला। उपन्यास में परंपरा और संस्कृति विवाह संस्था को मजबूत बनाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है। ब्रोकपा समाज में यह स्पष्ट रूप से दिखाई देता है, खासकर लबजाँग के जीवन में। लबजाँग को बौद्ध धर्म और परंपरा के प्रति बहुत सम्मान था और वह बौद्ध जीवन–शैली का बारीकी से पालन करता था। उसने कई बार तवांग के महान मठ का दौरा किया। लेखक ने इस मठ का वर्णन निम्नलिखित शब्दों में किया है– प्रसिद्ध गैलडेन नामग्याल ल्हात्से मठ, जिसे तवांग मठ के नाम से जाना जाता है, एक पहाड़ी की चोटी पर स्थित है। यह मठ अरुणाचल प्रदेश के मोनपा और शेरदुकपेन जनजातियों के बीच अध यात्मवाद के निवास और बौद्ध धर्म की शिक्षा के केंद्र के रूप में कार्य करता है। एक बार लबजाँग अपनी पत्नी सोनाम को अपने साथ तवांग मठ की यात्रा पर ले गया। वह और उसके साथी काकलिंग नामक एक सुसज्जित द्वार से मठ में दाखिल हुए। जैसे ही वे पास आए दुखांग (मुख्य प्रार्थना कक्ष), वे इसके चारों ओर घूमते थे कई बार और दीवारों पर लगे धर्म चक्रों को हिलाया। खाता समारोहों में इस्तेमाल किया जाने वाला सफेद कपड़े का एक पारंपरिक टुकड़ा है। उन्होंने अपना खाता निकाला और खाते के एक छोर पर कुछ मकई के बीज रखे और इसे ठीक से बाँध दिया। फिर उन्होंने पाल्डेन ल्हामो के आसन के खोखले छेद पर निशाना साध ाते हुए अपना खाता फेंका। लबजाँग और सोनाम दोनों ने पाल्डेन ल्हामो और रिनपोछे से प्रार्थना की, जो तवांग मठ के प्रमुख थे, कि वे उन्हें संतान का आशीर्वाद दें। रिनपोछे ने उन्हें आशीर्वाद दिया और लबजाँग ने वादा किया कि अगर कभी उनके परिवार में बच्चे पैदा हुए तो वह अपने बच्चों में से

एक को इस महान मठ की सेवा के लिए दे देंगे। यह साबित करता है कि मोनपा जनजाति के लोगों में पारंपरिक बौद्ध धर्म और संस्कृति के प्रति बहुत श्रद्धा है। यहाँ तक कि अपने वैवाहिक संबंधों की सफलता के लिए भी वे अपने धर्म और संस्कृति पर बहुत भरोसा करते हैं। रिनपोछे द्वारा दिया गया आशीर्वाद काम आया और जल्द ही लबजाँग के परिवार में एक लड़की ने जन्म लिया। जिस क्षण लबजाँग को पता चला कि उसकी पत्नी ने एक बच्चे को जन्म दिया है, उसके दिमाग में कई विचार आए। उपन्यासकार ने नायक के दिमाग में चल रही विचार प्रक्रिया को खूबसूरती से पकड़ लिया है : जब वह आग के पास बैठा माँ और बच्चे को देख रहा था तो उसके दिमाग में कई तरह के विचार आए। उसे यकीन नहीं था कि बच्चे का असली पिता कौन हो सकता है। पेमा वांगछू या वह? शायद यह पेमा वांगछू का बच्चा हो, क्योंकि अब वह सोनाम के साथ ज्यादा समय बिता रहा है। जैसे–जैसे उसने गहराई से सोचा, उसका उत्साह खत्म होता गया और वह उदास महसूस करने लगा। उसने बड़ी कोशिश से बच्चे के पिता होने के बारे में अपने संदेहों को दबाया, क्योंकि पेमा वांगछू को अपना सह–पति स्वीकार करने के बाद अब यह कोई मायने नहीं रखता था। बच्चे का जन्म चाहे किसी ने भी किया हो, अब वह दोनों का ही बच्चा है। उपरोक्त विचार प्रक्रिया से यह स्पष्ट था कि लबजाँग को यकीन नहीं था कि बच्चे का असली पिता कौन है। वह और पेमा वांगछू दोनों की पत्नी एक ही थी। भले ही बच्चा किसी का भी हो, लेकिन लबजाँग बच्चे को अपना मानने के लिए तैयार था। इससे साबित हुआ कि इस उपन्यास का नायक लबजाँग काफी परिपक्व व्यक्ति है। बाद में जब सोनाम ने बताया कि लबजाँग ही लड़की का असली पिता है, तो उसकी खुशी में चार चाँद लग गए। सोनाम और लबजाँग दोनों ही अपने पहले बच्चे के जन्म पर खुशी से झूम रहे थे। सोनाम, लबजाँग और पेमा वांगछू इस प्रथा में हिस्सेदार थे। हालाँकि, उनके रिश्ते खतरे में थे क्योंकि वे आपस में झगड़ने लगे थे। सबसे पहले पेमा वांगछू ने लबजाँग से झगड़ा किया। पेमा ने बहुत पहले मिरोक गाँव के न्गावांग से पैसे उधार लिए थे। अपना कर्ज खुद चुकाने में असमर्थ पेमा ने न्गावांग से अपना बकाया चुकाने के लिए लबजाँग की एक गाय बेच दी। जब लबजाँग ने इस कृत्य का विरोध किया तो पेमा ने शोर मचाना शुरू कर दिया। उन्होंने लबजाँग पर आरोप लगाते हुए कहा कि अगर लबजाँग अनाज खरीदने के नाम पर गाय बेच सकता है तो वह अपना कर्ज चुकाने के लिए गाय क्यों नहीं बेच सकता। उन्होंने आगे कहा कि उनका इस पर उतना ही अधिकार है। लबजाँग के पास जितनी संपत्ति थी, उतनी किसी और के पास नहीं थी। उसने लबजाँग को कंजूस कहा और आरोप लगाया कि लबजाँग ने उसे खेत में भूखा रखकर उसका शोषण किया है। इससे लबजाँग क्रोधित हो गया और उसने पेमा वांगछू को अपने घर से बाहर निकलने का आदेश दिया। जिस क्षण सोनाम को पता चला कि उसके एक पति को दूसरे ने घर से निकाल दिया है, उसने इसका विरोध करना शुरू कर दिया। उसने अपने वरिष्ठ पति से पूछा कि उसने उसके दूसरे पति पेमा वांगछू को घर से क्यों निकाला। उसने उस पर पेमा को अधीनस्थ की तरह व्यवहार करने का आरोप लगाया। उसके अनुसार घर में पेमा की हैसियत लबजाँग के बराबर है क्योंकि दोनों ही उसके पति हैं। यह सुनकर लबजाँग क्रोधित हो गया और उसने अपनी पत्नी से साफ–साफ कहा कि उसे पेमा को घर में सिर्फ उसकी वासना को संतुष्ट करने के लिए रखना पड़ा। हालाँकि सोनाम ने स्पष्ट किया कि वासना नहीं बल्कि उसकी भावनाएँ, इच्छाएँ और पीड़ाएँ थीं जिनके कारण

उसे पेमा वांगछू को अपने दूसरे पति के रूप में अपने जीवन में लाना पड़ा। उपन्यास में सोनाम की यह स्पष्टता एक महिला की अधूरी इच्छा और दुःख को उजागर करती है। लबजाँग ने अपने जीवन की बाधाओं से लड़ने की पूरी कोशिश की, लेकिन ऐसा लग रहा था कि किस्मत उसका साथ नहीं दे रही है। वह अपने पारिवारिक जीवन को फिर से पटरी पर लाने की उम्मीद कर रहा था, लेकिन नियति ने उसके लिए कुछ और ही तय कर रखा था। उसकी पत्नी सोनाम की असामयिक मृत्यु के रूप में उसके जीवन में एक दुर्भाग्य आया। पत्नी की मृत्यु ने उसके जीवन में एक गहरा शून्य छोड़ दिया। साथ ही वह दो बच्चों की देखभाल के लिए अकेला रह गया। परिवर्तन और बदलाव मानव जीवन का अभिन्न अंग हैं। यह तथ्य कहीं और उतना सच साबित नहीं होता जितना उपन्यास सोनाम में है। परिवर्तन और बदलाव के इस दौर में सोनाम की बहन छिरिंग द्रेमा में भी बदलाव आया। काफी संघर्ष करने के बाद उसने अपनी दिवंगत बहन की खोई दुनिया को फिर से बनाने का फैसला किया। उसकी नई दुनिया उसकी बहन की दुनिया से थोड़ी अलग होगी। उसकी दुनिया में वह खुद, उसकी बहन के बच्चे और लबजाँग शामिल होंगे, लेकिन पेमा वांगछू को छोड़ देगी। वह वही गलती नहीं कर सकती जो उसकी बहन ने की थी। उसकी दिवंगत बहन सोनाम ने खुद को दो पुरुषों के साथ साझा करके एक बड़ी गलती की। छिरिंग द्रेमा के अनुसार, बहुपतित्व उनकी समस्या का समाधान नहीं दे सकता, बल्कि सभी हितधारकों के जीवन को जोखिम में डाल सकता है। सोनाम के विपरीत, छिरिंग द्रेमा एक विवाह में विश्वास करती है।

**निष्कर्ष**

येसे दरजे थोंगछी ने अपने उपन्यास सोनाम में विवाह संस्था की सामाजिक और मानवीय महत्ता को गहराई से उजागर किया है। उपन्यास में सोनाम के निधन के बाद छिरिंग द्रेमा की जिम्मेदारी निभाने का चित्रण इस बात का प्रमाण है कि परिवार और संबंध केवल रक्त संबंधों तक सीमित नहीं रहते, बल्कि उनमें प्रेम, समर्पण और सामाजिक कर्त्तव्य की भावना भी शामिल होती है। छिरिंग द्रेमा अपनी दिवंगत बहन के बच्चों की देखभाल की बहुत अच्छी तरह करती है, जो उसकी मातृत्व की भावना और आत्मीयता को दर्शाता है।

छिरिंग द्रेमा का लबजाँग से विवाह करने का इच्छुक होना और लबजाँग का तवांग मठ जाकर भगवान बुद्ध की सेवा में जीवन समर्पित करने का निर्णय, दोनों पात्रों के मनोभावों और सामाजिक जटिलताओं को उभारते हैं। छिरिंग द्रेमा का खोर–देपका के विरुद्ध आवाज उठाना और पशुपालन को त्यागकर लबजाँग के साथ तवांग जाकर खेती–बारी के लिए विचार व्यक्त करना– समाज के रूढ़ नियम के बदलाव की ओर एक कदम है। छिरिंग स्वयं कहती है– "हम लोग और आगे ब्रोकपा– पशुपालक जीवन जीने वाले पेशे का अंग बनकर नहीं रहेंगे...वहाँ कृषक बन कर खेती–बारी करके खायें–पियेंगे। किसानी से जीविका निर्वाह करेंगे। ब्रोकपा–पशुपालक बने रहने पर मेरे लिए आपके साथ चारागाह की छावनी पर रह पाना कभी सम्भव ही नहीं होगा, क्योंकि उससे आपके गृह देवता कुपित होकर अनर्थ कर देंगे। उनके कोप से बचने के लिए मैं अकेली घर पर रही, तो आपके साथ न रहने पर मुझे किसी और को साथ लेना पड़ेगा। उस स्थिति में बड़ी बहन सोनाम जी की तरह मैं भी किसी और पुरुष से खोर–देपका विवाह कर, उसे भी अपने पति का दर्जा देने को बाध्य हो जाऊँगी। जो मैं कतई भी होने नहीं दूँगी" (थोंगछी, 246–247)। इस बीच, छिरिंग द्रेमा के पिता का कहना कि लबजाँग को एक और सोनाम की आवश्यकता है और छिरिंग द्रेमा को अपने

साथ रखना चाहिए, यह संकेत देता है कि जीवन के अस्तित्व के लिए पुरुष और महिला दोनों का साथ रहना आवश्यक है।

इस प्रकार, सोनाम न केवल बहुपति विवाह जैसी सामाजिक प्रथाओं की विवेचना करता है, बल्कि प्रेम, परिवार, जिम्मेदारी और जीवन के निरंतर प्रवाह की गहरी समझ भी प्रदान करता है। छिरिंग द्रेमा के पिता के फैसले से यह चित्रित होता है कि एक परिवार में स्त्री के होने से घर में सम्पन्नता आती है तथा विवाह संबंध समाज के नियमों के अधीन होकर भी एक ऐसा रिश्ता है जिसमें विश्वास, सहानुभूति और समर्पण होना चाहिए। छिरिंग द्रेमा के पिता का फैसला सदियों पुराने मानवीय प्रयासों का प्रतिबिंब है, जो यह बताता है कि हमें एक–दूसरे के साथ मिलकर, सहयोग और प्रेम से इस दुनिया को संरक्षित करना है। सोनाम उपन्यास न केवल उस समय के लिए बल्कि आज भी हमारे सामाजिक और मानवीय संघर्षों के संदर्भ में प्रासंगिक है।

**सन्दर्भ ग्रन्थ सूची**

1. येसे दरजे थोंगछी : सोनाम, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, 2009, पृ.सं. 22
2. येसे दरजे थोंगछी : सोनाम, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, 2009, पृ.सं. 32
3. येसे दरजे थोंगछी : सोनाम, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, 2009, पृ. 246–247
4. Dr. Ratnottama Das, Yeshe Dorjee Thongchi Assamese Echo from the Hills of Arunachal, Purbanchal Prakashan] 2023
5. Yeshe Dorjee Thongchi, Heart to Heart, Purbanchal Prakashan, 2021
6. येसे दरजे थोंगछी : सोनाम, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, 2009
7. Gumpi Nguso is the first Hindi Officer from the state Arunachal Pradesh & currently pursuing Ph-D in Hindi Literature. At present she is Hindi Officer in the prestigious institute Rajiv Gandhi Central University, Doimukh, Arunachal Pradesh
She published one book on Arunachal Pradesh Folk Literature.
Email : rguho123@gmail-com

SHODH-GARIMA–YEAR-2, VOL. 2 (April to June, 2025)
A Peer-Reviewed & Referred
International Multidisciplinary
Research Journal

ISSN (Print) : 3048-6327

IMPACT-FACTOR
SJIF - 5.223

Paper Recieved : 1st April. 2025

Paper Accepted : 12th April 2025

# An Overview of screening of chickpea (*Cicer arietinum* L.) cultivars/ germplasm against chickpea pod borer, *Helicoverpa armigera* (Hub.)

**Corresponding Author
E mail : bipin511@gmail.com

- Dr. Akhilesh Tripathi*
- Dr. Bipin Kumar**
- Dr. A.C. Singh***
- Dr. S. K. Tripathi****

## ABSTRACT

*The indiscriminate and injudicious use of insecticides eroded the sustainability of the system and resulted in development of insecticide resistance, residue and newer pest problems. Healthy seed is primary need for growing the crops. Chickpea pod borer attacks so many crops in their life cycle. They have the ability to develop many folds against insecticides, thus it become necessary to increase the dose of particular insecticides. To overcome this problem, resistant variety may obtained by screening methods.*

***Kew words–*** *Chickpea, Cicer arietinum, Chickpea pod borer, Helicoverpa armigera, Screening, Germplasm / Cultivars*

**Introduction**

Chickpea (*Cicer arietinum*) which is commonly known as gram or Bengal gram plays an important role in the vegetarian diet as a major source of protein. It is consumed in a variety of ways e.g. as green vegetable, dal, germinated breakfast food; puffed; roasted and fried snacks and bread made out of flour. Both biotic and abiotic stresses are responsible for this sorry state of productivity and availability of the commodity. Insect pest are one of the important limiting factors in the successful cultivation of chickpea in India. Mehto and Singh (1983) observed sixteen insect species attacking the crop, *Helicoverpa armigera*, *Agrotis ipsilon*, *Autographa nigrisigna*,*Plussia orichalcea* are important pests. *Helicoverpa armigera* is more serious insect pests among them. Efforts were made to combat the problem by using higher doses and more toxic mixture of insecticides. Keeping the aforesaid facts in view, the present paper is beneficial for effective, economical and feasible management of this noxious pest.

**Sc.reening of chickpea germplasm/ cultivars**

Among the 332 germplasms, the seven cultivars GL645, P1324-II, P1697, P6292-I,

* Associate Professor, Dept. of Entomolgy,, Kulbhaskar Ashram P.G. College, prayagraj
** Associate Professor, Dept.of Plant Pathology, Kulbhaskar Ashram P.G. College, prayagraj
*** Associate Professor, Dept.of Agronomy, Kulbhaskar Ashram P.G. College, prayagraj
****Associate Professor, Dept. of Soil Science & Agril.Chemistry, Kulbhaskar Ashram P.G. College, prayagraj

Dulia 6-28, GGP Chaffa and Selection 418 showed the lowest incidence ranging from 0 to 50 %, whereas the highest incidence of 36% (Chhabra and Kooner, 1980). Screened seven varieties/ strains of chickpea namely, Pabana local, S-1, sabur-4, HMS-5, G-543,ICC-2 and Hypaocdhhola against *H. armigera*. The highest pod borer infestation occurred in the variety Pabana Local (15-79%) followed by G-543 (13.22%) and Sabur-4 (12.99%). The lowest infestation showed by S-1 (10.2%) followed by (10.08%) in HMS-6 (Mia and Miah,1989). There were six cultivars with two susceptible checks, all test cultivars showed less susceptibility to *H. armigera* attack than the susceptible variety Annigeri. Pod damage of less than 10% was recorded in cultivars ICC x 730008-8-1-1p-BP and ICC 506 compared with Annigeri (Patnaik and Rath, 1989). The eight desi chickpea genotypes of mid maturity group were tested against *H. armigera*. The genotypes ICC-3137, K-850 and ICC-1403 were found to be more susceptible than the others ( Srivastava and Srivastava, 1989). Pod borer damage to pods was less than 13.0% in cultivars PDE 2-3, PDE 7-3 and ICC 506. The cultivars PDE 3-1, PDE 3-2, PDE 5-3 and Annigeri-1 had higher yields (1.29 to 1.46 t/ha), even with high borer pod damage (15.3 to 20.4%). PDE 2-3 and PDE 3-3 were the best cultivars, with yield of 1.45 and 1.51 t/ha, respectively, and pod damage percentage of 12.7 and 14.6%, respectively (Patnaik and Mohapatra, 1995). The 11 genotypes of chickpea were tested for resistance to H. armigera. GMS 968, H-91-51, KPG-223 and C-235 were found resistant, while 12 genotypes were moderately resistant and Pusa-256 and BG 387 were susceptible to the pest (Hafeez et al., 1996). Twenty lines of chickpea were tested against pod borer and reported that cultivars i.e. 549 and 600 were resistance to *H. armigera*. Four cultivars viz., 620, 662, C-727 and 905 were moderately susceptible but it gave highest yield (Parvez et al., 1996). Cultivars Pusa 261, BG 374 and BG 386 were the least susceptible. The cultivars BG 356, L-550 and Pusa 267 were most preferred by the larvae. There was a significant difference among different varieties in the extent of pod damage (Reddy et. al., 1996). The twelve genotypes of medium duration desi chickpea were screened against *H. armigera*. Genotype GL 1014 had the lowest pest susceptibility rating (3.3) compared to the control variety C 235 (6.0). Genotypes ICC x 730020-11-2H and BG 256 had a mean rating of 4.5 while, AKG 33, BG 373, H 208, Radhey and Pant CE 2 were more susceptible to larvae than C 235 ( Srivastava et al., 1996). The genotype BI 256 recorded the lowest and PDG 90-3E, PDG 90-1E and PDG 90-2E highest pest susceptibility. All genotypes except KPG 223-1 (1035 kg/ha), RSG 5731 (847.9 kg/ha) and KPG 279-3 (764.6 kg/ha) yielded poorly (Yelshetty et al., 1996). The seventy desi chickpea genotypes were evaluated by using an open field screening technique under natural infestation. The parameters used for evaluating these genotypes were pest pressure index, relative intensity of damage index, and relative productivity index. None of the genotypes could exhibit complete resistance to *H. armigera* to evade the pest infestation. Considering all the three parameters cultivars DHG 84-11, P 240, BG 79 and DHG 88-20 provide either less susceptible or more pest tolerant, whereas GN 752, GCP 89, G 211 and KBG 2 were highly susceptible in comparison to respective checks P 256, BR 77, C235 and C243 (Singh and Yadav, 1999). Twenty one chickpea genotypes were tested in glass house and field condition. Genotypes ICC 506, ICCV 10, ICCL 86102 and ICCV 95992 had a low pod damage rating of 3 (1 to 9 scale). ICCl 86102, a short duration genotype and ICCL 86106, a medium duration genotypes were identified as a promising source of resistance to *H. armigera* ( Bhagwat and Sharma, 2000). Sixty two chickpes germplasm accessions and 6 approved cultivars assessed against *H. armigera*. Data recorded on

number of pods per plant, number of pods damaged by pod borer, pod length, pod width and seed yield per plant showed that accessions ICC 93512, ICC 93515 and ICC 93212 were the most promising with higher seed yield and low pod borer damage (Gumber et al., 2000). ICCV 10, CNG 469, PG 81-1-1, GG 1, JD 315, GG 2, Chaffa, Dahood yellow, BG 391,Phule G5 and ICC 4 were tested against *H. armigera* for their resistance. The lowest larval population was recorded in Chaffa (14.33) and ICCV 10 (17.31), the highest larval incidence was observed in Phule G 5 (26.33), PG 81-1-1 (24.90), CNG 469 (23.61) and BG 391 (23.31). The most tolerant cultivar was Chaffa, which recorded the lowest pod damage (9.55%). ICC 4 had the highest grain yield (1250 kg/ha). The lowest yield (772 kg/ha) was produced by Chaffa due to its smaller grain size and lower yield potential (Bhatt and Patel, 2001). Eighteen chickpea genotypes evaluated against *H. armigera* in field condition. Pod damage varied from 9.43 to 24.80%. Two genotypes (DS 83149 and Bhawanipatna) were resistant, 6 were moderately resistant, 7 were moderately susceptible and 3 were susceptible to pest (Mandal 2003). Eleven advance strain and one approved variety of chickpea (Bittle-98) for pod damage by *H. armigera* were studied. The result indicated that the pod damage ranged from 9.38 to 21.49% in the test strain. Most susceptible strain was BRC-4 with pod damage of 21.49% while, BRC-1 was least susceptible with pod damage of 9.38% with corresponding seed yields of 0.137 and 0.333 kg/plot among the 11 strains tested (Rashid et al., 2003).

## References


- Bhagwat, V.R. and Sharma, S.B. 2000. Evaluation of chickpea genotypes for resistance to legume pod borer, *Helicoverpa armigera* and root-knot nematode, *Meloidogyne javanica*. *Indian J. Plant Prot.*, **28** (1): 69-73.
- Bhatt, N.J. and Patel, R.K. 2001. Screening of chickpea cultivars for their resistance to gram pod borer, *Helicoverpa armigera*. *Ind. J. Ent.*, **63** (3): 277-280.
- Chhabra, K.S. and Kooner, B. S. 1980. Sources of resistance in chickpea to gram pod borer, *Helicoverpa armigera* Hubner ((Lepidoptera: Noctuidae). *Journal of Research*, Punjab Agriculture University, **17** (1): 13-16.
- Gumber,R.K., Singh, Sarvjeet; Kular,J.S., Singh, Kuldip; Singh, S. and Singh, K. 2000. Screening chickpea genotypes for resistance to *Helicoverpa armigera*. *Intl. Chickpea Pigeonpea Newsl.*, **7**: 20-21.
- Hafeez, Ahmad; Kotwal,D.R.and Ahmad, A. 1996. Screening of chickpea varieties against gram pod borer, *Helicoverpa armigera* Hubner. *Ann. Pl. Protec. Sci.*, **4**(2):171-172.
- Mandal, S.M.A. 2003. Screening of some chickpea genotypes against **Helicoverpa armigera**. *Environment and Ecology*, **21**(1): 240-241.
- Mehto, D.N. and Singh,K.M. 1983. Succession of insect pest in chickpea, *Cicer arietinum* Linn. *Ind. J. Ent.*, **45**(4): 377-383.
- Mia, M.D. and Miah, M.S.U. 1989. Screening promising strains of chickpea against pod borer, *Heliothis armigera* in Bangladesh. *Proc. of the 11th Annual Bangladesh Science Conference*, 1-124.
- Parvez, A., Alam, M.A. and Ilyas, M.B. 1996. Screening of chickpea germplasm against *Helicoverpa armigera* (Hb.) for the sources of resistance. *Pakistan Entomologist*, **18**(1-2) : 70-72.
- Patnaik, H.P. and Mohapatra, R. 1995. Performance of chick pea cultivars against *Helicoverpa armigera* (Hubn.) under field conditions in the north central plateau region of Orissa. *Legume Research*, **18**(3-4): 177-180.
- Patnail,H.P. and Rath, L.K.1989. Performance of *Helicoverpa* resistant chickpea cultivars under north central plateau conditions of Orissa. *Intl. Chickpea Newsl.*, **21**:15-16.
- Rashid,A., Saeed, H.A., Akhtar, L.H., Siddiqi, S.Z. and Arshad, M. 2003. Performance of advance chickpea strains against gram pod borer (*Helicoverpa armigera* Hubner). *Asian J. Pl. Sci.*, **2** (5): 418-419.

- Reddy, P.V.R., Singh, Yesbir; Singh, K.M., Singh, S.P. and Singh, Y. 1996. Chickpea varietal response to pod borer, *Helicoverpa armigera. Ind. J. Ent.*, **58** (1):60-65.
- Singh, B. and Yadav, R.P. 1999. Location of sources of resistance among chickpea (*Cicer arietinum* L.) genotypes against gram pod borer (*Helicoverpa armigera* Hub.) under normal sown conditions by using new parameters. *J. Ent. Res.*, **23** (1): 19-26.
- Srivastava, C.P. and Srivastava, R.P. 1989. Screening for resistance to gram pod borer, *Heliothis armigera* (Hubner) in chickpea (*Cicer arietinum* L.) genotypes and observations on its mechanism of resistance in India. *Insect Science and its Application*.**10** (3): 255-258.
- Srivastava, C.P., Singh, U.P. and Singh, R.M. 1996. Screening of promising chickpea genotypes against pod borer at Varanasi, Uttar Pradesh, India. *Intl.Chickpea Pigeonpea Newsl.*, **3**: 43-44.
- Yelshetty, Suhas; Kotikal, Y.K., Shantappanvar, N.B., Lingappa, S. and Yelshetty, S. 1996. Screening chickpea for resistance to pod borer in Karnataka, India. *Intl. Chickpea Pigeonpea Newsl.*,**3**: 41-43

SHODH-GARIMA–YEAR-2, VOL. 2 (April to June, 2025)
A Peer-Reviewed & Referred
International Multidisciplinary
Research Journal

ISSN (Print) : 3048-6327

IMPACT-FACTOR
SJIF - 5.223

Paper Recieved : 1st April. 2025

Paper Accepted : 12th April 2025

# Soil Solarisation: A Critical Review of Its Role in Managing Soil Borne Diseases in Field Crops

**Corresponding Author
E mail : aktripathiento@gmail.com

- Dr. Bipin Kumar*
- Dr. Akhilesh Tripathi**
- Dr. A.C. Singh***
- Dr. S. K.Tripathi****
- Dr. S. P. Verma*****

## ABSTRACT

*Soil solarisation, a nonchemical and environmentally sustainable method, employs solar energy trapped under plastic sheets to raise soil temperature and suppress soilborne pathogens. This technique has demonstrated efficacy against a wide spectrum of fungi, nematodes, and weed seeds, leading to improved crop productivity in various agro-ecological zones. This review examines the physicochemical and biological mechanisms of soil solarisation, summarizes its effectiveness across crops, discusses recent technological advances, integration with other disease management strategies, and highlights future research directions to optimize its application in sustainable agriculture.*

***Keywords**–Soil solarisation, soilborne diseases, pathogen suppression, sustainable agriculture, disease management.*

## 1. Introduction

Soilborne diseases are among the most devastating constraints affecting global field crop production. Fungal pathogens such as Fusarium oxysporum, Rhizoctonia solani, and Macrophomina phaseolina, nematodes like Meloidogyne spp., and various weed species cause significant yield losses, sometimes exceeding 30 %( Agrios, 2005). Historically, chemical fumigants like methyl bromide have been widely used to manage these problems, but concerns about environmental contamination, human health risks, and regulatory restrictions have led to the search for alternative sustainable strategies (Katan, 2000). Soil solarisation emerged as a promising nonchemical alternative in the 1970s, first described by Katan et al.(1976). This technique involves covering moist soil with transparent polyethylene sheets during hot months, raising soil temperatures to levels lethal to many soilborne pathogens and weed seeds. Over decades, soil solarisation has been adapted

* Associate Professor, Dept.of Plant Pathology, Kulbhaskar Ashram P.G. College, prayagraj
** Associate Professor, Dept. of Entomolgy, Kulbhaskar Ashram P.G. College, prayagraj
*** Associate Professor, Dept.of Agronomy, Kulbhaskar Ashram P.G. College, prayagraj
****Associate Professor, Dept. of Soil Science & Agril.Chemistry, Kulbhaskar Ashram P.G. College, prayagraj
**** Professor Animal Husbandry & Dairy Science, Kulbhaskar Ashram P.G. College, prayagraj

to various crops and regions, particularly in warm climates. It also influences soil microbial ecology, nutrient cycling, and plant growth (Stapleton & DeVay, 1995).

This review provides a comprehensive synthesis of current knowledge on soil solarisation, focusing on its physicochemical basis, biological effects, pathogen control efficacy, integration in disease management, and future research priorities for enhancing its role in sustainable agriculture.

## 2. Physicochemical Mechanisms of Soil Solarisation

### 2.1 Heat Generation and Soil Temperature Dynamics

Soil solarisation works primarily by converting solar radiation into heat trapped beneath polyethylene films, raising soil temperature substantially. Peak temperatures of 45–60°C can be achieved at 5–15 cm depth after 6 weeks of continuous coverage during summer, depending on climate, soil moisture, soil texture, and film properties (Katan, 2000; Stapleton & DeVay, 1995). Moist soil conditions facilitate heat transfer due to water's high thermal conductivity, enhancing uniform soil warming (Melgarejo & Martínez-Beringola, 2011).

Soil temperature profiles during solarisation show a rapid rise in the upper soil layers within days, followed by sustained heat exposure that inactivates pathogens through denaturation of cellular proteins and membranes, disruption of enzyme activities, and DNA damage (Stapleton & DeVay, 1995).

### 2.2 Effects on Soil Moisture and Gas Exchange

Soil solarisation also influences soil moisture retention and gas exchange dynamics. The polyethylene film reduces evaporation, maintaining high soil moisture critical for effective heat conduction (Katan, 2000). Accumulation of gases such as carbon dioxide and ethylene in the soil microenvironment during solarisation may contribute to pathogen suppression and stimulate beneficial microbes (Stapleton & DeVay, 1995).

### 2.3 Chemical Changes in the Soil Environment

Solarisation accelerates organic matter mineralization, releasing plant-available nutrients such as nitrogen, phosphorus, and potassium(Melgarejo & Martínez-Beringola, 2011). Changes in soil pH and cation exchange capacity have been reported but vary with soil type and treatment duration. These chemical shifts may indirectly affect pathogen survival and crop performance post-solarisation.

## 3. Impact on Soil Microbial Ecology

## 4. Efficacy Against Soil-Borne Pathogens

### 4.1 Fungal Pathogens

While solarisation initially reduces microbial diversity by heat sterilization, subsequent recolonization favors thermotolerant and antagonistic microorganisms. Species such as Trichoderma spp., fluorescent Pseudomonas, and actinomycetes increase in abundance after treatment (Sharma & Bhardwaj, 2014). These beneficial microbes contribute to sustained suppression of pathogens through competition, antibiosis, and induced systemic resistance in plants.

Recent advances using metagenomic sequencing have revealed complex shifts in soil microbial community composition and functional potential post-solarisation, highlighting interactions between thermal effects and biological control mechanisms (Zhang, Chen,& Liu,2023).Understanding these microbial dynamics is critical to optimizing solarisation protocols and integrating biocontrol strategies.

Soil solarisation effectively reduces populations of major fungal pathogens such as Fusarium oxysporum, Rhizoctonia solani, and Macrophomina phaseolina. Field studies demonstrate disease incidence reductions ranging from40% to70%, depending on soil type, crop, and solarisation parameters(Sharma, Kumar,& Singh,2018). For instance,solarisation significantly lowered Fusarium wilt incidence in tomato and cotton crops, improving plant vigor

and yield (Katan, 2000).

### 4.2 Nematodes

Root-knot nematodes (Meloidogyne spp.) are highly sensitive to elevated temperatures, with population reductions of up to 90% observed following solarisation

(Stapleton & DeVay,1995). Solarisation disrupts nematode life cycles and reduces egg viability, leading to improved root health and nutrient uptake.

### 4.3 Weed Seed Banks

Thermal disruption of weed seed dormancy and viability during solarisation reduces weed pressure in subsequent crops, contributing to integrated pest management (Melgarejo& Martínez-Beringola, 2011). Weed seed mortality depends on seed size, coat thickness, and depth, with small seeds near the surface being most vulnerable.

**Table 1: Effect of Soil Solarisation on Soil-Borne Pathogens Across Different Crops**

| Pathogen | Crop | Temperature Range (°C) | Reduction in Pathogen (%) | Reference |
|---|---|---|---|---|
| Fusarium oxysporum | Tomato | 45–50 | 50–70 | Katan (2000); Sharma et al. (2018) |
| Rhizoctonia solani | Cucumber | 48–55 | 60–75 | Stapleton & DeVay (1995) |
| Macrophomina phaseolina | Chickpea | 45–52 | 40–65 | Sharma & Bhardwaj (2014) |
| Meloidogyne spp. | Tomato | 47–53 | 80–90 | Stapleton & DeVay (1995) |

**Note :** Percent reduction values are approximate and vary with environmental conditions and duration of solarisation.

## 5. Crop-Specific Responses and Agronomic Benefits

Solarisation has shown consistent yield improvements across various field crops including cereals (wheat, maize, rice), legumes (chickpea, mung bean), and vegetables (tomato, cucumber). Yield increases of 10–35% correlate with reduced disease pressure and enhanced nutrient availability (Sharma et al., 2018). In organic farming systems, solarisation improves soil health indicators, reduces chemical inputs, and contributes to sustainable productivity.

## 6. Technological Advances in Soil Solarisation

### 6.1 Biodegradable and Photodegradable Films

Environmental concerns over polyethylene plastic waste have spurred research into biodegradable alternatives made from starch, cellulose, or polylactic acid. These films maintain thermal properties comparable to conventional plastics while decomposing naturally, reducing environmental impact (Gamliel & Katan, 2012; Li, Wang, & Chen, 2022).

### 6.2 Precision Solarisation Techniques

Integration of soil temperature sensors, remote sensing, and IoT devices allows precise monitoring and control of soil heating, optimizing solarisation duration and effectiveness while conserving resources(Patel et al.,2023). These innovations facilitate adaptation to diverse climatic conditions.

## 7. Integration with Complementary Disease Management Strategies

### 7.1 Organic Amendments and Biofumigation

Incorporating organic materials such as neem cake, mustard green manures, and compost before solarisation enhances pathogen suppression through additive biocidal effects and microbial stimulation (Sharma & Bhardwaj,

2014). Biofumigation compounds released during decomposition synergize with thermal effects.

**7.2 Biological Control Agents**

Postsolarisation application of biocontrol agents like Trichoderma harzianum and Pseudomonas fluorescens enhances longterm disease suppression by colonizing the soil and roots, improving resistance and outcompeting pathogens (Singh, Verma, & Kumar, 2020).

## 8. Environmental and Economic Considerations

Solarisation reduces dependence on chemical pesticides, lowering environmental contamination and human health risks. Economic analyses indicate positive returns on investment, especially in highvalue horticultural and organic crops, despite upfront costs for plastic films and labor (Melgarejo & Martínez-Beringola, 2011). Strategies to recycle or biodegrade films are critical to sustainability.

**Table 2 : Summary of Soil Solarisation Effects on Soil Properties**

| Soil Property | Effect of Solarisation | Implications | Reference |
|---|---|---|---|
| Soil Temperature | Increased to 45–60 °C at 5–15 cm depth | Pathogen suppression | Katan (2000); Melgarejo & Martínez-Beringola (2011) |
| Soil Moisture | Increased retention under Plastic mulch | Enhanced heat conduction | Stapleton & DeVay (1995) |
| Nutrient Availability | Increased N, P, K availability post-treatment | Improved crop growth | Melgarejo & Martínez-Beringola (2011) |
| Microbial Diversity | Initial reduction, followed by recolonization | Shift toward beneficial microbes | Sharma & Bhardwaj (2014) |

## 9. Challenges and Research Gaps

**Limitations include**

- Dependence on high solar radiation and warm climate, limiting use in temperate zones.
- Inability to control deep soil pathogens due to limited heat penetration.
- Plastic waste disposal issues.
- Need for more data on long-term effects on soil microbiota and fertility.
- Lack of standardization in solarisation protocols across regions and crops.

## 10. Future Research Directions

- Development and field validation of cost-effective biodegradable films.
- Combining solarisation with supplemental heating for cooler regions.
- Exploring synergistic effects with microbial consortia through metagenomics.
- Long-term studies on soil health, fertility, and crop performance post-solarisation.
- Socioeconomic studies to promote adoption among smallholder farmers.

Reduction in Soil-Borne Pathogen Populations After Solarisation

Percentage reduction in populations of key soil-borne pathogens (Fusarium oxysporum, Rhizoctonia solani, Meloidogynespp.) following a 4-week solarisation treatment. Data compiled from Sharma et al. (2018) and Stapleton & DeVay (1995).

**References**

1. Agrios, G. N. (2005). Plant Pathology (5th ed.). Academic Press.
2. Gamliel, A.,& Katan, J. (2012). Soil Solarization – Theory and Practice. APS Press.
3. Katan, J., Greenberger, A., Alon, H.,& Grinstein, A.(1976). Solar heating by polyethylene mulching for the control of diseases caused by soilborne pathogens. Phytopathology, 66(6), 683–688. https://doi.org/10.1094/Phyto-66-683
4. Katan, J. (2000). Soil solarization. Crop

Protection, 19(8-10), 837–841. https://doi.org/10.1016/S0261-2194(00)00120-9

5. Li, Y., Wang, X.,& Chen, J. (2022). Biodegradable mulch films in agriculture: A review. Journal of Agricultural Science, 14(2), 123–136. https://doi.org/10.5539/jas.v14n2p123
6. Melgarejo, P.,& Martínez-Beringola, L. (2011). Soil solarization and its effects on soil properties and plant growth. Spanish Journal of Agricultural Research, 9(3), 804–816. https://doi.org/10.5424/sjar/20110903-164-10
7. Patel, R., Sharma, K.,& Singh, M.(2023). IoTbased precision soil solarization monitoring for enhanced crop productivity. Journal of Agricultural Informatics, 14(1), 45-58. https://doi.org/10.1016/j.jai.2023.01.003
8. Sharma, R. C., Kumar, R.,& Singh, R.(2018). Efficacy of soil solarization for management of soilborne pathogens: A meta-analysis. Crop Protection, 104, 12–20. https://doi.org/10.1016/j.cropro.2017.09.012
9. Sharma, R. C., & Bhardwaj, S. S. (2014). Integrated use of soil solarization and

**SHODH-GARIMA–YEAR-2, VOL. 2 (April to June, 2025)**
**A Peer-Reviewed & Referred International Multidisciplinary Research Journal**
**ISSN (Print) : 3048-6327**
**IMPACT-FACTOR SJIF - 5.223**
**Paper Recieved : 2nd April 2025** **Paper Accepted : 7th April 2025**

# स्त्री विमर्श का वैश्विक परिप्रेक्ष्य

▫ प्रोफेसर रतन कुमारी वर्मा*

**शोध-सारांश**

*भारत ही नहीं, अपितु वैश्विक पटल पर स्त्रियों को सदा से पराधीनता का दंश झेलना पड़ा है। शिक्षा का अवसर प्राप्त होने पर विश्व की स्त्रियों में जागरूकता आयी और उन्होंने जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में पुरुष के समान मानवीय अधिकार प्राप्त करने के लिए संघर्ष किया। केवल विपन्न, पिछड़े, विकासशील राष्ट्रों में ही नहीं, अपितु विकसित राष्ट्र में भी महिलाओं को समानता, स्वतंत्रता, शोषण के विरुद्ध अधिकार प्राप्त करने के लिए निरंतर संघर्ष करना पड़ा है और वर्तमान समय में भी महिलाएँ निरंतर संघर्ष कर रही हैं। जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी पहचान बना रही हैं और महिलाओं के लिए पदचिह्न छोड़ रही हैं। उन्हीं की तरह अन्य महिलाएँ भी संघर्ष करके अपने जीवन में मानवीय अधिकारों को प्राप्त कर सकती हैं। विश्व की विभिन्न विद्वान महिलाओं के संघर्ष, प्रयास का उल्लेख करके महिलाओं की संघर्ष गाथा को आम जनमानस तक पहुँचाना इस शोध पत्र का उद्देश्य है। जिससे मानवता के समर्थक पुरुषों का भी समर्थन मिले और महिलाओं को जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में समानता का अधिकार मिले।*

***मुख्य शब्द***– *स्वतंत्रता, समानता, अधिकार, महिलाओं, संघर्ष, निरंतर प्रयास, शोषण आदि।*

स्त्री विमर्श का प्रश्न अत्यंत ज्वलन्त है। भारतीय ही नहीं, वैश्विक पटल पर भी स्त्रियों को समानता का अधिकार स्वयंमेव नहीं मिला, अपितु इसके लिए उन्हें भी कठिन संघर्ष करना पड़ा। कोई भी यूरोपीय देश, अग्रणी देश, विकसित होने का कितना भी दावा क्यों न करे, परन्तु जब उनके देश की समानता के अधिकार पर दृष्टिपात करें तो पता चलता है कि अमेरिका, इंग्लैण्ड, रूस, अफ्रीका आदि विभिन्न देशों की महिलाओं को महिलाओं की समानता के अधिकारों के लिए लम्बा संघर्ष करना पड़ा। तब जाकर उन्हें शिक्षा, कानून, समाज एवं विभिन्न क्षेत्रों में कुछ अधिकार मिला। महिलाओं की शिक्षा के अधिकार, मताधिकार के संघर्ष का इतिहास बहुत लम्बा है, परन्तु कुछ महिला विचारकों, दार्शनिकों, लेखकों के विचारों के आलोक में हम इस शोध पत्र में समझने का प्रयास करेंगे कि महिलाओं ने शिक्षा प्राप्त करके सक्रिय आन्दोलन तथा पुस्तकों के लेखन के द्वारा महिलाओं के अधिकार के लिए किस तरह संघर्ष किया। अब बात आती है कि स्त्री विमर्श कब शुरू हुआ, क्यों

* हिन्दी विभाग, जगत तारन गर्ल्स पी.जी. कालेज, प्रयागराज

शुरू हुआ? स्त्री विमर्श की चुनौतियों एवं सम्भावनाओं को तलाशने के पूर्व यह भी समझना आवश्यक है कि वर्तमान समय में विभिन्न विमर्शों के बीच में स्त्री विमर्श भी केन्द्रीय विषय वस्तु के रूप में अपना आकार ले चुका है। यह समय की माँग है, लोगों की उदारवादी भावना का परिमाप और परिणाम भी है। परन्तु इसकी जड़ें बहुत गहरी हैं।

ऐसा भी नहीं है कि स्त्री विमर्श ने एकाएक अपना स्थान बना लिया है। इसके पीछे लम्बे संघर्ष का इतिहास भी है। इस बात की शुरुआत यहाँ से भी कर सकते हैं कि जब हमारा देश गुलाम था और आजादी के लिए प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की लड़ाई 1857 में लड़ी गयी थी। ठीक उससे नौ वर्ष पूर्व ही 1848 ई. में अमेरिका की **एलिजाबेथ कैडी स्टैंटन** प्रथम विचारक हैं जिन्होंने स्त्री और पुरुष की समानता की बात की। सन् 1848 में उन्होंने घोषित किया कि "All man and Women are created Equal"[1] संयुक्त राज्य अमेरिका के संविधान में 19वाँ संशोधन हुआ, जिसके द्वारा महिलाओं को पुरुषों के समान मत देने का अधिकार मिला। इस मामले में भारत की महिलायें सौभाग्यशाली हैं कि देश की आजादी के साथ ही उन्हें मताधिकार मिला। इसके लिए उन्हें अलग से संघर्ष नहीं करना पड़ा। यह हमारे देश के संविधान निर्माताओं की सबसे बड़ी देन है।

अन्ना जूलिया कूपर, अफ्रीकी, अमेरिकी अश्वेत नारीवादी नेता, शिक्षिका, बुद्धिजीवी कार्यकर्त्ता थीं, जिन्होंने महिलाओं और दासों की आजादी के लिए संघर्ष किया। 1892 ई. में अश्वेत महिलाओं की आजादी के लिए पुस्तक लिखी– "ए वायस फ्राम द साउथ बाय ए ब्लैक वुमैन आफ द साउथ।"[2]

**लेडी ऐनी कानवे** सत्रहवीं शताब्दी की प्रसिद्ध दार्शनिक थीं जिन्होंने ईश्वर के विषय में अपने विचार व्यक्त किये। उनके मरणोपरान्त 1690 में उनकी लैटिन भाषा में पुस्तक प्रकाशित हुई। 1692 में लंदन से यह अंग्रेजी भाषा में प्रकाशित हुई। "The Principals of the most ancient and modern philosophy."[3] (सबसे प्राचीन और आधुनिक दर्शन के सिद्धान्त)। इस पुस्तक में वह ईश्वर की सत्ता–मीमांसा के संदर्भ में दार्शनिक व राजनीतिक विचारक मोर डिसकार्टेस, हाब्स के विचारों के विरोध में तर्क प्रस्तुत करती हैं। स्पिनोजा, लीबनिज उनके ईश्वर सम्बन्धी दर्शन को अनुकूल रूप में स्वीकार करते हैं।

**मैरी एस्टेल** 17वीं शताब्दी में ही एक अंग्रेजी प्रोटोफेमिनस्ट लेखिका, दार्शनिक थीं, जिन्होंने महिलाओं के लिए समान शैक्षिक अवसरों की वकालत की। जिसके कारण उन्हें 'पहली अंग्रेजी नारीवादी' की उपाधि मिली। उनकी पुस्तक है–" A History of women political though in Europe (1400–1700)"[4] इसे कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी के द्वारा प्रकाशित किया गया है। इस पुस्तक में महिलाओं के लिए एक गंभीर प्रस्ताव, विवाह पर कुछ विचार, पुरुषों और महिलाओं के बीच मौलिक बौध्दिक समानता के लिए तर्क उपस्थित करती हैं। लड़कियों के लिए धर्मार्थ स्कूल की योजना बनाने, स्त्रियों को पुरुषों के उत्पीड़न से बचाने के लिए आजीवन संघर्ष किया। एस्टेल ने आजीवन अविवाहित रहकर यह संघर्ष किया।

**मैरी वोलस्टोनफ्राफ्ट** अठारहवीं शताब्दी (1759–97) में महिलाओं के अधिकारों के लिए लिखने वाली अंग्रेज लेखक, दार्शनिक, प्रसिद्ध महिला अधिकारों की कार्यकर्त्ता थीं, जिन्होंने महिलाओं की समानता के अधिकारों की वकालत के लिए ग्रंथ लिखा– "Thought of the Education of daughters (1787), original stories from real life (1788), A vindication of the rights of woman (1792)"[5]

**हरनेट टेलर मिल** (1807–1858) उन्नीसवीं शताब्दी में ब्रिटिश दार्शनिक, महिला अधिकारों की वकालत करने वाली विचारक थीं। इनकी प्रमुख पुस्तकें हैं– "महिलाओं का मताधिकार, स्वतंत्रता, राजनीतिक अर्थव्यवस्था के सिद्धान्त।"[6] अपने पति

जान स्टुअर्ट मिल के साथ लेखन में सदैव भागीदार रहीं।

उन्नीसवीं शताब्दी में ही **एम्मा गोल्डमैन** (1869–1940) रूसी मूल की अराजकतावादी राजनीतिक कार्यकर्त्ता और लेखिका थीं। इन्होंने उत्तरी अमेरिका एवं यूरोप में अराजकतावादी राजनीतिक दर्शन के विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। इनकी महत्त्वपूर्ण पुस्तकें हैं– "The Individual society and the state (1937), Living my life (1931), The social significance of the modern Drama (1914).[7]

**हन्ना आरेंट** (1906–1975) एक जर्मन अमेरिकी दार्शनिक और राजनीतिक सिद्धान्तकार थीं। अधिनायकवाद से लेकर महामारी विज्ञान तक के विषयों पर इनका स्थायी प्रभाव रहा है। उनकी पुस्तकें हैं– "On Violence (1970), On Revolution (1963), Crises of Republic (1972)."[8]

बीसवीं शताब्दी में (1908–1986) वैश्विक नारीवादी आन्दोलन की एक बहुत बड़ी किरदार हैं– **सिमोन द वोउवार**। इनकी प्रसिद्ध पुस्तक है– 'द सेकेंड सेक्स'।[9] इसकी महत्त्वपूर्ण पंक्ति है "औरत पैदा नहीं होती, बल्कि समाज औरत को गढ़ता है।" वह आजीवन नास्तिक थीं। उनका कहना था– "हमारा धर्म, हमारा समाज, हमारी संस्कृति लड़कियों को मजबूर करती है स्त्री बनने के लिए।" वह कहती हैं कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि "हमारे समाज में, हमारे धर्म में औरतों की पूजा होती है। धर्म तो वास्तव में एक तरीका है आदमियों द्वारा औरतों पर शासन करने का।" सिमोन इस संदर्भ में प्लेटो की भी आलोचना करती हैं।

विश्व स्तर पर स्त्रियों के समक्ष अनेक चुनौतियाँ रही हैं और स्त्रियों ने अपने अधिकारों के लिए हमेशा संघर्ष किया है। भारतीय स्तर पर भी हमें यही संघर्ष देखने को मिलता है। भारतीय राजनीतिक महिला विचारकों में **पंडिता रमाबाई सरस्वती, रमाबाई रानाडे, वन्दना शिवा** का नाम प्रमुख है। इन विचारकों ने महिलाओं के अधिकारों के लिए भारत में बहुत संघर्ष किया।

हिन्दी साहित्य के पटल पर देखें तो आदिकाल से ही विभिन्न स्तरों पर स्त्रियों की गाथा गुंजित हुई है, उनकी मर्मान्तक पीड़ा का वर्णन हुआ है। भक्तिकाल में **मीराबाई** अपनी स्वतंत्रता के पथ का स्वयं अन्वेषण करती हैं। रीतिकाल में भी अनेक प्रबुद्ध साहित्यकार हुई हैं, जिनका वर्णन बहुत कम उपलब्ध होता है। अभी बहुत शोध किये जाने की आवश्यकता है।

आधुनिक काल में **बंग महिला** की चर्चित कहानी 'दुलाई वाली' 1907 में इंडियन प्रेस से सरस्वती पत्रिका में प्रकाशित हुई। बंग महिला का पूरा नाम था **'राजेन्द्र बाला घोष'**। इन्होंने विभिन्न विधाओं में विभिन्न प्रसिद्ध पत्रिकाओं में लेखन कार्य किया जिनमें– आनंद कादम्बिनी, भारतेन्दु, सरस्वती, समालोचक, बाल प्रभाकर, लक्ष्मी, स्वदेश बांधव, स्त्री आदि प्रमुख पत्रिकायें हैं। बंग महिला ने अपने लेखन में स्त्री मुक्ति के प्रश्न को प्रमुखता से उठाया है। उन्होंने बाल विवाह और पर्दा प्रथा का जमकर विरोध किया। स्त्रियों की शिक्षा को लेकर बहुत सजग और सचेत दिखाई देती हैं। "**वीर भारत तलवार** ने अपनी पुस्तक 'रस्साकशी' में इनके अंतर्विरोधों को भी व्यक्त किया है।"[10] अपने लेखन में उस दौर में कहीं–कहीं वह स्त्री सम्बन्धी परम्परागत दृष्टिकोण की भी समर्थक दिखाई देती हैं। फिर भी बंग महिला कहती हैं– "स्त्रियों का स्वावलम्बी न होना ही उनकी पराधीनता का प्रमुख कारण है।" बंग महिला ग्रंथावली में कहती हैं– "यदि कई एक विशेष कारणों से तुम आश्रय चाहने वाली न होतीं तो आज के दिन कोई तुम्हें पराधीन अबला कहने का साहस कदापि न करता।"[11] बंग महिला पितृ सत्तात्मक व्यवस्था के दोहरे चरित्र पर भी चोट करती हैं।

**महादेवी वर्मा** कृत रचना 'श्रृंखला की कड़ियाँ'

स्त्रियों की पराधीनता का दस्तावेज है। जहाँ वह पद्य में रहस्यवादी कवयित्री हैं वहीं गद्य की रचनाओं में 'चाँद' पत्रिका में स्त्रियों की पराधीनता एवं उनके अधिकारों की भी बात करती हैं। हिन्दी साहित्य में महिला लेखन में नब्बे के दशक में बहुत बड़ा बदलाव आता है। कथा साहित्य के क्षेत्र में प्रभूत मात्रा में लेखिकाओं का पदार्पण होता है। कविता के क्षेत्र में शकुन्तला माथुर, कीर्ति चौधरी आती हैं तो हिन्दी साहित्य के इतिहास लेखन में डा. सुमन राजे का 'हिन्दी साहित्य का आधा इतिहास' अपनी तरफ सभी की दृष्टि खींचता है।

कथा साहित्य के पटल पर शिवानी से लेकर मन्नू भंडारी, ममता कालिया, मालती जोशी, मृदुला गर्ग, चित्रा मुद्गल, कुसुम अंसल, पुष्पा बंसल, इन्दिरा गोस्वामी, इन्दिरानूपुर, अमृता प्रीतम, अचला शर्मा, अरूणा सीतेश, आशा पूर्णा देवी, इन्दिरा नूपुर, इन्दू बाली, उषा यादव, उषा प्रियंवदा, उषा भटनागर, उर्मिला गोस्वामी, कंचनलता सब्बरवाल, कामना चन्द्रा, कुसुम गुप्ता, कृष्णा अग्निहोत्री, कृष्णा सोबती, गायत्री कमलेश्वर, गीता राघव, चन्द्रकान्ता, ज्योत्स्ना मिलन, दीपा त्यागी, मधुबाला गुप्ता, मणिका मोहिनी, मालती परूलकर, मंजुल भगत, मीरा सीकरी, मृणाल पाडे, मेहरून्निशा परवेज, राजी सेठ, लीला अवस्थी, विभा देवसरे, सत्यवती मलिक, स्वरूप कुमारी बख्शी, सरला भटनागर, संतोष गोयल, शशिप्रभा शास्त्री, सुधा अरोड़ा, सुधा गोयल, सोमावीरा, इत्यादि लेखिकाओं की एक लम्बी श्रृंखला है जो निरन्तर लेखन कार्य में संघर्षरत हैं। मैत्रेयी पुष्पा, अनीता गोपेश, अलका सरावगी, चित्रा मुद्गल, गीतांजलि श्री, अनामिका, गरिमा श्रीवास्तव प्रभृति लेखिकाओं की एक समृद्ध परंपरा है जिनका लेखन स्त्रियों की चुनौतियों एवं उनकी सम्भावित समाधान का प्रयास करता नजर आता है। अब केवल दो प्रसिद्ध उपन्यासों के माध्यम से महिला लेखिकाओं के दृष्टिकोण को स्पष्ट करना चाहूँगी– एक गरिमा श्रीवास्तव का पहला उपन्यास है– आउशवित्ज– एक प्रेम कथा और दूसरा है अनामिका कृत– 'तृन धरि ओट' जो कि वाणी प्रकाशन से इसी वर्ष प्रकाशित हुआ है। दोनों उपन्यासों के माध्यम से सम्भावनाओं की तलाश की गई है। आउशवित्ज एक शहर का नाम है। इसी पर केन्द्रित यह उपन्यास है। "आउशवित्ज नात्सियों के द्वारा बनाया गया सबसे बड़ा मृत्यु गृह था जिसकी स्थापना पोलिश लोगों में भय पैदा करने के उद्देश्य से की गयी थी। लगभग 1,50,000 पोलिश स्त्रियों, पुरुषों, बच्चों को आउशवित्ज के यातना गृहों में रखा गया था जिसमें से लगभग 75,000 मर गये।"[12] इसे तीन भाग में बाँटा गया। यातना–गृह, गैस चैम्बर, शवदाह गृह। इसी घटना को आधार बनाकर उपन्यास की संरचना की गई है।

युद्ध, वर्चस्व और स्त्री के सम्बन्धों के रेशे को उकेरते हुए बताया है कि स्त्रियों की देह पर नियंत्रण करना युद्ध नीति का ही एक हिस्सा होता है। आम नागरिकों का विस्थापन, सैनिकों को यौन अत्याचार करने की छूट देकर पुरस्कृत करना आदि। पूर्वी और पश्चिमी बंगाल के विभाजन के समय यह तस्वीर उभर कर सामने आती है।

धर्मांतरण की समस्या द्रौपदी सेन से रहमाना खातून बनना। धर्म पालटानो पर एई खाने थाका मुश्किल। प्रतीति सेन, अभिरूप, विराजित आदि पात्र हैं। यह स्त्री संघर्ष में आख्या के साथ–साथ सभ्यता की बर्बरता का भी आख्यान है।

''तृन धरि ओट'' आत्मकथात्मक उपन्यास है। 'सीतायण' सीता की लिखी पाण्डुलिपि है। जिसे सीता ने राम से, रावण से, मंदोदरी जैसी राक्षस कुलवधुओं से, नवदुर्गा समेत सभी माताओं से, लव–कुश, सभी वन कन्याओं, राक्षस–बालकों से जो संवाद हुए हैं, उसे समेटकर एक लेखा–जोखा बनाया था।"[13] बाल काण्ड होगा, पर बालिका काण्ड जैसा पद तो अवधारणा के इतिहास में नहीं है। यह सीता का क्षोभ है। स्वयं समर्थ धरा की स्वयं

समर्थ बेटी के रूप में स्वयं को परिभाषित करती हैं। सभी निर्णय स्वयं लेती हैं। गार्गी के सान्निध्य में विद्या ग्रहण करती हैं। हिंसा से कोई सिलसिला नहीं टूटता, शिक्षा से टूटता है। 'वाणी प्रकाशन' से प्रकाशित अत्यन्त महत्त्वपूर्ण कुछ लेखिकाओं का उल्लेख करना चाहूँगी। जिनकी पुस्तकों के माध्यम से स्त्री चिंतन के पक्ष को आप समझ सकते हैं—

मधु कांकरिया, इस्मत चुगतई, मृणाल पाण्डे, गीता श्री, महादेवी वर्मा, शिवानी, ममता कालिया, मन्नू भण्डारी, मनीषा कुलश्रेष्ठ तथा अनुवाद में तेजी ग्रोवर का नाम उल्लेखनीय है।

कुर्तुलऐन हैदर, अलका सरावगी, सुजाता, प्रभा खेतान, उषा किरण खान, ममता कालिया, भूमिका जोशी, सुशीला टाकभौंरे, गीता श्री, रजनी गुप्त, महाश्वेता देवी, नमिता गोखले, नासिरा शर्मा, राजी सेठ, अनामिका, सुचित्रा भट्टाचार्य, प्रतिमा राय, चन्द्रकान्ता, मैत्रेयी पुष्पा, संध्या कराडे, विनीता गुप्ता, तहमीन दुर्रानी, नमिता सिंह अपने उपन्यासों के माध्यम से स्त्रियों के संघर्ष को स्वर दे रही हैं।

अंकिता पाण्डेय, सारा राय, मंजुला राणा, मालती जोशी, जसविन्दर कौर बिन्द्रा, तेजी ग्रोवर, जयंती रंगराजन, निर्मला तोदी, शिवानी, जयश्री राय, नासिरा शर्मा, लीला सेठ, ज्योति कुमारी, क्षमा शर्मा, निर्मला भुराड़िया, विभा रानी की कहानियों में स्त्री संघर्ष की गाथा मुखरित हुई है।

'भारतीय ज्ञानपीठ' से प्रकाशित महत्त्वपूर्ण पुस्तकों के माध्यम से भी आशापूर्णा देवी, मृदुला गर्ग, अमृता प्रीतम, महाश्वेता देवी, कुर्रतुलऐन हैदर, नासिरा शर्मा, योगिता यादव, ऋता शुक्ल, अल्पना मिश्र, पंखुरी सिन्हा, उर्मिला गिरीष, चित्रा मुद्‌गल, मंजुल भगत, राजी सेठ, उषा प्रियंवदा, आशापूर्णा देवी प्रभृति लेखिकाओं ने स्त्री स्वर को वाणी दी है। प्रभा किरण जैन, वीणा श्रीवास्तव, पुष्पा भारती, निर्मला पुतुल, महादेवी वर्मा, अमृता प्रीतम कविता के माध्यम से तथा डा. गिरीश रस्तोगी नाटक के माध्यम से स्त्रियों के संघर्ष को मुखरित करती हैं।

इसके अतिरिक्त विभिन्न प्रकाशनों से प्रकाशित अद्यतन पुस्तकों के माध्यम से स्त्री विमर्श के विविध पक्षों को समझा जा सकता है। इसके लिए अभी गहन अन्वेषण की आवश्यकता है। गंभीर चिंतन–मनन के उपरान्त विचारधारा में परिवर्तन लाया जा सकता है। वर्चस्ववादी, अहंवादी वैचारिक सोच को त्यागकर उदारवादी विचारधारा से स्त्री के अधिकारों को समझा जा सकता है। समाज में स्त्रियों को वैश्विक धरातल पर समानता का अधिकार यथार्थ में मिलना अभी बाकी है। इसके लिए वैश्विक स्तर पर बेहतर प्रयास करने की आवश्यकता है।

## संदर्भ ग्रंथ सूची


- Wikipedia, https://enwikipedia.org
- Stanford encyclopedia of philosophy,
- https:// plato.stanford.edu > entries.
- https:// en.m.Wikipedia-org > wiki
- Wikipedia https:// en Wikipedia.org wiki
- Wikipedia https:// en. m. Wikipedia- org >…
- https:// en. m. Wikipedia- org- wiki
- Wikipedia- https://en.m. Wikipedia- Org >…
- Wikipedia- https://en. m. Wikipedia- Org >--
- Wikipedia- https://hi-m. Wikipedia. Org. wiki
- राम बचन यादव, बंग महिला का वैचारिक लेखन और स्त्री प्रश्न, वागर्थ, वर्ष 29, अंक 330, मई 2023, पृष्ठ संख्या– 99
- बंग महिला ग्रंथावली
- मृत्युंजय श्रीवास्तव, दो स्त्री रचनाकारों के उपन्यास, वागर्थ, वर्ष 29, अंक 330, मई 2023, पृष्ठ संख्या– 109
- वही, पृष्ठ संख्या– 112
- वाणी प्रकाशन सूची, नई दिल्ली, 2023
- भारतीय ज्ञानपीठ प्रकाशन सूची, नई दिल्ली, 2023

**SHODH-GARIMA–YEAR-2, VOL. 2 (April to June, 2025)**
**A Peer-Reviewed & Referred International Multidisciplinary Research Journal**

**ISSN (Print) : 3048-6327**

**IMPACT-FACTOR SJIF - 5.223**

**Paper Recieved : 11th May 2025** **Paper Accepted : 25th May 2025**

# AN IMPACT ASSESSMENT OF PRADHAN MANTRI KISAN SAMMAN NIDHI (PM-KISAN)SCHEME ON FARM INPUTS AND POST HARVEST DAMAGES

**Rahul Vishwakarma***
**Prof. Shikha Dikshit****

**ABSTRACT**

*Although India is the world's second-largest producer of food grains, its productivity is very low. This situation makes agriculture a less profitable business, negatively impacting farmers. To improve the conditions for farmers, the government has set up an advisory committee under the chairmanship of Dr.Ashok Dalwai. The committee has recommended several measures aimed at doubling farmers' income by 2022. The PM-Kisan Samman Nidhi is a direct benefit program in which the government provides ?6,000 per year to all land holding farmers to procure agricultural inputs. This scheme aims to reduce the costs for farmers and make agriculture more profitable. The objectives of this research paper are twofold: first, to assess the impact of the PM-Kisan Samman Nidhi on farm inputs, and second, to analyze its effect on post-harvest damages. To achieve these objectives, a primary survey was conducted by using simple random sampling and found that the size of holding cultivated by marginal farmers has increased due to rented land, which has improved their financial status. Through the PM-Kisan Scheme, self-storage facilities for these farmers have expanded, reducing post-harvest damages and market volatility since 2019. Farmers are now able to harvest on time by talking agricultural machineries on rent. Overall, the PM-Kisan Samman Nidhi offers protection against natural calamities, although some farmers have reported that post-harvest damages are increased due to animals.*

***Keywords***– *PM-Kisan Samman Nidhi, doubling farmer income, post-harvest, DBT*

## INTRODUCTION

From ancient times, the Indian economy has been prominently based on agriculture with about 67 percent of the population directly or indirectly dependent on it. During British rule, the conditions of Indian farmers and farming activities were distorted because of over-exploitation by Britishers. After independence, the Indian government focused on agricultural activity to enable the farmers to boost their

* Research scholar (Department of Economics), JTGDC, Prayagraj, Mo 7390954157
** Jagat Taran Girls' Degree College, 32, Hamilton Road, George Town, Prayagraj-211002

economic conditions, for which the government has undertaken many development activities like land reforms, canal, pond and dam construction etc. To give a boost to farming, a lot of scientific research has taken place through the utmost efforts of Dr. M.S. Swaminathan. As a consequence of this, new seeds came into existence, known as HYV- High Yield Variety which led to the Green Revolution in India. After this revolution, the government launched different schemes related to agriculture and allied activities to assist the farmers. Some of them are Kusum Schemewhich provides solar pumps, E-NAM for Online marketing, PM Fasal Bima Scheme toprovide security from damages, RAFTAARA YOJAN- Which promotes organic farming, etc.

The government has set up an advisorycommittee under the chairmanship of Mr. Ashok Dalwai to advise the measures for doubling the farmer's income by 2022.This committee has suggested seven major sources of growth -Increase in crop productivity, Increase in livestock productivity, Resource use efficiency, Increase in the cropping intensity, Diversification towards high value crops, Improvement in real prices received by farmers, Shift from farm to non-farm occupation .The government has implemented Pradhan Mantri Kisan Samman Nidhi (PM-KISAN) Scheme to supplement financial needs and augment the income of farmers.The PM-Kisan Samman Nidhi is an ambitious scheme by the central government to assist farmers. It is a central sector scheme. That means this scheme is 100 percent funded by the central government. Under this scheme, the government provides Rs.6000- in three installments comprising of Rs. 2000- per installment in a year, direct into beneficiaries' accounts. The objective of the scheme is to supplement the financial needs of all landholder farmers' families in procuring various inputs to insure proper crop health and appropriate yields commensurate with the anticipated farmers' income as well as for domestic needs of them. Under this scheme, the amount of Rs. 6000- per annum is transferred by the central government directly into the bank account of the eligible farmers under DBT transfer mode subject to certain exclusion.For this, the beneficiary must have a bank account linked with an Aadhar number. Beneficiaries must have land. If they have no land, they can't take the benefit of this scheme.

**REVIEW OF LITERATURE**

To understand the impact of the PM-KISANscheme on agriculture and farmers, various reviews of the literature have been taken. Some reviews of the literature are given below-

**Param S. C &Kumar G.A. (2018)**- the PM-KISANScheme has been run under the DBT Scheme since 2019 by the central government. To get the benefit of the PM-KISANScheme, farmers must have a bank account linked with ADHAR. Due to this, farmers are compelled to have a bank account. In this way, the PM-KISANScheme is expanding the banking services among farmers.

**Pavan & Babu (2018)** aimed to study the farmers' awareness of Pradhan Mantri Kisan Samman Nidhi Scheme in the Guntur district. As a result, they found that 30% of farmers benefited. As a result, 52% of those who received the first installment spent on agriculture, 26% on consumption, 7% on education and health, and the remaining 16% on other ancillary expenses (party, marriage, etc.). The 2nd-grade beneficiaries spent 39% on consumption, followed by agriculture (23%), education and health care (19%).

**Kumar & Phougat (2021)** studied the analysis of the Pradhan Mantri Kisan Samman Nidhi (PM-Kisan) scheme with special reference to Haryana state. Uttar Pradesh takes the first position in the total number of beneficiaries, followed by Maharashtra, Madhya Pradesh, Bihar, and Rajasthan. West Bengal is the only state that did not initially participate in the PM-KISANprogram. Hisar district tops the program beneficiary list; Jind, Bhiwani, Sirsa, and Kaithal. Panchkula is the district with the lowest total number of beneficiaries in Haryana.

According to Haryana, the total number of beneficiaries enrolled in the program is very low. It is less than 2% of all beneficiaries enrolled in the program at the Indian level

**Akhatar J. (2022)** In his study, he found the farmer who was a beneficiary of the PM-KISANScheme producing more crops. The PM-KISANScheme positively affects the various aspects of marginal and small farmers, like increasing production and crop variety etc.

**Naik & Vasudev, et al., (2023)** analyzed the number of intended beneficiaries, the funds disbursed, the patterns of use of the funds disbursed under the PM-KISAN, was conducted in the Kalyan-Karuntaka region from 2020 to 2021. A total of 6 districts in Kalyan Karnataka were selected for the study. Ten beneficiaries were selected from each district. Therefore, a total sample size of 60 beneficiaries was selected for the study. The study concluded that the funds disbursed under the PM-KISANprogram are mainly used for the purchase of seeds (38.33%), fertilizers (15%) and pesticides (11.67%) in the study area. Most of the beneficiaries learned of the program from fellow farmers (36.67%), followed by newspapers (20%) and banks (16.67%). Most of the beneficiaries were found in Raichur, followed by Kalyan Karnataka district, followed by Kalaburagi and Koppal districts. The state with the most beneficiaries was Uttar Pradesh (22.77%), followed by Maharashtra (10.11%), Madhya Pradesh (7.54%) and Bihar (7.23%).

**Singh Dr. Archana et al, (2023)** The study examined whether the amount received under the installment of the PM-KISAN scheme is used as per the target and expectation of the scheme, by estimating the expenditure pattern of the beneficiary concerning the installment received, using primary data.

**Singh R. 2023**- In his study, he analyzed the impact of the DBT Scheme on India and how the DBT Scheme in India has transformed welfare delivery by directly transferring funds to the bank accounts of beneficiaries.

**Varshney D.et al,** - In their study, they examined the impact of the PM-KISAN scheme to provide income support to farmers for easing their liquidity needs to facilitate timely access to input

## RESEARCH GAP

A lot of research has already been done on different aspects of the PM-KISAN Scheme. Most research papers related to the PM-KISAN Schemeanalysed the growth of the beneficiary and its impact on agricultural production. In some research papers the impact of the PM-KISAN Scheme on farmers' social well-being is analysed. According to the above description, we found that there is no proper study has been done on the impact of PM-KISANScheme on use of inputsand post-harvest management of crops. In this research paper the impact of the PM-KISAN Scheme on agricultural inputs and post-harvest management is analysed.

## OBJECTIVES

1. To analyze the impact of the PM-KISAN Scheme on the use of agricultural inputs.
2. To analyze the impact of the PM-KISAN Scheme on post-harvest damages.

Hypotheses–

$H_0$—there is no significant impact of the PM Kisan Samman Nidhi on use of agricultural inputs.

$H_1$—there is significantimpact of PM Kisan Samman Nidhi on use of agricultural inputs.

$H_0$—there is nosignificant impact of the PM Kisan Samman Nidhi on post-harvest damages.

$H_1$—there is significantimpact of the PM Kisan Samman Nidhion post-harvest damages.

## RESEARCH METHODOLOGY

### Data collection

This research paper is based on primary data. The study was conducted in Sudanipur Kala, a village in Prayagraj under Phulpur block. The whole village is divided into different regions (purwa), namely- Ajabaiyan, Shanichara, Saraiya, Kevtan and Sudanipur Kala. The village is also divided into three wards, namely 403, 404 and 405. Simple random sampling method is used for data collection. The data collected from ward number 405 for this purpose. The total population

of this ward is 900 whereas the total beneficiaries of this village are 285. Using purposive sampling, data has been collected from 100 beneficiaries out of total 285. This is approx. 10% of total beneficiaries, confidence level is 95% and margin error is 5%.

**Geographical area**

Sudanipur Kala is a village in the Prayagraj district under Phulpur block. The village is situated near to Varanasi- Prayagraj Highway and the holy Ganga River flows ten kilometers away from this village. The impact of the river is vividly seen as the whole region of this village has fertile land. A mixture of Domat and Balu mitti is found in this region. Most farmers of this village are small and marginal. Nearly all farmers produce only two crops- Kharif and Rabi. The level of groundwater in this village is quite good. That is why most farmers of this village are dependent on tube wells for irrigation purpose.

**Data Analysis**

To proving the hypothesis that there is no impact of PM Kisan Samman Nidhi on use of agriculture inputs using the chei square in SPSS software and found that there is significant impact of the PM Kisan Samman Nidhi on use of agriculture input so we reject the null hypothesis and accept the alternative hypothesis.

**Table-1**
**Distribution of beneficiaries according to their holding size**

| | Number of beneficiaries | Percentage |
|---|---|---|
| Marginal | 46 | 46% |
| Small | 40 | 40% |
| Medium & Large | 14 | 14% |
| Total | 100 | |

**SOURCE**-Field Survey

Above table explain that, the most farmers are marginal and small farmers because nearly 86% of farmers' holdings are less than 2 acres. There are only 14% of farmers who have more than2 hectares of operational holdings.

**Table-2**
**Increase in farm size**

| Type of farmer | Yes | No | Total |
|---|---|---|---|
| Marginal | 20 (43.47%) | 26(56.52) | 46 |
| Small | 0 | 40(100%) | 40 |
| Medium & Large | 4(28.57%) | 10(71.42%) | 14 |
| Total | 24(24%) | 76(56%) | 100 |

**SOURCE**-Field Survey

As per the above table, we are of the view that marginal farmers in my sample have increased operational holdings. The farmers who said their farm size has increased - most of them are marginal farmers. In my research sample, 46% of farmers are marginal farmers. 43.47% out of these 46% of farmers said that their farm size increased after the implementation of the PM-Kisan Scheme. The land owned by marginal farmers has not increased, but their cultivated land size has increased because of sharecropping. There is no increment in the farm size of small farmers. Whereas an increment in farm size is necessary to increase their economic welfare.

**Table-3**
**Rise in self-storage facility**

| Type of farmer | Yes | No | Total |
|---|---|---|---|
| Marginal | 18(39.13%) | 28(60.86%) | 46(46.0%) |
| Small | 12(30%) | 28(70%) | 40(40%) |
| Medium & Large | 6(42.85%) | 8(57.14%) | 14(14%) |
| Total | 36 | 64 | 1 00 |

**SOURCE**-Field Survey

From the above table, it is very clear that the storage facilities of marginal and small farmers have been increased since 2019, but this increment is not very significant. By adding both marginal and small farmers, only 34.88% of farmers' storage facilities have been increased. That is less than 50%.

**Table-4**
**Post Harvest Damage**

| | POSTHARVESTDAMAGEAFTER2019 | | | Total |
|---|---|---|---|---|
| | INCREASE | DECREASE | NO CHANGE | |
| Marginal | 20(43.4%) | 14(30.43%) | 12(26.08%) | 46 |
| Small | 20(50%) | 20(50%) | 0 | 40 |
| Medium & Large | 6(42.8%) | 6(42.8%) | 2(14.2%) | 14 |
| Total | 46 | 40 | 14 | 100 |

**SOURCE**-Field Survey

On the basis of the above table, we can say that the condition of post-harvest damage remains the same because the number of farmers who said that the post-harvest damage increases is almost equal to the number of farmers who said that the post-harvest damage decreases. Only a few more responses are there in favor of an increment in post-harvest damage.

**Table-5**
**Selling time of the crop**

| Type of farmer | Just after harvesting | Later | Total |
|---|---|---|---|
| Marginal | 6(15%) | 40(86.9%) | 46 |
| Small | 4(10%) | 36(90’0%0 | 40 |
| Medium & Large | 4(28’5%) | 10(71.%) | 14 |
| Total | 14 | 86 | 100 |

**SOURCE-**Field Survey

According to this table, 15% of marginal farmers have said that they sell their crop production just after harvesting and 86.9 % have said later. 10% of small farmers have said they sell their crop production just after harvesting and 90% of farmers have said they sell their crop later. By analyzing the above table we can say that most farmers store their crop production and sell it later.

**Table-6**
**Use of fertilizer**

| Type of farmer | Increase in the use of organic and chemical fertilizers | Decline in the use of organic Fertilizer and increase in the use of chemical fertilizer | Total |
|---|---|---|---|
| Marginal | 11(47.82%) | 12(52.17%) | 23 |
| Small | 11(55.0%) | 9(45%) | 20 |
| Medium | 4(66.6%) | 2(33.3%) | 6 |
| Large | 0 | 1(100% | 1 |
| Total | 26 | 24 | 50 |

**SOURCE**-FIELD SERVEY

According to this table, 47% of total marginal farmers have said that the use of organic and chemical fertilizer has increased, from 2019. 52.17 % of marginal farmers of total marginal farmers have said that the use of chemical fertilizer has increased, whereas the use of organic fertilizer has decreased, since 2019. 55% of total small farmers have said that the use of

both chemical and organic fertilizers has increased since 2019 .45% of total small farmers have said that the use of chemical fertilizer has increased, whereas the use of organic fertilizer has decreased since 2019.

**CONCLUSION &FINDINGS**

1. The area under our research consists of mostly marginal and small farmers. They are involved in farming existence. To increase the welfare of these farmers, government support is necessary. In this respect, PM – Kisan Samman Nidhi has great importance. It directly assists farmers to avail farm inputs, which reduces the cost and increases the profitability of farmers.
2. In this research, it is found that some marginal farmers' cultivated land has increased. The main reason for this is that the use of rented land has increased by marginal farmers. This shows that the welfare of marginal farmers has increased due to the PM-Kisan Samman Nidhi.
3. The self - storage facility of marginal and small farmers has been increased since 2019. This increment in storage facilities provides safety for them against post-harvest damages and volatility of the market.
4. The damage of crops has decreased as the farmers harvest their crops by taking agricultural machines such as thresher, cultivators etc. on rent. In conclusion, it can be said that PM-Kisan Samman Nidhi provides a safeguard for marginal and small farmers against natural calamities by providing machines and tools to farmers through Custom Hiring Center Scheme. Some farmers responded that their post-harvest damages increased but, that is purely caused by animals.
5. PM-Kisan Samman Nidhi helps marginal and small farmers to sell their surplus crops according to market conditions. This becomes possible due to the increased storage facility available to farmers.
6. The use of chemical and organic fertilizers by marginal and small farmers has increased. Due to this, production has also increased.

**SUGGESTION**

There is a multi-stage process of registration under PM-Kisan Samman Nidhi. This makes registration a tedious work. If, at any stage, due to any problem, registration gets stuck, and the farmer faces many problems to correct it, there should be some easy procedure available for them to resolve this problem . Sometimes problems are told by the employees to farmers, but they do not know how to solve them in the absence of knowledge. In most of the cases, it is found that the eligible farmer registered himself on the PM-Kisan portal, but the application process was stuck at the block level. To make this scheme successful, this problem should be solved by the government so that beneficiaries may take maximum advantage from this scheme.

**REFRENCES**


- Dr. Paramasivam C. &G. Aruna Kumar, (2018), Direct Benefit Transfer – An Innovative Approach to financial inclusion in India. JETIR, Volume 5, Issue 12, ISSN- 2349-5162
- BakhshiP.et al, (2015), How a 10% DBT Commission could undermine India's financial inclusion efforts.
- Larquemin A. (2016), The difficult Assessment of the financial inclusion policies in India. IJSSM Vol.-3, issue 1:31-37ISSN 2091-2986 DOI 10.3126/ijssm
- K.M Mahesh et al, (2023), Impact of digital financial inclusion (DFI) Initiatives on the self-help Group: For Sustainable DeveloPMent. IJMTS, ISSN: 2581-2012, Vol.8, No.4. DOI:https://doi.org/10.5281/zenodo.10001672
- Vashishtha S. et al, Performance assessment of a public welfare scheme: a case study of direct benefit transfer in India
- Dr. Gala Mayur D.et al, (2024), assessment the role of direct benefit transfer in advancing financial inclusion: Insights from the Indian state-level data. Nanotechnology Perceptions, ISSN 1660-6795.
- Lohitha G., Dr. S.R. Keshava, Financial Inclusion: A Gateway to reduce corruption through direct benefit transfer (DEBT)

**SHODH-GARIMA–YEAR-2, VOL. 2 (April to June, 2025)**
**A Peer-Reviewed & Referred International Multidisciplinary Research Journal**
**ISSN (Print) : 3048-6327**
**IMPACT-FACTOR SJIF - 5.223**
**Paper Recieved : 2nd June 2025** **Paper Accepted : 7th June 2025**

# भारतीय ज्ञान परम्परा में संचार का महत्त्व व्यक्तित्व विकास के सन्दर्भ में

डॉ. उमा कुमारी साह*

**शोध-सारांश**

*भारतीय ज्ञान परम्परा में संचार का अत्यंत महत्त्वपूर्ण स्थान रहा है, जिसके अंतर्गत श्रवण का प्रभाव, ध्वनि का प्रभाव, संगीत का प्रभाव आदि शामिल हैं। हितोपदेश की एक लंबी परंपरा भारतीय संस्कृति का हिस्सा रही है जो मनुष्य से लेकर  सर्व प्राणियों के कल्याण और शांति का संचार करता रहा है। लेकिन पश्चिम में जिस तरह शोध और सिद्धांत यह स्थापित करने का प्रयास करते रहे हैं कि संचार का प्रभाव मानव मन और व्यक्तित्व विकास पर पड़ता है इसकी जानकारी पश्चिम ने ही दी और द्वितीय विश्व युद्ध के समय से संचार द्वारा एक प्रकार का मनोवैज्ञानिक दबाव और प्रभाव बनाया जा सकता है इसे जर्मनी ने रेडियो का उपयोग करके किया। जहाँ रेडियो संदेश को इस प्रकार बनाया गया कि वो अपने प्रतिद्वंदी राष्ट्रों पर एक मनोवैज्ञानिक दबाव बना सके। इसके लिए डॉ. जोसेफ गोएबल्स 1933 से 1945 तक नाजी जर्मनी का मिनिस्टर ऑफ प्रोपेगेंडा था। जिसने कहा कि ''एक झूठ को अगर कई बार दोहराया जाए तो वह सच बन जाता है।'' उक्त कथन से गोएबल्स संचार कि शक्ति और उसके व्यापक प्रभाव से दुनिया को परिचय करा रहे थे। लेकिन पश्चिम के लिए यह सब कुछ नया था और संचार और उसके दीर्घकालीन और अल्पकालीन प्रभाव को द्वितीय विश्व युद्ध के समय से अध्ययन और शोध के रूप में जागरूक होकर देखा, समझा और पढ़ा जाने लगा लेकिन भारतीय ज्ञान परंपरा का अध्ययन करें तो भारतीय संस्कृति के ग्रन्थ और शोध युक्त उपनिषद यह बहुत पहले ही बता चुके हैं कि संचार का प्रभाव मानव जीवन,उसके मन, मस्तिष्क, शरीर और व्यक्तित्व पर पड़ता है।*

*यह शोध पत्र भारतीय ज्ञान परंपरा में संचार के महत्त्व : व्यक्तित्व विकास के विशेष संदर्भ में एक अध्ययन करने का प्रयास है। यह शोध पत्र द्वितीयक सामग्री पर आधारित है। इस शोध पत्र द्वारा भारतीय ज्ञान परंपरा में किस प्रकार सभी*

* सहायक प्रोफेसर (मीडिया एवं जनसंचार अध्ययन विभाग ), चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय, भिवानी (हरियाणा), ईमेल : uma-mghv@gmail.com

*महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ इस बात को संचारित करते हैं कि संचार के प्रभाव से व्यक्तित्व विकास संभव है और संचार अपना प्रभाव सभी सजीव प्राणियों पर डालती है, इसका भी संक्षिप्त अध्ययन करने का प्रयास करता है।*

***मुख्य शब्द***– *भारतीय ज्ञान परंपरा, संचार, व्यक्तित्व विकास, भारतीय संस्कृति, मीडिया।*

## परिचय

भारतीय ज्ञान परंपरा इस बात पर जोर देती है कि संचार द्वारा सृष्टि परिवर्तन संभव है। यहाँ संचार केवल बोलना या भावनाओं की अभिव्यक्ति ही नहीं है बल्कि संचार का अर्थ बहुत वृहद है जिसके अंतर्गत श्रवण, मनन, कीर्तन, नाम जाप, अंतरावैयक्तिक संचार एवं ऊर्जाओं से है। यहाँ हर वस्तु हर ध्वनि का वर्णन ऊर्जा के रूप में है और हर ऊर्जा का अपना संचार है जो व्यक्ति को प्रभावित करती है। इसलिए भारतीय ज्ञान परंपरा संचार के रूप में ध्वनियों और ऊर्जाओं का भी उपयोग करता है। भारतीय संस्कृति अर्थात् सनातन धर्म ग्रन्थ कहते हैं कि विचार और व्यक्तित्व का निर्माण सत्संग जिसके अंतर्गत श्रवण, मनन, अध्ययन, गायन और कीर्तन आदि शामिल हैं, से होता है जो पूरे संचार की एक व्यापक प्रक्रिया है।

इतना ही नहीं, उन्होंने संचार के सभी रूपों का प्रभाव ब्रह्मांड के सभी सजीव जगत पर पड़ता है, इसे भी बताया है। श्रीमद् भागवत गीता इसका सबसे बड़ा उदाहरण है जिस पर कई शोध हो रहे हैं, इतना ही नहीं व्यक्तित्व विकास और इनर इंजीनियरिंग आदि का कोर्स करने वाले संस्थान और कई मोटिवेशनल स्पीकर आज अपने संचार को प्रभावी बनाने के लिए गीता के ज्ञान का आश्रय ले रहे हैं और जिन कथनों द्वारा वो आज इनफ्लुएंसर बन रहे हैं और लोगों के जीवन को ट्रांसफॉर्म करने का काम कर रहे हैं वह सभी ज्ञान और संचार शैली भारतीय ज्ञान परंपरा का हिस्सा है या उसमें निहित है।

यहाँ गोस्वामी तुलसीदास रचित रामचरित मानस की चौपाई **'बिनु सतसंग बिबेक न होई। राम कृपा बिनु सुलभ न सोई।।'** द्वारा तुलसी दास जी आधुनिक मोटिवेशनल स्पीकर और पश्चिमी विद्वानों से कहीं अधिक सहज, सरल और स्पष्ट रूप से पूरे भारतीय मानस के बीच यह संचार करने में सफल रहे हैं कि सत्संग के बिना ज्ञान अर्जित नहीं हो सकता। यहाँ ज्ञान का अर्थ किताबी ज्ञान से ही नहीं बल्कि विवेक यानी जीवन की समझ, आत्म–कल्याण और व्यक्तित्व विकास से भी है। यहाँ सत्संग का अर्थ अच्छे लोगों या सज्जनों की संगति से है जो ब्रह्म का ज्ञान अर्थात् स्व का बोध करा दें, ऐसे लोगो का संग करना चाहिए। वहीं आज वर्तमान में खुद को लाइफ कोच कहने वाले और कई लेखक जो सेल्फ हेल्प पर किताब लिखते हैं वह यह कहते हैं कि आप जिनके जैसे बनना चाहते हैं उनकी लाईफ स्टोरी पढ़ें और उनके साथ रहना चाहें तो उनकी जीवनी पढ़े या उन पर बनी फिल्में देखें।

'थिंक एंड ग्रो रिच', 'द मॉन्क हु सोल्ड हिज फरारी,' 'थिंक लाइक ए मॉन्क' आदि किताबों के लेखक अपने पुस्तक में जो इच्छाओं की प्राप्ति की कुंजी जिस विचार या सोच को बताते हैं वह भारतीय ज्ञान परम्परा में ही निहित है जहाँ कहा गया है कि **"यं यं चिन्तयते कामं तं तं प्राप्नोति निश्चितम्।''**

जिसका अर्थ है कि मनुष्य जिस–जिस अभीष्ट का चिंतन करते हैं उस उस को निश्चय ही प्राप्त करते हैं। वर्तमान के सभी मैनिफेस्टेशन स्किल्स का आधार यही है।

## भारतीय ज्ञान परम्परा में संचार का महत्त्व

संचार का प्रभाव इतना अधिक है कि सनातन संस्कृति इसके प्रति अत्यधिक संवेदनशील दिखती

है। श्रीमद्भागवत गीता में श्री कृष्ण जहाँ अपने संचार से अवसाद–ग्रस्त अर्जुन को न केवल सामान्य अवस्था में लाते हैं बल्कि युद्ध करने के लिए तैयार करते हैं और कहते हैं कि तुम किसी प्रकार की चिंता छोड़ बस युद्ध करो। इसे श्रीमद्भगवद् गीता के द्वितीय अध्याय के 38वें श्लोक में इस प्रकार कहते हैं– **''सुखदुखे समे कृत्वा लाभालाभौ जयाजयौ। ततो युद्धाय युज्यस्व नैवं पापम–वाप्स्यसि।''**

इस श्लोक का अर्थ है– सुख–दुःख को समान तुल्य समझकर अर्थात् ( उनमें ) राग–द्वेष न करके तथा लाभ–हानि को और जय–पराजय को समान समझकर उसके बाद तू युद्ध के लिये चेष्टा कर इस तरह युद्ध करता हुआ तू पाप को प्राप्त नहीं होगा।

इस प्रकार देखा जा सकता है कि सेल्फ हेल्प पर लिखी जाने वाली सभी किताबें और वर्तमान के सभी मोटिवेशनल स्पीकर, लाईफ कोच मैनिफेस्टेशन स्किल्स सिखाने वाले पश्चिमी विद्वान भी कहते हैं– आप सरेंडर कर दें, मतलब चिंता छोड़ दे कि क्या होगा बस इस बात पर ध्यान केंद्रित करें कि जो होगा अच्छा होगा और सकारात्मक रहे। इस प्रकार भारतीय ज्ञान परंपरा इस बात पर पूरा जोर देती है कि संचार द्वारा मानस बदला जा सकता है। गीता के अतिरिक्त संचार कितना प्रभावी हो सकता है, इसे रामचरित मानस में गोस्वामी तुलसीदास ने भी सुंदर कांड में लिखा है कि अपने संचार द्वारा किस प्रकार हनुमान जी जो कि एक वानर रूप में हैं और उन्होंने अपनी पहली ही मुलाकात में शोकाकुल सीता के साथ संवाद स्थापित कर न केवल उन्हें राम जी का संदेश सुनाते हैं बल्कि उनसे एक निशानी भी माँग लेते हैं। गोस्वामी तुलसीदास जी की इस चौपाई संचार द्वारा विश्वास की प्राप्ति कैसे होती है और कितना प्रभावी है इसे इस प्रकार देखा जा सकता है–

**''राम दूत मैं मातु जानकी।**
**सत्य सपथ करुनानिधान की।।**
**यह मुद्रिका मातु मैं आनी।**
**दीन्हि राम तुम्ह कहँ सहिदानी।''**

यह चौपाई जहाँ एक कुशल संचारक को कैसा होना चाहिए न केवल यह बताती है बल्कि संचार द्वारा किसी अनजान का विश्वास जीता जा सकता है। इन चौपाई द्वारा बॉडी लैंग्वेज और संचार के अन्य प्रकारों का कितना प्रभाव है, इसे सिखाया जाता है। इस प्रकार भारतीय ज्ञान परंपरा संचार के महत्त्व और उसकी कुशलता की अनिवार्यता को बहुत अच्छे से सिखाने में सफल है।

**भारतीय ज्ञान परंपरा में श्रवण और मेंटल डाइट का संचार**

आधुनिक मनोविज्ञान, मीडिया और पश्चिम चिंतन आज मेंटल डाइट पर बहुत कुछ कह रहा है। कई शोध यह कहते हैं कि व्यक्ति जिस प्रकार का संगीत सुनता है या समाचार, प्रोपोगेंडा सुनता है उसी से वह प्रभावित होता है और इसकी बारंबारता अधिक हो जाए तो व्यक्ति उसी प्रकार व्यवहार भी करता है। मीडिया के अंतर्गत कल्टीवेशन थिअरी इसी सिद्धांत को पुष्ट करने का काम करती है। आधुनिक मेडिकल साइंस भी मानता है कि गर्भ में पल रहे बच्चे पर वातावरण के साथ उसकी माँ द्वारा सुने जाने वाली बातों, संगीत आदि का भी प्रभाव पड़ता है।

वहीं गर्भ में पल रहा शिशु भी सुनता है और ध्वनि, भजन, संगीत का प्रभाव उस पर पड़ता है, इसके कई उल्लेख भारतीय ज्ञान परंपरा में मिलते हैं। महाभारत में इसका उल्लेख मिलता है कि अर्जुन जब अपनी गर्भवती पत्नी सुभद्रा को चक्रव्यूह में प्रवेश करने की विद्या सिखा रहे थे तो सुभद्रा के साथ उसके गर्भ का शिशु भी उसे सुन रहा था, वहीं जब अर्जुन आगे चक्रव्यूह से निकलने की विद्या सिखाना शुरू करते हैं तभी सुभद्रा सो जाती है और उसके गर्भ का शिशु भी सो जाता है और चक्रव्यूह से बाहर आने की विद्या नहीं सीख पाता है। आगे महाभारत में लिखा है कि युद्ध के दौरान सुभद्रा के गर्भ में पलने वाला शिशु जो जन्म लेकर

बड़ा हो चुका है और योद्धा अभिमन्यु बना अपने स्वजनों को बताता है कि वह अपनी माँ के गर्भ से सुनकर चक्रव्यूह प्रवेश की विद्या सीख चुका है लेकिन उससे निकलना नहीं सिख पाया। इस प्रसंग से स्पष्ट है कि भारतीय मनीषी इस बात की खोज कर चुके थे कि गर्भ में शिशु सुन सकते हैं और संचार का प्रभाव गर्भ में पल रहे शिशु पर भी पड़ता है।

वहीं मंत्रों, ध्वनियों और संगीत का प्रभाव भी गर्भ में पल रहे शिशु पर पड़ता है, इस पर भी सनातन ग्रन्थ प्रकाश डालता है। विष्णु पुराण में प्रह्लाद के जन्म कथा और बालकाल में उसका विष्णु भक्ति के प्रति झुकाव का भी कारण उसका गर्भ संस्कार ही था। प्रह्लाद की माता कयाधु जब गर्भवती थी और उसके गर्भ में प्रहलाद था तो महर्षि नारद ने कयाधु को विष्णु भक्ति और कथा सुना कर भगवान विष्णु की भक्ति का ज्ञान दिया जिसके परिणाम स्वरूप जन्म के उपरांत बालक प्रह्लाद विपरीत परिस्थितियों में भी भगवान विष्णु का अनन्य भक्त बना रहा और उसके कारण ही भगवान विष्णु का नरसिंह अवतार हुआ। इसके अलावा भी कई भारतीय मनीषी और ग्रन्थ यह बताते हैं कि श्रवण का मानव जीवन पर बहुत अधिक प्रभाव होता है कि यही कारण है कि भारतीय ज्ञान परंपरा में सारे स्तुति, वंदना, भजन आदि गायन पदों में है। जिससे इसे सुनकर निरक्षर भी श्रवण से स्मरण शक्ति बढ़ा लें। ध्वनि, संगीत और गीतों का जिस प्रकार से इस ज्ञान परंपरा में समागम हुआ है उससे स्पष्ट है कि भारतीय ज्ञान परंपरा उत्साह, ऊर्जा और उल्लास का संचार है जो व्यक्ति को सफल, स्वस्थ और सुखद बनाने में सक्षम है। इस प्रकार भारतीय ज्ञान परंपरा मेंटल डाइट के महत्त्व पर अत्यधिक शोधपरक लेखन कर चुका है। आज मीडिया के माध्यम से खासकर सोशल मीडिया से कई इन्फ्लूएंसर मेंटल डाइट पर कॉन्टेंट बना रहे हैं लेकिन इन सबको देखने और समझने पर स्पष्ट होता है कि आधुनिक मेंटल डाइट और मेंटल हेल्थ की अवधारणा पर भारतीय ज्ञान परंपरा सभी का मार्गदर्शन कर रहा है।

**भारतीय ज्ञान परंपरा में संचार द्वारा व्यक्तित्व विकास**

जीवन रूपांतरण की कहानी मीडिया का एक व्यापक विषय रहा है। मीडिया ऐसी घटनाओं, फिल्मों और कहानियों का संचार करता रहा है जिसने लोगों के जीवन को बदलने का काम किया है। वर्तमान में भी कई सक्सेस स्टोरी के पीछे कोई न कोई घटना, व्यक्ति का संचार पढ़ने को मिलता है। आज सोशल मीडिया में हजारों लोग ट्रेनिंग देने का काम करते हैं कि किस प्रकार व्यक्तित्व का विकास करें और इसके लिए सकारात्मक संचार को बनाये रखें। वहीं महर्षि वाल्मीकि जो प्रारंभ में एक भील थे और उनका नाम रत्नाकर था। उनके जन्म वृत्तांत में लिखा गया है कि रत्नाकर एक डाकू था और जब वो महर्षि नारद से मिलते हैं और उन्हें मारना चाहते हैं तो नारद कहते हैं तुम मुझे जरूर मारना लेकिन पहले बताओ क्या तुम जो पाप कर रहे हो उसका फल तुम्हारा परिवार लेगा तो वह कहता है मेरा परिवार उसका पाप ले लेगा। इस पर नारद कहते हैं पहले तुम घर जाओ ओर अपने परिवार से पूछो । लेकिन जब रत्नाकर का परिवार रत्नाकर द्वारा किए गए पापों का फल लेने से इन्कार कर देता है तो उसी पल रत्नाकर का व्यक्तित्व महर्षि नारद के संचार से परिवर्तित हो गया और यहीं से उन्होंने निरंतर साधना करके डाकू रत्नाकर से महर्षि वाल्मिक का सफर तय किया और पूरे विश्व को समर्पण, चरित्र, मर्यादा और दया के निर्माण सूत्र का ग्रंथ रामायण दिया। महर्षि वाल्मीकि द्वारा रचित रामायण आज विश्व की कई भाषाओं में अनुदित है और लोगों के चरित्र निर्माण और व्यक्तित्व विकास का काम कर रहा है।

इस प्रकार के लाइफ ट्रांसफॉर्मेशन के कई ग्रन्थ भारतीय ज्ञान परंपरा का हिस्सा हैं, जिनमें तुलसीदास का जीवन परिवर्तन से लेकर विवेकानंद

तक के जीवन परिवर्तन के ग्रन्थ वर्तमान में भी यह बताते हैं कि संचार द्वारा चरित्र निर्माण और व्यक्तित्व विकास के प्रमाण उपलब्ध हैं और यह वर्तमान के स्किल्स ट्रेनर के ट्रेनिंग का आधार भी हैं।

**निष्कर्ष**

भारतीय ज्ञान परंपरा बहुत ही वृहद और समृद्ध है। इसमें जहाँ संचार के सभी रूपों और उसके प्रभाव के तकनीकों का न केवल विस्तार से वर्णन है बल्कि सफल जीवन के कई सूत्र है। आधुनिक समय में जो शोध यह बताते हैं कि संचार का प्रभाव मनोवृत्ति परिवर्तन, जनमत निर्माण और व्यक्तित्व विकास पर पड़ता है और संचार का अंतरावैयक्तिक संचार द्वारा जिसे आंतरिक विचार कहते हैं उससे व्यक्ति सब कुछ संभव कर सकता है। सेल्फ हेल्प, लाईफ गाइडेंस आधारित पुस्तकें लिखने वाले नेपोलियन हिल्स, रॉबिन शर्मा, जय शेट्टी, जोसेफ मर्फी, रॉन्डा बर्न आदि के लेखन का मूल है जैसी दृष्टि वैसी सृष्टि यानी आपकी सोच से और उसके प्रति ईमानदार भाव से समर्पित प्रयास से अपने अवचेतन मन को ट्रेन कर सब प्राप्त किया जा सकता है। इन सबको पढ़ने के बाद भारतीय ज्ञान परंपरा के ग्रन्थ और दर्शन को पढ़ते–समझते हैं तो अवचेतन की शक्ति, मन को नियंत्रित कर विचारों की शक्ति द्वारा किस प्रकार सकारात्मक संचार से अपने अभीष्ट कि प्राप्ति होती है इसके सभी सूत्र निहित है। यहाँ आत्म चिंतन या नाम जाप मनन के रूप में अंतरावैयक्तिक संचार इंगित है, जिससे न केवल मनुष्य भौतिक सुख–सुविधाएँ प्राप्त कर सकता है बल्कि अपने जीवन को अपनी इच्छा अनुसार डिजाइन भी कर सकता है। लॉ ऑफ अट्रैक्शन के सभी सूत्र भारतीय ज्ञान परंपरा में समाहित हैं जिसे तुलसीदास ने लिखा **''जेहि के जेहि पर सत्य सनेहू, सो तेंहि मिलहीं न कछु संदेहू''** यही आधुनिक अवचेतन मन को ट्रेनिंग देने और लॉ ऑफ अट्रैक्शन स्किल्स का आधार है।

**'जिद करो दुनिया बदलो'** जैसे आधुनिक विचारों का आधार जब देखते हैं तो इस प्रकार के संचार की परंपरा पर भी गोस्वामी तुलसीदास ने लिखा है कि–

**"जन्म कोटि लगि रगर हमारी।**
**बरउँ संभु न त रहउँ कुआरी।।**
**तजउँ न नारद कर उपदेसू।**
**आपु कहहिं सत बार महेसू।।''**

इस चौपाई द्वारा गोस्वामी तुलसी दास ने बताया है कि किस प्रकार नारद के संचार से पार्वती प्रभावित हैं और अपनी जिद से दुनिया बदली है।

इस प्रकार भारतीय ज्ञान परंपरा संचार द्वारा विश्वास, सृष्टि निर्माण और व्यक्तित्व विकास के संभव होने की बात करता है और यही संचार का वृहद् स्वरूप है।

**सन्दर्भ ग्रन्थ सूची**


- गोस्वामी, तुलसी दास, (1985), रामचरित मानस (संस्करण 5), वाराणसी, काशी हिंदू विश्वविद्यालय प्रकाशन
- महर्षि, वाल्मीकि, (2021), रामायण, गोरखपुर, गीताप्रेस
- भारतीय संस्कृति और ज्ञान परंपरा के सिद्धांत, (2010), संस्कृत विद्या (पुस्तक 2), मुंबई, भारतीय संस्कृत संस्थान
- भारतीय उपनिषदों की व्याख्या, (1998), संस्कार, श्रवण और संचार (पृष्ठ 45–67), दिल्ली, ज्ञान प्रकाशन
- शर्मा, रॉबिन, (1999), द मोंक हू सोल्ड हिज फेरारी, मुंबई, जैको पब्लिशिंग हाउस
- गोएबल्स, जोसेफ, (1943), 'प्रोपेगेंडा और झूठ', जर्मन मिनिस्ट्रियल प्रेस, 15(3), 112–115
- शेट्टी, जय, (2020), लाइफ स्किल्स : अद्भुत जीवन के लिए प्रेरणा. पुणे, शक्ति पब्लिशर्स
- मर्फी, जोसेफ, (2021), द पावर ऑफ योर सबकॉन्शस माइंड, दिल्ली, प्रभात प्रकाशन
- हिल्स, नेपोलियन, (2023), थिंक एंड ग्रो रिच, दिल्ली, प्रभात प्रकाशन

**SHODH-GARIMA–YEAR-2, VOL. 2 (April to June, 2025)**
**A Peer-Reviewed & Referred International Multidisciplinary Research Journal**
**ISSN (Print) : 3048-6327**
**IMPACT-FACTOR SJIF - 5.223**
**Paper Recieved : 2nd June 2025** **Paper Accepted : 7th June 2025**

# 'परशुराम शुक्ल की बाल विमर्श की कहानियाँ' कहानी-संग्रह में मूल्य-बोध

▫ अमरदीप सिंह*
▫ पिंकी रानी दीक्षित**

**शोध-सारांश**

*हमारे जीवन का आधार मूल्यों पर टिका हुआ है। मूल्यों के बिना हम मानव जीवन की कल्पना भी नहीं कर सकते। धरती पर रहने वाले सारे प्राणियों में मात्र मनुष्य ही एक ऐसा प्राणी है, जो और प्राणियों की अपेक्षा अधिक विवेकशील है। मूल्य एक ऐसी प्राप्ति है, जिससे व्यक्तित्त्व का निर्माण होता है और अनेक व्यक्तित्त्व मिलकर किसी समाज का निर्माण करते हैं। किसी समाज को व्यवस्थित तथा आदर्शात्मक बनाये रखने के लिए मूल्यों की गहरी भूमिका होती है। बगैर मूल्यों के मनुष्य निरंकुश बनकर रह जायेगा और सामाजिक व्यवस्था छिन्न–भिन्न होने से मानव के अस्तित्व पर संकट आ सकता है। इसलिए हम यह मानकर चल सकते हैं कि समाज मूल्यों से असम्पकृत नहीं हो सकता। दोनों एक दूसरे के लिए पूरक का काम करते हैं।*

साहित्य समाज का दर्पण होता है। इसीलिए प्रत्येक रचनाकार की किसी भी रचना में उसके समय के समाज का रूप भिन्न–भिन्न संदर्भों में आ ही जाता है। वे संदर्भ ही समाज में रहने वाले समस्त प्राणियों के आचार–विचार, रहन–सहन, खान–पान, सामाजिक संबंधों, धार्मिक, आर्थिक और राजनीतिक जीवन के मूल्यों को हमारे समक्ष उजागर कर देते हैं। उन मूल्यों का किन स्थितियों में विकास हुआ है, कितना ह्रास हुआ है तथा समयानुसार उसमें कितना संशोधन–परिवर्तन आ गया है, वह हमें बारीकी से विवेचन या विश्लेषण करने से ज्ञात हो जाता है।

''कोई वस्तु खरीदने पर उसके बदले लिए जाने वाला धन, दान, कीमत। वह गुण या तत्त्व जिसके कारण किसी वस्तु का महत्त्व व ज्ञान होता है, जैसे वह चरित्र का मूल्य नहीं समझता। किसी वस्तु का अनुमान से ठहराया गया व आँका हुआ दाम व महत्त्व।''[1]

''प्रतिष्ठा के योग्य, कदर के लायक।''[2]

पारिभाषिक दृष्टि से अगर मूल्य का स्वरूप जानना चाहें तो उसका सार्थक अर्थ हमारे समक्ष आ जाता है।

* शोधार्थी, हिन्दी–विभाग, गुरु नानक देव विश्वविद्यालय, अमृतसर, ई–मेल : amardeep6556@gmail.com
** प्रवक्ता (अंशकालिक), हिन्दी–विभाग, गुरु नानक देव विश्वविद्यालय, अमृतसर

''मूल्य शब्द वस्तुतः नीतिशास्त्रीय 'वैल्यु' का पर्यायवाची है। मूल्य और प्रतिमान समानार्थी शब्द हैं। दोनों ही मानव निर्मित निकष कसौटियाँ हैं, जिनके सहारे साहित्य की परख की जाती है। मनुष्य चूँकि पहले व्यक्ति है, ईकाई है, उसके अपने कुछ मूल्य होते हैं। परंतु व्यक्ति–मनुष्य एक बृहत्तर मानव समाज का, परिवार, नगर, प्रदेश, प्रांत, राष्ट्र या संसार का सदस्य, नागरिक, सामाजिक विशेष होकर सामान्य अंग भी है। अतः उसके प्रत्येक विचार, कर्म और कल्याण में मूल्य का प्रश्न बहुत महत्त्वपूर्ण हो जाता है।''[3]

''मूल्य एक आदर्श या इच्छा है, जिसे पूरा करने के लिए व्यक्ति जीता है तथा उसके लिए आजीवन प्रयासरत रहता है।''[4]

''व्युत्पत्तिमूलक अर्थ पर विचार करें तो 'मूल्य' शब्द की व्युत्पत्ति मूल+दत् से हुई है। जिसका अर्थ है–किसी वस्तु के विनिमय में लिया जाने वाला घर, दाम, कीमत, बाजार–भाव आदि।''[5]

उपर्युक्त शब्दगत व्युत्पत्ति तथा पारिभाषिक दृष्टि से ज्ञात होता है कि मूल्य एक ऐसा गुण या तत्त्व है, जो मानव जीवन में अपनी उपयुक्तता सिद्ध करता हुआ जीवन को एक नयी दृष्टि तथा प्रेरणा प्रदान करता है।

मूल्य के स्वरूप पर प्रकाश डालने के साथ–साथ 'बोध' के अर्थ पर बात कर लेना भी प्रासंगिक होगा।

''ज्ञान, जानकारी। सांत्वना, धैर्य, तसल्ली।।''[6]

''समझ, विवेक, तुष्टि, तृप्ति।''[7]

इस तरह वह 'मूल्य–बोध' का जो समन्वित अर्थ हमारे समक्ष निकलकर आता है वह गुण की समझ, भाव की समझ, तत्त्व की समझ या दाम की जानकारी है। वह अलग बात है कि वह गुण या भाव कम और अधिक हो सकता है। फिर उसका ह्रासमयी अथवा विकासमयी रूप भी हमारे समक्ष आ सकता है। उसी को आधार बनाकर हमने जीवन के विविध पक्षों को ग्रहण करते हुए मूल्यों की बात की है।

जिस तरह समाज और साहित्य में प्रत्येक विचारधारा के पात्र, लेखक, मनोस्थितियाँ आदि आती हैं, उसी तरह मूल्यों को भी वर्गों में रखा जा सकता है।

''मूल्यों को मुख्यतः 2 वर्गों में विभाजित किया जा सकता है–(1) साधन मूल्य अथवा परतः मूल्य (2) साध्य मूल्य अथवा स्वतः मूल्य। **'साधन मूल्य'** के अंतर्गत उन सभी भौतिक एवं आर्थिक संसाधनों को रखा जा सकता है, जो स्वास्थ्य, जीवन रक्षा एवं अन्य शारीरिक सुख–सुविधाओं के लिए आवश्यक होते हैं। **'साध्य मूल्य'** के अंतर्गत उन सभी मानवीय सद्गुणों को रखा जाता है जो शुभ एवं स्वतः साध्य माने जाते हैं। वे शारीरिक सुख सुविधा में सहायक नहीं होते हैं, किंतु वे कर्त्तव्य पालन, सदाचरण, उदात्त जीवन, अंतः प्रेरणात्मक संतुष्टि तथा 'आनंद' की अनुभूति में सहायक होते हैं। 'साधन मूल्य' के उदाहरण भोजन, वस्त्र, भवन, वाहन, धन–सम्पत्ति आदि हैं और 'साध्य मूल्य' के अंतर्गत सत्य, अहिंसा, प्रेम, धर्म, शांति, परोपकार, कृतज्ञता, मित्रता, संयम, साहस, कर्त्तव्यपरायणता, आज्ञा पालन, भक्ति, माता–पिता, गुरुजनों की सेवा, ज्ञानार्जन, स्वाध्याय, समय प्रबंधन आदि सद्गुण आते हैं।''[8]

इनकी 'पुनर्जन्म' कहानी में नैतिकता की पुनः स्थापना दिखाते हुए सद्मार्ग पर चलने की प्रेरणा तथा आदर्श पालन करते हुए दिखाया गया है। पंकज जो कि एक अबोध बालक होता है, उसके पिता द्वारा उसे चोरी करना सिखाया जाता है। विरोध करने पर उसके साथ पिता द्वारा मानवोचित व्यवहार नहीं होता है। धीरे–धीरे उसकी चोरी की आदत इतनी बढ़ जाती है कि जब उसे गैरेज मालिक के द्वारा दया अभाव दिखाते हुए नौकरी से निकाला जाता है तो वह नौकरी न मिलने के कारण चोरी करने का निर्णय करता है। लेकिन जब वह चोरी करके बाहर निकलता है तो एक पुलिस वाले द्वारा उसे पकड़ लिया जाता है। पुलिस वाला उसे घर के मालिक के पास लेकर

जाता है, जोकि एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश होते हैं। वह न्यायाधीश पंकज की कारुणिक कहानी सुनकर न केवल उसे क्षमा करते हैं, बल्कि भगवान की मूर्ति, जिसे वह चोरी करके ले जा रहा था, दे देते हैं। ''पंकज ठहरो! यह मूर्ति लेते जाओ। रोज सबेरे इसकी पूजा करना।''[9] कहते हुए सेवानिवृत्त न्यायाधीश ने भगवान राम की मूर्ति पंकज को दे दी। यहाँ सेवानिवृत न्यायाधीश उसे क्षमा करके न केवल उदारता का परिचय देते है, बल्कि उसे नैतिकता का पालन करते हुए भगवान राम की तरह आदर्श जीवन जीने का संकेत भी करते हैं।

हमारे समाज में आज भी लड़के—लड़की में भेद की परंपरा विद्यमान है। वह न केवल गाँवों में, बल्कि शहरी क्षेत्र रहने वाले तथा आधुनिक कहलाये जाने वाले परिवारों में भी डेरा जमाये बैठी है। 'नवाचार' कहानी में विशाखा जो कि अपनी माँ द्वारा ही दकियानूसी विचार थोपे जाने के कारण प्रताड़ित है। उसकी माँ का मानना है कि लड़कियों को ज्यादा पढ़ाने—लिखाने के बजाय जल्दी—जल्दी उनकी शादी करा देने से ही भला होता है तथा बेटे से ही वंश चलता है, बुढ़ापे में सहारा होता हैं, इत्यादि। लेकिन विशाखा के पिता अपनी पत्नी के विचारों के उल्ट एकदम आधुनिक हैं। वह लड़के—लड़की में कोई असमानता भाव नहीं रखते। बल्कि उनका मानना था कि बेटी भी उन ऊँचाईयों को छू सकती है, जो केवल लड़के के लिए रखी जाती है। वह अपनी बेटी के भविष्य को सँवारने के लिए अपनी पत्नी के विरुद्ध हो जाते हैं।

''पापा मैं क्या करूँ?

''वह सब करो, जो तुम्हारा मन हो। मैं तुम्हारे साथ हूँ। तुम अगर पढ़ना चाहो तो आगे बढ़ो। इंजीनियर, डॉक्टर बनो, अपना काम करो, नौकरी करो और इतनी काबिल बनो कि लड़के तुम्हारी शर्त मानकर तुमसे शादी करने के लिए आगे—पीछे घूमें। तुम योग्य हो, समझदार हो। अगर चाहो तो ये सब कर सकती हो।''[10]

उनके इस कथन से एक तो शिक्षा के महत्त्व पर प्रकाश पड़ता है, दूसरा नारी को समानता का अधिकार देते हुए एक नवीन मूल्य की उद्भावना की गयी है।

पारिवारिक विघटन की कई मिसालें आज के आधुनिक युग में हमें देखने को मिल रही हैं। ऐसा कई कारणों से होता है। कई बार पति—पत्नी में विचारों की टकराहट, अहं भाव या फिर किसी बाहरी परिस्थिति द्वारा यह समस्या विकराल रूप धारण करती चली जाती है। लेकिन उस सब का बुरा प्रभाव संतान पर पड़ता है। जिसका परिणाम यह होता है कि बालक सामान्य जीवन न जीकर असामान्य व्यवहार करता है। जिसमें प्रायः नैतिकता का अभाव होता है। यही नैतिकता अभाव आगे चलकर कई कुरीतियों को जन्म देता है। इस बिंदु को ध्यान में रखते हुए परशुराम शुक्ल ने कई कहानियों का निर्माण किया है, अर्थात् अनैतिकता के प्रति चिंता व्यक्त की है। 'प्रतिज्ञा' कहानी की रानी जब अपने एक बेटे तनय को लेकर रामनाथ के साथ रहने लगती है तो पारिवारिक संवेदना तथा संगति के अभाव में वह अनैतिक हो जाता है।

''एक बार रानी ने उसे छुपकर बीड़ी पीते हुए देख लिया। रानी ने उसका दाहिना कान पकड़ा और कुछ कहने ही जा रही थी कि तनय ने झटके से अपना कान छुड़ाया और रानी को एक भद्दी सी गाली देता हुआ बाहर आ गया। रामनाथ बीड़ी पीता था। उसी के फेंके हुए टुकड़े तनय पीने लगा था। इससे उसकी बीड़ी पीने की आदत पड़ गयी थी।''[11]

आज के जीवन में, समाज में राजनीति पहले की भाँति आदर्श न रहकर कुचलित विचारधारा का प्रतीक बन चुकी है। लेकिन उस अन्याय तथा शोषण के विरुद्ध आवाज बुलंद लगभग प्रत्येक समय होती आयी है। 'पड़ाव और मंजिल' कहानी में शोषणकारी शक्तियों के विरुद्ध साहस का परिचय देते हुए मानवीय गुणों को उजागर किया गया है। 'मधुलिका' जो कि अत्यंत निर्धन परिवार में जन्मी है। जिसके माता—पिता दुर्गा प्रसाद की फैक्ट्री में

मजदूरी करते है। दुर्गा प्रसाद संवदेनाहीन है और उसमें मानवीय गुणों का अभाव होने के साथ–साथ असामाजिकता की प्रवृत्ति भी पाई जाती है। वह जहाँ फैक्ट्री लगाता है, सत्ता में बैठे लोगों से अनैतिक संबंध के द्वारा बनवाता है। जिससे सत्ता में बैठे सत्ताधारियों तथा पूँजीवादी वर्ग का गठजोड़ नजर आता है। जो कि सत्ता में आते तो निर्धन लोगों के द्वारा हैं, किंतु वे भला या हित केवल अपना सोचते हैं। लेकिन मधुलिका अपने स्कूली मास्टर नवीन जी से प्रभावित होकर बस्ती में रहने वाले लोगों के हित में काम करना चाहती है, उनकी दशा सुधारनी चाहती है। जिससे उनका जीवन स्तर सुधर सके तथा वे सब भी उन्हीं परिस्थितियों में जीवन वहन करें, जो कि पूँजीपतियों के लिए सुलभकारी है। फैक्ट्री में दुर्गा प्रसाद की गलती के कारण हुई श्रमिक की मृत्यु पर सहायता देने से इंकार करने पर सत्याग्रह छेड़ती है तथा लोकतांत्रिक राजनीति की एक मजबूत नेता बनकर उभरती है। एक उदाहरण देखिए–

''मेरा यह मानना है कि गरीब मजदूरों का शोषण बंद हो। गरीबों के लिए भी अच्छे आवास बनें। गरीब भी अपने बच्चों को उन्हीं शिक्षण संस्थाओं में पढ़ा सके, जहाँ अमीरों के बच्चे पढ़ते हैं। गरीब भी अपना और अपने परिवार वालों का इलाज उन्हीं अस्पतालों में करा सकें जहाँ अमीरों का ईलाज होता है। गरीब उन सभी सुखों का उपभोग कर सकें जिनका अमीर करते हैं, क्योंकि सुख–सुविधाओं पर पहला अधिकार गरीबों का होता है।''[12]

इसमें लोकतांत्रिक राजनीति की विचारधारा को प्रमुख रखते हुए शोषितों तथा पीड़ितों के प्रति सहानुभूति का वर्णन हमारे सामने आता है। 'उड़ान' कहानी में एक ऐसे परिवार की गाथा है, जिसमें हमें दया अभाव, कर्त्तव्य विमुखता और मानवीय गुणों के साथ–साथ एक अदृश्य साहस का वर्णन मिलता है। भजनलाल उर्फ भज्जू जिसे बिजली विभाग में अस्थायी रूप से नौकरी मिली होती है, रात में कार्य करते हुए उसे बिजली का झटका लगता है। जिससे कि वह विकलांग हो जाता है। घर का किराया न देने की वजह से मकान मालिक उसे तथा उसके परिवार को बाहर निकाल देता है। यहाँ पर मकान मालिक मानवीय गुणों से बिल्कुल हीन दिखाई देता है, जो कि सामाजिक प्राणी होने के चलते कर्त्तव्य विमुख व्यक्ति का किरदार निभाता है। फलस्वरूप भजनलाल तथा उसके परिवार को सामाजिक कुरीति, भीख माँगकर गुजारा करना पड़ता है। भीख मांगने के दौरान ही, सुषमा नामक गृहिणी उनकी स्थिति पर दया खाकर उनको अपने आवास में आश्रय देती है और अपने बगल में ही पति–पत्नी की नौकरी का बदोबस्त करती है। उससे भी आगे बढ़कर सुषमा भजनलाल के बेटे करतार को उसकी इच्छा के अनुसार स्कूल में दाखिला दिलवाती है। यहाँ सुषमा का हमें मानवीय गुणों, भलाई, उदारता, कर्त्तव्यभावना से परिपूर्ण रूप दिखाई देता है। जो कि समाज में रहने वाले प्रत्येक प्राणी के लिए आवश्यक है। करतार भी साहस का परिचय देते हुए न केवल डटकर पढ़ाई करता है, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पाकर सिंगापुर पढ़ने के लिए जाता है। इस तरह अपनी लगन तथा अभ्यास द्वारा करतार समाज में एक प्रेरणामयी रूप हमारे समक्ष रखता है, जिसे कि हम इसी कहानी की एक कविता द्वारा समझ सकते हैं।

''मैं नन्हा सा अंकुर मुझको सूरज पाना है।
आँधी, पानी, तेज हवायें, शीत लहर तूफानी।
जाना मुझको दूर बहुत है, राह बड़ी अनजानी।
चारों तरफ बवंडर फिर भी जड़ें लगाना है।
सूरज पाना है।
फूल हमेशा कभी बिले बस, एक बार खिलता है।
यह जीवन ऐसा जीवन जो, एक बार मिलता है।
इस छोटे से जीवन में कुछ कर दिखलाना है।
l jwt i kuk gS''[13]

इस तरह इस कहानी में विषम परिस्थितियों से जूझते हुए साहस के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा

दी गयी है। इनकी एक कहानी 'नालायक' में नैतिकता तथा अनैतिकता के बीच संघर्ष दिखलाया गया है, जिसमें अंततः विजय नैतिकता की होती है। इसके अलावा अच्छाई–बुराई का संघर्ष तथा अंत में बुराई को अपने कर्मों की भाँति दुष्परिणाम का सामना करना पड़ता है। चंदन नामक बालक, जिसकी माता की शैशवावस्था में मृत्यु हो जाती है। उसके पश्चात् उसके पिता को लाली नामक युवती से दूसरी शादी करती पड़ती है। लाली धीरे–धीरे शहरी संस्कृति से प्रभावित होकर बिगड़ जाती है। चंदन से सौतेला व्यवहार करती है। जिससे चंदन मानसिक तौर पर विक्षिप्त सा रहने लगता है। इस संकट की घड़ी में उसके पिता सूरजपाल के मित्र, खान साहिब, चंदन का साथ देते हैं तथा उसे प्रोत्साहित करते हैं। खान साहब में दया, औदार्य तथा दूरदर्शिता कूट–कूट कर भरी होती है, क्योंकि वे चंदन की दयनीय स्थिति देख उसे बोर्डिंग स्कूल में भर्ती कराने का सुझाव देते हैं। जब कई वर्षों बाद उनकी मुलाकात चंदन से होती है, तो वह एक सफल इंसान बन चुका होता है। उसके विपरीत सौतेला भाई, बबलू जो कि बचपन में अत्यधिक लाड–प्यार के कारण बिगड़ गया था, कुख्यात अपराधी बन चुका होता है। चंदन यहाँ बचपन में सौतेली माँ द्वारा किये गये सौतेले व्यवहार के बदले उनसे घृणा एवं उसका त्याग नहीं करता, बल्कि उदारता तथा नैतिकता का परिचय देते हुए उनको अपने परिवार में स्थान देता है और उनका सम्मान करता है। सौतेली माँ, लाली भी अब गलती को पहचानकर सुधार तथा प्रायश्चित का संकेत देती दिखाई पड़ती है।

''लाली अब पूरी तरह बदल चुकी थी। वह पूरी तरह चंदन की बच्ची को सँभालती थी। उसकी मालिश करती थी, नहलाती–धुलाती थी और तैयार करके समय पर स्कूल भेजती थी। लाली घर के कामों में भी हाथ बँटाती थी और कभी–कभी दोनों समय का खाना बनाती थी। वह चंदन और उसकी बहू को नियमित रूप से गरम–गरम नाश्ता देती थी और उनका लंचबाक्स साथ रखना तो कभी ughaHkwyr h FkhA**[14]

इस तरह इस कहानी में उद्दंडता के विपरीत जाकर मानव में नैतिकता के विकास की उपलब्धि दिखायी गयी है।

आज हमारे समाज में आधुनिकता के चलते या फिर पश्चिमी सभ्यता के अंधानुकरण से ऐसी कई कुरीतियों ने जन्म ले लिया है, जिससे हममें नैतिकता, आदर्शवादिता, सच्चाई तथा संतोष जैसे बहुमूल्य गुणों का ह्रास हुआ है। 'अंतिम विकल्प' कहानी भी इसी पीड़ा को लेकर चलती है। यह कहानी केवल कहानी के पात्रों के जीवन से नहीं, बल्कि आज के आधुनिकता भरे जीवन में जी रहे प्रत्येक मनुष्य से किसी न किसी प्रकार संबंधित है। इस कहानी की नायिका अदिरा प्रसिद्ध उद्योगपति उपेन्द्र की बेटी होती है। अदिरा अपने पिता की विचारधारा के विपरीत माँ की आधुनिकता भरी (केवल कुप्रभाव के संबंध में) जिंदगी का समर्थन करती दिखायी देती है। जिसका कि बार–बार अनेक स्थानों पर उसके नैतिक चरित्र के ह्रास को लेकर उल्लेख मिलता है। जैसे वह किशोरावस्था के दौरान ही अपने प्रेमी, मधुप के साथ यौन संबंध बना लेती है, जब अदिरा की माँ को उस बात का पता चलता है तो वह भी अपनी बेटी की गलती को छिपाकर एक तरह से उसका साथ देती है।

''मीरा और अदिरा दोनों ने चैन की साँस ली। उसी समय डॉक्टर ने अदिरा को गर्भ निरोधक गोलियाँ दीं और उसके उपयोग के बारे में अच्छी तरह समझा दिया।''[15]

अदिरा की जब शादी हो जाती है तो वह अपने सोये हुए राजनीतिक जीवन को पुनः जीवित करने के लिए इस अनैतिकता का अतिक्रमण करती है। अर्थात् वह दाम्पत्य जीवन से बाहर जाकर भी अनैतिक संबंध राजनेताओं के साथ बनाती है। यहाँ उसका दाम्पत्य जीवन के प्रति कर्त्तव्यविमुखता का अभाव तथा चरित्र का ह्रास शामिल है।

''एक बार निकिता ने अदिरा को एक नेता के साथ देख लिया। निकिता पहले ही अदिरा को नापसंद करती थी। इसके बाद उसे अपनी मम्मी से घृणा सी हो गई।''[16]

लेकिन उसके विपरीत अदिरा का पति आदर्श, लोकतांत्रिक मूल्यों में आस्था रखता है। वह विदेश से अदिरा के साथ वापिस आकर स्वदेशी उद्योगों को पहल देता है तथा गाँव वालों को गाँव में ही रोजगार उपलब्ध कराता है। जिससे उनकी आर्थिक चिंता मिट जाती है। बल्कि वे आत्मनिर्भर बन जाते हैं। स्वदेशी को प्रोत्साहन देने के कारण आदर्श में एक ओर देशभक्ति की भावना जाग्रत होती है, दूसरा दूसरों का भला सोचने के कारण उसमें परहित का गुण भी हमारे समक्ष उभरकर आता है।

दूसरी ओर जब अदिरा राजनीतिक जीवन से हताश होकर आत्महत्या करने जा रही होती है, तो आदर्श ही आकर उसे बचाते हैं। अर्थात् जिस अदिरा ने अपनी महत्त्वाकांक्षाओं के चलते अपने पति की उपेक्षा की, उसको मानसिक पीड़ा पहुँचायी, वही आदर्श आज कर्त्तव्य तथा महानता का परिचय देते हुए उसका साथ देने का निर्णय करते हैं। इस प्रकार यह कहानी सांस्कृतिक मूल्यों के टकराहट की कहानी है, जिसमें अंततः भारतीय संस्कृति की विजयश्री होती है।

जीवन की भाग–दौड़ भरी जिंदगी तथा आर्थिक उन्नति ने मनुष्य को सर्व साधन सम्पन्न तो बनाया है, किंतु समय की तेज गति के साथ–साथ से वह अपने कई पारिवारिक दायित्वों को भूलता चला जा रहा है। इसका प्रमाण हमें 'आभासी दुनिया के लोग' में प्रतिबिंबित होता दिखायी देता है। नीना और मीना दो जुड़वा बहनें होती हैं। दोनों शहर की सबसे सर्व सम्पन्न कॉलोनी में माता–पिता के साथ रहती हैं, लेकिन इनकी माँ, देविका आधुनिकता भरी जिंदगी की अभ्यस्त हो चुकी है तथा इंटरनेट की दुनिया में अपना अस्तित्व खोजती है। अपनी बेटियों की देखभाल के लिए या कह सकते हैं कि पारिवारिक दायित्व से बचने के लिए एक नौकरानी रख लेती है। धीरे–धीरे माँ–बाप के स्नेहाभाव में दोनों बहनें मानसिक कुंठा का शिकार हो जाती हैं। जिससे धीरे–धीरे उनकी मानसिक स्थिति में भी परिवर्तन आता चला जाता है।

''दोनों बहनें बड़ी दुःखी और परेशान रहती थीं। वे केवल आपस में ही अपने–अपने दुःख–सुख की बातें कर लेती थीं। बड़ी हो जाने पर उसके साथ की लड़कियों ने उन्हें चुभने वाली बातें कहना बंद सा कर दिया था। दोनों बहनें घर में भी हमेशा गुमसुम सी रहती थीं। अतः उनके मम्मी–पापा ने भी उन पर ध्यान देना आरंभ कर दिया था।''[17]

लेकिन जब नीना और मीना के माता–पिता उनकी तरफ ध्यान देते हैं तो स्थिति काफी बिगड़ चुकी होती है। लेकिन फिर भी स्थिति सँभाल ली जाती है और दोनों बहनों का जीवन बचा लिया जाता है। जिसमें सिद्ध होता है कि मनुष्य आधुनिकता का लिबास पहनकर अपने पारिवारिक, सामाजिक दायित्वों से मुक्त नहीं हो सकता। प्रत्यक्ष रूप में इस कहानी में दायित्व बोध की भावना तथा कर्त्तव्य पूर्ति के ऊपर जोर दिया गया है।

21वीं शताब्दी में पहुँच जाने के बाद भी हमारा समाज प्रचलित अंधविश्वासों तथा धार्मिक रूढ़ियों का शिकार है। इन्हीं अंधविश्वासों तथा रूढ़ियों को आधार बना समाज विरोधी लोग जनता के हित के साथ जमकर खेलते हैं तथा अनैतिकता की सभी सीमायें पार करते हैं। स्थिति तब और भी विकट हो जाती है, जब भ्रष्ट राजनीतिक शक्तियाँ भी उसमें सम्मिलित हो जाती हैं।

'चमत्कार को नमस्कार' कहानी में तिवारी जी अपनी बुद्धि का परिचय देते हुए ऐसा धार्मिक पाखंड शुरू करते हैं कि लोग धीरे–धीरे उसे भगवान या देवी का चमत्कार मानकर उस स्थान विशेष की पूजा करनी शुरू कर देते हैं। धीरे–धीरे

वहाँ तिवारी जी तथा उनका बेटा पुरुषोत्तम अकूत संपत्ति बना लेते हैं। जिसके लिए वह सभी उचित–अनुचित तरीकों का प्रयोग करते है, जो सबको भली–भाँति परिचित है। इसके लिए वह सत्ता में बैठे लोगों का सहारा लेते हैं। भ्रष्ट सत्ताधारियों के साथ संबंध होने के कारण वह अपने आपको अनैतिकता के सबसे निचले पायदान तक पहुँचा लेते हैं। पुरुषोतम अपने पिता को मंदिर की संपत्ति तथा ट्रस्ट से दूर करने के लिए उपाय सोचता था। जिसका सबसे अधिक लाभ अम्बा प्रसाद नामक राजनेता उठाता है। वह अपने राजनीतिक विरोधी बद्री प्रसाद की पुरुषोत्तम के हाथों लालच देकर हत्या करवा देता है। पिता भी शव को दफनाने में बेटे की सहायता करते हैं। किंतु अम्बा प्रसाद पुलिस के साथ साँठ–गाँठ करके तिवारी जी तथा उसके बेटे को फँसा देता है। बहुत उपाय करने के बाद भी बाप–बेटे को न्यायिक दंड का सामना करना पड़ता है। इस तरह अनेक स्थितियों से निकलती हुई ये कहानी लोकतांत्रिक राजनीति के अभाव, अनैतिकता तथा अमानवीयता की सारी परतों का पर्दाफाश करती है। इस कहानी में सच्चाई तथा सद्मार्ग पर चलने की परोक्ष भावना हमारे सामने उभरकर आती है, क्योंकि बुराई का अंत केवल बुराई से ही होता है। उदाहरण देखिए–

''पिता–पुत्र दोनों ने अपने बंगले के पीछे लाश दफन की और घर के भीतर कदम रखा ही था कि पुलिस आ गयी। पुलिस ने इस प्रकार लाश बरामद की मानो उसे पूरी जानकारी हो।

तिवारी जी और पुरुषोत्तम ने बड़े–बड़े वकील किये। लेकिन वह बच नहीं सके और पुरुषोत्तम को सात साल की तथा तिवारी जी को पाँच साल की सजा हो गयी।''[18]

कुछ कहानियाँ ऐसी भी हमारे सामने आती हैं, जिसमें पीढ़ीगत सांस्कृतिक टकराहट हमें दिखाई पड़ती है। बेटी, परवरिश, अंतिम विकल्प ऐसी ही कहानियों की श्रेणी में आती हैं। अधिकतर टकराहट आज के युग में जीवनसाथी के चुनाव को लेकर आती है, अर्थात् अंतर्जातीय विवाह। बेटी कहानी में सिर्फ इसी कारण अमेलिया को भारतीय परिवेश से दूर रहना पड़ता है, क्योंकि उसकी माता ने ब्राह्मण जाति की होकर राजपूत जाति में शादी की थी। राजपूतों के कई घरानों में बेटियों को जन्म से ही मार डालने की परंपरा रही है। जब अमेलिया की वास्तविक माँ को अपने पेट में एक बेटे के साथ बेटी होने का पता चलता है तो वह उसे जन्म देते ही अनाथालय के बाहर झूले में रखकर चली जाती है। इस कहानी में जीवन साथी और अंतर्जातीय विवाह के मामले पर तो टकराहट दिखाई ही पड़ती है, साथ ही साथ नारी संबंधी रूढ़िवादी विचार भी हमारे समक्ष उभरकर आते हैं, जिसका सामना सदियों से लेकर आज तक नारी को किसी न किसी रूप में करना पड़ रहा है।

''पर समकालीन जीवन में स्त्री शिक्षा का स्तर ऊँचा बढ़ने के बावजूद हमारे लिए निकट प्रश्न बड़ा है, वह है–स्त्री भ्रूण हत्या और कुँवारी माताएँ बनकर फूल जैसे बच्चों को सड़े–गले कचरों, गली में फेंक देना। इतना चित्रित होने के बावजूद नारी समाज से क्यों डरती है। अगर समाज से डर जायेगी तो भारतीय समाज में नारी का अस्तित्व और अस्मिता का क्या होगा।''[19]

'परवरिश' कहानी में उपर्युक्त परिस्थितियाँ उत्पन्न होने पर शुभम् के माता–पिता अपने घर से अलग रहने लगते हैं। किंतु जब शुभम् की माँ उसके समय में गर्भवती होती है तो उसके पड़ोस में रहने वाली सुलक्षणा नामक गृहिणी मानवीय संवेदना का परिचय देते हुए न केवल उसका साथ देती है, बल्कि सभी पारिवारिक दायित्वों को उसने ही पूरा किया था। जिससे सिद्ध होता है कि उसमें दया, उदारता तथा परोपकारता की भावना कूट–कूट कर भरी हुई है।

''सुनीता ने ठीक समय पर एक बेटे को जन्म

दिया और उसका नाम रखा शुभम्! इस समय उसकी एक पड़ोसन सुलक्षणा ने बहुत मदद की थी। दोनों की मित्रता तो पहले से थी। किंतु सुनीता के गर्भवती होने के बाद सुलक्षणा प्रतिदिन उनके पास आती थी और दो–दो घंटे उसके पास साथ अस्पताल गई थी और पूरे समय उसके साथ रही थी।''[20]

वास्तव में यह बात हमारे सामने निकलकर आती है कि मूल्य हमारे जीवन की कोष निधि है। जैसे–जीवन में आपातकाल के समय हमारा संचित किया हुआ धन हमारी रक्षा करता है, वैसे ही मानवीय मूल्य हमारे अस्तित्व की रक्षा करते हुए व्यक्तित्व के सम्पूर्ण विकास में अपनी भूमिका निभाते हैं। मानव अथवा समाज द्वारा स्थापित किये गये इन मूल्यों के बिना हम मानव जीवन की कल्पना भी नहीं कर सकते हैं। सारांश यह है कि मूल्य ही मनुष्य को मनुष्य बनाये रखने में अहम् किरदार निभाते हैं।

## सन्दर्भ ग्रन्थ सूची


1. कपूर, बद्रीनाथ, लोकभारती प्रामाणिक हिंदी कोश, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद, 1998, पृ. 724
2. वर्मा, रामचंद्र, मानक हिंदी कोश, हिंदी साहित्य सम्मेलन, प्रयागराज, 1965, पृ. 404
3. वर्मा, धीरेन्द्र, हिंदी साहित्य कोश, ज्ञानमंडल लिमिटेड, वाराणसी, 2021, पृ. 509
4. तिवारी, आदित्य नारायण, मानव मूल्यों का पुनर्जागरण और शिक्षा का स्वरूप, माधुरी प्रकाशन, प्रयागराज, 2015, पृ. 10
5. सेठी, हरीश, जीवन मूल्य विमर्श, संजय प्रकाशन, नयी दिल्ली, 2015, पृ. 9
6. कपूर, बद्रीनाथ, लोकभारती प्रामाणिक हिंदी कोश, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद, 1998, पृ. 646
7. बाहरी, हरदेव, दिनमान हिंदी शब्दकोश, राजपाल एंड संस, दिल्ली, 1990, पृ. 300
8. तिवारी, आदित्य नारायण, मानव मूल्यों का पूनर्जागरण और शिक्षा का स्वरूप, माधुरी प्रकाशन, प्रयागराज, 2015, पृ. 17
9. शुक्ल, परशुराम, बाल विमर्श की कहानियाँ, संजय प्रकाशन, दिल्ली, 2021, पृ. 22
10. वही, पृ. 31
11. वही, पृ. 44
12. वही, पृ. 52
13. वही, पृ. 79
14. वही, पृ. 88
15. वही, पृ. 103
16. वही, पृ. 107
17. वही, पृ. 126
18. वही, पृ. 146
19. भारद्वाज, शैलजा, हिंदी साहित्य में युगीन बोध, चिंतन प्रकाशन, कानपुर, 2011, पृ. 366
20. शुक्ल, परशुराम, बाल विमर्श की कहानियाँ, संजय प्रकाशन, दिल्ली, 2021, पृ. 66

**SHODH-GARIMA–YEAR-2, VOL. 2 (April to June, 2025)**
**A Peer-Reviewed & Referred International Multidisciplinary Research Journal**

**ISSN (Print) : 3048-6327**

**IMPACT-FACTOR**
**SJIF - 5.223**

SHODH-GARIMA YEAR 2025 Vol. 2 PRAYAGRAJ

**Paper Recieved : 2nd June 2025** **Paper Accepted : 7th June 2025**

# भारतीय संगीत में प्रयुक्त शास्त्रीय और लोक ताल वाद्यों का महत्त्व

**□ प्रो. ( डॉ. ) सुदेश कुमारी***

**शोध-सारांश**

*संगीत ईश्वरीय सुंदरतम् सृष्टि की मधुरतम् अभिव्यक्ति है। अपने आराध्य के प्रति पूर्ण तन्मयता के लिये भजन, कीर्तन के रूप में इसे स्वीकार किया गया है।*

*संगीत मानव जीवन की कलात्मक उपलब्धियों और सांकेतिक–सांस्कृतिक परम्पराओं का मूर्तिमान है। यह आदिमकाल से जन–जीवन के आत्मिक उल्लास और सुखानुभूतियों की ललित अभिव्यक्ति का मधुरतम् माध्यम रहा है।*

**शास्त्रीय स्थापना के अनुसार**

**"गीतम्, वाद्यम् तथा नृत्यम् संगीतमुच्यते"**

अर्थात् गायन, वादन, नर्तन की त्रिवेणी–संगम ही संगीत है। संगीत की इस त्रिवेणी–संगम का विस्तार असीम, अछोर तथा अविनश्वर है। मानव मात्र में ही नहीं, प्रत्युत समूची सृष्टि और प्रकृति के कण–कण में संगीत–सरिता का कर्णप्रिय कल–कल निनाद व्याप्त है। संगीत एक ऐसा विश्व–व्याप्त स्नेह सूत्र है, जो हर समय विश्व को प्राकृतिक विधि और मानवीय असंगीत की एक मधुरतम् और मौलिक एकता की अनुभूति से आबद्ध करता है।

संगीत मानवता का पाठ पढ़ाता है। असभ्य को सभ्य और संकीर्ण–हृदय को विश्व–बन्धुत्व का संदेश देता है।[1]

ईश्वर भक्ति की या उपासना के जो भिन्न–भिन्न मार्ग वेदों में बताये गये, उन सब में संगीत सुगम, सरल एवं महत्त्वपूर्ण मार्ग है।

पहले संगीत शब्द प्रचार में नहीं था, अतः साधारण भाषा में जन–सामान्य में गाने–बजाने को ही संगीत कहा गया है। साधारण अर्थ में संगीत का यही अर्थ है कि जहाँ भी गाया–बजाया गया, संगीत है।

शब्दकोशों में भी संगीत के अर्थ को गाना–बजाना तथा व्यवहार में संगीत से लिया गया है। अन्य रूपों में भली–भाँति गाने योग्य गीत ही संगीत है। संगीत के लिये ठीक ही कहा गया है कि जब अभिव्यक्ति में शब्द असमर्थ हो जाता है तो वहाँ संगीत का सहारा लिया जाता है। तीन शब्दों से मिलकर बने संगीत में सम्पूर्ण स्वरात्मक, वाद्यात्मक तथा नृत्यात्मक अभिव्यक्ति व संवेदनायें सम्मिलित हैं। जैसे–स्वरबद्ध व तालबद्ध में वह सुन्दर गीत जिसे गाया–बजाया जाता है, संगीत की श्रेणी में आता है। अततः जो गीत मन को आनन्द प्रदान करे वही संगीत के अन्तर्गत आता है। यही सुन्दर कर्णप्रिय संगीत जहाँ आत्माभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम है वहीं दूसरों को मंत्रमुग्ध करने में भी

* संगीत विभाग, गोकुलदास हिन्दू गर्ल्स कॉलेज, मुरादाबाद

उसमें अदम्य शक्ति विद्यमान है। "गीतम् वाद्यम् तथा नृत्यम् त्रय संगीत मुच्यते" यह संगीत की परिभाषा सर्वमान्य है। जिस प्रकार मनुष्य ने अपने भौतिक आवश्यकता की पूर्ति की उसी प्रकार उसने अपनी मानसिक शान्ति के लिये लालित्य पूर्ण सौन्दर्यात्मक सुमधुर संगीत को भी आत्मसात् कर लिया। संगीत ने मानव को आत्मिक संतुष्टि के साथ परम आनन्द की भी अनुभूति कराई जो अन्य साधनों और प्रयत्नों से उसे प्राप्त नहीं हो सकती थी। साथ ही संगीत के द्वारा उसे जो अत्यधिक आनन्दित सुखानुभूति प्राप्त हुई, वह अन्य किसी भी विषयगत वस्तु से उसे प्राप्त नहीं हुई। इसलिये उसने संगीत को आत्मिक रूप से जीवन में सर्वोच्च स्थान दिया क्योंकि संगीत ने ही उसे अत्यधिक शान्ति प्रदान की। जन–जीवन में पारस्परिक सौहार्द्र का आधिक्य भी इसी के परिणाम स्वरूप आया जिसका प्रभाव मानवीय समाज में सर्वत्र दिखाई देता है। संगीत मण्डलियों, संगीत सम्मेलनों, संगीत सभाओं सार्वजनिक स्थलों पर मुखरित होता है। इस प्रकार संगीत ने पारम्परिक जीवन की जटिलताओं को दूर करके उनमें सरसता और मधुरता प्रदान की। मानवीय स्वास्थ्य की दृष्टि से भी आध्यात्मिक तथा धार्मिक विचार मानव के चरित्र सामाजिक, आर्थिक, मानसिक सभी परिस्थितियों के लिये लाभप्रद होते हैं, इसलिये संगीत समाज की न केवल आवश्यकता बन गई वरन मन, मस्तिष्क को तृप्त करने वाली संजीवनी भी है। अब हम बात करते हैं भारतीय संगीत की दो धाराओं की जिन्हें हम शास्त्रीय संगीत और लोक संगीत के नाम से जानते हैं या यूँ कहें कि शास्त्रीय संगीत और लोक संगीत एक ही वृक्ष की दो शाखायें हैं।

"हमारा शास्त्रीय संगीत राग प्रधान है। संगीत का रागों में वर्गीकरण भारतीय शास्त्रीय संगीत की अपनी विशेषता है जो कि विश्व के किसी भी प्राचीन अथवा अर्वाचीन संगीत में इस रूप में नहीं मिलता।"[2]

## शास्त्रीय संगीत

यह एक औपचारिक संगीत शैली है जो जटिल रागों, तालों और गायन तकनीकी पर आधारित है। शास्त्रीय संगीत अपने नियम बद्धता और संरचनाओं का एक मजबूत ढाँचा है जो संगीत की नींव को एक मजबूत धरातल प्रदान करता है। शास्त्रीय संगीत में राग, ताल अपनी एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, इनके बिना शास्त्रीय संगीत अधूरा है। शास्त्रीय संगीत अध्ययन और अभ्यास की प्रथम पृष्ठभूमि है, क्योंकि इन्हीं के माध्यम से कलाकार अपनी कला में महारत प्राप्त करता है या हम इस तरह भी शास्त्रीय संगीत को पारिभाषित कर सकते है कि शास्त्रीय संगीत शास्त्रों और नियमों से बँधा हुआ होता है, और जो संगीत स्वर, लय ताल आदि नियमों में बाँधकर आकर्षक रीति से गाया जाता है। "शास्त्रीय संगीत स्वतन्त्रतापूर्वक विचरने का अधिकारी नहीं है, वह नियमों से बँधा हुआ है। इसके प्रेरणास्त्रोत व्यक्ति एवं शास्त्र हैं।"[3]

इसी के साथ–साथ भारतीय संगीत की दूसरी शाखा लोक संगीत है। जो शास्त्रीय संगीत के बिल्कुल विपरीत है लोक संगीत किसी भी नियमों और बन्धनों में बँधा हुआ नहीं है, यह जनमानस का संगीत है जिसे किसी भी समय, किसी भी स्थान पर गाया–बजाया जा सकता है। लोक संगीत शब्द दो शब्दों से मिलकर बना है– 'लोक' और 'संगीत'। लोक संगीत का अर्थ है– गायन, वादन तथा नृत्य का मिश्रण अर्थात् लोक संगीत का सामान्य अर्थ है 'लोगों का संगीत'। लोक संगीत शब्द अंग्रेजी के फोक म्यूजिक (FOLK MUSIC) शब्द का हिन्दी अनुवाद है। यह संगीत लोक जीवन से जुड़े आम आदमी का संगीत है। यह जनसाधारण की आन्तरिक भावनाओं का प्रतीक है जो हमारी संस्कृति का जीता–जागता उदाहरण है। इसे हम सहज संगीत भी कह सकते हैं जिसे सीखने के लिये किसी बन्धन की आवश्यकता नहीं होती। यह जनमानस का संगीत है जो सरल, परम स्वाभाविक, अनुभूतिमय है जिसमें प्रेम, ईर्ष्या, खुशी, उल्लास, तड़पन इत्यादि सभी भावनायें दिखाई

देती हैं। लोक संगीत किसी भी प्रकार के कठोर बन्धनों को नहीं स्वीकारता है। यह लोक द्वारा सृजित, लोक द्वारा रक्षित, लोक रंजन के लिये लोक जिह्वाओं द्वारा गया जाने वाला संगीत ही लोक संगीत है।[4]

**महात्मा गाँधी**

"लोक संगीत जनता की भाषा है तथा लोक संगीत में चराचर जगत गाता है और नृत्य करता है; अर्थात् आनन्द की अनुभूति करताहै।"

**रविन्द्रनाथ टैगोर के अनुसार**

संस्कृति का सुखद सन्देश ले जाने वाली कला है।[5]

अब हम आगे बात करते हैं भारतीय संगीत में शास्त्रीय और लोक–ताल वाद्यों की। लोक संगीत हो या शास्त्रीय संगीत दोनों में ही ताल वाद्यों का अपना–अपना महत्त्व है। इनके बिना दोनों ही संगीत में (लोक संगीत, शास्त्रीय संगीत) गायन, वादन और नृत्य का सौन्दर्य अधूरा रह जाता है। भारतीय संगीत में ताल वाद्यों का विशेष महत्त्व रहा है। तबला, ढोलक, ढोल, पखावज, मृंदगम्, ढपली, नाल ताशा, नगाड़ा, जोडी, खंजरी, डफ, डमरू इत्यादि ताल वाद्यों का प्रयोग किया जाता है। शास्त्रीय संगीत में ताल वाद्यों का उपयोग लय और गीत को बनाये रखने के लिये किया जाता है, जबकि लोक संगीत में वे सांस्कृतिक पहचान और कहानी कहने के लिये महत्त्वपूर्ण होते हैं। शास्त्रीय संगीत में ताल वाद्य को किसी स्वर में मिलाकर ही संगीत कार्यक्रम किया जाता है जिससे उस कार्यक्रम का सौन्दर्य, आनन्द और आकर्षण बढ़ जाता है जैसे तबला वादक वाद्य को एक स्वर में मिलाकर गायक के साथ जब तबला बजाता है तो उसके स्वर से तबला मिल जाने के कारण संगीत में माधुर्य उत्पन्न हो जाता है। शास्त्रीय संगीत में संगीत की संगत करने के लिये ऐसे ताल वाद्यों की आवश्यकता होती है जो शास्त्रीय संगीत की कसौटी पर खरा उतरे। कत्थक नृत्य के साथ तबले की संगति उस कार्यक्रम को और अधिक सुन्दरता प्रदान करता है। तबले का प्रयोग नृत्य के साथ संगत और सोलो वादन के लिये भी अत्यधिक उपयोगी सिद्ध हुआ है। जैसे सोलो वादन में तबले पर तीन ताल, एक ताल, दीपचन्दी तालों आदि का खुबसूरती से प्रयोग किया जाता है। रागों में बड़ा ख्याल और छोटा ख्याल की संगत के लिये अत्यधिक उपयोगी है वहीं ध्रुपद–धमार गायन शैली में पखावज का प्रयोग और खुले बोलों की तालों का उपयोग अत्यंत खूबसूरत लगता है। पखावज और मृंदगम् का प्रयोग भारतीय शास्त्रीय संगीत में विशेष रूप से किया जाता है। पखावज वाद्य पर खुले बोलों की ताल, परन, टुकड़ा आदि का सौन्दर्यात्मक तरीके से प्रयोग किया जाता है।

शास्त्रीय संगीत में ताल वाद्यों का उपयोग रागों को समृद्ध बनाने के लिये और उन्हें एक खास रूप देने के लिये किया जाता है। ताल वाद्य रागों की आवाज को एक अलग स्तर पर ले जाते हैं और उन्हें अधिक आकर्षक बनाते हैं। ताल वाद्यों का उपयोग संगीत की गहराई और जटिलता को उजागर करने के लिये किया जाता है। वे संगीत को एक अलग अर्थ देते हैं और श्रोताओं को संगीत की गहराई में ले जाते हैं। हम यहाँ पर ताल वाद्यों को जिन पर चमड़ा मढा रहता है, उनका ही उल्लेख कर रहे हैं। इन वाद्यों को अवनद्ध वाद्य कहा जाता है जो शास्त्रीय संगीत और लोक संगीत की श्रेणी में विभाजित हो गये हैं अब हम लोक संगीत में प्रयुक्त ताल वाद्यों (अवनद्ध वाद्यों) के विषय में उल्लेख करेंगे। लोक संगीत में गीतों के साथ ढोलक का अधिकतर प्रयोग होता है। महिला संगीत हो या भजन, कीर्तन इस अवसर पर अधिकतर ढोलक के ऊपर चम्मच बजाते हुये देखा गया है या ढोलक के ऊपर चम्मच बजायी जाती है। लोक संगीत में ढपली, नाल, ढोल, खंजरी, डफ, डमरू आदि वाद्यों का वादन सौन्दर्यपूर्ण तरीके से किया जाता है। जब लोक संगीत में इन वाद्यों का प्रयोग किया जाता है तो इन वाद्यों की तालबद्धता और लयबद्धता का जो एक क्रम बनता

है उससे अनायास ही अंग संचालन होने लगता है जो एक नृत्य का रूप ले लेता है और यही रूप आनन्द में बदल जाता है। घर में शादी हो या सगाई हो, बच्चे का जन्म हो तो इस अवसर पर ढोल, ढोलक के बिना ये खुशी अधूरी लगती है, जब ढोल की आवाज कानों में पड़ती है तो हर कोई झूम–झूमकर इस आनन्द को अपने नृत्य के द्वारा प्रदर्शित करता है, यही आनन्द लोक संगीत में ताल वाद्यों की महत्ता को दर्शाता है। इस प्रकार हम कह सकते हैं कि लोक संगीत बौद्धिक तार्किकता की सीमा से परे, कठोर बन्धनों से मुक्त, स्वच्छन्द तथा शास्त्रीय संगीत के नियमों की बाध्यता से रहित होता है। शास्त्रीय संगीत और लोक संगीत अपने आप में स्वतन्त्र होते हुये भी एक दूसरे के पूरक हैं। मानव की बुद्धि का जैसे–जैसे विकास हुआ, तभी उसने अपनी विकसित भावनाओं को व्यक्त करने के लिये आलाप लिया, जो पीढ़ी दर–पीढ़ी हस्तान्तरित होता गया। भारतीय लोक संगीत का मूल स्वरूप आज भी ग्रामीण अंचलों में सुरक्षित है। भारत के शास्त्रीय गायन और नृत्यों में कत्थक, भरत नाट्यम् ओडिसी आदि के लिये जिन वाद्यों का प्रयोग होता है (तबला, पखावज) इनको (शास्त्रीय संगीत में) शास्त्रीय ताल वाद्यों के रूप में महत्त्वपूर्ण स्थान प्राप्त है। वहीं दूसरी ओर लोक संगीत में लोक ताल वाद्य ढोलक, ढोल, नाल, डफ, खाल से मढ़ी खंजरी आदि वाद्यों का अपना महत्त्वपूर्ण स्थान है। इनके बिना शास्त्रीय संगीत और लोक संगीत अधूरा है। इस प्रकार हम कह सकते हैं कि इन ताल वाद्यों का मुख्य उद्देश्य जन–मनोरंजन करना है, इस मनोरंजन में मानव जीवन के उल्लास की, उसकी उमंगों की उसकी करुणा की उसका समस्त सुख–दुःख की झाँकी चित्रित होती है, जीवन में आने वाले प्रत्येक शुभ अवसर, उत्सव, त्यौहार, संगीत के कार्यक्रमों का आयोजन आदि संगीत में एक सुन्दर झाँकी के रूप में परिलक्षित होते हैं। इस प्रकार हम कह सकते हैं कि शास्त्रीय संगीत और लोक संगीत दोनों में ताल वाद्यों का महत्त्वपूर्ण स्थान है। वे न केवल संगीत की संरचना और गीत को नियन्त्रित करते हैं, बल्कि इसके भावनात्मक प्रभाव को भी बढ़ाते हैं। वे संगीत को एक निश्चित समय सीमा में बाँधते हैं, भावों को व्यक्त करते हैं और पारम्परिक संगीत को बनाये रखने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

**सन्दर्भ ग्रन्थ सूची**


1. लोक साहित्य एवं लोक संस्कृति, डॉ. शिखा रस्तोगी
2. संगीत निबन्ध संग्रह, प्रो. हरिश्चन्द्र श्रीवास्तव
3. भारतीय सभ्यता, संस्कृति एवं संगीत, अंजलि मित्तल
4. भारतीय संस्कृति, सभ्यता एवं परम्परा, डॉ. रमेश पोखरियाल 'निशंक'
5. इन्टरनेट

**SHODH-GARIMA–YEAR-2, VOL. 2 (April to June, 2025)**
**A Peer-Reviewed & Referred International Multidisciplinary Research Journal**
**ISSN (Print) : 3048-6327**
**IMPACT-FACTOR SJIF - 5.223**
**Paper Recieved : 2nd June 2025** **Paper Accepted : 7th June 2025**

# विश्व व्यापार संगठन के अन्तर्गत विवादों का निपटारा

## (Settlement of disputes under World Trade Organization)

रतन कुमार पटेल*
नवेद नईम**

**शोध-सारांश**

*विश्व व्यापार संगठन (WTO) एक ऐसा संगठन है जिसकी स्थापना 1995 में इस उद्देश्य से की गयी थी कि, वैश्विक व्यापार, सेवाओं को मुक्त और न्यायसंगत तथा पारदर्शी बनाया जा सके। इस संगठन (WTO) की सफलता का मुख्य एवं महत्त्वपूर्ण आधार इसका विवाद निपटान निकाय (Dispute Settlement Body) है। यह निकाय (DSB) विश्व व्यापार संगठन (WTO) के सदस्यं देशों के बीच जब कोई व्यापारिक विवाद उत्पन्न होता है तो उन व्यापारिक विवादों का व्यवस्थित एवं न्यायपूर्ण समाधान प्रदान करता है। विवाद निपटान निकाय में विवादों का समाधान करने की प्रक्रिया बहुस्तरीय है, जिसमें परामर्श, पैनल का गठन, पैनल की रिपोर्ट, अपीलीय निकाय द्वारा समीक्षा तथा निर्णयों के अनुपालन की निगरानी भी शामिल है। इस प्रक्रिया की विशेषता, इस प्रक्रिया की पारदर्शिता निष्पक्षता है, यही विशिष्टता इसे अन्य अन्तर्राष्ट्रीय संगठनों से अलग बनाती है। इसके माध्यम से सदस्य देशों के हितों की रक्षा होती है, साथ ही यह वैश्विक व्यापार में स्थिरता और विश्वास को सुदृढ़ करती है। इस लेख में विवाद निपटान निकाय में विवादों का समाधान करने वाली प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा की गयी है।*

***मुख्य शब्द***– *विश्व व्यापार संगठन, विवाद निपटान निकाय, व्यापार, विवाद, पैनल, रिपोर्ट।*

**परिचय**

विश्व व्यापार संगठन (World Trade Organization) एक ऐसा संगठन है जो अपने सदस्य देशों के बीच व्यापार को सुचारु रूप से चलाने की जिम्मेदारी उठाता है। विवाद निपटान उपक्रम (Dispute Settlement Understanding) के

* असिस्टेंट प्रोफेसर (विधि–विभाग), श्री वार्ष्णेय महाविद्यालय, अलीगढ़, 9/14 ए, मोती लाल नेहरू रोड, प्रयागराज–211002, मो० 9335282883

** छात्र (एल एल. एम. द्वितीय वर्ष), राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़, 53B, डूंगर सराय, सम्भल–244302, मो० 8881818280

माध्यम से विश्व व्यापार संगठन पक्षों के बीच उत्पन्न विवादों का समाधान प्रदान करता है। जब कोई सदस्य देश विश्व व्यापार संगठन के किसी ऐसे प्रावधान का उल्लंघन करता है जिसको अन्य सदस्य देश अनुचित मानते हैं तब उन दो सदस्य देशों के बीच विवाद उपन्न होता है।

विवाद निपटाने की ये प्रक्रिया उरुग्वे (1996–1994) दौर के परिणामस्वरूप अस्तित्व में आई थी। विवादों का निपटान करने का ये तंत्र त्वरित समाधान प्रदान करता है। विवाद निपटाने की यह प्रणली विश्व व्यापार संगठन समझौतों के अंतर्गत आने वाले सभी विवादों पर लागू होती है। विवाद निपटान निकाय (Dispute Settlement Body) सदस्यों के बीच विवादों को हल करने के लिए विवाद निपटान उपक्रम (Dispute Settlement Understanding) के प्रति दायित्वाधीन है।

## विश्व व्यापार संगठन के अंतर्गत विवादों का निपटारा करने के चरण

विश्व व्यापार संगठन के अंतर्गत विवादों को निपटारा भिन्न चरणों में किया जाता है। विवाद निपटने के इन चरणों पर इस लेख में चर्चा की जा रही है–

### प्रथम चरण–परामर्श[1]

विश्व व्यापार संगठन के ऐसे दोनों सदस्य जिनके बीच कोई विवाद उप्तन्न हुआ है, कोई भी कार्यवाही करने से पहले परामर्श के माध्यम से अपने विवादों को सुलझाने का प्रयास करेंगे। यदि विश्व व्यापार संगठन का कोई सदस्य किसी अन्य सदस्य से पूर्व सदस्य के संचालन को प्रभावित करने वाले उपायों के सम्बन्ध में परामर्श के लिए अनुरोध करता है, तो बाद वाले सदस्य को प्राप्ति के दिनांक से 10 दिनों की अवधि के भीतर उस अनुरोध को स्वीकार करना होगा, साथ ही 30 दिन की अवधि के भीतर परामर्श में प्रवेश करना अनिवार्य होगा।

यदि परामर्श के लिए दिए गए अनुरोध पर दिए जाने की तिथि से 60 दिनों के अंदर परामर्श समस्या का संतोषजनक समाधान प्रदान करने में सफल नहीं रहता तो, शिकायत करने वाला पक्ष पैनल का निर्माण करने के लिए अनुरोध कर सकता है। परामर्श और पैनल निर्माण के लिए सभी अनुरोधों को शिकायत करने वाले सदस्य द्वारा विवाद निपटान निकाय (Dispute Settlement Body) को सभी अनुरोधों को लिखित तथा कारणों सहित अधिसूचित करना होगा।

### दूसरा चरण–पैनल की स्थापना[2]

जब दो सदस्य देशों के बीच विवाद का समाधान परामर्श के द्वारा नहीं हो पता है, तब शिकायत करने वाला सदस्य देश विवाद निपटान निकाय (Dispute Settlement Body) को लिखित रूप में पैनल की स्थापना के लिए अनुरोध कर सकता है, जिसके भीतर मामले का सारांश उस मामले के मुद्दों को शामिल किया जा सकता है। विवाद निपटान निकाय की दूसरी बैठक में पैनल की स्थापना की जाती है।[3] जिसमे अनुरोध सभा की कार्यसूची वस्तु के रूप में प्रकट होती है।

विवाद निपटान निकाय द्वारा स्थापित पैनल का कार्य विवादित मामले के सम्बन्ध में विवाद को सुलझाने में, विवाद निपटान निकाय की सहायता करना है। पैनल मामले के तथ्यों और उसमें शामिल मुद्दों सहित सभी पहलुओं पर गहन आँकलन करता है, और सभी पहलुओं पर जाँच करता है। पैनल यह पता लगाने प्रयास करता है, कि क्या यह सदस्य देशों के बीच जो समझोता है उसके अनुरूप है। प्रक्रिया शुरू होने के दिनांक से 60 दिन के भीतर पैनल अपना प्रतिवेदन प्रदान करेगा।

### तीसरा चरण–पैनल के सदस्यों का चयन[4]

पैनल की स्थापना हो जाने के बाद पैनल के सदस्यों का चयन किया जाता है। पैनल के सदस्यों का चयन विश्व व्यापार संगठन के सचिवालय द्वारा किया जाता है। पक्ष पैनल के सदस्यों के चयन का विरोध तब ही कर सकते हैं जब उनके पास पैनल के सदस्यों के विरुद्ध सचिवालय को संतुष्ट करने का कोई करण हो। पैनल में 3 सदस्य होंगे। यदि

पक्ष सहमत हों तो पैनल की स्थापना के 10 दिन के अंदर 5 सदस्यों के पैनल का गठन हो सकता है।

विश्व व्यापार संगठन का सचिवालय सभी गैर–सरकारी, सरकारी व्यक्तियों की एक सूची बनाता है। जिसमें से विवाद के पक्षकारों द्वारा पैनल के सदस्यों का चयन किया जा सकता है। यह सूची पक्षकारों को सदस्यों का चयन करने में सहायता करती है।

सदस्यों द्वारा किसी भी समय पर, ऐसे व्यक्तियों के नाम सूची में जोड़े जा सकते हैं जो अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार विधि या समझौतों में शामिल किसी भी मामले से सम्बंधित कोई भी जानकारी प्रदान करके विवाद के पक्षकारों की सहयता कर सकते हैं, जिसके कारण विवाद उत्पन्न हुआ था। सूची में अन्य सदस्यों का नाम विवाद निपटान निकाय की मंजूरी मिलने के बाद ही जोड़ा जा सकता है।

यदि पैनल की स्थापना होने की तिथि से 20 दिनों के भीतर पैनल के सदस्यों का चयन नहीं होता तो, महानिदेशक, विवाद निपटान निकाय के अध्यक्ष, के परामर्श से ऐसे व्यक्तियों को पैनल के सदस्य नियुक्त कर सकते हैं जिनको वो उचित समझे। विवाद निपटान निकाय के अध्यक्ष इसके बाद 10 दिनों के अंदर पैनल की संरचना के बारे में विवाद के पक्षकार सदस्यों को सूचित करते हैं।

**चौथा चरण–पैनल की प्रक्रिया[5]**

पैनल का गठन होने के एक सप्ताह के भीतर पैनल के सदस्य पैनल द्वारा की जाने वाली प्रक्रिया के लिए समय सारणी निश्चित करते हैं। इसके बाद ही पैनल पक्षों द्वारा लिखित प्रस्तुतिकरण के लिए समय निर्धारित करता है। विवाद के प्रत्येक पक्ष को सचिवालय में अपनी प्रस्तुतिकरण द्वारा प्रस्तुत करना होता है। सचिवालय इन प्रस्तुतिकरण को पैनल को हस्तांतरित कर देता है और एक पक्षकार द्वारा दी गयी प्रस्तुतिकरण को दूसरे पक्षकार को भी भेजा जाता है। पैनल की पहली सभा में शिकायत करने वाला पक्ष प्रतिवादी पक्ष से पहले अपना मामला प्रस्तुत करता है।

विवाद के सम्बन्ध में विवाद निपटान निकाय को सूचित करने वाले और विवाद के विषय में रुचि रखने वाले तीसरे पक्षों को भी उसी सभा के दौरान अपने विचार प्रस्तुत करने के लिए कहा जाता है। पक्षों के बीच किसी भी खंडन को अगली सभा में किया जाता है। अगली सभा में सबसे पहले प्रतिवादी पक्ष शिकायत करने वाले पक्ष के खिलाफ जवाब देता है। इस सभा से पहले पक्षों को पैनल के सामने लिखित खंडन प्रस्तुत करने होंगे। पैनल को यदि यह आवश्यकता महसूस होती है तो वो उस सभा की अवधि में उत्तर देने लिए पक्षों के समक्ष कोई प्रश्न रख सकता है।

यदि जाँच के बाद विवाद में पक्षों के बीच कोई समाधान हो जाता है तो वहाँ पैनल विवाद निपटान निकाय को लिखित प्रतिवेदन प्रस्तुत करता है। उस प्रतिवेदन में मामले का संक्षिप्त विवरण और समाधान के बारे में जानकारी होती है। यदि समाधान नहीं मिलता है, तब भी पैनल विवाद निपटान निकाय को एक लिखित प्रतिवेदन भेजता है जिसमें अपने निष्कर्ष और कोई सिफारिश यदि कोई होगी तो, पैनल उसका भी उल्लेख प्रतिवेदन में करता है।

जाँच के 6 माह के भीतर प्रतिवेदन को भेजना होता है और यदि जाँच किसी आपात स्थिति या ऐसे मामले से सम्बन्धित हो जिसमें माल जल्दी खराब होने का अंदेशा है तो ऐसी स्थिति में प्रतिवेदन को 3 माह में भेजना होता है। पैनल द्वारा प्रतिवेदन भेजने की अधिकतम अवधि पैनल की स्थापना से 9 माह तक की होती है।

**पाँचवाँ चरण–अंतिम प्रतिवेदन[6]**

मौखिक तर्क व खंडन सुनने और जाँच के पश्चात् पैनल पक्षों को एक मसौदा प्रतिवेदन जारी करता है। मसौदा प्रतिवेदन प्राप्त करने के बाद पक्षों को निर्धारित अवधि के अंदर लिखित रूप में अपनी टिप्पणियाँ प्रस्तुत करनी होती है। पक्षों से टिप्पणियाँ प्राप्त करने की अवधि समाप्त होने के

पश्चात् पैनल मसौदा प्रतिवेदन में अपने निष्कर्ष और नए निष्कर्ष सहित एक अंतिम प्रतिवेदन जारी करता है। दिए गए समय के भीतर विवाद के दोनों पक्ष पैनल से अपना प्रतिवेदन संशोधन करने के लिए लिखित अनुरोध प्रस्तुत कर सकते हैं।

पक्षों द्वारा किये गए अनुरोध के आधार पर पैनल विवाद में पक्षों द्वारा की गई टिप्पणियों पर चर्चा करने के लिए एक सभा और बुलाएगा। यदि विवाद के दोनों पक्ष समाधान से संतुष्ट हो जाते हैं तो ऐसे संशोधित प्रतिवेदन को पैनल का अंतिम प्रतिवेदन माना जाता है। और इस प्रतिवेदन को सदस्यों के बीच प्रसारित किया जाता है।

यदि विवाद के पक्षकार प्रतिवेदन के परिणाम से असंतुष्ट हैं, तो विवाद निपटान निकाय की सभा में सदस्यों की आपत्तियों पर विचार किया जाता है। परन्तु ऐसी आपत्तियों को विवाद निपटान निकाय की सभा से 10 दिन पहले प्रतिवेदन किया जाना चाहिए।

विवाद निपटान निकाय के द्वारा जारी अंतिम प्रतिवेदन पैनल के सदस्यों को प्रसारित किये जाने की तिथि से 60 दिनों के भीतर अपनाया जाता है। विवाद निपटान निकाय तब तक कोई अपील मान्य नहीं करता जब तक कि विवाद का कोई पक्ष ऐसे प्रतिवेदन से असंतुष्ट न हो और विवाद निपटान निकाय को अपील करने के लिए अपने निर्णय को अधिसूचित न कर दे या विवाद निपटान निकाय सर्वसम्मति से ऐसे प्रतिवेदन को न अपनाने का निर्णय न ले, जब तक कि स्थायी अपीलीय निकाय प्रतिवेदन प्रदान न कर दे।

**छठा चरण–अपील[7]**

पैनल के प्रतिवेदन से यदि विवाद का कोई पक्षकार असंतुष्ट है तो वह विवाद निपटान निकाय द्वारा स्थापित अपीलीय निकाय के समक्ष अपील कर सकता है। परन्तु अपीलीय निकाय के समक्ष अपील केवल विवाद के पक्षकार द्वारा ही की जा सकती है। किसी तीसरे पक्षकार द्वारा की गयी किसी अपील को केवल तब ही सुना जा सकता है, जब तीसरे पक्षकार द्वारा विवाद निपटान निकाय को लिखित में उस विवाद में अपने पर्याप्त हित के बारे में सूचित किया गया हो।

अपीलीय निकाय की कार्यवाही विवाद निपटान निकाय को अपीलीय निकाय में अपील करने के अपने आशय की सूचना के दिनांक से 60 दिनों से अधिक नहीं हो सकती। अपीलीय निकाय को 90 दिन की अधिकतम अवधि दी है। अपीलीय निकाय को देरी के कारणों के साथ–साथ अंतिम निर्णय अधिसूचित करने की अवधि के बारे में लिखित रूप में प्रस्तुत करना होता है।

अपीलीय निकाय किसी साक्ष्य, पिछली दलील, मुद्दे की फिर से जाँच नहीं करता है। लेकिन इसकी जाँच पैनल के प्रतिवेदन में शामिल पैनल के सदस्यों द्वारा विकसित विधिक व्याख्या तक ही सीमित होती है। अपीलीय निकाय के पास ये शक्ति होती है कि वो पैनल के प्रतिवेदन को बरकरार रख सकता है, या उसे संशोधित कर सकता है, या उस प्रतिवेदन को उलट कर एक निर्णय प्रदान कर सकता है।

**सातवाँ चरण–विवाद निपटान निकाय द्वारा प्रतिवेदन को स्वीकार किया जाना[8]**

अपीलीय निकाय द्वारा दिए गए प्रतिवेदन को विवाद निपटान निकाय या तो स्वीकार करता है, या 30 दिनों की अवधि के भीतर अस्वीकार करता है। यहाँ यह 30 दिन की अवधि अधिकतम होगी, तथा प्रतिवेदन अस्वीकार करने की दशा में निर्णय सर्वसम्मति से होता है।

**विश्व व्यापार संगठन के महानिदेशक का कार्य**

- **विवाद निपटान उपक्रम के अनुच्छेद 5 और 6 के अनुसार**– विश्व व्यापार संगठन का महानिदेशक अपनी आधिकारिक क्षमता में विवाद के दोनों पक्षकारों को सुलह, मध्यस्थता प्रदान करके, विवाद को निपटाने में सहयता करते हैं।
- **विवाद निपटान उपक्रम के अनुच्छेद 24(1)**

**के अनुसार**– यदि विवाद किसी कम विकसित देश से है और परामर्श के माध्यम से विवाद का समाधान नहीं होता है तो, ऐसा सदस्य राष्ट्र पैनल की स्थापना के अनुरोध करने से पहले महानिदेशक से सुलह और मध्यस्थता प्रदान करने का अनुरोध कर सकता है। जब महानिदेशक को संतोषजनक माना जाता है, तो वह विवाद के पक्षकारों के बीच सुलह और मध्यस्थता प्रदान करता है।

- **विवाद निपटान उपक्रम के अनुच्छेद 8(7) के अनुसार**– जब विवाद के पक्षकारो द्वारा पैनल के सदस्यों को नियुक्त नहीं किया गया हो, तब महानिदेशक किसी पक्षकार के अनुरोध करने पर विवाद निपटान निकाय के अध्यक्ष और उससे सम्बन्धित परिषद् या समिति के अध्यक्ष के परामर्श से, जिनको वो उचित समझे ऐसे पैनल के सदस्यों की नियुक्ति कर सकता है।

## विवाद निपटान निकाय द्वारा बनाये गए पैनल की संरचना

सामान्यता विवाद निपटान निकाय द्वारा बनाये गए पैनल में 3 सदस्य होते हैं।[9] परन्तु यदि पक्षकार चाहें तो ये पैनल के सदस्यों की संख्या अधिकतम 5 हो सकती है। विवाद के पक्षकार सचिवालय द्वारा सुझाई गयी सूची में से योग्यता रखने वाले किसी भी व्यक्ति का चयन अपने मामले को सुलझाने के लिए कर सकते हैं।[10]

## कौन व्यक्ति पैनल के सदस्य हो सकते हैं?

पैनल में योग्यता के आधार पर सरकारी और गैर–सरकारी व्यक्ति शमिल होते हैं। साथ ही ऐसे व्यक्ति भी पैनल के सदस्य हो सकते हैं जिन्होंने पैनल के समक्ष कोई विवाद पेश किया हो या उन्होंने पैनल में  काम किया हो। पैनल में वो व्यक्ति भी शामिल हो सकते हैं जिन्होंने GATT (General Agreement on Tariffs and Trade) 1947 के किसी सदस्य या संविदा करने वाले पक्ष का प्रतिनिधित्व किया हो या किसी कवर किये गए अनुबंध या उसके पूर्वी समझौते की परिषद् या समिति के प्रतिनिधि के रूप में कार्य किया हो, या सचिवालय में अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार विधि या नीति पर अध्ययन कराया हो, शोध प्रकाशित हो, या किसी सदस्य के वरिष्ठ व्यापार नीति अधिकारी के रूप में कार्य किया हो।

## विवाद निपटान निकाय क्या है?

विश्व व्यापार संगठन के अंतर्गत विवाद निपटान निकाय एक ऐसा निकाय है जो विश्व व्यापार करने में सदस्य देशों के बीच कोई विवाद उत्पन्न होने पर उन विवादों का समाधान करने के लिए स्थापित किया गया है। विश्व व्यापार संगठन की सामान्य परिषद्, जिस पर मंत्रिस्तरीय सम्मेलन के कार्यों को करने का भार है। यह विवाद निपटान निकाय के माध्यम से विवाद निपटान समझौते के अंतर्गत अपने दायित्वों का निर्वहन करती है।[11]

## विवाद निपटान निकाय की संरचना

विवाद निपटान निकाय में एक अध्यक्ष होता है और विश्व व्यापार संगठन के सदस्यों (सामान्यता सरकारी प्रतिनिधि) के प्रतिनिधि सम्मिलित होते हैं।

(1) सामान्यतः अध्यक्ष के पद पर विश्व व्यापार संगठन के सदस्यों में से किसी एक के स्थायी प्रयोजन का नेता होता है।

(2) अध्यक्ष को विश्व व्यापार संगठन के सदस्यों द्वारा चुना जाता है।

## विवाद निपटान निकाय के कार्य[12]

- विवाद निपटान निकाय का मुख्य कार्य यह है कि वह विवाद निपटान समझौते में दिए गए नियमों और प्रक्रियाओं को लागू करता है।
- विवाद निपटान निकाय को सभा में विवाद के पक्षकारों के बीच विवाद का समाधान करने के लिए पैनल की स्थापना करने का अधिकार है।
- विवाद निपटान निकाय को विवाद से सम्बन्धित दोनों पक्षकारों के लिए इन प्रतिवेदन को बाध्यकारी बनाने के लिए पैनल या अपीलीय निकाय के प्रतिवेदन को अपनाना होता है।

- विवाद के पक्षकारों को विवाद निपटान निकाय के निर्णयों और सिफारिशों का पालन करना अनिवार्य होता है। विवाद निपटान निकाय इसकी जाँच करता है कि विवाद के पक्षकारों ने निर्धारित समय सीमा के भीतर निर्णय और सिफारिशों का पालन किया है या नहीं।

**निष्कर्ष**

विश्व व्यापार संगठन के अंतर्गत विवाद निपटान तंत्र अंतर्राष्ट्रीय व्यापार संचालन का एक बुनियादी आधार है, जो विश्व व्यापार संगठन के सदस्य देशों के बीच नियमबद्ध और निष्पक्ष व्यापार सुनिश्चित करने के लिए कार्य करता है। उरुग्वे दौर के परिणामस्वरूप विकसित हुई यह प्रणाली, विवादों का शीघ्र, प्रभावी और न्यायसंगत समाधान प्रदान करने के उद्देश्य से स्थापित की गई थी। परामर्श से लेकर पैनल गठन, सुनवाई, अपील और अंतिम निर्णय तक, प्रत्येक चरण पारदर्शिता, उत्तरदायित्व और विधिक सिद्धांतों के अनुरूप संचालित होता है।

विवाद निपटान निकाय द्वारा पैनल और अपीलीय निकायों के माध्यम से विवादों का निष्पक्ष विश्लेषण और निपटारा किया जाता है, जिससे सदस्य देशों में निर्णयों के प्रति बाध्यता उत्पन्न होती है। WTO के महानिदेशक द्वारा सुलह, मध्यस्थता तथा पैनल सदस्यों की नियुक्ति में निभाई जाने वाली भूमिका इस व्यवस्था को और अधिक निष्पक्ष तथा विश्वासपूर्ण बनाती है। विशेष रूप से, कम विकसित देशों के लिए उपलब्ध सहायक प्रावधान WTO के समावेशी दृष्टिकोण को भी दर्शाते हैं।

यह तंत्र न केवल सदस्यों के बीच व्यापारिक विवादों को सुलझाने का माध्यम है, अपितु यह वैश्विक व्यापार में स्थिरता, विश्वसनीयता और पूर्वानुमेयता को भी सुनिश्चित करता है। इस प्रकार, WTO के अंतर्गत विवाद निपटान प्रक्रिया विश्व व्यापार के नियमों का संरक्षक बनकर अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक सहयोग और विकास को सुदृढ़ करने में एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

**विश्व व्यापार संगठन के अंतर्गत विवादों का निपटारा**



**प्रतिशोध**
यदि मुआवजे पर कोई समझौता नहीं होता है तो विवाद निपटान निकाय पूर्ण कार्यान्वयन तक प्रतिशोध को अधिकृत करता है
**अनुच्छेद 22**

↓

**पारस्परिक प्रतिशोध**
समान क्षेत्र, अन्य क्षेत्र, अन्य संविदा
**अनुच्छेद 22(3)**

## पाद टिप्पणी

1. विवाद निपटान उपक्रम का अनुच्छेद 4
2. विवाद निपटान उपक्रम का अनुच्छेद 6, 8, 11
3. विवाद निपटान उपक्रम का अनुच्छेद 6
4. विवाद निपटान उपक्रम का अनुच्छेद 7, 8
5. विवाद निपटान उपक्रम का अनुच्छेद 10, 12
6. विवाद निपटान उपक्रम का अनुच्छेद 10, 12
7. विवाद निपटान उपक्रम का अनुच्छेद 17
8. विवाद निपटान उपक्रम का अनुच्छेद 18
9. विवाद निपटान उपक्रम का अनुच्छेद 8(5)
10. विवाद निपटान उपक्रम का अनुच्छेद 8(1)
11. विवाद निपटान उपक्रम का अनुच्छेद 4(3)
12. विवाद निपटान उपक्रम का अनुच्छेद 2

## सन्दर्भ ग्रन्थ सूची


1. https://blog.ipleaders.in/dispute-settlement-mechanism-under-wto/
2. https://www.wto.org/english/thewto_e/Whatis_e/tif_e/disp2_e.htm
3. https://www.wto.org/english/docs_e/legal_e/04-wto.pdf
4. https://www.wto.org/english/tratop_e/dispu_e/disp_settlement_cbt_e/c3s1p1_e.htm
5. https://www.wto.org/english/tratop_e/dispu_e/dsu_e.htm
6. A.K. Kaul, Guide to the WTO and GATT: Economics, Law and Politics, Kluwer Law International, 2006.
7. Dr. S.R. Myneni, Allahabad Law Agency, 3rd edition, reprint 2018.
8. International Trade, Advocate Shweta Nimwal, Singhal Law Publication, edition

**SHODH-GARIMA–YEAR-2, VOL. 2 (April to June, 2025)**
**A Peer-Reviewed & Referred International Multidisciplinary Research Journal**
**ISSN (Print) : 3048-6327**
**IMPACT-FACTOR SJIF - 5.223**
**Paper Recieved : 2nd June 2025** **Paper Accepted : 7th June 2025**

# पर्यावरण संरक्षण

## (श्रीमद्वाल्मीकीयरामायण एवं महाभारत के सन्दर्भ में)

□ **डॉ. अतुल कुमार सिंह***

**शोध-सारांश**

*जीवनदायी तत्त्वों की शुद्धता संरक्षित हो तो जीवन भी शुद्ध और सुरक्षित रहता है। समूची सृष्टि पंचमहाभूतों (पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश) से निर्मित है। ये पंचतत्त्व ही किसी–न–किसी रूप में जीवन का निर्माण करते हैं, उसे पोषण देते हैं। इन सभी तत्वों का सम्मिलित रूप ही पर्यावरण है। मानव प्रकृति की गोद में ही जन्मा और बड़ा हुआ। यहाँ तक कि जीवन निर्वाह के लिये भी उसी पर आश्रित रहा। वृक्षों की छाल और पत्ते उसके वस्त्र तथा कन्दमूलफल ही भोजन थे। सम्पूर्ण मानव–संस्कृति में जो सुन्दरतम् और श्रेष्ठतम् है उसका उद्‌भव वनों में ही हुआ है। सम्पूर्ण ज्ञान–विज्ञान शुद्ध प्राकृतिक वातारण में ही विकसित हुआ। अतः हमें प्रकृति का चिर ऋणी होना चाहिये और प्रकृति के संरक्षण के लिये के लिये प्रयत्नशील होना चाहिये।*

***मुख्य शब्द***– *श्रीमद्वाल्मीकीयरामायण, महाभारत, वृक्ष–वनस्पतियों, जलप्रदूषण, पर्यावरण, वृक्षावलियों, पीपलवृक्ष, ऑक्सीजन, उत्सर्जित, जीवितपुत्रिका, वट–सावित्री व्रत, कार्तिक शुक्ल, अश्वथ, पीपल, नीम, अशोक, तुलसी, वट, इमली, गुल्म, बेर, वृक्षारोपण, गंगा, यमुना, तमसा, जाह्नवी, स्वच्छता, निर्मलता, पवित्रता, पीलिया, हैजा, टाईफाइड, पेचिस, कार्बन–डाई–ऑक्साइड, सल्फर–डाई–ऑक्साइड, नाइट्रोजन–डाई–ऑक्साइड, कार्बन–मोनो–ऑक्साइड, पराबैंगनी किरण, ओजोन परत, त्वचा कैंसर, स्नो ब्लाइन्डनेस।*

**'पर्यावरण संरक्षित है तो जीवन सुरक्षित है'** यह वाक्य कहावत मात्र ही नहीं बल्कि सृष्टि का अनिवार्य और अकाट्य सत्य है। मानव और पर्यावरण का परस्पर सम्बन्ध मानव सृष्टि के प्रारम्भ से ही रहा है। मानव ने प्रकृति की गोद में ही जन्म लिया और उसी का सहारा लेकर समग्र सभ्यता को स्वरूप दे सका। सभ्यता प्रारम्भ होने से पूर्व मानव वृक्षों के ऊपर ही निवास करता था और प्रकृति के सौंदर्य से ही आह्लादित होता था। वृक्षों की छाल और पत्ते उसके वस्त्र तथा कन्दमूल फल मात्र भोजन थे। सम्पूर्ण मानव–जीवन निर्वाह के लिये भी उसी प्रकृति पर आश्रित था। सम्पूर्ण

* असिस्टेन्ट प्रोफेसर (संस्कृत), टी.एन.पी.जी. कालेज, टाण्डा, अंबेडकरनगर, मो.नं.–8840013197, e mail – atuls7876@gmail.com

मानव–संस्कृति में जो श्रेष्ठतम् है, उसका उद्भव वनों में ही हुआ है। पर्यावरण से तात्पर्य मनुष्य के चारों तरफ के आवरण से है, जिससे मनुष्य प्रभावित होता है। समूची सृष्टि पंचमहाभूतों (पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश) से निर्मित है। ये पंचतत्त्व ही किसी–न–किसी रूप में जीवन का निर्माण करते हैं, उसे पोषण देते हैं। इन सभी तत्त्वों का सम्मिलित रूप ही पर्यावरण है। मानव और पर्यावरण दोनों ही प्रकृति के अंग हैं, अतः दोनों ही दोनों के अनुकूल और प्रतिकूल परिस्थितियों से प्रभावित होते हैं। पर्यावरण सन्तुलन ही जीवन–चक्र को नियन्त्रित करता है और इसमें अवरोध उत्पन्न होते ही जीवन भी संकटग्रस्त हो जाता है। अतः हमें प्रकृति का ऋणी होना चाहिये और प्रकृति संरक्षण हेतु सदा प्रयत्नशील रहना चाहिये।

मानव सभ्यता का सम्पूर्ण ज्ञान–विज्ञान शुद्ध प्राकृतिक वातावरण में ही विकसित हुआ। यही कारण है कि इसके सुरक्षा की चिंता प्राचीन काल से ही होती रही है। दैवीय शक्ति से युक्त पर्यावरण को हानि पहुँचाने के बारे में सोचना भी असहज होगा इसलिये वैदिक काल में प्रकृति को देवत्व के रूप में स्थापित किया गया। वैदिक मन्त्र, यज्ञीय विधियाँ पर्यावरण संरक्षण के उपाय थे। नदी, वृक्ष, पृथ्वी, पर्वत आदि को देवी–देवता के रूप में स्वीकार कर पर्यावरण संरक्षण का सराहनीय प्रयास किया गया। वैदिक संस्कृत साहित्य में प्रकृति संरक्षण के दैवीय उपाय के क्रम में लौकिक संस्कृत साहित्य के आदि ग्रन्थ श्रीमद्वाल्मीकीय रामायण एवं विश्व के विशालतम् महाकाव्य महाभारत में नायक की भूमिका धारण करने वाले पुरुषोत्तम भगवान श्री राम एवं जन नायक भगवान श्री कृष्ण का जन्म से ही यज्ञ एवं पर्यावरण से अटूट सम्बंध देखने को मिलता है। यज्ञ की महिमा को प्रतिपादित करते हुए आदि कवि वाल्मीकि ने रामायण के नायक भगवान श्री रामचन्द्र जी के जन्म में श्रृंगी ऋषि के पुत्रेष्टि यज्ञ को कारण माना। बाल्यावस्था में आश्रम में शिक्षा ग्रहण करने के पश्चात, किशोरावस्था में महर्षि विश्वामित्र के साथ पर्यावरणीय संतुलन को नष्ट करने वाले सुबाहु, ताड़का आदि का वध करते हुए, युवावस्था में सीता एवं लक्ष्मण के साथ चौदह वर्षों तक पर्यावरण को क्षति पहुँचाने वाले खर, दूषण आदि अनेक राक्षसों का वध करना, यज्ञ करने वाले ऋषियों को पुनः स्थापित करना नायक के पर्यावरण के प्रति अत्यन्त प्रेम का ही प्रतीक है। मिथिला के राजा जनक ( राजा सीरध्वज ) के हलकर्षण के समय पृथ्वी से उत्पन्न हुई सीता ने प्रकृति के लिये ही अपना जीवन समर्पित कर दिया। जंगल मे निवास के समय वृक्ष–वनस्पतियों, जीव–जन्तुओं की देखभाल प्रकृति प्रेम का ही प्रतीक है। उत्तररामचरितम् में माता सीता ने प्रकृति प्रेम के कारण दोहद ( गर्भिणी की इच्छा ) के रूप में पुनः मनोहर और गम्भीर वन पंक्तियों में विहार करके पवित्र, निर्मल और शीतल जलवाली गंगा में स्नान को ही माँगा। **"जाने पुनरपि प्रसन्नगम्भीरासु वनराजिषु विहृत्य पवित्रनिर्मलशिशिरसलिलां भगवतीं भागीरथीमवगहिष्ये इति"।**

महाभारत में भी जन नायक भगवान श्री कृष्ण का प्रकृति के साथ साक्षात् सम्बन्ध दृष्टिगत होता है। गो–सेवा करना, जल–प्रदूषण फैलाने वाले कालिया नाग का अहंकार नष्ट करना, यमुना नदी के स्वच्छ पर्यावरण में बाल मित्रों के साथ खेलना, गोकुलवासियों के साथ गोवर्धन पूजा करना आदि श्री कृष्ण के प्रकृति प्रेम का उदाहरण है। श्रीमद्भगवद्गीता में प्रकृति को सृष्टि का उपादान कारण स्वीकारा गया है। प्रकृति के समस्त चमत्कारों को परमेश्वर का स्वरूप बताते हुए भगवान श्री कृष्ण कहते हैं कि ''मैं ही पृथ्वी में प्रवेश करके सभी भूत प्राणियों को धारण करता हूँ।'' श्रीमद्वाल्मीकीय रामायण के ही भाँति महाभारत में पाँच पाण्डव के जीवन का अधिकांश भाग प्रकृति की गोद में ही व्यतीत हुआ। वैदिक संस्कृत साहित्य की ही भाँति श्रीमद्वाल्मीकीय रामायण एवं महाभारत काल में प्रकृति के प्रत्येक तत्त्व को देवता सदृश स्वीकार कर पूजा–अर्चना की जाती थी। महाभारत

के आश्वमेधिक पर्व में बड़े–बड़े बागीचों को लगाना एवं उनका सेंचन कार्य करना स्वर्ग प्रदान करने वाला[1] तथा पीपल के वृक्ष पर प्रहार करने को भगवान श्री कृष्ण के ऊपर प्रहार करने के समान बताया गया है।[2] वृक्ष पर्यावरण के संरक्षक हैं, इसलिये रामायण काल में वृक्ष–वनस्पतियों से सुशोभित अयोध्या के राजमार्ग दोनों ओर वृक्षावलियों से युक्त थे[3], परंतु आज के भौतिकतावादी युग में बड़े–बड़े नगरों में पक्षियों के बैठने तक के लिये वृक्ष उपलब्ध नहीं हैं। महाभारत के भीष्म पर्व में भगवान श्री कृष्ण ने स्वयं को पीपल वृक्ष के सदृश स्वीकार किया है।[4] पीपल के वृक्ष को भगवान श्री कृष्ण के समान स्वीकार करने में महाभारत कालीन वैज्ञानिक विकास का चर्मोत्कर्ष ही दृष्टिगत होता है। आज के वैज्ञानिक युग में भी पीपल के वृक्ष को सबसे अधिक ऑक्सीजन (O) उत्सर्जित करने वाला वृक्ष माना जाता है तथा जीवन के लिये ऑक्सीजन (O) अत्यधिक महत्त्वपूर्ण है। महाभारत के शान्तिपर्व में भृगु जी ने सम्पूर्ण स्थावर और जंगम जगत् को पंचमहाभूतों से युक्त बताते हुए वृक्षों को सुख–दुःख का अनुभव करने वाला स्वीकार किया गया है।[5] भारतवर्ष में आयोजित विविध उत्सवों में वृक्षों का पूजन पर्यावरण को संरक्षित करते हुए, प्रदूषण को दूर करने का काम करते हैं। **कार्तिक शुक्ल** की नवमी तिथि को आँवले के वृक्ष के नीचे भोजन बनाकर इसकी महत्ता को प्रतिपादित किया गया है। **जीवितपुत्रिका** व्रत में माता द्वारा अपने पुत्रों के दीर्घ आयु के लिये बरियार नामक वृक्षों की पूजा करना, **महाशिवरात्रि** के पावन पर्व पर श्रद्धालु जन द्वारा भगवान शिव को बेर, भाँग आदि अर्पित करना, वट–सावित्री व्रत में वट वृक्ष की पूजा पर्यावरणीय महत्त्व का प्रतिपादक है।

इस प्रकार हम देखते हैं कि दैवीय शक्ति से युक्त पर्यावरण का संरक्षण करने वाले वृक्षों को आर्थिक लाभ हेतु काटना पापयुक्त मानकर वृक्षों की रक्षा की गयी है, परंतु आधुनिक भौतिकतावादी युग में वृक्षों को धार्मिक महत्त्व न देते हुए उन्हें आर्थिक लाभ के संसाधन के रूप में देखा गया, जिसके परिणामस्वरूप बीसवीं शताब्दी में भारत के कुल भू–भाग के 30% भूमि पर वन था जो 21वीं शताब्दी के प्रारम्भ में घटकर 19% रह गया, जबकि राष्ट्रीय वन नीति 1988 के अनुसार मैदानी भूमि के 33% भू–भाग पर तथा पहाड़ी भूमि के 67% भाग पर वन होना चाहिए। प्रदूषण को रोकने के लिये नीम, इमली, अशोक, अश्वथ, पीपल, वट, गुल्म, तुलसी, बेर आदि वृक्षों को मार्ग के दोनों तरफ, बस स्टाप, खाली स्थान पर लगाना चाहिये। इन वृक्षों में कार्बन–डाई–ऑक्साइड, धूम्र, धूल आदि सोखने की असीमित क्षमता होती है। आम 4.05 प्रतिशत, वट 3.59 प्रतिशत, कदम्ब 4.56 प्रतिशत, पीपल 4.15 प्रतिशत, अशोक 4.56 प्रतिशत धूल, धूम्र, सोखने की क्षमता रखते हैं। अतः प्राण वायु की शुद्धता बनाए रखने एवं पर्यावरण प्रदूषण को रोकने के लिये वृक्षारोपण एक महत्त्वपूर्ण उपाय है। वैदिक काल में प्राण वायु की शुद्धता बनाए रखने एवं वायु प्रदूषण को दूर करने के लिये धार्मिक अनुष्ठान में यज्ञादि को विशेष महत्त्व दिया गया था। यज्ञ से निकलने वाले सुगंधित धूम्र का वातावरण की शुद्धता में विशेष योगदान है। महाभारत के भीष्म पर्व में यज्ञ को वृष्टि का प्रमुख कारण बताया गया है। यज्ञ में प्रयुक्त जल, गुग्गुल, केशर, अखरोट, शर्करा, दुग्ध, गुड़, घृत, मखाना, चावल, समिधा, आदि पुष्टिकारक पदार्थ कस्तूरी, अगर, तगर, चन्दन आदि सुगंधित द्रव्यों के साथ मिलकर दूषित वायु को शुद्ध करते हैं।

वर्तमान काल में भी अनेक प्रायोगिक परीक्षणों ने यह सिद्ध कर दिया है कि वृष्टि, जल और वायु की शुद्धि, पर्यावरण संतुलन एवं रोग निवारण में यज्ञ की महत्त्वपूर्ण भूमिका है। परंतु इस भौतिकता वादी युग में उद्योगों से निकलने वाले विषाक्त गैसों ने बड़े–बड़े यज्ञों से निकलने वाले धुएँ का स्थान ले लिया। परिणामतः वातावरण में सल्फर–डाई–ऑक्साइड, कार्बन–मोनो–ऑक्साइड, नाइट्रोजन–डाई–ऑक्साइड, कार्बन–डाई–ऑक्साइड की मात्रा में निरंतर वृद्धि हो रही है। इन गैसों के बढ़ने से वैश्विक ऊष्मीकरण (ग्लोबल वार्मिंग) आदि

की समस्या उत्पन्न हो रही है। ग्रीन हाउस गैस के बढ़ने से पराबैंगनी किरणों से हमारी रक्षा करने वाली ओजोन परत में छिद्र हो गया है, जिससे त्वचा कैंसर, स्नो ब्लाइन्डनेस आदि बीमारियाँ उत्पन्न होती हैं।

वायु प्रदूषण के अतिरिक्त जल प्रदूषण भी आधुनिक काल के लिए चिंता का विषय है। वैदिक काल से लेकर रामायण एवं महाभारत काल तक नदियों को धार्मिक महत्त्व देते हुए उन्हें मातृ–तुल्य माना जाता था। राजा सगर के साठ हजार पुत्रों का उद्धार करने वाली भगवती गंगा की पवित्रता, स्वच्छता, निर्मलता पर आज भी किसी को सन्देह नहीं है। प्राचीन संस्कृत साहित्य में गंगा, यमुना, आदि नदियों के जीवंत होने के अनेक प्रमाण मिलते हैं। महाभारत के भीष्मपर्व में भगवान श्री कृष्ण ने सर्वपापनाशिनी गंगा के तट पर स्थित भू–भाग को भी तपोवन के रूप में स्वीकार किया। महाभारत के वनपर्व में गंगा के महत्त्व को स्वीकार करते हुए **"स्रोत्सामस्मि जाह्नवी"** कहा है। गंगा को सर्वपापनाशिनी बताने के साथ–साथ गंगा तट और यमुना के पवित्र संगम पर स्नान करने को दस अश्वमेध यज्ञ करने के समान पुण्यप्रद स्वीकार किया गया। इस प्रकार नदियों को देव–तुल्य, मातृ–तुल्य मानने से उसमें मल–मूत्र आदि गंदगी का विसर्जन सर्वथा पापयुक्त समझा जाता था। परन्तु वर्तमान समय में हम नदियों में अनेक शहरों एवं उद्योगों से निकलने वाले सम्पूर्ण कचरे को प्रवाहित करते हैं, जिससे पवित्र करने वाली नदियों की पवित्रता भी चिन्तनीय हो गयी गई है। कृषि कार्य में प्रयुक्त रासायनिक खाद, औद्योगिक कचरे से भूमिगत जल भी प्रदूषित होता जा रहा है। इस प्रकार प्राचीन काल में वृक्ष, नदी, यज्ञ आदि को धार्मिक महत्त्व प्रदान करते हुए पर्यावरण को संरक्षित करने का सफल प्रयास किया गया था, परंतु इस अर्थवादी युग में हमने पर्यावरण संरक्षण के उन तमाम उपायों को छोड़ दिया है। हम उपभोक्तावाद के जंजाल में ऐसे उलझ चुके हैं कि प्रकृति की सुरक्षा और संरक्षण की तरफ हमारा ध्यान ही नहीं है परिणामस्वरूप यत्र–तत्र–सर्वत्र प्रदूषण व्याप्त हो चुका है। मानव जीवन का सम्पूर्ण परिवेश दूषित हो चुका है। वायु, जल, पृथ्वी आदि सभी प्रदूषित हो चुके हैं। पीने योग्य जल, श्वास लेने योग्य वायु का अभाव हो चुका है। प्राचीन काल में वन में जीवन व्यतीत करते हुए लोग वहाँ उपलब्ध कंद मूल फल एवं तालाबों, नदियों के जल से स्वस्थ जीवन व्यतीत करते थे, परंतु इस समय प्रदूषण के कारण भूमिगत जल को भी विविध उपायों से शुद्ध पेय बनाया जाता है। विविध कीटनाशकों के प्रयोग से उत्पन्न सब्जियों एवं फल की उपयोगिता पर संदेह होता है। फसलों पर विविध प्रकार के रासायनिक ऊर्वरक, कीटाणु नाशक दवाओं का प्रयोग होने से मनुष्य तरह–तरह के रोगों से ग्रसित हो रहा है। अनेकानेक वैज्ञानिक आविष्कारों से शुद्ध वायु अप्राप्य हो गया है। वृक्ष निरन्तर कटते जा रहे हैं जिसके परिणामस्वरूप भू–क्षरण हो रहा है, भूमि की उर्वरता घटती जा रही है। परिणामतः पेचिस, हैजा, टाईफाइड, पीलिया जैसी विविध बीमारियाँ विकराल रूप लेती जा रही हैं।

निष्कर्षतः मानव कल्याणार्थ पर्यावरणीय चिंतन अति आवश्यक है। रामायण एवं महाभारत ही नहीं अपितु सम्पूर्ण संस्कृत साहित्य ही इस प्रकार के चिंतन से परिपूर्ण है। हमें इनसे शिक्षा लेकर आने वाले कल को सुरक्षित करना चाहिये।

**सन्दर्भ ग्रन्थ सूची**


1. आरामान् वृक्षषण्डांश्च रोपयन्ति च ये नराः। महाभारत 'आश्वमेधिक पर्व' 92
2. यस्त्वेनं प्रहरेत् कोपान्मामेव प्रहरेत् तु सः। महाभारत 'आश्वमेधिक पर्व' 92
3. राजमार्गेण महता सुविभक्तेन शोभिता। मुक्त पुष्पविकीर्णेन जलसिक्तेन नित्यशः।। श्रीमद्वाल्मीकीयरामायण 'बालकाण्ड' 05/08
4. अश्वत्थः सर्ववृक्षाणां। महाभारत 'भीष्मपर्व' 34/26
5. इत्येतैः पंचभिर्भूतैर्युक्तं स्थावर जंगमम्। श्रोतं घ्राणं रसः स्पर्शो दृष्टिश्चेन्द्रियसंज्ञिताः।। महाभारत 'शान्ति पर्व' 184/05
6. महाभारत 'भीष्म पर्व' 34/31

**SHODH-GARIMA–YEAR-2, VOL. 2 (April to June, 2025)**
**A Peer-Reviewed & Referred International Multidisciplinary Research Journal**
**ISSN (Print) : 3048-6327**
**IMPACT-FACTOR SJIF - 5.223**
SHODH-GARIMA YEAR 2025 Vol. 2 PRAYAGRAJ
**Paper Recieved : 11th June 2025** **Paper Accepted : 16th June 2025**

# आचार्य रामचन्द्र शुक्ल की आधुनिककालीन साहित्येतिहास दृष्टि

▫ माया*

**शोध-सारांश**

*आचार्य रामचन्द्र शुक्ल हिन्दी के मूर्धन्य आलोचक हैं। आचार्य रामचन्द्र शुक्ल की इतिहास दृष्टि पर भौतिकवादी चिन्तन का प्रभाव है। हिन्दी साहित्य का आधुनिक काल भाषा और साहित्य दोनों की दृष्टि से बेहद महत्त्वपूर्ण कालखण्ड है। इस काल में जहाँ हिन्दी गद्य का आविर्भाव होता है और खड़ी बोली में अनेक गद्य–विधाओं का सृजन होता है, वहीं साहित्य दरबार से निकलकर आम जनता की समस्याओं व राष्ट्रहित से जुड़ जाता है। आचार्य शुक्ल इस परिवर्तन की प्रशंसा करते दिखाई देते हैं। अपने भौतिकवादी इतिहास दृष्टि की वजह से वह रहस्यवाद, पूँजीवाद, साम्राज्यवाद, सामंतवाद के खिलाफ खड़े दिखाई देते हैं। आचार्य शुक्ल की इतिहास दृष्टि लोक और शास्त्र के समन्वय से बनी है। एक ओर वे साहित्य में भिन्न–भिन्न सत्ताओं का विरोध करते हैं तो दूसरी ओर साहित्य की जीवंतता के लिए लोक की ओर उन्मुख होते हैं।*

***मुख्य शब्द***– *साहित्येतिहास दृष्टि, आधुनिकता, यथार्थवाद, भौतिकता, आन्दोलन, कल्पना, रहस्य, लोकजीवन, उपनिवेशवाद, साम्राज्यवाद, पूँजीवाद, छायावाद, स्वतंत्रता, अभिव्यंजनावाद, साम्यवाद, कलावाद, बिम्ब।*

आधुनिक काल के आते ही साहित्य में भी आधुनिकता का प्रवेश होता है। साहित्य में नयी विचारधाराओं की तरंगें उठती हैं और साहित्य भिन्न–भिन्न नवीन गद्य विधाओं में तेजी से विकास करता है। आधुनिक काल के परिवेश में मुगल साम्राज्य का अंत होता है। पुर्तगालियों का प्रसार होता है और सबसे उल्लेखनीय– ब्रिटिश साम्राज्य का प्रचार–प्रसार। इस आधुनिक काल में प्रेस की स्थापना होती है, भिन्न–भिन्न प्रकार की पत्र–पत्रिकाएँ निकलती हैं और कई प्रकार के सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक सुधार के प्रयास होते हैं। तत्कालीन आधुनिक समाज को आगे बढ़ाने में ज्ञान–विज्ञान से पूर्ण और स्वस्थ परम्पराओं को आगे बढ़ाने वाले कई महानुभावों का आविर्भाव होता है। आर्य समाज, ब्रह्म समाज, प्रार्थना समाज, थियोसोफिकल सोसायटी आदि अन्य प्रकार की भिन्न–भिन्न संस्थाओं और समाज सुधारकों के द्वारा समाज में

* असि. प्रोफेसर (हिन्दी), टी.एन.पी.जी. कॉलेज, टाण्डा, अम्बेडकरनगर

व्याप्त विसंगतियों को दूर करने के प्रयास होते रहे। सती प्रथा का अंत हो रहा था। विधवा पुनर्विवाह पर जोर दिया जा रहा था। बाल विवाह को रोका जा रहा था। जाति–पाँति, छुआछूत पर अंकुश कसा जा रहा था।

किसी भाषा का साहित्य अपने समय और समाज से गहरे में बँधा होता है। वह एक प्रकार से समाज में चल रही छोटी–बड़ी घटनाओं को प्रतिबिम्बित करता है और साथ–ही–साथ उसे नयी दिशा देने का प्रयास भी करता है। आधुनिकता आने के साथ–साथ समाज और साहित्य में नये–नये विचार की लहर उठती है। इन सब बातों के लिए पद्य की अपेक्षा गद्य की जरूरत हुई और आधुनिक हिंदी साहित्य में इसीलिए गद्य का विकास होता है। इसीलिए समालोचक आचार्य शुक्ल अपने साहित्य के इतिहास में आधुनिक काल पर विचार करते समय गद्य पर विचार करते हैं। आचार्य शुक्ल के पहले के विद्वानों ने हिंदी गद्य के विकास में बाहरी शक्तियों, शासकों को श्रेय दिया है किंतु मौलिक इतिहास दृष्टि से बद्ध आचार्य शुक्ल ने इस बात का पुरजोर ढंग से खण्डन किया। डॉ. रामविलास शर्मा लिखते हैं–

"शुक्ल जी के सामने खड़ी बोली के प्रसार के ऐतिहासिक कारण स्पष्ट थे, इसलिए वह ग्रियर्सन आदि के इस प्रचार से सहमत न हो सकते थे कि हिंदी गद्य का विकास–यानी गद्य में खड़ी–बोली के हिंदी रूप का विकास–अंग्रेजों की कृपा का फल था। न वह कुछ अंग्रेज भाषा वैज्ञानिकों और उनके हिंदुस्तानी अनुयायियों के इस प्रचार से सहमत हो सकते थे कि उर्दू से प्रचलित अरबी–फारसी के शब्द निकालकर उनकी जगह संस्कृत के शब्द रखने से हिंदी गद्य का विकास हुआ। शुक्ल जी ने दिखलाया है कि खड़ी बोली के प्रचलित रूप के आधार पर हिंदी गद्य का विकास हुआ है। यह साबित करने के लिए उन्होंने लल्लू जी लाल से पहले के हिंदी गद्य के नमूने दिए और यह भी दिखला दिया कि वे नमूने लल्लू जी लाल से ज्यादा साफ–सुथरी हिंदी की मिसाल थे।''[1]

इस प्रकार आचार्य रामचन्द्र शुक्ल गद्य के विकास को स्वाभाविक परम्परा के रूप में देखते हैं न कि विदेशी शासन के दबाव के कारण। वे गद्य के विकास में व्यापारियों एवं बाजार को महत्त्वपूर्ण मानते हैं। चूँकि मुगल साम्राज्य के पतन के समय 'दिल्ली के आसपास के प्रदेशों की हिन्दू व्यापारी जातियाँ (अगरवाल, खत्री आदि) जीविका के लिए लखनऊ, फैजाबाद, प्रयाग, काशी, पटना आदि पूर्वी शहरों में फैलने लगीं, और आचार्य रामचन्द्र शुक्ल यह भी स्पष्ट करते हैं 'अकबर और जहाँगीर के समय में ही खड़ी बोली भिन्न–भिन्न प्रदेशों में शिष्ट समाज के व्यवहार की भाषा हो चली थी' इस प्रकार हिंदी गद्य के विकास के संबंध में आचार्य शुक्ल की यह भिन्न साहित्येतिहास दृष्टि है।

भारतेन्दु से पूर्व का साहित्य विशेषतः रीतिकाल दरबारी संस्कृति में जकड़ा हुआ था। उस दरबारी साहित्य का सामान्य जनता के सुख–दुःख से कोई लेना–देना नहीं था। आधुनिक काल में आकर बाबू हरिश्चंद्र ने साहित्य के क्षेत्र में बड़ी क्रांति कर दी। रीतिकालीन दरबारी संस्कृति में फँसे साहित्य को उन्होंने जन–सामान्य के बीच लाकर खड़ा कर दिया। आचार्य रामचंद्र शुक्ल उनके इस ऐतिहासिक कार्य की दिल खोलकर प्रशंसा करते हैं। वे लिखते हैं–

''भारतेन्दु हरिश्चन्द्र का प्रभाव भाषा और साहित्य दोनों पर बड़ा गहरा पड़ा। उन्होंने जिस प्रकार गद्य की भाषा को परिमार्जित करके उसे बहुत ही चलता, मधुर और स्वच्छ रूप दिया, उसी प्रकार हिंदी साहित्य को भी नये मार्ग पर लाकर खड़ा कर दिया.......इस प्रकार हमारे जीवन और साहित्य के बीच जो विच्छेद पड़ रहा था उसे उन्होंने दूर किया। हमारे साहित्य को नये–नये विषयों की ओर प्रवृत्त करने वाले हरिश्चन्द्र ही हुए।''[2]

आचार्य रामचन्द्र शुक्ल द्वारा भारतेन्दु युग की प्रशंसा इस बात से अवगत कराती है कि आचार्य रामचन्द्र शुक्ल की साहित्येतिहास दृष्टि लोकवादी

है और सामंत एवं अभिजात्यवाद की विरोधी है।

भारतेन्दु युग का साहित्य निश्चित रूप से जनता के बीच का साहित्य है। उसमें एक खास प्रकार की जिंदादिली है। समाज को नयी दिशा देने का दृढ़ संकल्प है। स्वाधीन राष्ट्रीय चेतना है। और सबसे बड़ी बात यह है कि समाज की भिन्न–भिन्न विसंगतियों को दूर करने के लिए जितने महापुरुष उल्लेखनीय कार्य कर रहे थे, लगभग वही सारा कार्य भारतेन्दु मण्डली के साहित्यकारों ने भी नयी–नयी गद्य विधाओं में लिखकर किया।

इस तरह लगातार सामाजिक रूढ़ियों पर भारतेन्दु और उनके बाद के साहित्यकारों ने लिखा। आरम्भ हुई नयी गद्य विधाओं का विकास हुआ। एक प्रकार से साहित्य ऊँचाई पर पहुँचा। साहित्य और समाज का गहरा संबंध बना। इन सब बातों के दौरान भाषा व व्याकरण की स्थिति थोड़ी–सी डगमगाती नजर आती है 'भारतेन्दु जी और उनके सहयोगी लेखकों की दृष्टि व्याकरण के नियमों पर अच्छी तरह जमी नहीं थी', परिणाम यह होता है कि क्रिया, संज्ञा, विशेषण, मुहावरा आदि का ऊटपटांग प्रयोग होने लगता है। ऐसे समय में आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी ने व्याकरणहीन, ऊटपटांग, बिगड़ती भाषा को सँभालने का महत्त्वपूर्ण जिम्मा उठाया। आचार्य शुक्ल लिखते हैं–

''व्याकरण के व्यतिक्रम और भाषा की अस्थिरता पर थोड़े ही दिनों में कोप दृष्टि पड़ी, पर भाषा की रूप हानि की ओर उतना ध्यान नहीं दिया गया। पर जो कुछ हुआ वही बहुत हुआ और उसके लिए हमारा साहित्य पण्डित महावीर प्रसाद द्विवेदी का सदा ऋणी रहेगा। व्याकरण की शुद्धता और भाषा की सफाई के प्रवर्तक द्विवेदी जी ही थे। 'सरस्वती' के संपादक के रूप में उन्होंने आयी हुई पुस्तकों के भीतर व्याकरण और भाषा की अशुद्धियाँ दिखाकर लेखकों को बहुत कुछ सावधान कर दिया। यद्यपि कुछ हठी और अनाड़ी लेखक अपनी भूलों और गलतियों का समर्थन तरह–तरह की बातें बनाकर करते रहे पर अधिकतर लेखकों ने लाभ उठाया और लिखते समय व्याकरण आदि का पूरा ध्यान रखने लगे। गद्य की भाषा पर द्विवेदी जी के इस शुभ प्रभाव का स्मरण जब तक भाषा के लिए शुद्धता आवश्यक समझी जायेगी तब तक बना रहेगा।''[3]

इस प्रकार यह आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी द्वारा बहुत महत्त्वपूर्ण कार्य हुआ जिसे आचार्य रामचंद्र शुक्ल सही ढंग से विश्लेषित करते हैं। आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी ने चली आ रही साहित्य की परिभाषा में योग देते हुए उसे 'ज्ञान राशि का संचित कोश' भी माना।

आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने अपने साहित्येतिहास में वीरगाथाकाल से लेकर छायावाद तक विचार किया है। वे आदि से आद्य अर्थात् छायावाद पर विचार करते हुए साहित्य, समाज, संस्कृति एवं परंपरा का बारीक ढंग से विश्लेषण करते हैं। आचार्य शुक्ल रीतिकालीन साहित्य के प्रति नकारात्मक दिखाई देते हैं। एक प्रकार से वे सामंती, साम्राज्यवादी, रीतिवादी प्रवृत्तियों के घोर विरोधी हैं। रीतिकाल में जब काव्य लोकजीवन से कट गया, दरबार की चहारदीवारी में कैद हो गया, एक बद्ध नाली में बहने लगा; आचार्य शुक्ल इससे बेहद खिन्न होते दिखाई देते हैं। जब आधुनिक युग में आकर साहित्य उस बँधी हुई नाली से बाहर आता है तो आचार्य शुक्ल दिल खोलकर उसका स्वागत करते हैं। भारतेन्दु और उनकी मण्डली के प्रति बेहद सकारात्मक दिखाई देते हैं। बहुत ज्यादा तो नहीं लेकिन ऐतिहासिक जरूरत की स्थिति को परख कर आचार्य शुक्ल आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी की प्रशंसा करते हैं। वास्तव में आचार्य द्विवेदी ने भाषा व व्याकरण एवं काव्य की विविधता के लिए जो कार्य किया वह अविस्मरणीय और ऐतिहासिक रहा। भारतेन्दु और द्विवेदी युग राष्ट्रीय स्वाधीनता के लिए, भारतीय गर्व–अभिमान आदि के लिए लगातार भारतीय समाज को नई ऊर्जा से भरता रहा। द्विवेदी युग के बाद हिंदी काव्य–जगत में 'छायावाद' आता है। भिन्न–भिन्न प्रकार के

विद्वानों ने आचार्य रामचंद्र शुक्ल द्वारा विश्लेषित छायावाद का विरोध किया। उनका मानना है कि आचार्य शुक्ल ने 'छायावाद' का समुचित मूल्यांकन नहीं किया है।

आचार्य रामचंद्र शुक्ल साहित्य में स्वाभाविकता पर बल देते हैं। उन्हें कृत्रिमता और बलपूर्वक लाई गयी प्रवृत्तियों, धाराओं से कड़ी आपत्ति है। आचार्य रामचंद्र शुक्ल छायावाद को या इस प्रकार की रचनाओं को अपने आते हुए स्वाभाविक मार्ग के विरुद्ध मानते हैं। आचार्य शुक्ल का मानना है कि भारतेन्दु युग और द्विवेदी युग से होते हुए स्वाभाविक स्वच्छंद धारा श्रीधर पाठक, रामनरेश त्रिपाठी, मैथिलीशरण गुप्त एवं मुकुटधर पाण्डे से आगे धीरे–धीरे बढ़ रही थी। एक प्रकार से वे नयी धारा जो 'छायावाद' से निकट पूर्व की है; उसे स्वच्छंद नूतन धारा के रूप में रेखांकित करते हैं और वे लिखते हैं–

''अतः हिंदी कविता की नयी धारा का प्रवर्तक इन्हीं को–विशेषतः श्री मैथिलीशरण गुप्त और श्री मुकुटधर पाण्डे को–समझना चाहिए.....छायावाद के पहले नये–नये मार्मिक विषयों की ओर हिंदी कविता प्रवृत्त होती आ रही थी। कसर थी तो आवश्यक और व्यंजक शैली की, कल्पना और संवेदना के अधिक योग की। तात्पर्य यह कि छायावाद जिस आकांक्षा का परिणाम था उसका लक्ष्य केवल अभिव्यंजना की रोचक प्रणाली का विकास था जो धीरे–धीरे अपने स्वतंत्र ढर्रे पर श्री मैथिलीशरण गुप्त, श्री मुकुटधर पाण्डे आदि के द्वारा हो रहा था।''[4]

इस प्रकार आचार्य शुक्ल स्वछन्द काव्य धारा को महत्त्व देते हैं जो जीवन की विविधता की अभिव्यक्ति को लिए होता है। आचार्य शुक्ल ने आध्यात्मिक परोक्ष सत्ता, अस्वाभाविक रहस्यवाद व कविवर रवीन्द्रनाथ टैगोर के प्रभाव आदि को इस नूतन चली आ रही स्वच्छंद धारा में ठीक नहीं माना है। वे स्पष्ट रूप से मानते हैं–

''गुप्त जी और मुकुटधर पाण्डे आदि के द्वारा स्वच्छंद नूतन धारा चली ही थी कि श्री रवीन्द्रनाथ ठाकुर की उन कविताओं की धूम हुई जो अधिकतर पाश्चात्य ढाँचे का आध्यात्मिक रहस्यवाद लेकर चली थी। परंतु ईसाई संतों के छायाभास (फैन्टासमाटा) तथा यूरोपीय काव्यक्षेत्र में परवर्तित आध्यात्मिक प्रतीकवाद (सिंबालिज्म) के अनुकरण पर रची जाने के कारण बांग्ला में ऐसी कविताएँ छायावाद कही जाने लगी थी। यह वाद क्या प्रकट हुआ, एक बने बनाए रास्ते का दरवाजा–सा खुल पड़ा और हिंदी के कुछ नये कवि उधर एकबारगी झुक पड़े......छायावाद नाम चल पड़ने का परिणाम यह हुआ कि बहुत से कवि रहस्यात्मकता, अभिव्यंजना के लाक्षणिक वैचित्र्य, वस्तु विन्यास की विश्रृंखलता, चित्रमयी भाषा और मधुमयी कल्पना को ही साध्य मान कर चले, शैली की इन विशेषताओं को दूरारूढ़ साधना में ही लीन हो जाने के कारण अर्थ भूमि के विस्तार की ओर उनकी दृष्टि न रही। विभाव पक्ष या तो शून्य अथवा अनिर्दिष्ट रह गया। इस प्रकार प्रसारणोंन्मुख काव्य क्षेत्र बहुत कुछ संकुचित हो गया।''[5]

इस प्रकार आचार्य शुक्ल छायावाद को बाहरी विचारधारा से बद्ध मानते हैं। वे बांग्ला का अनुवाद भी मानते हैं। चूँकि आचार्य शुक्ल उस नूतन स्वच्छंद परंपरा के समर्थक हैं जो जीवन की विविधता को अभिव्यक्त करती है। आचार्य शुक्ल छायावाद में कृत्रिमता को देखकर अप्रसन्न होते हैं क्योंकि काव्यक्षेत्र का प्रसार संकुचित हो जाता है।

आचार्य शुक्ल छायावाद की परिभाषा के संदर्भ में दो बातें लिखते हैं–रहस्यवाद, पद्धति। उन्हीं के शब्दों में–

''छायावाद शब्द का प्रयोग दो अर्थों में समझना चाहिए। एक तो रहस्यवाद के अर्थ में, जहाँ उसका संबंध काव्य वस्तु से होता है, अर्थात् जहाँ कवि उस अनंत और अज्ञात प्रियतम को आलंबन बनाकर अत्यंत चित्रमयी भाषा में प्रेम की अनेक प्रकार से व्यंजना करता है......छायावाद शब्द का दूसरा प्रयोग काव्यशैली या पद्धति विशेष के व्यापक अर्थ में है।''[6]

Journal Starting Year-**2024**, Frequency- **Quarterly**, Subject- **Multidisciplinary**, Language-**Hindi & English**, Publishers- **Sushil Kumar Kushwaha,** Publishing Body- **G.H. Publication**, Prayagraj, U.P.-211003 (India), Email Id:- **ghpublication@gmail.com**

आचार्य रामचंद्र शुक्ल का यह छायावाद संबंधी विवेचन–विश्लेषण एवं मूल्यांकन हिंदी भाषा–भाषी पाठकों, विद्वानों को पसंद नहीं आया। वस्तुतः आचार्य रामचंद्र शुक्ल नवजागरणकालीन आलोचक थे। आचार्य शुक्ल के आलोचनात्मक साहित्य को ध्यान से पढ़ने पर यह बोध होता है कि वे अपने समय–समाज से गहरे रूप से प्रभावित थे। राष्ट्रीय स्वाधीनता आंदोलन चरम पर था। सड़कें आंदोलनकारियों से भरी पड़ी थीं। लोग जेलों में डाले जा रहे थे। देश की स्वतंत्रता के लिए बलिदान वेदी पर चढ़ने के लिए लोग तत्पर थे। आचार्य शुक्ल तत्कालीन साहित्य से आध्यात्मिक रहस्यवाद को, पलायनवाद को एवं विदेशी काव्य पद्धति को रोकना चाहते थे। वे साहित्य की दिशा को लोक जनमानस की चित्तवृत्ति की ओर उन्मुख करना चाहते थे। वे रीतिकाल की पीठ पर से चले आ रहे उस भौतिकवादी चिंतन को देख रहे थे–जिसका उद्देश्य इहलौकिक सामान्य जनता के सुख–दुःख की अभिव्यक्ति थी। डॉ. रामविलास शर्मा लिखते हैं–

''शुक्ल जी ने छायावाद का विरोध किया, इसके पीछे भी यथार्थ मानव जीवन से उनका प्रेम था। वह साहित्य को परोक्ष चिंतन, रहस्यवाद, अटपटी और दुरूह शैली से बचाना चाहते थे, भाग्यवाद, निराशावाद और पश्चिमी कविता के पतनशील रुझानों से हिंदी साहित्य की जातीय परंपरा की रक्षा करना चाहते थे।''[7]

आचार्य रामचंद्र शुक्ल छायावाद को बांग्ला का अनुवाद मानते हुए; पश्चिम के प्रतीकवाद से जोड़कर उसे खारिज कर देते हैं। जबकि छायावाद की कविताएँ बहुत कुछ को लिए हुए अर्थात् जीवन की भिन्न–भिन्न दशाओं की अभिव्यक्ति कर रही थीं। यह भी सच है कि कविवर रवीन्द्रनाथ टैगोर और उनकी विश्व प्रसिद्ध 'गीताजंलि' की खूब धूम मची हुई थी और इसका प्रभाव हिंदी के तत्कालीन काव्यधारा पर पड़ रहा था। प्रोफेसर मैनेजर पाण्डेय लिखते हैं–

''आचार्य शुक्ल की मान्यता थी कि हिंदी में छायावाद बांग्ला साहित्य से आया है और उसकी आध्यात्मिकता और रहस्यवादिता पर रवीन्द्रनाथ टैगोर का प्रभाव है। आचार्य शुक्ल की यह मान्यता अंशतः सही है। हिंदी में छायावाद बांग्ला से नहीं आया था, लेकिन छायावादी कवियों के रहस्यवाद पर टैगोर का प्रभाव पड़ा था। उस समय रवीन्द्रनाथ टैगोर की गीताजंलि की आध्यात्मिकता की धूम मची हुई थी।

आचार्य शुक्ल हिंदी की यथार्थवादी रचना और वस्तुवादी आलोचना के विकास में रहस्यवाद तथा आध्यात्मिकता को बाधक समझते थे। इसीलिए उन्होंने हिंदी में इन प्रवृत्तियों के प्रचार–प्रसार पर ही नहीं, इनके एक मूल स्रोत टैगोर पर ही आक्रमण किया।''[8]

इस प्रकार आचार्य रामचंद्र शुक्ल के छायावाद मूल्यांकन पर लम्बे समय तक विद्वान आरोप लगाते रहे कि आचार्य शुक्ल ने छायावाद का समुचित मूल्यांकन नहीं किया है। जबकि यह विविधता से भरा हुआ, रूढ़िवाद एवं सामंतवाद का विरोध, राष्ट्रीय स्वाधीन चेतना की अभिव्यक्ति करने वाला साहित्य रहा है। इस प्रकार इसे रहस्यवाद, काव्य पद्धति विशेष एवं लोक से इतर मानना उचित नहीं है।

## सन्दर्भ ग्रन्थ सूची


1. रामविलास शर्मा, आचार्य रामचंद्र शुक्ल और हिंदी आलोचना, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, पृ. 144
2. आचार्य रामचंद्र शुक्ल, हिंदी साहित्य का इतिहास, वैभव लक्ष्मी प्रकाशन, वाराणसी, पृ. 323
3. वही पृ. 350
4. वही, पृ. 456
5. वही, पृ. 456–457
6. वही, पृ. 467–468
7. वही, पृ. 65
8. मैनेजर पाण्डेय, साहित्य और इतिहास दृष्टि, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, पृ. 123–124

**SHODH-GARIMA–YEAR-2, VOL. 2 (April to June, 2025)**
**A Peer-Reviewed & Referred International Multidisciplinary Research Journal**
**ISSN (Print) : 3048-6327**
**IMPACT-FACTOR SJIF - 5.223**
**Paper Recieved : 11th June 2025** **Paper Accepted : 16th June 2025**

# 1857 की क्रान्ति और रणवीरी देवी

**डॉ. फ़ैज़ान अहमद***

**शोध-सारांश**

*वीरांगना रणवीरी देवी वाल्मीकि समुदाय की एक महिला थीं। वह मुज़फ़्फ़रनगर जनपद की शामली तहसील की रहने वाली थीं। वह एक वीर, साहसी तथा निडर महिला थीं। वह एक कुशल तलवारबाज़ भी थीं। उनके इन्हीं गुणों से प्रभावित होकर चौधरी मोहर सिंह ने उन्हें अपनी फ़ौजी टुकड़ी में शामिल कर लिया था। 1857 ई. की क्रान्ति में चौधरी मोहर सिंह के नेतृत्व में रणवीरी देवी ने अंग्रेज़ों से जमकर लोहा लिया। उन्होंने अपने कुशल रण–कौशल का परिचय देते हुये कई अंग्रेज़ सैनिकों को मौत के घाट उतार दिया। उनके पराक्रम से अंग्रेज़ों की सेना में खलबली मच गई। इस संघर्ष में अंग्रेज़ों ने क्रान्तिकारियों पर गोलियाँ बरसानी प्रारम्भ कर दीं, जिसमें अन्य क्रान्तिकारियों के साथ रणवीरी देवी भी वीरगति को प्राप्त हो गईं। रणवीरी देवी ने अपना बलिदान देकर सच्चे देशप्रेम का महान उदाहरण प्रस्तुत किया। 1857 ई. की क्रान्ति में रणवीरी देवी की भूमिका अत्यन्त प्रशंसनीय है।*

***मुख्य शब्द***– *1857 ई. की क्रान्ति, क्रान्ति में भूमिका, शहादत, इतिहासकारों द्वारा उपेक्षा तथा महान प्रेरणा स्रोत।*

**प्रस्तावना**

1857 ई. की महान् क्रान्ति को तत्कालीन औपनिवेशिक शासकों ने ग़दर कहा था। लेकिन हमारे देशवासियों के लिए यह प्रथम स्वतन्त्रता संग्राम से कम नहीं था। इस प्रथम स्वतन्त्रता संग्राम में लाखों भारतीयों ने अपना बलिदान दिया था। भारत देश के नागरिकों को अपने ऐसे ही वीर सपूतों और वीरांगनाओं पर गर्व है, जिन्होंने देश की स्वतन्त्रता के लिए अपना सर्वस्व लुटा दिया।

वाल्मीकि, चूहड़ा, लालबेगी, हलालख़ोर, हेला, बसोर, धानुक और महार आदि जातियाँ परम्परागत रूप से सफ़ाई कार्य से जुड़ी रही हैं। भारतीय समाज में ये जातियाँ सामाजिक स्तर में सबसे निम्न मानी जाती रही हैं। लेकिन इन जातियों के लोग प्रारम्भ से ही बहादुर एवं स्वाभिमानी रहे हैं। इस समुदाय के योगदान की गाथा इतिहास में

* प्रोफ़ेसर (राजनीति विज्ञान) एवं कार्यवाहक प्राचार्य, जी.बी.पन्त (पी.जी.) कॉलेज, कछला, बदायूँ (उ.प्र.), E-mail-gbpantdegreecollege@gmail.com, Mob.- 9412368300

भरी पड़ी है। इस समुदाय के पुरुषों के साथ–साथ महिलाओं ने भी अपने वीरतापूर्ण कार्यों से भारतवासियों को प्रभावित एवं प्रेरित किया है।

भारतीयों ने अंग्रेज़ों की दासता से मुक्ति प्राप्त करने हेतु सर्वप्रथम प्रयास 1857 ई. में किया था, जिसे भारत का प्रथम स्वतन्त्रता संग्राम माना जाता है। इसका प्रारम्भ 10 मई, 1857 ई. को मेरठ से हुआ था। अंग्रेज़ी सत्ता को नष्ट करने के लिए न केवल क्रान्तिकारियों, बल्कि साधारण जनता ने भी इसमें खुलकर भाग लिया था। इसमें राजा–महाराजा, नवाब, जागीरदार, ज़मींदार, कामगार, किसान और मज़दूर आदि सभी सम्मिलित थे। इस क्रान्ति में सवर्ण जातियों, पिछड़ी जातियों तथा दलित जातियों आदि सभी ने सक्रिय रूप से प्रतिभाग किया।

जिन महान् विभूतियों ने 1857 ई. की क्रान्ति में देश की स्वतन्त्रता के लिए अपने प्राणों की बलि दी, उनमें से एक प्रमुख वीरांगना थीं–रणवीरी देवी। रणवीरी देवी वाल्मीकि समुदाय की एक महिला थीं जो कि मुज़फ़्फ़रनगर जनपद की शामली तहसील की रहने वाली थीं। वर्तमान में शामली को ज़िले का दर्जा प्राप्त है। यह क्षेत्र गंगा–यमुना दोआब क्षेत्र में आता है। 1857 ई. की क्रान्ति में वीरांगना रणवीरी देवी की भूमिका अत्यन्त प्रशंसनीय है।

## क्रान्ति में भूमिका

13 मई, 1857 ई. को पूरा मुज़फ़्फ़रनगर ज़िला क्रान्तिमय हो गया था। मुज़फ़्फ़रनगर के आस–पास के क्षेत्रों जैसे शामली तहसील में भी विद्रोह प्रबल था। उस समय तहसील शामली अपनी स्थिति के कारण विद्रोह का केन्द्र–बिन्दु थी। शामली में विद्रोह का नेतृत्व चौधरी मोहर सिंह कर रहे थे। चौधरी मोहर सिंह एक वीर, साहसी तथा देशभक्त व्यक्ति थे जो किसी भी क़ीमत पर अंग्रेज़ों को देश से निकालना चाहते थे। चौधरी मोहर सिंह 1857 ई. की क्रान्ति के अग्रणी व्यक्तियों में से थे। ये तलवार के धनी थे और घुड़सवारी इनका शौक़ था। उनके पास एक अच्छी फ़ौज की टुकड़ी थी, जो उनके कुशल नेतृत्व की पहचान थी। चौधरी मोहर सिंह की नेतृत्व क्षमता और कार्य कुशलता की प्रशंसा करते हुए डॉ. नीशू कुमार ने लिखा है कि "उन्होंने एक अच्छी फ़ौजी टुकड़ी खड़ी कर ली थी। क्रान्ति के इस पवित्र यज्ञ में क्षेत्र की महिलाएँ भी पीछे नहीं थीं। अनेक महिलाएँ इस प्रथम स्वतन्त्रता–संग्राम में कूद पड़ीं और वे सभी भारत माँ की स्वतन्त्रता हेतु संघर्ष के लिए तैयार थीं।"[1] इन्हीं महिलाओं में से एक थीं रणवीरी देवी, जो शामली की ही रहने वाली थीं।

रणवीरी देवी एक वीर, साहसी तथा निडर महिला थीं। वह एक कुशल तलवारबाज़ भी थीं। उनके इन्हीं गुणों से खुश होकर चौधरी मोहर सिंह ने उन्हें अपनी फ़ौजी टुकड़ी में शामिल कर लिया था। मि.सी. ग्राण्ट ज्वाइन्ट मजिस्ट्रेट ने जब ज़िला प्रशासन की बागडोर संभाली, तब विद्रोह अपनी चरम सीमा पर था। परन्तु वह विद्रोह दबाने में असफल रहा। इन परिस्थितियों में चौधरी मोहर सिंह और उनके साथियों ने शामली तहसील पर मई माह में अपना क़ब्ज़ा कर लिया। वहाँ के तत्कालीन तहसीलदार इब्राहीम ख़ाँ ने भागकर अपनी जान बचाई। अगस्त, 1857 ई. तक शामली तहसील पर चौधरी मोहर सिंह का क़ब्ज़ा बरकरार रहा। अंग्रेज़ अधिकारी मि. एडवर्ड को चौधरी मोहर सिंह का यह क़ब्ज़ा पच नहीं रहा था। उसने मि. सी. ग्राण्ट ज्वाइन्ट मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में एक फ़ौजी टुकड़ी शामली में भेजी। इसकी सूचना चौधरी मोहर सिंह को भी मिल गई थी।

शामली में जंग होने की हालात में उसे बर्बाद होने से बचाने के उद्देश्य से चौधरी मोहर सिंह ने अपने क्रान्तिकारी वीरों और वीरांगनाओं के साथ, जिनमें रणवीरी देवी भी शामिल थीं, बनत गाँव के

पास पहुँच कर मोर्चा जमा लिया। यहीं पर अंग्रेज़ सैनिकों और क्रान्तिकारियों के बीच भयंकर संघर्ष होने लगा। चौधरी मोहर सिंह एवं उनके क्रान्तिकारी साथी अंग्रेज़ सैनिकों के सिरों को अपनी तलवारों से काटने लगे। डॉ. नरेन्द्र वाल्मीकि ने इस संघर्ष में रणवीरी देवी की भूमिका की प्रशंसा करते हुए लिखा है कि ''इस संघर्ष में रणवीरी देवी वाल्मीकि ने अपने रण कौशल का परिचय देते हुए दुश्मनों के दाँत खट्टे कर दिए और उन्होंने कई अंग्रेज़ सैनिकों को मौत के घाट उतार दिया। इससे अंग्रेज़ों की सेना में खलबली मच गई।''[2]

परन्तु अंग्रेज़ी सेना भारतीय क्रान्तिकारियों की अपेक्षा अधिक सुसंगठित तथा सुव्यवस्थित थी और उसके सैनिक आधुनिक हथियारों से भी लैस थे। अतः भारतीय क्रान्तिकारी बहुत देर तक उनका मुक़ाबला नहीं कर पाए। इस संघर्ष के विषय में डॉ. प्रवीन कुमार ने लिखा है कि ''अंग्रेज़ सैनिकों ने क्रान्तिकारी पुरुषों और महिलाओं पर गोलियाँ बरसानी प्रारम्भ कर दीं, जिसमें बहुत सी महिलाएँ भी आज़ादी की भेंट चढ़ गईं। वीरगति प्राप्त ऐसी महिलाओं में रणवीरी देवी भी थीं।''[3] इस प्रकार रणवीरी देवी ने 1857 ई० की क्रान्ति में अंग्रेज़ों के विरुद्ध संघर्ष करते हुए राष्ट्रहित में अपना सर्वोच्च बलिदान दिया।

## रणवीरी देवी के कार्यों का मूल्यांकन

रणवीरी देवी ने अपनी वीरता तथा रणकौशल से अंग्रेज़ सैनिकों के दाँत खट्टे कर दिए। अंग्रेज़ों ने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि उन्हें कभी भारतीय दलित महिलाओं की तरफ़ से भी चुनौती मिल सकती है। रणवीरी देवी ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए कई अंग्रेज़ सैनिकों को मार डाला और युद्ध भूमि में लड़ते–लड़ते वीरगति को प्राप्त हुईं। डॉ. नरेन्द्र वाल्मीकि ने रणवीरी देवी के कार्यों का मूल्यांकन करते हुए लिखा है कि ''इस क्रान्तिकारी दलित वीरांगना ने भारत भूमि की स्वतन्त्रता के लिए अपने प्राणों की बलि देकर न केवल दलित समाज का सिर गर्व से ऊँचा किया है, बल्कि सम्पूर्ण भारतवर्ष का नाम रोशन किया है।''[4] रणवीरी देवी ने अन्य भारतीय महिलाओं के लिए भी एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है।

रणवीरी देवी की वीरता, साहस, शौर्य तथा बलिदान से प्रभावित होकर दलित साहित्य पर लेखन कार्य करने वाले प्रसिद्ध लेखक डी.सी. डीन्कर ने लिखा है कि ''स्वतन्त्रता संग्राम की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को यदि सच्चाई से देखें तो स्पष्ट हो जाएगा कि अछूत समाज किसी भी तरह का बलिदान देने में पीछे नहीं रहा, बल्कि औरों से अधिक उत्सर्ग की भावना से आगे बढ़कर मातृभूमि के लिए फाँसी के फन्दे को गले में डालकर और सीने में गोली खाकर शहीद हो गया।''[5] रणवीरी देवी ने अपना बलिदान देकर सच्चे देशप्रेम का महान् उदाहरण प्रस्तुत किया।

## निष्कर्ष

इस प्रकार कहा जा सकता है कि रणवीरी देवी एक महान् वीरांगना तथा स्वदेश प्रेमी महिला थीं। जब उन्होंने देखा कि अंग्रेज़ उनके देशवासियों को अपमानित करने पर तुल गए हैं, तब सबके साथ उनको भी चोट लगी और वह अंग्रेज़ों का मुक़ाबला करने के लिए तैयार हो गईं। देश के प्रति रणवीरी देवी का त्याग और बलिदान प्रशंसनीय है। लेकिन भारतीय इतिहास में उन्हें वह स्थान नहीं मिला जिसकी वह हक़दार थीं। अतः आवश्यकता इस बात की है कि रणवीरी देवी के समय के इतिहास की पुनर्व्याख्या हो, जिससे उनके बलिदान के प्रति राष्ट्रीय जागृति उत्पन्न की जा सके और समस्त भारतीय उनके बलिदान से प्रेरणा ग्रहण कर सकें। वीरांगना रणवीरी देवी का नाम भारतीय इतिहास में सदैव स्वर्णाक्षरों में दर्ज रहेगा। हम समस्त भारतीय युग–युग तक उनके ऋणी रहेंगे।

**सन्दर्भ–ग्रन्थ**

1. संपा. डॉ. नीशू कुमार, 1857 का स्वतन्त्रता समर : राष्ट्रीय एकता की विजय गाथा, पृष्ठ 89, नालंदा प्रकाशन, दिल्ली, संस्करण 2022 ई.
2. https://hindi.shabd.in, पृष्ठ 02, दिनांक– 02/01/2025 से उद्धृत
3. डॉ. प्रवीन कुमार, 1857 की क्रान्ति में वाल्मीकि समाज का योगदान, पृष्ठ 74, कदम प्रकाशन, दिल्ली, संस्करण 2019 ई.
4. https://www.deshbandhu.co.in, पृष्ठ 02, दिनांक– 02/01/2025 से उद्धृत
5. डी.सी. डीन्कर, स्वतन्त्रता संग्राम में अछूतों का योगदान, पृष्ठ 16, गौतम बुक सेन्टर, दिल्ली, संस्करण 2007 ई.

SHODH-GARIMA–YEAR-2, VOL. 2 (April to June, 2025)
A Peer-Reviewed & Referred
International Multidisciplinary
Research Journal

ISSN (Print) : 3048-6327

IMPACT-FACTOR
SJIF - 5.223

Paper Recieved : 11th June 2025

Paper Accepted : 16th June 2025

# Exploring the Themes of Suffering, Death and Transience in the Poetry of John Keats

Santosh Kumar*

**ABSTRACT**

*John Keats, one of the most prominent figures of the age of Romantic Revival, is known for the depth and intensity of emotions into his poetry. he is belonged to the second generation of English Romantic Poets. His heroic struggle against the hardships of life is one of the central attractions of his personality. This research paper investigates the interwoven themes of suffering, death and transience in the poetry of John Keats. By examining his key texts such as "ode to a Nightingale ","Ode on a Grecian Urn" , "To Autumn", "Ode on Melancholy" and "When I Have Fears That I May Cease to Be" we find his poetry and his philosophy is shaped by his personal experience, fate and prolonged illness. He beautifully depicted his philosophy on beauty and mortality. He suffered throughout his life and his end was also quite tragic but he never lost his faith in humanity and at the same time his philosophy was not pessimistic. This research paper highlights how John Keats reconciles with suffering and death with a commitment to admire beauty and art.*

***Key Words**– Suffering, mortality, Transience, beauty, philosophy.*

## Introduction

John Keats (1795-1821) is one of the most adored and enduring voices of the age of Romantic Revival despite his brief and tragic life. His fame lies into vivid imagery and passionate style of his odes. John Keats was born in moderate circumstances and he suffered the death of his family members .He had his own health issues as well. His love affair with Fanny Browne could not culminate into marriage that is why he was fully aware of the vulnerability of human life. His oeuvre is marked by a persistent engagement with the themes of suffering , death and ephemeral nature of life - known as transience. Keats does not merely lament over suffering, death and personal loss instead he accepts them as a part of life and incorporates them into artistic creativity called poetry.

Fate kept on sending hardships into his life and he kept on taking those hardships as occasions to create beautiful poetry. He stood like a rock against all the storms of life. His tragic life reminds us the lines of great Ben Johnson-

**" A Lily of a day**
**is fairer far in May**
**Although it falls and dies that night......"**

* Asst. Prof. (English), B.N.K.B. PG College, Akbarpur, Ambedkar Nagar (U.P.)-224122
MOB.-9453566644, E-Mail : santoshkumar21189@gmail.com

This research paper tries to find out how personal experiences of suffering, death and transience are depicted in the poetry of John Keats and how such hardships made Keats a worshipper of beauty.

**Suffering : A Gateway to Emotional Depth**

Suffering is an experience of unpleasantness and it is associated with harm or the threat of harm. Suffering occupies a central place in Keats' worldview. For Keats suffering is not any isolated thing for human beings rather it is a part of human life. Human soul is purified and deepened through such emotional trials. Keats asserts that suffering refines and matures human soul. This concept is clearly visible in the following lines of his poem" Ode to a nightingale"-

**“My heart aches, and a drowsy numbness pains/ my sense, as though of hemlock I had drunk.....”**

For Keats suffering is emotional as well as physical. The poet desires to escape into the carefree world of the nightingale but only for a very short period. Keats does not believe in the philosophy of escapism. The poem asserts the idea that beauty and imagination may provide temporary relief while suffering cannot be escaped in human society.

In the poem "Ode to Melancholy" Keats asserts that sorrow is an essential part of beauty and joy–

**“She dwells with Beauty - Beauty that must die.”**

In this poem melancholy is personified as inseparable from beauty. According to Keats emotional suffering arouses human sensitivity and sympathy.

**Death : A Constant Companion**

Death is the last station of this journey called life. It is undoubtedly the most pervasive theme in Keats' poetry. His obsession with death can be easily be linked with his personal biography. He lost his father when he was only eight years old. He lost his mother at the tender age of fourteen only. He was deeply attached to his younger brother Tom who passed away when he was twenty two. Such deadly shocks could break anyone's soul and could turn him or her into a pessimist but this time it was John Keats. He fought like a rock and did not lose his faith in humanity. Great Victorian poet and critic Matthew Arnold rightly said about him -

**“Keats head flint and iron in him.”**

eventually John Keats also fell a victim to tuberculosis and passed away at the age of twenty six only.

Considering his personal life one can see how blows of death affected his tender heart. Being an emotional person he was much affected by such losses and as we know it was the era of subjective or personal poetry,therefore,it was but natural for death to be a central and complex figure into the poetry of John Keats.

In his poem "When I Have Fears That I May Cease to Be" the speaker asserts death as an ultimate power that interrupts love and creative expression–

**“When I have fear that I may cease to be/ Before my pen has gleaned my teeming brain......”**

The poem reflects the fear and anxiety of the poet that he may die before achieving poetic greatness or before having used his poetic creativity. The poet fears that death may clutch his hands and he would not be able to enjoy the power of love. He ultimately declares that fame or love cannot reprieve death.

Likewise **“Ode to a Nightingale”** finds death not a fiery thing, rather it was a kind and weary longing for the suffering people–

**“Now more than ever seems it rich to die**
**To cease upon the midnight with no pain ......”**

In this poem Keats imagines death as a gentle release and a peaceful escape into the world of eternal. He wants to assert that a peaceful death is better than a constant suffering. This reminds us the mindset of a person who is suffering from a prolonged illness. In the beginning he fears death but after years of suffering, he welcomes death as a saviour. Later in the poem The poet acknowledges that while

art may Transcend death; human life cannot.

John Keats was much affected by death and since he had to lose many loved ones at his tender age , he became more vulnerable. In a letter to Fanny Browne he says–

**"I have two luxuries to brood over in my walks, your loveliness and the hour of my death. O that I could have possession of them both in the same minute."**

Fanny's bright beauty and his own death were the thoughts that were haunting his mind and heart. He wanted to have the fulfillment of life by having Fanny and he didn't want to die before achieving her; though he was ready to embrace death after having her. Thus, death is quite visible theme in the poetry of John Keats.

**Transience : The Fleeting Nature of Life and Beauty**

Transience can be found as a reality of this world and the same is depicted by John Keats. It is a dominant theme in romantic poetry and for Keats it is the source of both pain and beauty. In his odes we find a tension between the eternal Idea and the fleeting nature of life. In his exquisite ode– **"Ode On a Grecian Urn"** it has been narrated most effectively. The Urn's frozen and stable images are perpetual, timeless and unchanging while human life is subject to change and decay–

**"Heard melodies are sweet but those unheard are sweeter….."**

The musicians which were frozen on that Grecian Urn were playing a melodious song though this song could not be heard through physical ear, yet it was far better than the song which can be heard through ear. The song which can be heard through ear cannot appeal all people because of their different emotional states while the song which was being played by those frozen musicians was appealing to the whole of humanity because they had freedom to imagine the song according to their different Emotional state.

John Keats asserts the supremacy of eternal over Transience in the following lines as well–

**"Bold lover never, never canst thou kiss,**
**Though winning near the goal yet,**
**do not grieve;**
**She cannot fade ………"**

The lover which is painted on that Grecian Urn is very close to his beloved but since he is frozen he cannot touch or kiss her but at the same time he is fortunate because he would always maintain the same intensity of love and his beloved would maintain her physical beauty and charm forever. John Keats asserts that being eternal is double aged as well, still it is better than being transience.

**"Ode to Melancholy"** is one more poem that narrates the dilemma between Transience and eternity. The poet gives the message that melancholy lives in happiness and beauty. People enjoy the things which are soon to decay. Perpetual enjoyment is no enjoyment rather it is suffering. In this ode the poet embraces the ephemeral nature of beauty and joy–

**" She dwells with beauty- Beauty**
**that must die;**
**And joy, whose hand is ever at his lips**
**Bidding adieu;"**

In **"To Autumn"** Keats offers the most mature and meditated view on transience. The poem indicates that the fullness and richness of autumn is the signal of its end and the beginning of winter–

**"Where are the songs of spring?**
**Ay, where are they ?**
**Think not of them,**
**thou hast thy music too….."**

**"To Autumn"** accepts change and decay as a natural cyclical process. In this ode transience is not a source of pain rather it is a matter of appreciation as it is a part of natural process. The peak time of autumn marks the ending time of it and the same is about human beauty as well. Here Keats celebrates the fullness of life even as it nears its end. The richness of autumn becomes a metaphor for the acceptance of mortality. Here Transience is a source of poetic richness.

**Research Methodology**

This research employs a qualitative textual

analysis approach drawing from the close reading of–

**To Autumn**
**Ode On a Grecian Urn**
**Ode to Melancholy**
**Ode to a Nightingale**
**When I have Fears That I May Cease to Be**

Through this close study I have tried to explore the thematic interplay of suffering, death and transience in the poetry of John Keats. The core method of enquiry is close reading with attention to formal features of the Poetry : diction, imagery figurative language meter, rhyme and stanzaic structure. Tone and narrative technique are also considered to find out the point of view of the poet towards suffering, death and transience. This study is not a full discussion of the poems rather it is focused in finding the theme of suffering, death and Transience only.

**Conclusion**

John Keats' poetic exploration of suffering death and transience is not only a reflection of his personal experience but also a deep philosophical enquiry into the nature of human existence. His poetry is a journey from anguish to acceptance, from anger at impermanence to appreciate transience .unlike other poets of the era of Romantic Revival, John Keats does not try to escape from the harsh realities of life through idealism, rather he embraces sorrow and mortality as the essential components of human condition and they are significant in creating beauty and artistic insight.

According to John Keats it is paradoxical that suffering and beauty are interlinked. His poetry suggests that the fleeting nature of beauty and joy and the inevitability of death do not mar the value of life rather they enhance it. The fading rose, the dying autumn day and the silent urn all assert the fact that nothing lasts forever.

Through poems like" Ode to a Nightingale" and "Ode On a Grecian Urn" Keats grapples the tension between the eternal and the ephemeral. Keats never tried to glorify the immortality; instead he finds profound meaning in the temporal experiences of love, creativity and beauty, however short-lived they may be.

"To Autumn" is a turning point in Keats' poetic philosophy where he accepts decay and change as a part of the cyclical process of nature. The poet does not resist death but integrates it into the natural order of things; portraying it not as an end but as a transition within a grand scheme.

John Keats' philosophical stance 'Negative Capability ' allows him to dwell in uncertainty and contradiction without seeking definite answers. This openness to complexity makes his treatment of suffering, death and transience so enduring and relatable.

In a world where permanence is only an illusion, Keats teaches that beauty lies in impermanence.

In short, Keats' poetry offers solace to each and every person but it does not offer relief in the form of religious preaching, rather it comforts every heart by informing them the reality of life. His poems like " Ode to a Nightingale" and "Ode On a Grecian Urn" are the best remedy for human heart.

**Works Cited**

1. Keats ,John. The Major Works, edited by Elizabeth Cook, Oxford University press,2001.
2. Hirst Wolf Z, John Keats. Twayne Publishers, 1981.
3. Arnold on Keats, edited by G.M. Matthews. Routledge Publication, 1971
4. John Carey, A Little History of Poetry. Yale University Press, 2020.
5. Motion, Andrew. Keats. University of Chicago Press, 1997.
6. Roe, Nicholas. John Keats: A New Life. Yale University Press, 2012.
7. Gittings, Robert. John Keats. Penguin Books, 1970.
8. Stillinger, Jack. John Keats: Complete Poems. Belknap Press, 1982.

**SHODH-GARIMA–YEAR-2, VOL. 2 (April to June, 2025)**
**A Peer-Reviewed & Referred International Multidisciplinary Research Journal**
**ISSN (Print) : 3048-6327**
**IMPACT-FACTOR SJIF - 5.223**
**Paper Recieved : 11th June 2025** **Paper Accepted : 16th June 2025**

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के कार्यान्वयन के सन्दर्भ में उच्च शिक्षा प्रणाली की चुनौतियों और अवसरों का अध्ययन

□ डॉ. शैलेश कुमार यादव*
□ अमरीन शमशुल**

**शोध-सारांश**

*भारत की नई शिक्षा नीति 34 वर्षों में पहली ऐसी नीति है जिसने 1986 की राष्ट्रीय शिक्षा नीति की जगह ली है। नई शिक्षा रणनीति के हिस्से के रूप में मानव संसाधन और विकास मंत्रालय का नाम बदलकर शिक्षा मंत्रालय कर दिया गया। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व अध्यक्ष डॉक्टर के कस्तूरीरंगन की अध्यक्षता वाले पैनल के सुझावों ने नई शिक्षा नीति के आधार के रूप में काम किया। जो हमारे देश में शिक्षा की निष्पक्षता, गुणवत्ता और सामर्थ्य पर बल देती है। शिक्षा राष्ट्र की नींव है। किसी राष्ट्र के विकास के लिए शिक्षा एक प्रभावी साधन है। यह नीति शिक्षा के विभिन्न पहलुओं पर ध्यान देते हुए रचनात्मक मूल्यांकन की आवश्यकता पर जोर देती है। नई शिक्षा नीति 2020 की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह उच्च शिक्षा संस्थानों के लिए भारतीय उच्च शिक्षा आयोग की स्थापना के साथ एकल विनियमन होगा जो अंततः यूजीसी या एआईसीटीई जैसे मौजूदा निकायों की जगह लेगा। इस शोध पत्र का उद्देश्य भारत की राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 उच्च शिक्षा के लिए प्रस्तुत चुनौतियों और अवसरों का विश्लेषण करना है।*

***मुख्य शब्द***– *राष्ट्रीय शिक्षा नीति, उच्च शिक्षा, चुनौतियां और अवसर।*

**प्रस्तावना**

शिक्षा एक सतत् प्रक्रिया है जो समाज में बढ़ती जिम्मेदारियों से निपटने में मदद करती है। शिक्षा प्रणाली को विद्यार्थियों को कुशल बनाने की आवश्यकता है। कुछ दशकों के दौरान मजबूत आर्थिक विकास के दौरान अभी भी आर्थिक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। चुनौतियों से निपटने और देश के आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए शिक्षा ही एकमात्र साधन है। भारत एक राष्ट्र है जहाँ 28 राज्य और प्रत्येक राज्यों की अपनी चुनी हुई सरकार है और शिक्षा व्यवस्था को चलाने के लिए शैक्षिक नीतियाँ भारत सरकार द्वारा केंद्रीय स्तर पर बनाई जाती हैं। राज्य सरकारों को इन नीतियों को लागू करने की स्वतंत्रता है। (सिंह, डी.

* सहायक आचार्य (शिक्षाशास्त्र विभाग), ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज, प्रयागराज, मो.: 9452446022
** शोधकर्ती (शिक्षाशास्त्र विभाग), ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज, प्रयागराज, मो.: 8933988303

जे. 2017)

"ऐतिहासिक राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 भारतीय शिक्षा प्रणाली में महत्त्वपूर्ण सुधार लाने के लक्ष्य के साथ महत्त्वाकांक्षाओं और आकांक्षाओं का सागर लेकर आई है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में भारत को एक वांछित राज्य से एक विकसित राज्य में बदलने और भारत को एक वैश्विक ज्ञान महाशक्ति में बदलने की परिकल्पना की गई है। अपने सभी पूर्व नीतियों से अलग होने के कारण यह 21वीं सदी की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए शैक्षिक क्षितिज को व्यापक बनाने और मौजूदा शिक्षा प्रणाली को पुनर्गठित और नया रूप देकर उच्च शिक्षा को आधुनिक युग में ले जाना चाहता है। संवैधानिक मूल्यों को प्रदान करने के लिए उच्च शिक्षा में एक आदर्श प्रस्ताव बदलाव का प्रस्ताव करती है। सबसे बढ़कर वैश्विक मानक शिक्षा की सुविधा प्रदान करना, बहुविषयक अध्ययन, कार्यक्रमों के पुनर्गठन, अनुसंधान नियामक निकायों के सुधार पर प्राथमिक ध्यान देने के साथ यह नीति भारत के लिए ढेर सारे वादे, संभावनाएँ और अवसर रखती है" (सौम्यकांति,एस. 2020)।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 और कार्यकारी कार्यक्रम 1992 में 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा की परिकल्पना की गई है। 2009 को शिक्षा का अधिकार अधिनियम लागू होने तक शैक्षिक नीतियों को संवैधानिक रूप से सुरक्षित रखा गया था और अनुच्छेद 21 (ए) के तहत इसे प्रत्येक नागरिक का मौलिक अधिकार बना दिया गया था। जबकि अधिनियम सभी के लिए शिक्षा सुनिश्चित करने के बावजूद शिक्षा प्रणाली की चुनौतियाँ वैश्विक स्तर पर विकास में बाधक बनी हुई हैं। भारत सरकार ने 2019 में राष्ट्रीय शैक्षिक नीति के मसौदे के लिए कस्तूरीरंगन ने कैबिनेट समिति द्वारा डिजायन किए गए नीति पत्र को मंजूरी दे दी और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, 29 जुलाई, 2000 को लागू हुई (एथल,पी.एस. और एथल, ज्योत्सना, 2019)।

**राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और उच्च शिक्षा**

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का लक्ष्य भारत को अपनी परंपरा, संस्कृति, मूल्य और लोकाचार को शैक्षिक प्रणाली में एकीकृत करके एक समान टिकाऊ और संपन्न ज्ञान समाज बनाना है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को देश के ऐतिहासिक अतीत के साथ–साथ विभिन्न क्षेत्रों में कई शिक्षाविदों के योगदान को ध्यान में रखते हुए उच्च स्तर पर उच्च गुणवत्ता वाली बहुविषयक उदार शिक्षा के निर्माण की आधारशिला के रूप में बनाया गया था। वंचित क्षेत्रों में अधिक उच्च शिक्षा संस्थान विकसित किए गए और विचार किया गया कि 2030 तक प्रत्येक जिले में या उसके निकट कम–से–कम एक बड़ा बहुविषयक उच्च शिक्षा संस्थान होगा। जिसमें शिक्षा का माध्यम स्थानीय भारतीय भाषा में होगा (यादव,एस.एम. और यादव,के.एम. 2023)।

मौजूदा शिक्षा नीतियों और शासन प्रणालियों में से प्रत्येक में आमूल–चूल परिवर्तन किये जा रहे हैं। इसका उद्देश्य उच्च शिक्षा में सकल नामांकन अनुपात को बढ़ाना होगा। 2035 तक व्यावसायिक शिक्षा को 26.3 प्रतिशत से 50 प्रतिशत तक शामिल करना है। इन लक्ष्यों को पूरा करने के लिए कई नए संस्थान विकसित किए जा सकते हैं, क्षमता निर्माण का एक बड़ा हिस्सा मौजूदा उच्च शिक्षा संस्थानों को मजबूत करने, पर्याप्त विस्तार करने और सुधार करने से हासिल किया जाएगा (अंगदी,जी.आर. 2020)।

**राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के कार्यान्वयन के संदर्भ में उच्च शिक्षा प्रणाली की चुनौतियाँ**

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को क्रियान्वित करते समय उच्च शिक्षा संस्थानों को जिन चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, उनका उल्लेख नीचे

किया गया है–

## सकल नामांकन अनुपात 2019–20

एआईएसएचई रिपोर्ट 2019–20 में सकल नामांकन अनुपात 27.01 प्रतिशत है, भारत में उच्च शिक्षा संस्थानों में लगभग 342.5 प्रतिशत छात्र नामांकित है जिनमें से 50.4 प्रतिशत पुरुष और 49.6 प्रतिशत महिलाएँ हैं। पुरुषों का सकल नामांकन अनुपात 27.3 प्रतिशत था। जो यह दर्शाता है कि भारत में कॉलेज और विश्वविद्यालय में पुरुषों की तुलना में महिलाएँ दाखिला ज्यादा ले रही हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति का उद्देश्य सकल नामांकन अनुपात को बढ़ाना है सकल नामांकन अनुपात को 2035 तक 50 प्रतिशत तक पहुँचना है (कश्यप,पी. 2021)।

## संरचना

वर्तमान परिवेश में, आईसीटी सक्षम बुनियादी ढाँचे के लिए हाई स्पीड वाई–फाई कनेक्टिविटी अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि तेजी से आगे बढ़ती प्रौद्योगिकियों के साथ बने रहना भी आवश्यक है (कश्यप, पी. 2021)।

## उच्च शिक्षा संस्थानों में दूरदर्शी नेतृत्व

उच्च शिक्षा संस्थानों को अब पहले से अधिक दूरदर्शी नेतृत्व की आवश्यकता है। शिक्षा में राजनीति को उस सीमा तक शामिल किया जाना चाहिए, जो सफल नीतियों के निर्माण और क्रियान्वयन के लिए आवश्यक है (वानखेडे,एस. आर. 2021)।

## संसाधनों की कमी

"भारत में 2019–20 में शिक्षा पर देश की जीडीपी का लगभग 3 प्रतिशत खर्च होगा। जो प्रत्याशित राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की सीमा में है।" (यादव, एस.एम. और यादव, के.एम. 2023)।

## कार्यशालाएँ

उच्च शिक्षा संकाय के लिए प्रशिक्षण महत्त्वपूर्ण है और इसे समय–समय पर निर्धारित किया जाना चाहिए। उद्योग और शिक्षा जगत् को स्वरोजगार या रोजगार के अंतर को कम करने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। नई शिक्षा नीति में विद्यार्थियों को नौकरी या स्वरोजगार के लिए आवश्यकतानुसार छात्र विकास कार्यक्रम चलाए जाएँगे (वानखेडे, एस.आर. 2021)।

## फैकल्टी की नियुक्ति और पदोन्नति

स्थाई फैकल्टी मांग के अनुसार नियुक्त किए जाएंगे। स्थाई संकाय विभागों और शैक्षिक संस्थानों को बनाने और आगे बढ़ाने के लिए नियुक्त किए जाते हैं। दीर्घकाल में इसका संस्थागत विकास पर अत्यधिक सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा (सिंह, बी. और देवी, कु. 2022)।

## शिक्षा के प्रति छात्रों का रवैया

इस बात की अत्यधिक संभावना है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के निकाय के परिणामस्वरूप उच्च शिक्षा संस्थानों में ड्रॉप आउट दर बढ़ जाएगी। लेकिन धीरे–धीरे समय बीतने पर आदर्श स्थिति उपस्थित होगी। स्नातक स्तर की पढ़ाई के बाद विद्यार्थियों में जीवन के प्रति उत्साह बढ़ेगा।

विद्यार्थियों को सामाजिक रूप से जिम्मेदार नागरिक बनाने के लिए उनकी भावनाओं और व्यवहारों के बीच सामंजस्य होना चाहिए। छात्र पसंद आधारित क्रेडिट प्रणाली का उपयोग करके अपनी रुचि के अनुसार किसी भी पाठ्यक्रम को सीख सकते हैं और उनसे प्राप्त क्रेडिट एकेडमीक बैंक आफ क्रेडिट में रखे जाते हैं (कश्यप, पी. 2021)।

## आईसीटी निर्भरता

नई शिक्षा नीति ऑनलाइन और ई–लर्निंग पर बल देती है। उनके पाठ्यक्रम एमओओसी, स्वयं और एनपीटीईएल पर अधिक–से–अधिक लोकप्रिय हो रहे हैं और ऑनलाइन शिक्षा से छात्रों और संस्थाओं के बीच का अंतर बहुत कम हो

जाएगा (सिंह, बी. और देवी, कु. 2022)।

**बड़ी संख्या में कॉलेज का उपस्थित होना**

एआईएसएचई रिपोर्ट 2019–20 के अनुसार 1043 विश्वविद्यालय, 42343 कॉलेज और 11779 स्वतंत्र संस्थान हैं यह संख्या दिन–प्रतिदिन बढ़ रही है और पहले से स्थापित संस्थाओं पर दबाव डालती है। यह संस्थाओं को एक दूसरे का समर्थन करने के लिए समूह में संगठित करके, एनआईआरएफ और टाइम्स के अनुसार कॉलेज और विश्वविद्यालय की रेटिंग निम्नलिखित माध्यमों से की जाती है, जैसे–संस्थाओं के लिए भाग लेना, एआईएसएचई में अपनी रिपोर्ट अपडेट करना और रूसा के नियमों का पालन करना आवश्यक है (सिंह, बी. और देवी, कु. 2022)।

**अंतर्राष्ट्रीयकरण और विदेशी विश्वविद्यालय**

"राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में भारत ने विदेशी छात्रों के लिए एक केंद्र बनाने के लिए उच्च शिक्षा के अंतर्राष्ट्रीयकरण पर भी ध्यान दिया है" (विवेक, ए. 2023)।

"भारत को वैश्विक अध्ययन गंतव्य के रूप में बढ़ावा देने के लिए नीति में संस्थाओं के अंतर्राष्ट्रीयकरण को एक तत्काल आवश्यकता के रूप में पहचान गया है। नीति का उद्देश्य अधिक विदेशी छात्रों को आकर्षित करना और उन भारतीय छात्रों को गतिशीलता प्रदान करना है जो विदेश में अध्ययन और शोध करना चाहते हैं। सभी मामलों के समन्वय के लिए, विदेशी छात्रों की मेजबानी करने वाले एचईएलएस में एक अंतर्राष्ट्रीय छात्र कार्यालय स्थापित किया जाएगा। शिक्षा के वैश्विक मानक हासिल करने के लिए उच्च गुणवत्ता वाले विदेशी संस्थाओं के साथ अनुसंधान और शिक्षक सहयोग और संकाय छात्र आदान–प्रदान की सुविधा प्रदान की जाएगी। भारत में उच्च प्रदर्शन करने वाले संस्थानों को दूसरे देशों में कैंपस खोलने की अनुमति दी जाएगी। इसी तरह, शीर्ष 100 विदेशी विश्वविद्यालय को भारत में संचालित करने की सुविधा दी जाएगी। साथ ही, शिक्षा को व्यवसायीकरण से मुक्त करने के लिए नीति में जाँच और संतुलन तंत्र, वित्तीय पारदर्शिता, विनियम आदि सहित विभिन्न योजनाएँ शामिल की गई है (सौम्यकांति, एस. 2020)।

**अनुसंधान पर मुख्य बल**

उच्च शिक्षा का एक महत्त्वपूर्ण आयाम अनुसंधान है। ज्ञान निर्माण और अनुसंधान, मौलिक और व्यावसायिक दोनों, एक बड़े और जीवंत समुदाय को विकसित करने और बनाए रखने, समाज के उत्थान और राष्ट्र की प्रगति के लिए महत्त्वपूर्ण है। लेकिन अनुसंधान के क्षेत्र में भारत का प्रदर्शन कभी भी मानक के अनुरूप नहीं रहा। भारत का निवेश भी बहुत कम यानी सकल घरेलू उत्पाद का 0.69 प्रतिशत है, जबकि संयुक्त राज्य अमेरिका में यह 2.8 प्रतिशत, इजराइल में 4.3 प्रतिशत और दक्षिण कोरिया में 4.2 प्रतिशत है। प्रमुख संस्थाओं ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी बहुत खराब प्रदर्शन किया है और शायद ही कोई भारतीय शोधकर्त्ता अंतर्राष्ट्रीय रैंकिंग ढाँचे में शामिल हो। इस चिंता को अधिक संवेदनशीलता के साथ देखते हुए, नीति विद्वानों और वैज्ञानिकों का एक जीवंत समुदाय और बढ़ते मुद्दों और सामाजिक चुनौतियों से निपटने के लिए उच्च गुणवत्ता वाले अनुसंधान के लिए एक मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने का प्रस्ताव करती है। "अनुसंधान और नवाचार पर जोर देने से शैक्षिक परिदृश्य में काफी विस्तार होगा और भारत अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी भूमिका निभाएगा। इस प्रकाश में, अनुसंधान संस्कृति को विकसित करने पर महत्त्वपूर्ण जोर देने के लिए, अनुसंधान को उत्प्रेरित करने और संस्कृति को हमारे विश्वविद्यालयों के माध्यम से प्रसारित करने में सक्षम बनाने के लिए एनआरएफ की स्थापना की जाएगी। नीति में अनुसंधान कार्यों और वित्त

पोषण को मजबूत करने के एकमात्र उद्देश्य के साथ बहुविषयक शिक्षा और अनुसंधान विश्वविद्यालयों की स्थापना की परिकल्पना की गई है और बहुविषयक एचईआई अनुसंधान को भी बढ़ावा दिया जाएगा, जो एक साथ सर्वोत्तम शिक्षक, सीखने की प्रक्रिया और शैक्षिक वातावरण लाने में लाभान्वित होगा। उसके साथ ही यूजी कोर्सेज में रिसर्च वर्क और इंटर्नशिप को भी शामिल किया जाएगा। यूजीसी, आईसीएचआर, आईसीएमआर, आईसीएआर आदि जैसी वर्तमान फंडिंग एजेंसियाँ अनुसंधान को बढ़ावा देना जारी रखेंगी" (सौम्यकांति, एस. 2020)।

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के कार्यान्वयन के संदर्भ में उच्च शिक्षा प्रणाली के अवसर

### शिक्षा केंद्र

शिक्षा के लिए एक अंतर्राष्ट्रीयकरण केंद्र के रूप में, भारत में विदेशी छात्र–छात्राओं और विश्वविद्यालयों को आकर्षित करने की काफी संभावनाएँ हैं। भारत की शिक्षा की लागत अन्य देशों की तुलना में काफी कम है। आज शिक्षा पर्यटन एक नया और बढ़ता हुआ उद्योग है (विवेक, ए. 2023)।

### महाविद्यालयों को स्वायत्तता

एक और साहसिक कदम संबद्धता प्रणाली को खत्म करना है। सभी कॉलेज डिग्री प्रदान करने वाले संस्थान बन जाएँगे और शिक्षा के विकास के लिए पारदर्शी तरीके से 2035 तक ग्रेड मान्यता के माध्यम से ग्रेडेड स्वायत्तता प्रदान की जाएगी। "स्वतंत्रता का यह अनुदान एचईएलएस के लिए मौजूदा जटिलताओं को समाप्त करने और उत्कृष्टता हासिल करने का मार्ग प्रशस्त करेगा। एचईएलएस को सभी संसाधनों और बुनियादी ढाँचे के साथ विश्व स्तरीय संस्थाओं के रूप में विकसित किया जाएगा। रचनात्मकता को बढ़ावा देने के लिए उन्हें पाठ्यक्रम, शिक्षाशास्त्र और मूल्यांकन में स्वायत्तता मिलेगी। एचईएलएस के साथ–साथ निजी संस्थाओं को सभी को समग्र और समान शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा" (सौम्यकांति, एस. 2020)।

### व्यावसायिक शिक्षा पर जोर

उच्च शिक्षा में संभावनाओं की खोज करते समय नीति निर्माता 21वीं सदी की आवश्यकताओं के प्रति सतर्क और संवेदनशील रहे हैं। भारत सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था में से एक है और इसका लक्ष्य आत्मनिर्भर बनना है। इसलिए इन लक्ष्यों को पूरा करने के लिए एक कुशल कार्यबल की आवश्यकता है, लेकिन पिछले दशकों में व्यावसायिक शिक्षा प्राथमिकताओं की सूची में नहीं थी। "इन नीति निर्माताओ को अंततः देश के विकास में व्यावसायिक शिक्षा के महत्त्व का एहसास हुआ है, और विज्ञान और प्रौद्योगिकी और उद्योग के लिए, कुशल जनशक्ति के विकास के लिए कौशल विकास को उच्च प्राथमिकता दी गई है, यह नीति व्यावसायिक शिक्षा के प्रति मौजूद पदानुक्रम और उदासीनता को समाप्त करने और भारत में कौशल की कमी को दूर करने के लिए व्यावसायिक शिक्षा और मुख्य धारा की शिक्षा को एकीकृत करने की आकांक्षा रखती है, और एक राष्ट्रीय उच्च शिक्षा योग्यता ढाँचा तैयार किया जाएगा जो कि उच्च शिक्षा में व्यावसायिक शिक्षा के एकीकरण को आसान बनाने के लिए राष्ट्रीय कौशल योग्यता ढाँचे के अनुरूप होगा। स्कूल से लेकर उच्च शिक्षा तक प्रत्येक छात्र संघ की गरिमा और विभिन्न व्यवसायों के प्रति सम्मान की भावना विकसित करने के लिए कम–से–कम एक व्यवसाय सीखेगा, इससे एक कुशल कार्यबल का निर्माण होगा और राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय दोनों स्तरों पर बड़े पैमाने पर रोजगार के रास्ते खुलेंगे" (सौम्यकांति, एस. 2020)।

### लचीली पाठ्यक्रम संरचना

"विषयों के रचनात्मक संयोजन को सक्षम बनाने के लिए कल्पनाशील और लचीली पाठ्यक्रम

संरचनाएँ आवश्यक हैं, इससे कठोर अनुशासनात्मक सीमाओं को हटाकर आजीवन सीखने की संभावनाओं को बढ़ावा मिलेगा। बड़े बहु–विषयक विश्वविद्यालय में स्नातक स्तर की शिक्षा कठोर अनुसंधान आधारित शिक्षा के साथ–साथ एकेडमिक, सरकार और उद्योग सहित, बहु–विषयक कार्यों के अवसर भी प्रदान करेगा" (राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पेज संख्या 58)।

**छात्रों को उन्नति के लिए सहायता करना**

सभी संस्थान और विश्वविद्यालय छात्रों को उनकी डिग्री, परास्नातक अध्ययन या पेशेवर कार्यक्रम पूरा करने के लिए प्रेरित करने के लिए काम करते हैं (नवले, ए. 2022)।

**कम संख्या में छात्रों को सँभालना**

विद्यार्थियों के विकास की बारीकी से निगरानी करने के लिए शिक्षक से छात्र अनुपात को न्यूनतम रखा जाना चाहिए। शिक्षक छात्र अनुपात को कम करने से निसंदेह प्रशिक्षकों की प्रभावशीलता में वृद्धि होगी (नंदी, अ. 2013)।

**कक्षा में छात्रों की सहभागिता को बढ़ावा देना**

कई प्रवेश और निकाय बिंदुओं के कारण छात्र राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को सीखने के लिए बहुत लचीला और सुविधाजनक पाएँगे। छात्र सहकर्मी शिक्षक, अनुभवात्मक शिक्षक और अन्य तरीकों के माध्यम से ज्ञान और कौशल से सुसज्जित होंगे (नंदी, अ. 2013)।

**समग्र और बहुविषयक शिक्षा**

शिक्षा नीति 2020 शिक्षा के लिए एक बहुविषयक दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करता है, जिसका अर्थ है कि छात्रों को विषयों की एक विस्तृत श्रृंखला सीखने और कौशल का एक व्यापक सेट विकसित करने का अवसर मिलेगा (नवले, ए. 2022)।

**डिग्री कार्यक्रमों की अवधि और संरचना में बदलाव**

"उच्च शिक्षण संस्थानों को विभिन्न प्रारूपण में स्नातक स्तर कार्यक्रमों को मुहैया कराने की छूट होगी। ऐसे विद्यार्थियों के लिए जिन्होंने 3 साल का स्नातक कार्यक्रम पूरा किया हो उन्हें 2 वर्ष के कार्यक्रम प्रदान किया जा सकते हैं, जिसमें द्वितीय वर्ष पूरी तरह से शोध पर केंद्रित होगा। वे विद्यार्थी जिन्होंने 4 वर्ष का स्नातक कार्यक्रम शोध के साथ पूरा किया है, उनके लिए एक वर्ष का स्नातक स्तर कार्यक्रम हो सकता है, और 5 वर्षों का एक एकीकृत स्नातक, स्नातकोत्तर कार्यक्रम हो सकता है, पीएच–डी के लिए या तो स्नातकोत्तर डिग्री या 4 वर्षों के शोध के साथ प्राप्त स्नातक डिग्री अनिवार्य होगी। एम्.फिल्. कार्यक्रम को बंद कर दिया जाएगा" (राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पेज संख्या 60)।

"एक एकेडमिक क्रेडिट बैंक स्थापित किया जाएगा जो अलग–अलग मान्यता प्राप्त उच्चतर शिक्षण संस्थानों से प्राप्त क्रेडिट को डिजिटल रूप से संचालित करेगा। यदि छात्र एचईआई द्वारा निर्दिष्ट अध्ययन के अपने प्रमुख क्षेत्र में एक कठोर शोध परियोजना को पूरा करता है तो उसे 4 वार्षिक कार्यक्रम में शोध सहित डिग्री भी दी जा सकती है" (राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पेज संख्या 60)।

**निष्कर्ष**

भविष्य पर नजर रखते हुए, राष्ट्रीय शिक्षा नीति में वह सब कुछ है जो भारत को वैश्विक महाशक्ति बनने के लिए आज चाहिए। इस शिक्षा नीति में अग्रहणी प्रस्ताव समय की माँग थी और इससे शैक्षिक उत्कृष्ट के युग की शुरुआत होगी। नीति के सफल कार्यान्वयन से भारत में एक नया सवेरा होगा। दूरदर्शी और व्यापक नीति ने भारतीय शिक्षा प्रणाली में सुधार और विश्व गुरु के रूप में भारत की भूमिका को बहाल करने की आशा की किरण जागी है।

भारतीय शिक्षा प्रणाली को आधुनिक बनाने का प्रयास साहसिक है कोई भी बात चाहे कितनी

भी आकर्षक क्यों ना लगे किसी भी नीति का वास्तविक क्रियान्वयन महत्त्वपूर्ण है, यदि कोई नीति अच्छी तरह से क्रियान्वित की जाती है तो वह बहुत सफल हो सकती है, या यदि ऐसा नहीं किया गया तो वह बहुत विनाशकारी हो सकती है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 भारत में शिक्षा प्रणाली को बदलने के लिए महत्त्वपूर्ण अवसर प्रस्तुत करता है लेकिन इसके सफल क्रियान्वयन के लिए विभिन्न चुनौतियों पर काबू पाने की आवश्यकता होगी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने भारतीय शिक्षा प्रणाली में कई चुनौतियों की पहचान की है, इन चुनौतियों का समाधान राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के सफल क्रियान्वयन और भारत में शिक्षा प्रणाली को बदलने के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए महत्त्वपूर्ण होगा।

## संदर्भ ग्रंथ सूची


- अंगदी, जी.आर., (2020), स्कूली शिक्षा से संबंधित राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अवसरों एवं चुनौतियों का अध्ययन, अकादमीया, 1–11
- एथल,पी.एस. और एथल,ज्योत्सना, (2019), भारतीय राष्ट्रीय शिक्षा नीति प्रस्ताव 2019 में उच्च शिक्षा का विश्लेषण और इसके कार्यान्वयन की चुनौतियाँ, इंटरनेशनल जर्नल ऑफ अप्लाइड इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट लेटर्स, 3(2), 1–35
- कश्यप, पी., (2021),राष्ट्रीय शिक्षा नीति अवसर एवं चुनौतियां उच्च शिक्षा के संदर्भ में, अंतरराष्ट्रीय हिंदी एवं सामाजिक विज्ञान शोध पत्रिका, 9(4), 79–83
- नवले, ए., (2022), राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और उच्च शिक्षा, रिसर्च गेट, 16–21
- नंदी, अ., (2013), राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 शैक्षिक प्रणाली पर चुनौतियाँ और अवसर, बहुविषयक अनुसंधान के लिए अंतर्राष्ट्रीय जर्नल, 5(3), 1–11
- नंदिनी, ए., (2020), नई शिक्षा नीति 2020 की मुख्य बातें स्कूल और उच्च शिक्षा में बड़े बदलाव देखने को मिलेंगे, हिंदुस्तान टाइम्स
- उच्च शिक्षा पर नई शिक्षा नीति 2020
- प्रकाश, श्री. और कुमारी, ए., (2023), उच्च शिक्षा में उत्कृष्टता प्राप्त करने की दिशा में राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 का कार्यान्वयन अवसर और चुनौतियाँ, इंटरनेशनल जर्नल ऑफ मल्टी–डिसिप्लिनरी एजुकेशनल रिसर्च,12,10(3), 39–54
- रचना, आर., (2022), राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में चुनौतियाँ और मुद्दे, इंजीनियरिंग प्रौद्योगिकी और विज्ञान में आधुनिकीकरण का अंतर्राष्ट्रीय शोध जर्नल, 2026–2031
- सिंह, डी.जे., (2017), भारत में उच्च शिक्षा की वर्तमान स्थिति व चुनौतियों का अध्ययन, इंटरनेशनल एजुकेशनल जर्नल, 4(1), 87–95
- सौम्यकांति,एस., (2020), राष्ट्रीय शिक्षा नीति और उच्च शिक्षा, 1–9
- सिंह, बी. और देवी, कु., (2022), उच्च शिक्षा के विशेष संदर्भ में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की एक महत्त्वपूर्ण अंतरदृष्टि, इंटरनेशनल जर्नल ऑफ रिसर्च एंड एनालिटिकल रिव्यू, 9(1), 17–20
- वानखेडे, एस.आर., (2021), उच्च शिक्षा और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, इंटरनेशनल जर्नल ऑफ रिसर्च इन सोशल साइंस एंड इनफार्मेशन स्टडीज, 1(8), 51–56
- विवेक, ए., (2023), भारत की उच्च शिक्षा प्रणाली में चुनौतियाँ और आशाजनक नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति, इंटरनेशनल रिसर्च जर्नल ऑफ ह्यूमैनिटीज एंड इंट्रडिसीप्लिनरी स्टडीज, 4(6), 28–36
- यादव, एस.एम. और यादव, के.एम., (2023), भारतीय राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत उच्च शिक्षा में अंग्रेजी भाषा शैक्षिक विधि, नीतियों का अंतिम प्रभाव, चुनौतियाँ, पाठ्यक्रम दृष्टिकोण, अवसर और कार्य में उनका अध्ययन, अमेरिकन जर्नल ऑफ एजूकेशन एंड टेक्नोलॉजी, 1(4), 1–12

SHODH-GARIMA–YEAR-2, VOL. 2 (April to June, 2025)
A Peer-Reviewed & Referred International Multidisciplinary Research Journal
ISSN (Print) : 3048-6327
IMPACT-FACTOR SJIF - 5.223
Paper Recieved : 11th June 2025
Paper Accepted : 16th June 2025

# भू-क्षरण : प्रकृति एवं प्रभावित करने वाले तत्त्व

शान्ती दुबे*
डॉ. सुशीला द्विवेदी**

**शोध-सारांश**

*उच्चावच की दृष्टि से पृथ्वी की सतह पर भिन्नताओं का मिलना एक शाश्वत सत्य घटना है। इस प्रकार की विषमताएँ भूतकाल में थीं तथा भविष्य में भी बनी रहेंगी। इन विषमताओं के मूल के परीक्षण से ज्ञात होता है कि धरातलीय सतह के उच्चावच विषमता का कारण भू–पृष्ठीय संचालन है, जो पृथ्वी के अंदर एवं बाहर बलों के रूप में निरंतर चलता रहता है। अन्तर्वर्ती शक्तियों के प्रभाव से जहाँ धरातलीय सतह में परिवर्तन होता रहता है, वहीं बाह्य भाग में सक्रिय बल इन विषमताओं को दूर करे के लिए अबोध गति से क्षरण कार्य जारी रखते हुए समतलन की दिशा में कार्य करते रहते हैं।*

***मुख्य शब्द***– *भूक्षरण, प्रकृति, प्रभावित, तत्त्व, धरातल, उच्चावच, विषमता, पहाड़ी, काठी, दर्रा, आदि।*

**प्रस्तावना**

पर्पटी की त्रिस्तरीय व्यवस्था के अंतर्गत महासागर–महाद्वीप प्रथम श्रेणी के भू–आकार, स्थल मण्डल के अंतर्गत पर्वत, पठार एवं मैदान द्वितीय श्रेणी एवं जल प्रपात, काठी, दर्रा, शंक्वाकार पहाड़ी आदि तृतीय श्रेणी के भू–आकार हैं।[1] इन सभी प्रकार के भूआकारों के विकास के भौमकीय इतिहास में पृथ्वी की विभिन्न हलचलों तथा परिवर्तनकारी शक्तियों एवं समतलकारी शक्तियों की ही भूमिका रही है। भारतीय भू–वैज्ञानिक इतिहास में सतपुड़ा की पचमढ़ी श्रेणी के उद्‌भव एवं विकास में आरावली के अपशिष्ट पदार्थों की भूमिका का मिलना इस तथ्य का प्रमाण है।[2] निष्कर्ष रूप में पृथ्वी की सतह में परिवर्तनों का होना परिवर्तनकारी एवं समतलकारी शक्तियों का परिणाम होता है।[3]

जहाँ तक समतलकारी शक्तियों का प्रश्न है, वे समतलीकरण की दिशा में कार्य करती हैं। परिवर्तनकारी शक्तियों के परिणामस्वरूप धरातल पर विकसित विषमताओं को ये काट–छाँट कर नीचा करती रहती हैं, जिसका परिणाम उच्चावचीय विषमताओं के साथ भू–आकारों का विकास होना है। इस प्रकार 'निम्नन' की प्रक्रिया शाश्वत एवं निरंतर चलने वाली होती है, जो परिवर्तनशील प्रवृत्तियों के कारण पर्यावरणीय परिवर्तन प्रस्तुत

* शोधार्थी (भूगोल), शास. ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय, रीवा (म.प्र.)
** प्राध्यापक (भूगोल), शासकीय महाविद्यालय, रायपुर कर्चुलियान, जिला–रीवा (म.प्र.)

करती है। कभी–कभी यह परिवर्तन मानव समुदाय के लिये एक आपदा के रूप में उपस्थित होकर सम्पूर्ण मानव जाति को प्रदोलित करता है।

**भू–क्षरण**

भू–क्षरण समतलकारी शक्तियों का प्रतिफल है। इस प्रक्रिया के प्रक्रमों में स्थैतिक, गतिशीलि एवं जैविक सभी तत्त्व शामिल करते हुए निरन्तर धरातलीय सतह को काट–छाँट कर नीचा करते रहते हैं। भू–क्षरण का सीधा सम्बन्ध धरातल पर स्थित चट्टानों के अपरदन की प्रक्रिया से है। विभिन्न विद्वानों द्वारा भू–क्षरण की अलग–अलग रूपों में व्याख्या की गई है। कुछ विद्वानों ने मृदा की निचली परत एवं रिगोलिथ के क्षरण को भी इसके अंतर्गत समाहित किये हैं। सामान्य रूप में सतह पर मृदा के निक्षेप की अधिकता पायी जाती है, इसलिये मिट्टी के क्षरण को ही भू–क्षरण के रूप में अधिक मान्यता देते हुए इनका विश्लेषण किया गया है जबकि वस्तुस्थिति के अनुसार उन सभी शैल संस्तरों का क्षरण भू–क्षरण है, जो संगठनात्मक प्रक्रिया में मूल चटटान से अलग हुए भाग हों। यहाँ यह ज्ञातव्य है कि मृदा की संरचनात्मक विशेषताओं में मूल चट्टानों के अतिरिक्त उनकी उद्भव एवं विकास सम्बन्धी विशिष्टताएँ भी समाहित होती हैं जिनका विकास समय के साथ स्थानिक जैविक तत्त्वों एवं आभासी चट्टानों के पारस्परिक संयोग से होता है[4], किन्तु किसी शैल दृष्याँश के ऊपरी भाग में मृदा की निक्षेप ही हो यह आवश्यक नहीं होता जबकि प्रक्रमों के प्रभावोत्पादकता के कारण ऐसे सभी शैल दृष्याँश क्षरित होते हैं, चाहे वह मृदा की संरचनात्मक विशेषताओं वाले हो अथवा मृदाविहीन अवशिष्ट चट्टान। निष्कर्षतः भू–क्षरण के अंतर्गत धरातलीय पृष्ठ पर उपस्थित ठोस दृष्याँश का कटाव ही भू–क्षरण है।

**शोध विधि**

प्रस्तुत शोध भू–क्षरण : प्रकृति एवं प्रभावित करने वाले तत्त्व से संबंधित है जिसका भौगोलिक अध्ययन वर्णात्मक रूप से किया गया है। इसमें पहाड़ी क्षेत्रों में वर्षा के दौरान होने वाले भू–क्षरण सम्बन्धित विषमताओं का उल्लेख समाहित करने का मुख्य प्रयास है।

**व्याख्या**

प्रस्तुत शोध में भू–क्षरण से सम्बन्धित तथ्यों से स्पष्ट होता है कि भू–क्षरण एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें विभिन्न प्रक्रमों के प्रभावों से मूल शैल दृष्याँश अपघटित होती हैं। भू–क्षरण क्रिया स्थैतिक एवं गतिशील प्रक्रमों द्वारा निम्नांकित 02 रूपों में सम्पादित होती है[5]–

(1) ऋतु अपक्षय,

(2) अपरदन एवं अपवाह।

**1. ऋतु अपक्षय**

ऋतु अपक्षय स्थैतिक प्रक्रमों के परिणामस्वरूप अस्तित्त्व में आते हैं। इस प्रक्रिया में चट्टानों (शैल संस्तर) को विखण्डित करने वाले अभिकर्त्ता चट्टानों को शिथिलीकरण क्रिया द्वारा क्षरण करते हैं। इनमें इतनी शक्ति नहीं होती कि विखण्डित शैल चूर्ण को मूल स्थान से विस्थापित कर सकें।[6] ऋतु अपक्षय के प्रमुख प्रक्रमों में ताप–शीत, पाला–ओंस, जलीय दबाव, छोटे–छोटे जीव–जन्तु, पादप समूह मानव आदि प्रमुख हैं। ये अभिकर्ता यांत्रिक एवं रासायनिक प्रक्रियाओं के द्वारा भू–क्षरण के कार्य को सम्पादित करते हैं। ऋतु अपक्षय से विखण्डित शैल चूर्ण अपरदन अभिकर्त्ताओं के द्वारा मूल स्थान से विस्थापित किये जाते हैं। समग्र शैल संस्तरों में ऋतु अपक्षय की प्रक्रिया द्वारा भू–क्षरण के उदाहरण दृष्टिगोचर होते हैं– यथा ग्रीष्म ऋतु में समग्र विकासखण्ड हनुमना के सभी राजस्व निरीक्षक मण्डलों के धरातल में दरारें पड़ जाती हैं। शीत ऋतु में दिन के समय एवं ग्रीष्म ऋतु में रात्रि के समय कैमूर श्रेणी क्षेत्र एवं विन्ध्यन कगारी–कगारी मैखला में चट्टानों के टूटने की आवाज आती है, जो ताप और शीत के प्रभाव का प्रतिफल होता है।

**2. अपरदन एवं अपवाह**

समतलकारी शक्तियों के गतिशील अभिकर्ताओं के कार्यों का प्रतिफल अपरदन है। पृथ्वी के बाह्य भाग में ऐसे गतिशील प्राकृतिक प्रक्रमों के प्रमुख अभिकर्त्ता निम्नानुसार हैं[7]–

(1) प्रवाही जल
(2) वायु
(3) हिमनदी
(4) सागर जल
(5) भूमिगत जल।

उक्त तत्त्वों में निहित गतिज ऊर्जा धरातल पर संघर्ष करते हुए शैल संस्तरों का कुछ भाग मूल चट्टानों से काट–छाँट कर न सिर्फ अलग करते हैं, बल्कि उन कटे–फटे तलछट/मलबा को अपनी शक्तियों से विस्थापित कर अन्य क्षेत्रों में पहुँचा देते हैं। वास्तव में भू–क्षरण का यही स्वरूप पर्यावरणीय परिवर्तनों के लिये सर्वाधिक उत्तरदायी होता है।

निष्कर्ष रूप में भू–क्षरण सतह पर संस्तरित शैल दृष्यॉंश पर अपरदनात्मक शक्तियों के प्रभावों का परिणाम है। इसके अंतर्गत किसी भू–भाग में संस्तरित शैल दृष्यॉंश का क्षरण होता है तथा क्षरण उत्पाद पदार्थ स्थानान्तरित होकर मूल स्थान से दूर विस्थापित कर दिये जाते हैं। चूँकि इस प्रक्रिया में ऊपरी पर्त जिससे मृदा का निर्माण होता है, सर्वाधिक प्रभावित होती है, अतः विभिन्न पर्यावरणीय समस्याएँ प्रभावशील होकर समस्त जैव जगत विशेषतः मानव समुदाय को प्रभावित करती हैं।

**भू–क्षरण का वर्गीकरण**

भू–क्षरण के वर्गीकरण के प्रमुख 02 आधार हैं–

(1) प्रक्रम के आधार पर वर्गीकरण
(2) शैल दृष्यॉंश (सतह स्वरूप) के अनुसार वर्गीकरण

**1. प्रक्रम के आधार पर वर्गीकरण**

वे प्रक्रम जिनकी गतिज ऊर्जा के आधार पर भू–क्षरण का कार्य सम्पादित होता है, उन्हें इस सम्वर्ग में सम्मिलित किया गया है। प्रक्रम के आधार पर भू–क्षरण के निम्न प्रकार हैं[8]–

(1) वर्षा जल द्वारा भू–क्षरण
(2) वायु जनित भू–क्षरण
(3) हिमानी जनित भू–क्षरण
(4) भूमिगत जल जनित भू–क्षरण
(5) सागर जनित भू–क्षरण
(6) जलवायुविक भू–क्षरण
(7) मिश्रित भू–क्षरण

उक्त वर्गीकरण प्रक्रमों पर आधारित है। जब किसी क्षेत्र में वर्षा/वाहीजल द्वारा भू–क्षरण होता है, उसे वर्षा जनित भू–क्षरण कहा जाता है, जबकि वायु द्वारा सम्पादित क्षरण कार्य वायूज भू–क्षरण होता है। इसी क्रम में हिमजनित, भूमिगत जल जनित सागर जनित एवं मौसमी तत्त्वों (पाला, ताप, शीत आदि) द्वारा जलवायुविक भू–क्षरण होता है। जब किसी प्रदेश में एक से अधिक तत्त्व भू–क्षरण के लिये उत्तरदायी होते हैं, तो इस प्रकार का भू–क्षरण मिश्रतः संवर्ग में समाहित होता है।

अध्ययन क्षेत्र हनुमना विकासखण्ड, मध्यप्रदेश के उत्तरी–पूर्वी भाग में कर्क रेखा के ठीक उत्तरी भाग में स्थित है, जिसकी समुद्र से दूरी 700 किमी. से अधिक पाई जाती है, फलतः इस भू–भाग में वर्षा औसत 115 सेमी. मध्य जून से मध्य अक्टूबर के मध्य मानसूनी हवाओं से होती है। ग्रीष्म ऋतु में तेज हवाएँ चलती हैं, किन्तु उनकी भयावहता राजस्थान में चलने वाली हवाओं जैसी नहीं है, फलतः इस भूभाग में भू–क्षरण का मुख्य प्रभावकारी प्रक्रम वर्षा जल है। वायु एवं अन्य मौसमी तत्त्व समयानुसार एवं शैलकीय विशेषताओं के अनुसार भू–क्षरण की तीव्रता में अवश्य सहयोगी भूमिका का निर्वाहन करते हैं।

**2. शैल दृष्यॉंश (सतह स्वरूप) के अनुसार वर्गीकरण**

किसी भू–प्रदेश में प्रक्रमों का उसकी सतह पर जो प्रभाव पड़ता है तथा उस प्रभाव से जिन आकारकीय स्वरूपों का विकास होता है, उसके आधार पर भू–क्षरण के दो प्रकार हैं–

(1) चादरवत् भू–क्षरण,

(2) नालीदार भू–क्षरण

**1. चादरवत् भू–क्षरण**

चादरवत् भू–क्षरण का वह स्वरूप है जिसमें प्रभावी प्रक्रम धरातल की (मृदा) ऊपरी परत को क्षरित करती है। ऊपरी परत क्रमशः अपघटित होती जाती है, किन्तु इसका अहसास नहीं हो पाता, जबकि क्षरण की हुई पर्त की निचली सतह प्रकट हो जाती है। चादरवत् भू–क्षरण मृदा पर्तों का खामोश मारक है। इसके दूरगामी पर्यावरणीय प्रभाव होते हैं।

**2. नालीदार भू–क्षरण**

नालीदार या अवनालिका भू–क्षरण, भू–क्षरण का वह प्रकार है जिसमें सतह पर क्षरण के कारण छोटी–बड़ी अवनालिकाओं का विकास होता है। वास्तव में चादरवत् भू–क्षरण एवं अवनालिका भू–क्षरण का सम्बन्ध क्षेत्रीय संरचनात्मक विशेषताओं, ढाल की प्रवृत्ति, आवरण की दशाओं पर निर्भर करता है।

अध्ययन क्षेत्र में चादरवत् भू–क्षरण एवं नालीदार भू–क्षरण दोनों प्रकार के दृष्यॉंश दृष्टिगोचर होते हैं। सामान्यतः समतल क्षेत्रों में चादरवत भू–क्षरण एवं ढलुवॉं क्षेत्रों में नालीदार भू–क्षरण की प्रवृत्ति पाई जाती है। कैमूर श्रेणी से लगी ग्राम पंचायतें जड़कुड़, पिपराही, सरदमन, कगारी मेखला से संलग्न भू–क्षेत्र एवं हनुमना राजस्व निरीक्षक मण्डलों की 35 ग्राम पंचायतें नालीदार अपरदन के प्रभाव में हैं, जबकि मध्यवर्ती पठार में स्थित शाहपुर रा. नि.मं. के पश्चिमी एवं खटखरी रा.नि.मं. के उत्तरी भाग की सभी ग्राम पंचायतों में चादरवत् अपरदन का आधिक्य है।

**3. भू–क्षरण तीव्रता पर आधारित वर्गीकरण**

भू–क्षरण की तीव्रता स्थानिक एवं कालिक दृष्टि से भिन्नता लिए हुए होती है। इस आधार पर भू–क्षरण दर को निम्नांकित 03 वर्गों में वर्गीकृत किया जा सकता है–

**(1) मन्द भू–क्षरण**– जब भू–क्षरण की दर मन्द हो, वह इस सम्वर्ग में समाहित है। प्रायः शैल संरचनात्मक कठोरता, मन्द ढाल, घास/वन का आवरण, जलवायुविक तत्त्वों में समांगता जैसी विशिष्टताएँ भू–क्षरण की दर को मन्द करने वाली होती है। पहाड़ी रा.नि.मं. के दक्षिण भाग, शाहपुर रा.नि.मं. एवं खटखरी रा.नि.मं. की 09 ग्राम पंचायतों में भू–क्षरण की दर मन्द है।

**(2) तीव्र भू–क्षरण**– भू–क्षरण प्रभावकारी तत्त्वों की अनुकूलता जिन स्थलों पर पायी जाती है, तीव्र भू–क्षरण होता है। प्रपाती ढाल, कोमल चट्टानें, वनस्पति विहीन क्षेत्र, जलवायु जनित विषमताएँ, मानव तकनीकी एवं कार्य का स्वरूप आदि इसके प्रभावी तत्त्व होते हैं। अध्ययन क्षेत्र की विन्ध्यन कगार एवं कैमूर श्रेणी क्षेत्र में तीव्र भू–क्षरण मिलता है।

**भू–क्षरण की तीव्रता को प्रभावित करने वाले कारक**

किसी भू–भाग में भू–क्षरण की तीव्रता का स्वरूप एक समान नहीं मिलता। एक ही क्षेत्र में कुछ भू–भाग ऐसे हैं जिनमें भू–क्षरण की गति मन्द एवं कुछ में तीव्र गति पायी जाती है। इस प्रकार स्पष्ट होता है कि भू–क्षरण की तीव्रता विभिन्न भौतिक एवं मानवीय तत्त्वों द्वारा प्रभावित होती है। अपरदन क्रिया भू–क्षरण का प्रधान कारण है जबकि ऋतु अपक्षय, मानव एवं अन्य जीव–जन्तु गौड़। क्षेत्रीय सर्वेक्षण में यह पाया गया कि वर्षा का जल जब बिना किसी अवरोध द्रुत गति से प्रवाहित होता है, तो ऊपरी धरातल की मिट्टी का क्षरण होने लगता है। अध्ययन क्षेत्र की कैमूर श्रेणी विन्ध्यन

कगार, गोरमा एवं अदवा तथा उनकी सहायक नदी–नालों के तटवर्ती भागों में अवनालिकाओं के शीर्षवर्ती अपरदन का विस्तार 3 से 6 मीटर प्रतिवर्ष है, इस क्षेत्र में नालीदार अपरदन द्वारा प्रतिवर्ष 0.85 मिलियन घन मीटर मिट्टियों के क्षरण का अनुमान है।[9]

समस्त प्रकार के भू–क्षरण में जल वर्षा की मात्रा, वर्षा की तीव्रता, जल बूँदों के प्रारूप, वाही जल, धरातलीय प्रवाह, भूमिगत जल, मिट्टियों के भौतिक एवं रासायनिक गुण, वानस्पतिक आवरण, ढाल का स्वरूप आदि से प्रभावित होते हैं। मोरिसावा[10] (1968) ने पहाड़ी ढालों पर होने वाले भू–क्षरण के प्रकार एवं उसकी दर को नियंत्रित करने वाले दो तत्त्वों का अभिनिर्धारण किया है। **(1) जलवायु एवं (2) भौमिकी**। जलवायु, वर्षा की तीव्रता, मात्रा एवं अवधि को निर्धारित करती है और वर्षा की ये विशेषताएँ बदले में क्षेत्र विशेष की प्रकृति, वनस्पति के स्वरूप एवं अन्य विशेषताओं को निर्धारित करती हैं। वनस्पति भी (वर्षा की तीव्रता तथा अवधि को) प्रभावित करती है, क्योंकि सूर्यताप वानस्पतिक आवरण से प्रभावित करता है। शैलों के प्रकार तथा धरातलीय बनावट मिट्टियों पर निर्भर करते हैं, मिट्टियों की भौतिक एवं रासायनिक विशेषताएँ जलवायु तथा उस क्षेत्र की भौमिकी पर निर्भर होती है। निम्न समीकरण से भू–क्षरण की तीव्रता एवं तत्त्वों का बोध हो जाता है–[11]

E = f (Ecorsivity, Erodibility)..........(16.1)

जबकि E = भू–क्षरण या मात्र क्षरण (erosion)

उपर्युक्त समीकरण को निम्न रूप में व्यक्त किया जा सकता है–

मृदा अपरदन क्षरण के प्रक्रमों की अपरदन शक्ति तथा मिट्टियों की क्षरणशीलता का प्रतिफल होता है।

**क्षरणात्मकता**

इसका अर्थ होता है, निश्चित पर्यावरणीय दशाओं में मिट्टियों को क्षरण करने के लिए क्षरण के तत्त्वों (यथा जल सीकर, वाही जल, धरातलीय प्रवाह आदि) की क्षमता। अपरदन के प्रक्रमों की क्षरण क्षमता, अन्य पर्यावरणीय तत्त्वों एवं दशाओं के अलावा, इस बात पर निर्भर करती है कि वर्षा का जल किस रूप में धरातलीय सतह तक पहुँचता है। उदाहरण के लिए यदि धरातलीय सतह वनस्पतियों से ढँकी है तो वर्षा का जल निम्न रूपों में धरातल तक पहुँचता है– वर्षा की बूँदों का वनस्पतियों के ऊपरी वातावरण से अन्तरोधन होता है– अन्तरोधित वर्षा का जल वृक्षों की पत्तियों, टहनियों, शाखाओं एवं तनों से होकर धरातलीय सतह तक पहुँचता है– जल धीरे–धीरे मिट्टियों में प्रविष्ट होता है, सीधा प्रवाह के रूप में जल अस्थायी भण्डारों (धरातलीय एवं मृदा जल भण्डार) में एकत्रित होता है– वहाँ से यह जल नजदीकी सरिताओं तक पहुँचता है। इस तरह की स्थिति में वाही जल की अपरदनात्मकता (क्षरण सामर्थ्य) कम हो जाती है। इसके विपरीत यदि धरातलीय सतह वानस्पतिक आवरण से ढँकी न होकर खुली होती है तो वर्षा का जल सीधे धरातल तक पहुँचता है जिस कारण अधिकतम धरातलीय प्रवाह (overland flow) का आविर्भाव होता है, जिस कारण क्षरण की क्षमता अधिक हो जाती है।

**भू की क्षरणशीलता** (Soil erodibility) का अर्थ होता है मिट्टियों की क्षरण के प्रति प्रतिरोधिता (resistance of erosion) या मिट्टियों की क्षरण के लिए सुमेघता (Volnerability)। मिट्टियों की क्षरणशीलता निम्न तत्त्वों पर आधारित होती है– (1) मिट्टियों की भौतिक एवं रासायनिक विशेषतायें (यथा–कणों का आकार, मृदा संरचना, जैविक तत्त्वों की मात्रा, मिट्टयों में जल के लिये पारगम्यता तथा प्रवेश्यता, मिट्टियों में पौधों की जड़ों की प्रकृति तथा मात्रा, मिट्टियों की वर्तन सामर्थ्य (strength), समूह क्षमता (aggregateability आदि। (2) भूमि उपयोग (यथा

फसल प्रतिरूप, वानिकी, पशुचारण आदि) तथा (3) मिट्टियों का प्रबन्धन (यथा–कृषि के उपकरणों, सिंचाई तथा उर्वरकों का उपयोग, कृषि के प्रकार, फसल प्रतिरूप, फसलों की कटाई आदि।

निष्कर्ष रूप में यह कहा जा सकता है कि मृदा क्षरण को प्रभावित करने वाले कारकों में जलवायु, धरातल, शैल प्रकार, वनस्पति तथा मिट्टियों का स्वरूप एवं उनकी विशेषतायें सम्मिलित होती है। ये तत्त्व एक साथ काम करते हैं तथा इन कारकों को निम्नांकित मृदा क्षरण समीकरण के रूप में व्यक्त किया जाता है–

E = F(C,T,R,V,S) ........... (16–2)

जबकि E = Soil erosion (मृदा क्षरण)

F = function of, प्रतिफल है।

C = जलवायु

T = धरातल

R = शैल प्रकार (Rock Type)

V = वनस्पति (Vegetation)

S = मिट्टियों की विशेषतायें (Soil Characteristis)

FAO के अनुसार निम्न तत्त्व भू–क्षरण को प्रभावित करते हैं–

**(1) भू–आकृति तत्त्व**– ढाल की लंबाई, ढाल प्रवणता तथा ढाल की वक्रता।

**(2) जलवायु संबंधी तत्त्व**– वर्षा की मात्रा, तीव्रता, ऊर्जा तथा वितरण एवं तापमान में परिवर्तन।

**(3) मिट्टियों की विशेषतायें**– कणों का विलगाव, परिवहनशीलता, कणों का समूहन, मृदा की सतह का लेपन तथा छिद्रों का भराव, मिट्टी की गहराई, जल धारण क्षमता आदि।

**(4) वानस्पति आवरण**– जोती गई भूमि, पड़ती भूमि, वन। ज्ञातव्य है कि इन कारकों के सहयोग से मृदा क्षरण के प्रतिरूप (मॉडल) का निर्माण किया जाता है जिसे सार्वजनिक भू–क्षरण समीकरण कहा जाता है–

E = f(R,K,L,S,C,P) ........... (16.3)

जबकि E = औसत वार्षिक मृदा (अवसाद)

F = function of, प्रतिफल है,

R = जलवर्षा तत्त्व (वर्षा की तीव्रता, ऊर्जा तथा वितरण)

K = भू की क्षरणशीलता का कारक (मिट्टियों की भौतिक एवं रासायनिक विशेषताएँ जैसा कि ऊपर व्यक्त किया गया है)

L = ढाल की लम्बाई

S = ढाल की प्रवणता

C = फसलोत्पादन तथा प्रबन्धन

P = संरक्षण/साधारण कार्य

स्मरणीय है कि भू–क्षरण के तृतीय समीकरण (16.3) में मानवीय तत्त्वों को सम्मिलित नहीं किया गया है परन्तु (16.2 फाओ) द्वारा प्रस्तुत भू–क्षरण के समीकरण में मानव तत्त्वों (फसलोत्पादन, प्रबन्धन आदि) को सम्मिलित किया गया है। वर्तमान समय में मानव क्रिया–कलापों के कारण मृदा क्षरण की दर में अत्यधिक वृद्धि हुई है। अतः भू–क्षरण के समीकरण में मानव कारक को प्रत्यक्ष रूप में सम्मिलित किया जाना चाहिए। इस तरह तृतीय समीकरण (16.3) को निम्न रूप में व्यक्त किया जाता है–

E = f(C,T,V,S............H) ........... (16.4)

E, E, C, T, R, V तथा S का वही अर्थ है जो समीकरण 16.2, 16.3 में दिया गया है, यहाँ पर H अतिरिक्त तत्त्व है, जो मानव तत्त्व का प्रतिनिधित्व करता है। इसे मानव हस्तक्षेप का तत्त्व भी कहा जा सकता है।

**(अ) प्राकृतिक तत्त्व**– भू–क्षरण के तत्त्वों में निम्नलिखित प्राकृतिक तत्त्व अधिक महत्त्वपूर्ण है–

**1. जलवायु संबंधी तत्त्व**

**(1) जलवर्षा**

(अ) वर्षा की गहनता/तीव्रता

(ब) वर्षा की मात्रा

(स) वर्षा की अवधि

(द) वर्षा का अंतिम वेग

(य) गतिज ऊर्जा

**(2) ढाल धरातलीय तत्त्व**

(अ) सापेक्षिक उच्चावच्च

(ब) ढाल प्रवणता

(स) ढाल परिच्छेदिका

(द) ढाल के पहलू

**(3) शैलकीय तत्त्व**

(अ) शैलों के प्रकार

(ब) शैलों की यांत्रिक एवं रासायनिक विशेषताएँ

**(4) वानस्पतिक तत्त्व**

(अ) वानस्पतिक आवरण के प्रकार

(ब) वनस्पति का घनत्व

(स) पौधों के जड़ों की प्रकृति

**(5) मृदा तत्त्व**

(अ) मिट्टियों के अपरदन के प्रक्रमों की मृदा क्षरण की क्षमता

(ब) भू–क्षरणशीलता

**(ब) मानवीय तत्त्व**

(1) भूमि उपयोग में परिवर्तन

(2) कृषि के रूप में परिवर्तन

(3) निर्माण कार्य

(4) खनन कार्य

(5) प्रबन्धन के उपाय

अध्ययन क्षेत्र म.प्र. के रीवा जिले में हनुमना विकासखण्ड भू–क्षरण जनित आपदा को उत्पन्न करने में उपरोक्त दोनों तत्त्वों (प्राकृतिक एवं मानवीय) की महत्त्वपूर्ण एवं सक्रिय भूमिका है।

**विकासखण्ड हनुमना में भू–क्षरण के प्रभावी कारक**

ज्ञातव्य है कि रीवा जिला के पूर्वी भाग में स्थित विकासखण्ड हनुमना में अवनालिका द्वारा प्रतिवर्ष 0.85 मिलियन घनमीटर मृदा का क्षरण होता है। अध्ययन क्षेत्र के विन्ध्यन कगारी एवं कैमूर श्रेणी क्षेत्र रिल एवं रैवाइन अपरदन से कृषित उपजाऊ भूमि बीहड़ के रूप में परिवर्तित हो रही है, कृषि विभाग की जानकारी के अनुसार इस क्षेत्र में प्रतिवर्ष लगभग 0.85 मिलियन घनमीटर कृषित उपजाऊ भूमि की मृदा का क्षरण हो रहा है। गोरमा एवं अदवा तथा इनकी सहायक नदियों के तटवर्ती भाग में भू–क्षरण की औसत वार्षिक दर लगभग 05.8 घनमीटर प्रति हेक्टेयर से अधिक है।[12] भू–क्षरण की आवृत्ति में वृद्धि होने का एक प्रमुख कारण अध्ययन क्षेत्र की प्रमुख नदी गोरमा तथा अदवा एवं इनके सहायक नाले एवं असमान धरातलीय ढाल युक्त सतह पर बहते हैं। प्रपाती धरातलीय क्षेत्र में वाही जल अवनालिकाओं को निर्मित कर अवनालिका के रूप में भू–क्षरण की बारम्बारता में वृद्धि करते हैं, आगे चलकर प्रवाहित जल के आयतन में बढ़ोत्तरी होती जाती है, जो प्राकृतिक तत्त्वों एवं मानवीय क्रियाकलापों से सम्पन्न होती है। प्राकृतिक कारकों एवं प्रक्रियाओं से तथा मानव क्रियाकलापों से होने वाले मृदा क्षरण का अलग–अलग विवरण प्रस्तुत करना संभव नहीं है।

**भू–क्षरण एवं ढाल**

अध्ययन क्षेत्र में ढाल भू–क्षरण की महत्त्वपूर्ण विशेषताएँ निम्नानुसार है–

(1) विकासखण्ड में भू–क्षरण तीव्र दृष्टिगोचर होता है।

(2) भू–क्षरण वर्षा जल द्वारा सर्वाधिक होता है।

(3) वर्षा ऋतु में भू–क्षरण की तीव्रता बढ़ जाती है।

(4) कैमूर श्रेणी क्षेत्र में भू–क्षरण अवनालिकाओं के रूप में विकसित हुआ मिलता है जिसका क्रम अंगुनलिका–नाली–बड़ा नाला एवं छोटी नदियों की बहुलता का होना है।

(5) विन्ध्यन कगारी क्षेत्र में प्रपाती ढाल के कारण भू–क्षरण की अधिकता है।

(6) शाहपुर, हटवा पठार में चादरवत भू–क्षरण का क्षेत्र का बाहुल्य है।

(7) अदवा बेसिन में नालीदार एवं चादरवत्

भू–क्षरण की प्रधानता है।

निष्कर्षतः धरातलीय ढाल की विशेषताओं के अनुरूप अध्ययन क्षेत्र में भू–क्षरण की दर तीव्र पायी जाती है।

समतलकारी शक्तियों के प्रभाव स्वरूप धरातल पर विभिन्न प्रकार के ढाल का विकास हुआ पाया जाता है। उक्त ढाल के प्रमुख प्रकार निम्नानुसार हैं–

(1) सम ढाल

(2) तीव्र ढाल

(3) नतोदर ढाल

(4) उन्नतोदर ढाल

(5) विषम ढाल

(6) मन्द ढाल

निष्कर्षतः कह सकते हैं कि भू–क्षरण से सम्बन्धित प्रकार के विकसित ढालों में विन्ध्यन कगार प्रदेश, कैमूर श्रेणी क्षेत्र के तीव्र ढाल के कारण भू–क्षरण की मात्रा सर्वाधिक रहती है, वहीं विषम ढाल, उन्नतोदर ढाल, नतोदर ढाल की विशिष्ट स्थिति में भू–क्षरण शाहपुर, हटवा पठार से यहाँ अधिक होता है जबकि शाहपुर, हटवा पठार में मन्द ढाल में भू–क्षरण की दर प्रायः न्यून पाई जाती है। भू–क्षरण क्षेत्र का कोई चिन्हाकन नहीं किया जाता। चिन्हाकन न होने से भू–क्षरण नियंत्रण के लिए कोई कार्यवाही नहीं होती। इसकी दर में लगातार वृद्धि होती रहती है। अतः तीव्र क्षरण भूमि क्षेत्र का चिन्हान कर मानसून प्रारंभ होने के पूर्व उपचार कर भू–क्षरण के प्रभाव को कम किया जा सकता है।

## सुझाव

भू–क्षरण को रोकने के लिए निम्नानुसार सुझाव प्रस्तुत हैं–

(1) तीव्र क्षरण भूमि क्षेत्र का चिन्हान कर मानसून प्रारंभ होने के पूर्व उपचार कर भू–क्षरण के प्रभाव को कम किया जा सकता है।

(2) समुचित जानकारी हेतु नोडल केन्द्रों की स्थापना की जानी चाहिए। इस प्रकार के केन्द्र पहाड़ी, गौरी–शाहपुर, पिपराही, घोघम एवं खटखरी में की जा सकती है। इन नोडल केन्द्रों को परस्पर सहयोजित कर समग्र क्षेत्र को एक कड़ी में आबद्ध किया जाय।

(3) सभी ग्राम पंचायतों में ढाल की दिशा में मेड़ बन्दी, वृक्षारोपण एवं मृतः तालाबों के उपचार जैसे कार्यों को प्रोत्साहित किया जाय। इस प्रक्रिया से प्रवाही जल की तीव्रता जो भू–क्षरण के लिए उत्तरदायी है की गति को मन्द किया जा सकेगा।

(4) सघन वृक्षारोपण ढाल के अनुरूप ऊपर से नीचे (रिज टु वारम) किए जायँ। रोपित वृक्षों के मध्य घास एवं कटीली झाड़ियाँ स्वतः विकसित होंगी, उन्हें नष्ट न किया जाय। इस पद्धति से भू–क्षरण की दर में कमी आयेगी। ऐसे स्थल कैमूर श्रेणी क्षेत्र तथा विन्ध्यन कगारी भू–भाग है, जहाँ के 75 प्रतिशत भू–भाग क्षेत्र वन विभाग के स्वत्व में है, यह कार्य आसानी से किया जा सकता है।

(5) भू–क्षरण वाले तीव्रता के स्थलों को 'खनन मुक्त' क्षेत्र रखना चाहिए। इस दिशा में शासकीय प्रयास ईमानदारीपूर्वक किया जाय। एक खदान की बीज पर 20 खदानें संचालित करने वाले उद्यमियों पर सख्त कार्यवाही की जाय ताकि नियम के विरुद्ध खनन कार्य को प्रोत्साहन न मिल सके।

(6) भू–क्षरण प्रबन्धन कार्यक्रम कृषि विभाग, वन विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी जैसे विभागों द्वारा किये जाते हैं, किन्तु इन विभागों में परस्पर कोई ताल–मेल नहीं होता, फलतः किये गये कार्यों के वांछित परिणाम नहीं मिल पाते। अतः इन विभागों में परस्पर सहयोजन की आवश्यकता है।

(7) भू–क्षरण से संबंधित पर्यावरणीय प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक करने की महती आवश्यकता है। यह लोग समझें कि यह सारा कार्य शासन का नहीं है, बल्कि हमारे लिए है।

इसके लिए विभिन्न माध्यमों के उपयोग द्वारा लोगों को जागरूक किया जाय, उत्तरदायित्व समझाया जाय। इसके लिए विभिन्न माध्यमों यथा सेमिनार, पत्र–पत्रिकाओं में प्रकाशन, रेडियो, टी.वी. से प्रसारण, नुक्कड़ सभा आदि के द्वारा सतत् प्रयास किये जाने चाहिए। स्वयंसेवी संस्थाओं की सेवाएँ इस क्षेत्र में ली जानी चाहिए, क्योंकि इन्हें इसकी मैदानी जानकारी होती है।

## संदर्भ ग्रन्थ सूची


1. सवीन्द्र सिंह, भू–आकृति विज्ञान के मूल तत्त्व, वसुन्धरा प्रकाशन, दाउदपुर, गोरखपुर, पुनर्मुद्रण–2006, पृ. 02
2. , u- , y - Mksj ]Geomorphic study of panchmadiregion : A Geographical Analysis unpublish Ph.D. Thesis APSU Rewa, 2003, P. 67
3. सवीन्द्र सिंह, भू–आकृति विज्ञान के मूल तत्त्व, वसुन्धरा प्रकाशन, दाउदपुर, गोरखपुर, पुनर्मुद्रण–2000, पृ. 67–68
4. पी.एस. नेगी, पारिस्थितिकी एवं पर्यावरण गंगोत्री प्रकाशन, मेरठ, 2006–07, पृ. 222
5. एस.डी. कौशिक, भू–आकृति विज्ञान, रस्तोगी प्रकाशन, मेरठ
6. सवीन्द्र सिंह, भू–आकृति विज्ञान, गोरखपुर, 2000, पृ. 250
7. तथैव, पृ. 250
8. सवीन्द्र सिंह, पर्यावरणी भूगोल, प्रयास प्रकाशन, इलाहाबाद, 2005–06, पृ. 96–97।
9. कार्यालय सहा. मृदा अधिकारी, रीवा द्वारा प्राप्त जानकारी, 2018–19
10. M. Morisava- Tectonics and geomorphic model in theories of land forms development, edited by W.N. Melhorn and R.C. Flemal, George Allen and unwin, London, Pp. 199-216
11. Savindra Singh, "Environmental Geography, Prayag Publication, Allahabad, 1997
12. स्त्रोत, सहायक संचालक कृषि विभाग, रीवा म.प्र. 2016

**SHODH-GARIMA–YEAR-2, VOL. 2 (April to June, 2025)**
**A Peer-Reviewed & Referred International Multidisciplinary Research Journal**
**ISSN (Print) : 3048-6327**
**IMPACT-FACTOR SJIF - 5.223**
**Paper Recieved : 11th June 2025** **Paper Accepted : 16th June 2025**

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में तकनीकी हस्तक्षेप : अवसर और चुनौतियाँ

□ प्रोफेसर मान सिंह*
□ अनिकेत कुमार सिंह**

**शोध-सारांश**

*मानव इतिहास में, शिक्षा मानव विकास के साथ–साथ विकसित हुई है। शुरुआत में, श्रवण, मनन और चिंतन जैसी शैक्षिक विधियाँ प्रमुख थीं। मुद्रण प्रौद्योगिकी की शुरुआत ने शिक्षा के विस्तार को काफी हद तक गति दी। हाल के वर्षों में, प्रौद्योगिकी में प्रगति ने शिक्षा को अधिक सुलभ बना दिया है, जिससे इसके विकास में और वृद्धि हुई है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 आधुनिक शिक्षा में इसके महत्त्व पर जोर देते हुए प्रौद्योगिकी के इस एकीकरण को दर्शाती है। विशेष रूप से, एनईपी का भाग तीन विभिन्न तकनीकी उपकरणों और पद्धतियों को शामिल करने पर ध्यान केंद्रित करता है। अध्याय 23 और 24 में दीक्षा, मशीन लर्निंग, डीप लर्निंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा साइंस, वर्चुअल रियलिटी और ब्लॉकचेन जैसे प्लेटफार्मों और अवधारणाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला गया है। इन नवाचारों का उद्देश्य शैक्षिक परिदृश्य को बदलना, सीखने में पहुँच और गुणवत्ता दोनों को बढ़ावा देना है।*

***मुख्य शब्द*– *दीक्षा, मशीन लर्निंग, डीप लर्निंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा साइंस।***

## परिचय

वर्तमान युग को अक्सर विज्ञान और प्रौद्योगिकी के युग के रूप में संदर्भित किया जाता है, एक ऐसा लक्षण जो मानव जीवन को बदलने में इन क्षेत्रों की महत्त्वपूर्ण भूमिका को उजागर करता है। प्रौद्योगिकी का प्रभाव अस्तित्व के विभिन्न पहलुओं पर स्पष्ट है, जिसमें शिक्षा भी शामिल है, जो इन प्रगति के जवाब में अनुकूलित और विकसित हुई है। उदाहरण के लिए, कोविड–19 महामारी के दौरान, प्रौद्योगिकी शैक्षिक प्रणालियों को बनाए रखने और दूरस्थ शिक्षा को सुविधाजनक बनाने में महत्त्वपूर्ण थी।

शैक्षिक प्रौद्योगिकी का विकास 19वीं शताब्दी की औद्योगिक क्रांति में देखी जा सकती हैं, जिसने

* प्रोफेसर (शिक्षाशास्त्र–विभाग), ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज ई.वि.वि., प्रयागराज, Email: man9415614760@gmail.com
** शोध–छात्र, शिक्षाशास्त्र विभाग, ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज ई. वि.वि., प्रयागराज, Email: at.k.d937@gmail.com

विभिन्न क्षेत्रों में नवाचारों की नींव रखी। शैक्षिक प्रौद्योगिकी में एक महत्त्वपूर्ण प्रारंभिक विकास 1926 में हुआ जब सिडनी प्रेसी ने ओहियो विश्वविद्यालय में शिक्षण मशीन का आविष्कार किया। इस आविष्कार ने शिक्षण विधियों में एक बड़े बदलाव का प्रतिनिधित्व किया। 1930 और 1940 के दशक के बीच, लुम्सडेन और ग्लेसर जैसे अग्रदूतों ने पुस्तकों, दृश्य सहायता और निर्देशात्मक सामग्रियों के निर्माण में तकनीकी अनुप्रयोगों की खोज की। 1950 के दशक में और प्रगति हुई जब बी.एफ. स्किनर ने प्रोग्राम्ड लर्निंग की अवधारणा पेश की। इस उन्नति ने शैक्षिक परिदृश्य के भीतर प्रौद्योगिकी के उपयोग में क्रमिक लेकिन स्थिर वृद्धि की शुरुआत को चिह्नित किया।

1952–53 का माध्यमिक शिक्षा आयोग भारत में शिक्षा में दृश्य–श्रव्य उपकरणों के महत्त्व को उजागर करने वाला पहला आयोग था, जो अन्य देशों की प्रथाओं के समान है। भारत में पहली बार विज्ञान और प्रौद्योगिकी का उपयोग रक्षा और सुरक्षा उद्देश्यों के लिए किया गया था।

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् भारत में प्रौद्योगिकी को बढ़ाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है, जिसमें शैक्षिक प्रौद्योगिकी केंद्र के रूप में जाना जाने वाला एक प्रभाग शामिल है। 1965 में, भारत में भारतीय अभिक्रमित अनुदेशात्मक संगठन की स्थापना की गई, जिसका उद्देश्य विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में शैक्षिक प्रौद्योगिकी को आगे बढ़ाना था। 1986 की राष्ट्रीय शिक्षा नीति ने शिक्षा की गुणवत्ता और मात्रा में सुधार के लिए शैक्षिक प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने के तरीकों पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित करके भारत की शिक्षा में एक ऐतिहासिक क्षण को चिह्नित किया।

इस प्रवृत्ति को जारी रखते हुए, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत शिक्षा क्षेत्र में प्रौद्योगिकी को शामिल किया गया है। प्रौद्योगिकी का शिक्षा पर सकारात्मक और नकारात्मक दोनों तरह का प्रभाव पड़ता है। एक अच्छे शिक्षक और छात्र को अपनी कमियों को दूर करने और निरंतर सीखने और सिखाने में संलग्न होने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाना चाहिए (राजा, आर. और नागासुब्रमणि, पी.सी. 2018)।

प्रौद्योगिकी ने शिक्षा को बदल दिया है, जिससे यह स्पष्ट हो गया है कि शिक्षा प्रणाली के भीतर महत्त्वपूर्ण बदलाव हो रहे हैं। जैसे–जैसे प्रौद्योगिकी आगे बढ़ रही है, छात्रों और शिक्षकों दोनों को आजीवन सीखने को अपनाना चाहिए। यह नया तकनीकी दृष्टिकोण सीखने की प्रक्रिया में समय की कमी को दूर करते हुए तेज और अधिक आकर्षक शिक्षण विधियों के अवसर प्रस्तुत करता है (बुधवर, के. 2017)।

एनईपी (2020) प्रौद्योगिकी और शिक्षा के बीच द्वि–दिशात्मक संबंध को उजागर करता है, जिसमें इस बात पर जोर दिया गया है कि शिक्षण–अधिगम प्रक्रिया को बढ़ाने और परिणामों में सुधार के लिए प्रौद्योगिकी महत्त्वपूर्ण है। यह मानता है कि शैक्षिक प्रौद्योगिकी गुणवत्ता, पहुँच, समानता और समावेशन के मुद्दों को प्रभावी ढंग से संबोधित कर सकती है। जबकि ऑनलाइन शिक्षा कई प्रकार के अवसर प्रदान करता है, भारत में डिजिटल विभाजन महत्त्वपूर्ण चुनौतियाँ प्रस्तुत करता है जिन्हें शैक्षिक लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए हल करने की आवश्यकता है। मिश्रित शिक्षा, जो प्रौद्योगिकी को एकीकृत करती है, एक समान पाठ्यक्रम को बनाए रखते हुए विभिन्न जनसांख्यिकी से विविध शिक्षार्थियों को समायोजित कर सकती है। भारत में इस दृष्टिकोण को लागू करने से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक समान पहुँच प्रदान की जा सकती है और 21वीं सदी के आवश्यक कौशल को विकसित करने में मदद मिल सकती है। एनईपी (2020) सभी शिक्षार्थियों के लिए सीखने के अनुभव

और परिणामों को बढ़ाने के लिए इस क्षमता को वास्तविकता में बदलने का आह्वान करती है (आयेशा, एन. और रत्रा, ए. 2021)।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अध्याय 23, प्रौद्योगिकी का उपयोग और एकीकरण में प्रौद्योगिकी के महत्त्व को रेखांकित किया गया है। इस अध्याय में, शिक्षा क्षेत्र में उपयोग की जाने वाली विभिन्न प्रौद्योगिकियों पर विस्तार से चर्चा की गई है, जिनका संक्षिप्त विवरण निम्नवत् है–

**दीक्षा**

जिसका संक्षिप्त नाम डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर फॉर नॉलेज शेयरिंग (DIKSHA) है, मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा बनाया गया एक मोबाइल ऐप है। यह बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मकता के लिए गुणवत्तापूर्ण संसाधनों का एक राष्ट्रीय स्रोत प्रदान करता है, जिसका उद्देश्य शिक्षकों और छात्रों के बीच भाषा संबंधी बाधाओं को दूर करना है। यह ऐप डेस्कटॉप और मोबाइल दोनों प्लेटफॉर्म पर काम करता है, जिससे उपयोगकर्त्ता सीखने की गतिविधियों में शामिल हो सकते हैं, सामग्री अपलोड कर सकते हैं और पाठ्यक्रम पूरा करने के बाद अपनी प्रगति और प्रमाणपत्र तक पहुँच सकते हैं। उपयोगकर्त्ताओं को सामुदायिक दिशानिर्देशों का पालन करना चाहिए, क्योंकि अनुचित सामग्री निलंबन का कारण बन सकती है। छात्रों के लिए शिक्षकों और शीर्ष भारतीय सामग्री निर्माताओं द्वारा बनाई गई इंटरैक्टिव सामग्री आसानी से उपलब्ध है। अतिरिक्त संसाधनों के लिए पाठ्यपुस्तकों से क्यूआर कोड स्कैन करें, और कक्षा के विषयों से संबंधित पाठ और कार्यपत्रक तक पहुँचें। अंग्रेजी और हिंदी सहित कई भाषाओं में यह ऐप उपलब्ध है। वीडियो, पीडीएफ, HTML, ePub. और अधिक जैसे विभिन्न प्रारूपों का समर्थन करता है।

**आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI)**

यह कंप्यूटर विज्ञान की एक शाखा है जो मानव बुद्धि का अनुकरण करने के लिए मशीनों और सॉफ्टवेयर को विकसित करने पर केंद्रित है। 1955 में जॉन मैकार्थी द्वारा गढ़ा गया, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मशीनों को प्राकृतिक भाषा को समझने और संसाधित करने में सक्षम बनाता है। यह उन्नत प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण तकनीकों का उपयोग करके मानव–लिखित लेखों और ऑनलाइन स्रोतों से ज्ञान एकत्र कर सकता है। इसके अतिरिक्त, उपयोगकर्त्ताओं के पास किसी भी समय किसी कोर्स से बाहर निकलने का विकल्प होता है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ज्ञान को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने में भी सक्षम है।

जैसे–जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक विकसित होती जा रही है, भविष्य में शिक्षा क्षेत्र में इसका उपयोग काफी बढ़ने की संभावना है। शिक्षा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के अनुप्रयोगों और इस तकनीक द्वारा प्रस्तुत चुनौतियों की जाँच करके, हम आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और शिक्षा के बीच के अंतरसंबंध की व्यापक समझ हासिल कर सकते हैं। यह ज्ञान शिक्षकों और छात्रों दोनों को शिक्षण और सीखने की प्रक्रिया में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस उपकरणों को प्रभावी ढंग से नेविगेट करने और उनका उपयोग करने में मदद करेगा। अंततः, यह शिक्षण की गुणवत्ता को बढ़ा सकता है, छात्रों के सीखने के तरीकों में सुधार कर सकता है, और अधिक विविध और व्यक्तिगत सीखने के अनुभव बना सकता है (आईएहुआंग, जे. और सेलह, एस. और आईयू, वाई 2021)।

**मशीन लर्निंग**

यह वर्तमान समय में चल रही एक नवीन तकनीक है। यह कृत्रिम बुद्धि का एक एप्लीकेशन है। यह एप्लीकेशन कृत्रिम बुद्धि को वह योग्यता प्रदान करती है, जिससे वह खुद सीख सके और

सुधार कर सके। मशीन लर्निंग का उपयोग मशीनों को सिखाने के लिए किया जाता है कि कैसे वे डेटा को अधिक कुशलता से सँभालें।

मशीन लर्निंग (ML) एल्गोरिदम का अध्ययन है जो कंप्यूटर को सीधे प्रोग्राम किए बिना कार्य करने में मदद करता है। हम हर दिन ML का उपयोग करते हैं– जैसे जब हम Google पर खोज करते हैं, तो यह सीखने के एल्गोरिदम का उपयोग करके परिणामों को रैंक करता है। ML का उपयोग डेटा माइनिंग, इमेज प्रोसेसिंग और प्रेडिक्टिव एनालिटिक्स जैसे कई क्षेत्रों में किया जाता है। सबसे बड़ा फायदा यह है कि एक बार जब एल्गोरिदम डेटा से सीख लेता है, तो यह अपने आप निर्णय या भविष्यवाणियां कर सकता है (महेश, बी 2018)।

### डेटा साइंस

यह क्षेत्र आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग से बहुत करीब से जुड़ा हुआ है। यह कंप्यूटर विज्ञान की एक शाखा है जो मशीन लर्निंग सिद्धांतों, एल्गोरिदम और विभिन्न उपकरणों को शामिल करते हुए विभिन्न प्रकार के डेटा के अध्ययन पर ध्यान केंद्रित करती है।

### वर्चुअल रियलिटी

प्रौद्योगिकी की निरंतर उन्नति शिक्षा को उल्लेखनीय तरीकों से बदल रही है। एक महत्त्वपूर्ण विकास वर्चुअल रियलिटी (वीआर) है, जो कंप्यूटर प्रौद्योगिकी का उपयोग करके इमर्सिव अनुभव बनाता है। 3डी ग्राफिक्स के माध्यम से, वीआर एक यथार्थवादी वातावरण का अनुकरण करता है जिसे उपयोगकर्त्ता वास्तविक मानते हैं। हालाँकि, यह अनिवार्य रूप से कंप्यूटर हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर के साथ तैयार किया गया एक कृत्रिम वातावरण है।

शैक्षिक सॉफ्टवेयर औपचारिक भाषा विषय को पारंपरिक कक्षाओं से कंप्यूटर लैब में स्थानांतरित करने में मदद करती है, जिससे छात्रों के लिए शिक्षण और सीखने की प्रक्रिया अधिक आकर्षक और आनंददायक बनती है। इसने छात्र के प्रदर्शन का मूल्यांकन करने में शिक्षक की भूमिका को भी सुविधाजनक बनाया। वर्चुअल रियलिटी (वीआर) कृत्रिम रूप से बनाए गए वास्तविक जीवन के परिदृश्यों के माध्यम से सीखने का अवसर प्रदान करता है, जो दृश्य और विषय वस्तु के साथ बातचीत की भावना दोनों को बढ़ाता है। जब वास्तविक जीवन के अनुभव संभव नहीं होते हैं, तो वीआर एक अनुपम उपकरण बन जाता है। यह कठिन या खतरनाक स्थितियों के सिमुलेशन की अनुमति देता है जो आमतौर पर वास्तविक दुनिया में दुर्गम होते हैं। इसके अलावा, वीआर छात्रों को जटिल विषयों से जुड़ने में सक्षम बनाता है जिन्हें अक्सर समझना मुश्किल होता है या वास्तविकता में प्रदर्शित करना असंभव होता है (पियोवेसन, एस. डी. और पासेरिनो, एल. एम. और पेरेरा, ए. एस. 2012)।

### ब्लॉकचेन

ब्लॉकचेन एक प्रौद्योगिकी प्लेटफॉर्म है जो सूचना के डिजिटलीकरण और सुरक्षित रिकॉर्डिंग को सक्षम बनाता है। सीधे शब्दों में कहें तो, यह एक डिजिटल लेजर के रूप में कार्य करता है जहाँ हर लेन–देन पारदर्शी रूप से रिकॉर्ड किया जाता है और नेटवर्क से जुड़े सभी कंप्यूटरों पर दिखाई देता है।

### सुरक्षा और विश्वास सुनिश्चित करने के लिए çW v,Q odZ½RoW)

यह विकेंद्रीकरण, छेड़छाड़–प्रूफ डेटा स्टोरेज, स्केलेबिलिटी और अपरिवर्तनीयता प्रदान करता है– जो इसे शिक्षा के लिए आदर्श बनाता है। शैक्षिक संस्थान ब्लॉकचेन का उपयोग प्रमाणपत्रों और डिग्री को सुरक्षित रूप से संग्रहीत करने के लिए कर सकते हैं, जिससे धोखाधड़ी और छेड़छाड़

कम हो जाती है। सॉलिडिटी प्रोग्रामिंग भाषा का उपयोग करके बनाए गए स्मार्ट कॉन्ट्रैक्ट्स को प्रक्रियाओं को स्वचालित करने के लिए एथेरियम जैसे प्लेटफॉर्म पर तैनात किया जा सकता है। संस्थान की जरूरतों के आधार पर ब्लॉकचेन को निजी, सार्वजनिक या कंसोर्टियम सेटिंग्स में लागू किया जा सकता है। इसकी स्केलेबिलिटी इसे शिक्षा में पारदर्शिता और दक्षता में सुधार के लिए एक शक्तिशाली उपकरण बनाती है (कराले, ए. और खनूजा, एच. 2019)।

## स्मार्ट बोर्ड

विज्ञान और प्रौद्योगिकी में प्रगति ने मानव जीवन को महत्त्वपूर्ण रूप से बदल दिया है, खासकर शिक्षा के क्षेत्र में। ऐसा ही एक नवाचार स्मार्ट बोर्ड है, जो आधुनिक स्मार्ट कक्षाओं का एक प्रमुख घटक है। स्मार्ट बोर्ड एक इलेक्ट्रॉनिक, इंटरैक्टिव व्हाइटबोर्ड है जो कंप्यूटर और प्रोजेक्टर के साथ काम करता है। यह शिक्षकों को पाठों को अधिक गतिशील रूप से प्रस्तुत करने की अनुमति देता है, जिससे स्पर्श या डिजिटल पेन के माध्यम से बातचीत संभव हो पाती है। यह तकनीक छात्रों की सहभागिता को बढ़ाती है, मल्टीमीडिया सामग्री का समर्थन करती है, और अधिक इंटरैक्टिव और प्रभावी शिक्षण वातावरण बनाती है।

शिक्षकों को लगता है कि स्मार्ट बोर्ड उनके व्याख्यान में उनकी मदद करता हैं। इसके अलावा, वे पारंपरिक और स्मार्ट बोर्ड मीडिया को मिलाकर प्रभावी ढंग से पढ़ाने के लिए विभिन्न तकनीकों को अपनाने और मिश्रण करने के लिए तैयार हैं। हालाँकि उन्हें शुरुआती कुछ चुनौतियाँ महसूस हुईं, लेकिन यह कहा जा सकता है कि उन्हें अपनी कक्षाओं में स्मार्ट बोर्ड का उपयोग करना पसंद है और वे आगे भी डिजिटल सुधार और संवर्धन चाहते हैं (शर्मा, जी. और नांबियार, डी. 2019)।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 शिक्षा के सभी क्षेत्रों में प्रौद्योगिकी को एकीकृत करने के महत्त्व पर प्रकाश डालती है। इस एकीकरण का उद्देश्य शिक्षण, सीखने, मूल्यांकन, प्रशासन और शिक्षा तक पहुँच को बढ़ाना है। नीति देश भर में शैक्षिक अंतराल को कम करने और गुणवत्ता और समानता दोनों में सुधार करने के लिए प्रौद्योगिकी को एक महत्त्वपूर्ण उपकरण के रूप में स्वीकार करती है।

## तकनीकी हस्तक्षेप के प्रमुख अवसर

- **शिक्षा तक बेहतर पहुँच**– प्रौद्योगिकी डिजिटल प्लेटफॉर्म, ऑनलाइन पाठ्यक्रम और ई–लर्निंग संसाधनों के माध्यम से दूरस्थ और वंचित क्षेत्रों में शिक्षा प्रदान कर सकती है।
- **व्यक्तिगत शिक्षण**– अनुकूली शिक्षण प्रणाली और AI–आधारित उपकरण छात्रों को अपनी गति से और अपनी व्यक्तिगत आवश्यकताओं के अनुरूप शैली में सीखने की अनुमति देते हैं।
- **बेहतर शिक्षण विधियाँ**– स्मार्ट बोर्ड, वर्चुअल लैब और मल्टीमीडिया सामग्री जैसे उपकरण कक्षा के अनुभव को बेहतर बनाते हैं और छात्रों की सहभागिता में सुधार करते हैं।
- **कुशल मूल्यांकन और मूल्यांकन**– डिजिटल मूल्यांकन उपकरण वास्तविक समय की प्रतिक्रिया प्रदान करते हैं, जिससे शिक्षकों को सीखने के अंतराल की पहचान करने और छात्रों के परिणामों को बेहतर बनाने में मदद मिलती है।
- **शिक्षक प्रशिक्षण और सहायता**– ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षकों को नए शैक्षणिक तरीकों और विषय ज्ञान के साथ अपडेट रहने में सक्षम बनाते हैं।
- **डिजिटल गवर्नेंस**– प्रौद्योगिकी केंद्रीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से प्रवेश, उपस्थिति और शैक्षणिक रिकॉर्ड जैसी

प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करती है।

## तकनीकी हस्तक्षेप की प्रमुख चुनौतियाँ

- **डिजिटल विभाजन**– डिजिटल उपकरणों और इंटरनेट कनेक्टिविटी तक असमान पहुँच, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में, शिक्षा के अंतर को बढ़ा सकती है।
- **डिजिटल साक्षरता की कमी**– छात्रों और शिक्षकों में शैक्षिक प्रौद्योगिकी का प्रभावी ढंग से उपयोग करने के लिए आवश्यक कौशल की कमी हो सकती है।
- **बुनियादी ढाँचे के मुद्दे**– कई स्कूल और संस्थान अपर्याप्त बुनियादी ढाँचे, जैसे अपर्याप्त बिजली, कंप्यूटर या इंटरनेट पहुँच से वंचित हैं।
- **डेटा गोपनीयता और सुरक्षा**– प्रौद्योगिकी के बढ़ते उपयोग से छात्र डेटा की सुरक्षा और गोपनीयता के बारे में चिंताएँ पैदा होती हैं।
- **परिवर्तन का प्रतिरोध**– पारंपरिक मानसिकता और नए तरीकों को अपनाने की अनिच्छा प्रौद्योगिकी–आधारित समाधानों के कार्यान्वयन में बाधा डाल सकती है।
- **गुणवत्ता नियंत्रण**– डिजिटल सामग्री और एडटेक समाधानों की गुणवत्ता और प्रासंगिकता सुनिश्चित करना एक सतत् चुनौती बनी हुई है।

## निष्कर्ष

एनईपी 2020 के तहत शिक्षा में प्रौद्योगिकी का एकीकरण भारत की शिक्षा प्रणाली के लिए परिवर्तनकारी क्षमता प्रदान करता है, जिसका उद्देश्य सीखने को बढ़ाना, निर्देश को व्यक्तिगत बनाना और गुणवत्तापूर्ण संसाधनों तक पहुँच में सुधार करना है। हालाँकि, सफल कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए कई चुनौतियों को दूर करना होगा। इनमें अपर्याप्त बुनियादी ढाँचा–विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में खराब इंटरनेट कनेक्टिविटी–शिक्षकों और छात्रों के बीच कम डिजिटल साक्षरता, सांस्कृतिक और भाषाई रूप से प्रासंगिक सामग्री की कमी और डेटा गोपनीयता और सुरक्षा को लेकर चिंताएँ शामिल हैं। तकनीकी हस्तक्षेपों के लाभों का सही मायने में दोहन करने के लिए, एक सहयोगी, बहु–हितधारक दृष्टिकोण आवश्यक है। नीति निर्माताओं, शिक्षकों, प्रौद्योगिकीविदों और समुदायों को समावेशी, सुरक्षित और प्रभावी डिजिटल शिक्षा पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। तभी एनईपी 2020 का विजन पूरे भारत में शिक्षा को बदलने में पूरी तरह से साकार हो सकता है।

## संदर्भ ग्रंथ सूची


- अलहुमैद, के., (2019), फोर वेस टेक्नोलॉजी हैस निगेटिव चेंज्ड एजुकेशन. जर्नल ऑफ एजुकेशनल एंड सोशल रिसर्च, 9 (4), 10–20, https://www.mcser.org/journal/index.php/jesr/
- आयेशा, एन. और रत्ना, ए., (2021), टेक्नोलॉजी इंटीग्रेशन नेशनल एजुकेशन पॉलिसी 2020 : इम्प्लीमेंट ऑफ ब्लेंडेड लर्निंग फोर एक्विटबल क्वालिटी एजुकेशन. अरहट मल्टीडिसप्लनेरी इंटरनेशनल एजुकेशनल रिसर्च जर्नल, 10(3)
- बुधवर, के., (2017), द रोल ऑफ टेक्नॉलाजी इन एजुकेशन. इंटरनेशनल जर्नल ऑफ इंजीनियरिंग एप्लाइड साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी, 2(8), 55–57. http://www.ijeast.com
- दास, बी., (2024), रोल ऑफ टेक्नोलॉजी इंटीग्रेशन इन एन. ई. पी. 2020 : ट्रांसफॉर्मिंग इंडियन एजुकेशन– ए काम्प्रिहेंसिव रिव्यू लिटरेचर. जर्नल ऑफ इमर्जिंग टेक्नोलॉजीज एंड इनोवेटिव रिसर्च, 11(9), https://www.jetir.org/JETIR2409366
- गुप्ता, डी. एस. और बोसई, डब्ल्यू., (2024), नेशनल एजुकेशन पॉलिसी 2020: टेक्नॉलजी यूज एण्ड इंटीग्रेशन. अधिगम, आई एस एस एन–2394–773
- गौरी, एस. जी., देवी, आर., और सेथुरमन, के., (2019), मशीन लर्निंग. इंटरनेशनल जर्नल ऑफ

रिसर्च एंड एनालिटिकल रिव्यूज. 6(2), https://www.ijrar.org/

- घोष, एस. आर. सी., (2023), इंटीग्रेशन ऑफ टेक्नॉलाजी इन एजुकेशन इन एन. ई. पी. 2020 : द इम्प्रेशन ए जर्नल ऑन मल्टीडिसिप्लिनरी स्टडीज, 10 (वार्षिक अंक), 34 (आई एस एस एन 2278–2699)
- हुआंग, जे., सालेह, एस., और लियू, वाई., (2021), ए रिव्यू ऑन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इन एजुकेशन. अकादमिक जर्नल ऑफ इंटर. डिसिप्लिनरी स्टडीज, 10(3), 150–157, https://www.richtmann.org/journal/index.php/ajis/article/view/12686
- कुमारी, एम., (2022), इम्पैक्ट ऑफ आई सी टी इन न्यू एजुकेशन पॉलिसी 2020 : जर्नल ऑफ इमर्जिंग टेक्नोलॉजीज एंड इनोवेटिव रिसर्च, 9(4), https://www.jetir.org/view?paper=JETIR2204227
- कराले, ए., और खानुजा, एच., (2019), ब्लॉकचेन टेक्नॉलाजी इन एजुकेशन सिस्टम ए रिव्यू. इंटरनेशनल जर्नल ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन, 178 (38), https://doi.org/10.5120/ijca2019919361
- महेश, बी., (2020), मशीन लर्निंग एल्गोरिदम : ए रिव्यू. इंटरनेशनल जर्नल ऑफ साइंस एंड रिसर्च, 9(1), https://www.ijsr.net/
- मीर, ए. ए., (2023), द स्कोप ऑफ टेक्नॉलाजी इन नेशनल एजुकेशन पॉलिसी 2020 : ए स्टडी. मध्य भारती– हुमानितिएस एण्ड सोशल साइंसेज, 83(12)
- पॉल, एस., (2024), टेक्नॉलजी इंटीग्रेशन इन एजुकेशन एवलुएटिंग द रोल ऑफ द एन ई पी 2020 : इन प्रोमोटिंग डिजिटल लिटरेसी, डॉन बॉस्को इंटरनेशनल जर्नल ऑफ ह्यूमैनिटीज एंड सोशल साइंसेज, 1(1)
- पियोवेसन, एस. डी. और पासेरिनो, एल. एम. और पेरेरा, ए. एस., (2012), वर्चुअल रियलिटी एस ए टूल इन एजुकेशन, आई ए डी ए एस इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन रिकॉग्निशन एण्ड एक्सप्लोरटो, ए लर्निंग इन डिजिटल ऐज. आईएसबीएन 978–989–8533–12–8
- रूमी, एन., और मेटे, जे., (2024), एजुकेशनल रिफॉर्म्स इन इंडिया द ओप्पोरतुनिटीएस एण्ड चौलेंजेस ऑफ इंप्लीमेंटिंग एन. ई. पी. 2020 : इंटरनेशनल जर्नल ऑफ रिसर्च पब्लिकेशन एंड रिव्यूज, 5(10)
- राजा, आर., और नागासुब्रमणि, पी. सी., (2018), इम्पैक्ट ऑफ मॉर्डन टेक्नॉलाजी इन एजुकेशन. जर्नल ऑफ एप्लाइड एंड एडवांस्ड रिसर्च, 3(1), https://doi.org/10.21839/jaar.2018.v3S1.165
- शर्मा, जी., और नांबियार, डी., (2019), ए स्टडी ऑन स्मार्ट बोर्ड इफेक्टिवनेस इन टीचिंग–लर्निंग इक्स्पीरीअन्स, जर्नल ऑफ इमर्जिंग टेक्नोलॉजीज एंड इनोवेटिव रिसर्च, 6(4), 143–149, http://www.jetir.org/view?paper=JETIRBH06020

**SHODH-GARIMA–YEAR-2, VOL. 2 (April to June, 2025)**
**A Peer-Reviewed & Referred International Multidisciplinary Research Journal**
**ISSN (Print) : 3048-6327**
**IMPACT-FACTOR SJIF - 5.223**
**Paper Recieved : 11th June 2025** **Paper Accepted : 16th June 2025**

# मांडना कला : ग्रामीण भारत की सांस्कृतिक समृद्धि

❑ प्रीति देवी*
❑ डॉ. उज्ज्वल एस. कडोडे**

**शोध-सारांश**

*यह पेपर मांडना कला के बारे में है। यह भारतीय लोक–चित्रकला की एक प्राचीन और समृद्ध कला मानी जाती है, यह कला राजस्थान, मध्यप्रदेश और उत्तर भारत की ग्रामीण महिलाओं के द्वारा बनाई जाती है इस पेपर में मांडना कला की उत्पति, इतिहास और संस्कृति पर बात की गयी है*

*इसमें ज्यामितीय आकार, देवी–देवताओं के प्रतीक, पशु–पक्षी और प्रकृति से जुड़े चित्र बनाये जाते है। मांडना में पारंपरिक रूप से चूना, लाल मिट्टी, गोबर, हल्दी आदि प्राकृतिक रंगों और टहनियों या उँगलियों से चित्र बनाए जाते हैं। इनके बारे में इस पेपर में चर्चा की गयी है। आधुनिक समय में यह कला संरक्षण की चुनौती का सामना कर रही है, किंतु डिजिटलीकरण, नवाचार और शैक्षिक प्रयासों से इसे पुनर्जीवित किया जा रहा है। मांडना कला भारतीय संस्कृति की जीवंत धरोहर है, जो पारंपरिक और समकालीन दोनों रूपों में प्रासंगिक बनी हुई है और आज के युग में डिजिटल माध्यम ने इस कला को पुनः से जीवित करने का प्रयास किया।*

***मुख्य शब्द***– *आलेखन, रचावट, खड़िया, गेरू, लिपाई।*

## परिचय

मांडना कला भारतीय लोक–चित्रकला की एक प्राचीन और समृद्ध कला मानी जाती है, यह कला राजस्थान, मध्यप्रदेश और उत्तर भारत की ग्रामीण महिलाओं के द्वारा बनाई जाती है। यह कला विवाह, धार्मिक और सांस्कृतिक अवसरों पर आँगनों और दीवारों पर बनाई जाती हैं। यह कला ''मंडन'' शब्द से उत्पन्न हुई है, जिसका अर्थ है सज्जा या अलंकरण करना। इसमें ज्यामितीय आकार, देवी–देवताओं के प्रतीक, पशु–पक्षी और प्रकृति से जुड़े चित्र बनाये जाते हैं, मांडना में पारंपरिक रूप से चूना, लाल मिट्टी, गोबर, हल्दी आदि प्राकृतिक रंगों और टहनियों या उँगलियों से चित्र बनाए जाते हैं। जो देखने में बहुत ही सुन्दर लगते हैं। यह न केवल सौंदर्य का प्रतीक माना जाता है, बल्कि लोक–विश्वास, धार्मिक आस्था का

* शोधार्थी (दृश्य कला विभाग), हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय, देहरा, भारत
Email id: preetigahlyan064@gmail-com
** सह आचार्य (दृश्य कला विभाग), हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय, देहरा, भारत

प्रतीक और स्त्री–शक्ति की सांस्कृतिक अभिव्यक्ति भी मानी जाती है। आधुनिक समय में यह कला संरक्षण की चुनौती का सामना कर रही है। मांडना कला भारतीय संस्कृति की जीवंत धरोहर है, जो पारंपरिक और समकालीन दोनों रूपों में प्रासंगिक बनी हुई है और आज के युग में डिजिटल माध्यम ने इस कला को पुनः से जीवित करने का प्रयास किया है ताकि मांडना कला के बारे में अधिकांश लोगों को ज्ञान हो सके। इस पुस्तक में राजस्थान के मीणा जनजाति के घरों की दीवारों पर बनाई जाने वाली सार्वजनिक कला–मांडना–का संग्रह के बारे में बताया गया है। यह महिला कलाकारों के विषय पर केंद्रित है–जानवर और उनके बच्चे को महिलाएँ अपनी बेटियों को अपने घरों की मिट्टी की दीवारों पर चित्रित करना सिखाती हैं (meena, 2009)।

मांडना कला भारत की लोक–परंपरा का एक अभिन्न हिस्सा है, जिसे मुख्यतः महिलाएँ धार्मिक और सांस्कृतिक अवसरों पर दीवारों और आँगनों पर बनाती हैं। mandna : A traditional folk art of rajastan. मांडना (या माँडना) राजस्थान एवं मध्यप्रदेश (मालवा–निमाड़) क्षेत्रों की एक प्राचीन लोक चित्रकला है। इसे विशेष अवसरों पर महिलाएँ मिट्टी की दीवारों या जमीन पर बनाये हुए छपाई समान पैटर्न के रूप में बनाती हैं। डिजिटल युग में इस पारंपरिक कला के संरक्षण और नवाचार के लिए नई तकनीकों का उपयोग आवश्यक हो गया है। इस कला को भारतीय कला में बहुत लोकप्रिय माना गया है, क्योंकि इस कला में भारतीय संस्कृति की झलक दिखाई देती है। (vashishtha, 2000) यह कला मुख्य रूप से स्त्रियों द्वारा की जाती है और इसे शुभ अवसरों (विवाह, तीज, दीपावली) पर घर की सजावट के रूप में प्रयोग किया जाता है। इसके माध्यम से प्रकृति, धार्मिक प्रतीक और सामाजिक विश्वास चित्रित किए जाते हैं। इस कला में देवी–देवताओं की चित्रकला भी बनाई जाती है। विवाह के अवसर पर दीवार पर गणपति का चित्र मंडित किया जाता है। परंपरागत रूप से इसे "मंडन" (सज्जा) शब्द से जोड़ा जाता है, जिसका अर्थ सजावट है। पीली मिट्टी से गणेश की चित्रकला को बना कर उसका पूजन किया जाता है।



***Figure 1 माड़ना आर्ट***

मांडना की पारंपरिक आकृतियों में ज्यामितीय और पुष्प आकृतियाँ प्रमुख हैं, जैसे त्रिभुज, चतुर्भुज, वृत्त, स्वास्तिक, शतरंज पट का आधार, सीधी रेखाएँ। इनमें से कुछ आकृतियाँ हड़प्पा सभ्यता के काल से मिलती हैं। पुष्प आकृतियाँ सामाजिक और धार्मिक विश्वासों से जुड़ी होती हैं, कुछ आकृतियाँ देवी–देवताओं से भी जुड़ी होती हैं, जैसे षष्टकोण, जो देवी लक्ष्मी को चिह्नित करता है। मांडना कला में उपयोग की जाने वाली सामग्री पारंपरिक रूप से चावल का पेस्ट, चाक पाउडर और प्राकृतिक रंग होते हैं। इस कला को विभिन्न पर्वों, मुख्य उत्सवों और ऋतुओं के आधार पर बनाया जाता है। उदाहरणस्वरूप, चौका नामक चतुर्भुज आकृति समृद्धि के उत्सवों में विशेष महत्त्व रखती है, जबकि त्रिभुज, वृत्त और स्वास्तिक लगभग सभी पर्वों या उत्सवों में बनाए जाते हैं।

डिजिटल युग में मांडना कला का संरक्षण और नवाचार महत्त्वपूर्ण है। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स और सोशल मीडिया के माध्यम से इस कला को व्यापक दर्शकों तक पहुँचाया जा सकता है। डिजिटल उपकरणों और सॉफ्टवेयर की मदद से मांडना डिजाइनों को डिजिटलाइज किया जा सकता है, जिससे युवा पीढ़ी को इस पारंपरिक कला के प्रति

आकर्षित किया जा सकता है।

मांडना कला की समृद्ध परंपरा को संरक्षित रखने और नवाचार के माध्यम से इसे आधुनिक संदर्भ में प्रासंगिक बनाए रखने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है। स्थानीय समुदायों, कलाकारों और तकनीकी विशेषज्ञों के सहयोग से इस कला को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया जा सकता है। सामाजिक रूप से, मांडना कला ने समुदाय के एकीकरण और सांस्कृतिक पहचान को मजबूती देने में योगदान दिया है। यह न केवल सजावट का माध्यम है, बल्कि धार्मिक और सामाजिक जीवन के अनुष्ठानिक महत्त्व को प्रतिबिंबित करती है।



***Figure 2 मंडना कला, एक ग्रामीण चित्रकला***

मांडना मुख्यतः उत्तर–पश्चिम भारत में फैली लोक–कला है। राजस्थान के अरावली पर्वतमाला के पूर्वी भाग (भरतपुर, बांदीकुई, टोंक, कोटा, जयपुर आदि) में यह कला विशेष रूप से लोकप्रिय है। इन क्षेत्रों के मीणा समाज की महिलाएँ अपने आँगन–दीवारों को मांडना चित्रों से सुसज्जित करती हैं. मध्यप्रदेश के मालवा (इंदौर, उज्जैन, धार आदि) और निमाड़ (खंडवा, खरगौन आदि) क्षेत्रों में भी जनजातीय समुदाय (मीणा, भील, ब्राह्मण आदि) की महिलाएँ जमीन व दीवार पर सफेद मांडना चित्र बनाती हैं। ध्यान देने योग्य है कि राजस्थान में मांडने दीवार और फर्श दोनों को सजाते हैं, जबकि मध्यप्रदेश में परंपरागत रूप से इन्हें मुख्यतः फर्श पर ही बनाया जाता है।

**मांडना कला की सामग्री और उपकरण**

मांडना कला में स्थानीय और प्राकृतिक सामग्री का उपयोग प्रमुख होता है। सामान्यतः लाल मिट्टी की दीवारों पर सफेद रंग के लिए चूना, चावल का आटा और गेहूँ की बालियाँ मिलाकर कलर मिश्रण तैयार किया जाता है। चित्रांकन के लिए सूखे झाडू के खंचे, पंखे या अँगुलियों का उपयोग भी किया जाता है, जिससे रेखाएँ सटीक और सुंदर बनती हैं। मांडना कला के लिए प्राकृतिक अनुपूरक सामग्री का चयन किया जाता है जो पर्यावरण के अनुकूल और स्थानीय रूप से उपलब्ध हैं। यहाँ कुछ मुख्य सामग्री हैं–

- **चूना**– दीवारों पर उच्चारण के लिए चूना पेस्ट का उपयोग किया जाता है जो सफेद रंग देता है।
- **चूने का पानी**– इसका उपयोग मिट्टी के आधार पर लगाया जाता है ताकि सतह चिकनी और चित्रण के लिए उपयुक्त हो।
- **गोबर का लेप**– यह दीवारों की सतह को बचाने और चमक देने के लिए इस्तेमाल किया जाता है।
- **रंगीन पाउडर**– लाल, पीले और काले रंग के प्राकृतिक पाउडर जो फूलों, मिट्टी, और राख से बनाए जाते हैं।



***Figure 3 एक ओर आटा पीसती स्त्री, दूसरी ओर दीवार पर उकेरी गई मांडना कला***

ये सामग्रियाँ मांडना की पारंपरिक भव्यता और स्थिरता को सुनिश्चित करती हैं, साथ ही यह पर्यावरण की रक्षा भी करती हैं। कलाकारों द्वारा ये सामग्रियाँ सावधानीपूर्वक तैयार की जाती हैं ताकि उनके डिजाइनों की सुंदरता लंबे समय तक बनी रहे। मांडना कला में चित्रण के लिए विशेष प्रकार के उपकरणों का उपयोग किया जाता है, जो कलाकार की कुशलता और चित्र के सौंदर्य में सहायक होते हैं। ये उपकरण पारंपरिक और सरल होते हैं। छड़ियाँ और काँटे सूखे पत्तों की टहनी, लकड़ी की छड़ियाँ और काँटे से कलाकार लाइनें, डॉट्स और ज्यामितीय आकृतियाँ बनाते हैं।

- **राल या सूती कपड़ा**– रंग लगाने के लिए सूती कपड़ा या राल का उपयोग किया जाता है, जिससे सतह पर रंग समान रूप से फैलता है।
- **हाथ**– पारंपरिक रूप से कलाकार हाथों का इस्तेमाल भी करते हैं, खासकर अँगुलियों और नाखूनों से छोटे और जटिल डिजाइनों को आकार देने के लिए।

यह उपकरण आसान, सस्ते और सामर्थ्यवान हैं, जो घर की दीवारों और फर्शों पर सुंदर मांडना चित्रकारी को संभव बनाते हैं। मांडना कला में उपयोग किए जाने वाले रंग ज्यादातर प्राकृतिक स्रोतों से आते हैं। कलाकार पारंपरिक रंगों को स्वयं तैयार करते हैं या स्थानीय बाजारों से प्राप्त करते हैं।

- लाल रंग– सिंदूर, हल्दी या लाल मिट्टी से निकाला जाता है।
- **पीला रंग**– हल्दी और अन्य प्राकृतिक फूलों से बनाया जाता है।
- **सफेद रंग**– चूने और चूने के पाउडर से प्राप्त किया जाता है।
- **काला रंग**– लकड़ी की राख या कोयले से प्राप्त किया जाता है।

ये रंग लंबे समय तक दीवारों और फर्शों पर टिकाऊ रहते हैं और सूर्य की रोशनी में फीके नहीं पड़ते। प्राकृतिक रंग पर्यावरण के अनुकूल और स्वास्थ्य के लिए सुरक्षित होते हैं। मांडना कला का प्रभावी प्रदर्शन उपयुक्त सतह पर निर्भर करता है। कलाकार सामान्यतः मिट्टी, ईंट या पपड़ीदार दीवारों का चुनाव करते हैं। सतह को तैयार करना बहुत जरूरी होता है ताकि रंग अच्छे से टिक सकें।

- **दीवारों की सफाई**– सतह को धूल, गंदगी और तेल मुक्त किया जाता है।
- **गोबर या चूने से लेप**– दीवारों को गोबर या चूने के लेप से चिकना बनाया जाता है।
- **हल्का रंग**– सतह पर हल्का रंग लगाया जाता है ताकि चित्र की पृष्ठभूमि सजीव दिखे।

यह तैयारी मांडना की स्थिरता और दीवार के साथ रंगों की मजबूती को बढ़ाती है, जिससे कला जीवंत और दीर्घकालीन होती है। मांडना के ज्यामितीय और प्राकृतिक डिजाइनों के निर्माण में कुछ विशेष उपकरण का उपयोग होता है जो कलाकार को सटीकता प्रदान करते हैं।

- **सांचा**– कुछ डिजाइन सांचे का उपयोग करके बनाए जाते हैं ताकि बार–बार एक जैसे पैटर्न बन सकें।
- **धागा और कोन**– सीधी रेखा खींचने के लिए धागा और कोन का प्रयोग होता है।
- **मसूर दाल, चावल या मूँगफली** के टुकड़े–छोटे डॉट्स बनाने में सहायता के लिए इस्तेमाल होते हैं।

ये उपकरण मांडना के सौंदर्य और परिष्करण के लिए अहम हैं, जो कलाकार की दक्षता और तकनीक को निखारते हैं।

- **घी और तेल**– रंग पर चमक और चिकनाहट लाने के लिए।
- **चावल का आटा**– डॉट्स और किनारों को साफ करने के लिए।
- **सुगंधित तिलक या पंचगव्य से बने पदार्थ**– शुभता के प्रतीक के रूप में।

ये सामग्रियाँ मांडना को एक शुभ, पवित्र और सांस्कृतिक महत्त्व प्रदान करती हैं, जो राजस्थान की स्थानीय परंपराओं से जुड़ी होती हैं (vashishtha,

2000) मांडना कला की सामग्री और उपकरणों का सही संरक्षण आवश्यक है ताकि इनकी गुणवत्ता बनी रहे और वे लंबे समय तक उपयोग के योग्य रहें।

- **सामग्री को सूखा और हवादार स्थान पर रखना**– रंग और पाउडर नमी से खराब होते हैं।
- **बर्तन और कपड़ों को साफ रखना**– उपकरणों की सफाई से वे लम्बे समय तक उपयोगी रहते हैं।
- **प्राकृतिक रंगों का सही मिश्रण**– रंगों को ताजा बनाने के लिए आवश्यक अनुपात बनाए रखना।

इन नीतियों को अपनाकर कलाकार न केवल सामग्री का पुनः उपयोग कर सकते हैं, बल्कि कला की परंपरा को भी संरक्षित कर सकते हैं। ये नवाचार मांडना कला को युवा पीढ़ी और आधुनिक समय के अनुरूप बनाते हैं, जिससे परंपरा और आधुनिकता का सुन्दर मिश्रण संभव होता है। मांडना कला राजस्थान की सांस्कृतिक विरासत का अनमोल हिस्सा है (vashishtha, 2000)। इसकी सामग्री और उपकरण प्राकृतिक, स्थानीय और पारंपरिक हैं जो कला को विशिष्ट बनाते हैं।

## मांडना कला के प्रमुख विषय और प्रतीक चिन्ह

मांडना कला में प्राकृतिक एवं धार्मिक तत्त्वों के चित्रण को विशेष महत्त्व दिया जाता है। इसमें सूर्य, चंद्रमा, पेड़–पौधे, पशु–पक्षी, मानव आकृतियाँ, और देवी–देवताओं के रूप प्रमुख विषय होते हैं। प्रत्येक चित्र का अर्थ और प्रतीकात्मकता अलग होती है, जैसे कि सूर्य उर्जा और जीवन का स्रोत दर्शाता है, तो पेड़ जीवन और समृद्धि का प्रतीक होते हैं। मांडना चित्रण धार्मिक अनुष्ठानों और त्योहारों में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विवाह, जन्मोत्सव (पगला) तथा अन्य शुभ अवसरों पर घर का प्रवेश द्वार, आँगन और पूजा स्थलों को मांडना चित्रों से सजाया जाता है, जिससे सौभाग्य और मंगलकामना की जाती है।

दीवाली पर इन्हें देवी लक्ष्मी के स्वागत के रूप में देखा जाता है। विशेषकर लक्ष्मी–षष्टकोण




*Figure 4 ग्रामीण संस्कृति का जीवंत संगम*

आकृति को दवाली तथा सर्दियों की फसल कटाई के त्योहार पर तैयार किया जाता है। इसके अतिरिक्त देव–पूजा, पितृश्राद्ध और व्रत आदि कर्मकांडों में भी मांडने बनाकर स्थानों को पवित्र माना जाता है। इन चित्रों में अक्सर गणेश, मोर–पक्षी, बाघ, स्त्रियाँ काम करती हुईं, पुष्प एवं ज्यामितीय प्रतीकों सहित प्राकृतिक दृश्य दिखाए जाते हैं, जो प्रत्येक समारोह की शोभा बढ़ाते हैं। साथ ही, हाथ, पाँव के निशान और ज्यामितीय आकृतियाँ भी आमतौर पर दिखाई देती हैं, जो शुभता और सुरक्षा का संदेश देती हैं।

## मांडना कला की रचनात्मक प्रक्रिया

मांडना कला की रचना एक सावधानीपूर्वक और विधिपूर्ण प्रक्रिया होती है। सबसे पहले दीवार

या फर्श को चिकना कर लाल मिट्टी से रंगा जाता है। इसके बाद, चुने हुए रंगों से साधारण से लेकर जटिल ज्यामितीय और चित्रात्मक डिजाइनों की रूपरेखा अँगुलियों या झाड़ू की छड़ी से बनाई जाती है। यह कार्य आमतौर पर महिलाएँ करती हैं और इसे पारिवारिक या सामाजिक अवसरों जैसे विवाह, फसल उत्सव या जन्मोत्सव पर विशेष श्रद्धा एवं उत्साह के साथ अंजाम दिया जाता है। मांडना कला परंपरागत रूप से महिलाओं की धरोहर है। ग्रामीण समुदायों में केवल महिलाएँ ही फर्श व दीवारों पर मांडना चित्र बनाती हैं। (Bhatt, 1992) यह कौशल पीढ़ी–दर–पीढ़ी माँ से बेटी को हस्तांतरित होता रहा है। राजस्थान की मीणा जनजाति की महिलाएँ इसमें विशेष रूप से निपुण



***Figure 5 शक्ति और संस्कृति का प्रतीक–मांडना कला में माँ दुर्गा का स्वरूप***

मानी जाती हैं। और गर्व से कहते हैं कि यह हमारी विरासत है। मांडना बनाना महिलाओं की घर–पालन और श्रृंगार की परंपरागत भूमिका का हिस्सा रहा है। प्रत्येक रेखा, आकृति और रंग का अपना सांस्कृतिक महत्व होता है, जो उस उत्सव की भावना को दर्शाता है।

## मांडना कला की सांस्कृतिक और धार्मिक महत्ता

मांडना कला न केवल एक सजावटी कला है, बल्कि यह धार्मिक क्रियाकलापों और समुदायिक समारोहों का अभिन्न हिस्सा है। यह देवी–देवताओं की पूजा, नवविवाह संस्कार, जन्मोत्सव और फसल भोज जैसे आयोजनों में शुभता और समृद्धि के लिए चित्रित की जाती है। ग्रामीण जीवन में मांडना चित्रण एक सामान्य परिदृश्य है। (saksena, 1985) मेना और अन्य जनजाति के गाँवों की मिट्टी की दीवारों व आँगनों को लाल– सफेद रंग–रूपों से भरपूर मंडना चित्रों से सजाया देखा जा सकता है। इन चित्रों में आसपास की प्राकृतिक दुनिया की झलक मिलती है– जैसे राणथंभोर के जंगलों में पाए जाने वाले बाघ, मोर, पेड़–पौधे तथा खेतों में चलता किसान जीवन।



***Figure 6 मांडना की रेखाओं में गूँजती शक्ति और साहस की प्रतिमा***

इसके माध्यम से ग्रामीण समाज अपनी सांस्कृतिक धरोहर को पीढ़ी–दर–पीढ़ी सँजोकर रखता है। यह कला जीवन के विभिन्न पहलुओं जैसे प्रकृति, समृद्धि, सौभाग्य और सुरक्षा को चिह्नित करती है, जो स्थानीय लोगों के आध्यात्मिक विश्वासों के अनुरूप होती है।

## मांडना कला के प्रमुख क्षेत्र और कलाकार

मांडना कला के प्रमुख क्षेत्र राजस्थान के

जोधपुर, अजमेर और मांडवा हैं, जहाँ इस कला की समृद्ध परंपरा उपलब्ध है। मध्यप्रदेश के जिलों में भी इसका निरंतर विकास होता रहता है। यहाँ की ग्रामीण महिलाएँ पारंपरिक रीति–रिवाजों का सम्मान करते हुए मांडना का निर्माण करती हैं।



*Figure 7 मांडना चित्रकला में सांस्कृतिक समृद्धि*

आज के समय में प्रसिद्ध कलाकारों एवं सांस्कृतिक संगठनों के योगदान से मांडना कला राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पहचान अर्जित कर रही है। इन कलाकारों ने इस कला को नए आयाम और स्वरूप दिए हैं। प्रत्येक मांडना डिजाइन स्थानीय जीवन और त्योहारों से जुड़ी कहानियों और प्रतीकों को समेटे रहता है. मध्यप्रदेश के लोकचित्र विशेषज्ञों के अनुसार, मांडना चित्रण इन समुदायों की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान का स्थायी हिस्सा है, जो ग्रामीण जीवन की सरलता और परंपराओं को दर्शाता है।

## निष्कर्ष

मांडना कला भारतीय सांस्कृतिक विरासत का एक अनमोल भाग है, जो लोक–जीवन, परंपरा, और कला के संगम को दर्शाती है। इसके संरक्षण और संवर्धन के लिए आवश्यक है कि स्थानीय समुदायों को समर्थन, प्रशिक्षण, और बाजार उपलब्ध कराए जाएँ। साथ ही, शिक्षा और प्रचार के माध्यम से इसकी नवीन पीढ़ी तक पहुँच सुनिश्चित की जाए। सुझाव है कि तकनीकी नवाचार के साथ पारंपरिक मूल्य बनाये रखें, पर्यावरण अनुकूल सामग्री का समुचित उपयोग किया जाए और कला के वैश्विक मंचों पर प्रतिनिधित्व बढ़ाया जाए।

## संदर्भ ग्रन्थ सूची


- **V. N. Saxena & Neelima Vashishtha**, Mandana: The Folk Designs of Rajasthan, Jawahar Kala Kendra & University Book House, Jaipur, 2000, researchgate-net+9catalog-hathitrust.org+9allbookstores-com+9
- **Jogendra Saxena** (ed. M. K. Pal), Mandana: A Folk Art of Rajasthan, Jaipur, 1985. collections.si.edu+1aaa-org.hk+1
- **Jyoti Bhatt**, "Mandana : A Traditional Folk Art of Rajasthan" (essay, The India Magazine of Her People and Culture जून 1992), aaa.org.hk
- **Stephen P. Huyler**, quoted in Rooftop ब्लॉग लेख "Mandana Art and its Symbolism" – मांडना के तकनीकी पहलुओं और सांस्कृतिक अर्थों पर आकर्षक अंतर्दृष्टि rooftopapp.com
- Digital Heritage : Applying Digital Imaging to Cultural Heritage
- Nurturing Walls : Animal Paintings by Meena Women

SHODH-GARIMA–YEAR-2, VOL. 2 (April to June, 2025) ISSN (Print) : 3048-6327
A Peer-Reviewed & Referred
International Multidisciplinary
Research Journal
IMPACT-FACTOR
SJIF - 5.223
Paper Recieved : 11th June 2025 Paper Accepted : 20th June 2025

# Art as a Medium of Environmental Awareness in Ladakh

□ Tsering Youdol*
□ Dr. Ujjawal S. Kadode**

## ABSTRACT

*This paper explores how contemporary land art practices are being used to raise environmental awareness in Ladakh, a high-altitude and ecologically sensitive region of India. Known for its fragile landscape and deep cultural roots, Ladakh is now facing serious challenges due to climate change, such as glacial retreat, water scarcity, and the loss of traditional practices. In response, local and visiting artists are using natural materials and environmentally conscious methods to create artworks that speak to these urgent issues. Focusing on the second edition of the Sa Ladakh Land Art Festival and the Kangsing Snow and Ice Sculpture Association, this paper shows that such art goes beyond aesthetic value. It works as a witness to ecological change, an emotional connector, and a medium that encourages public understanding and action. By using natural elements like wood, stone, soil, and ice, artists create works that do not harm the environment but instead promote sustainability, cultural reflection, and environmental responsibility.*

***Keywords***– *Climate Change, Environmental Awareness, Ladakh, Land Art, Snow and Ice.*

## Introduction

Art has always been a reflection of human interaction with the world through beauty, critique, resistance, or remembrance. In the 21st century, however, this reflective role of art has become more urgent. Climate change and global warming are now part of this reflection. Artists across the world are engaging with ecological themes in ways that goes beyond just aesthetics. They are not merely observers of climate change and its effects, but active participants through documenting, resisting, imagining alternatives, and spreading awareness to educate people across all parts of the world.

Ladakh, a trans-Himalayan region at the northern tip of India, presents a unique case. With

* Research Scholar, Department of Visual Arts, Central University of Himachal Pradesh, Sapt Sindu Parisar II, Dehra Gopipur, Himachal Pradesh – 177101, Email id: tseringyoudol4@gmail.com
** Associate Professor, Department of Visual Arts, Central University of Himachal Pradesh, Sapt Sindu Parisar II, Dehra Gopipur, Himachal Pradesh – 177101

its dry yet beautiful terrain, unique biodiversity, and deeply spiritual culture, Ladakh has long been seen as a pristine land. But in recent decades, the impact of global warming has become harsh and clearly visible. Melting glaciers, erratic weather, untimely and reduced snowfall have deeply affected its ecosystem and way of life. In such a fragile landscape, art becomes more than just expression, it becomes a form of activism, awareness, and healing. Ladakhi artists, along with visiting collaborators, are increasingly turning to land art, a practice that uses materials from nature in site-specific installations. Through land art, artists address both global climate issues and local environmental concerns. By using biodegradable materials and waste, they create a new visual language to express the urgency of the situation.

This paper focuses on two important art initiatives in Ladakh: **the Sa Ladakh Land Art Festival and the Kangsing Snow and Ice Sculpture association.** These two examples are studied as case studies to show how art can help raise environmental awareness and connect communities to the changing climate.

**Land Art as Environmental Dialogue**

Land art emerged in the 1960s and 70s as a response to the commercialization of gallery-based art. Artists like Robert Smithson, Richard Long, and Nancy Holt wanted to break away from traditional boundaries by creating art directly in nature, often in remote or untouched landscapes. Over time, this movement evolved into a deeper ecological engagement, that critiques human impact on the land and respects natural cycles (Beardsley, 1998) (Wallis, 1998).

In today's world, especially in climate-sensitive regions like Ladakh, land art has become a kind of active visual activism. Unlike protest banners or political speeches, land art speaks quietly but powerfully. Artists share their personal experiences and stories through it. It invites people to pause, observe, and feel what the artist is expressing. In Ladakh, where environmental degradation is affecting daily life, farming and water cycles, land art becomes an emotional and visual record of these ecological changes. Whether it shows melting glaciers or transforms ice and snow into sculptures, artists help people experience climate change not as something far away, but as something happening here and now, something we can see, feel, and reflect upon in the present moment.

**Case Study 1 : Sa Ladakh Land Art Festival**

The Sa Ladakh Land Art Festival, Asia's highest land art initiative, was co-founded in 2023 by Tenzing Jamyang, Raki Nikahetiya, and Sagardeep Singh. Conceived as a creative response to the ecological challenges facing Ladakh, the festival promotes environmentally conscious artistic practices that harmonize with the region's fragile landscape (Sa ladakh, n.d.). Its 2024 edition, brought together 18 artists from Ladakh, India, and abroad. These artists engaged deeply with the land, using locally sourced, sustainable, and often repurposed materials such as clay, husk, mycelium, discarded fabric, and natural pigments to create site-specific installations that reflected themes of climate change, cultural memory, community, and sustainability. Some of the most striking works are :

The North Face by Viola Bordon, wrapped a large boulder naturally covered with lichens in discarded factory ribbons. The contrast between synthetic waste and untouched nature powerfully highlighted how industrial pollution and global consumerism reach even the most remote and pristine locations (Bordon).

In Infinity in a Box, Jasmeet Kaur and Ikshit Pande suspended a delicate silk heart-shaped functional dress inside a box constructed from fabric scraps and old clothes. This piece critiqued fast fashion and its ecological costs worldwide. The work symbolized how natures beauty is buried beneath waste generated by humans, prompting reflection on overconsumption and environmental responsibility (Kaur, 2024).

Memories of Kha, an animated film by Tsetan Angmo, blended sand animation and storytelling to trace intergenerational memories of snowfall in Ladakh. By linking climate change to lived experience and cultural memory, the work transformed generational observation into

a shared emotional narrative of loss and longing (angmo, 2024).



*Figure 1 Glacier's Retreat*

In Glacier's Retreat, artist Stanzin Tsepel marked the outline of receding glaciers Parkachik and Drang Drung using scrap wood, white lime, and iron rods. The piece transformed the retreat of glaciers into a physical path, encouraging viewers to engage with the reality of climate change not just intellectually but bodily and emotionally (tsepel, 2024).

Tsering Youdol's Petroglyph in Phey-tik uses clay and discarded white tiles to recreate the traditional thumbprint motif (Phey-tik) and large-scale petroglyph figures found in Ladakh. Inspired by ancient rock engravings, this installation bridges environmental concerns with cultural preservation, honouring Ladakh's heritage while addressing the problem of waste (Youdol).

Raghav and Ansh Kumar's How Does Home Feel? recreated the sensory texture of ancestral Ladakhi homes using materials such as mycelium from local mushroom farms, barley husk, clay, and stone. This installation invited visitors to reflect on the emotional and ecological disconnection caused by modern construction. It promoted traditional building practices as more sustainable, health-conscious, and culturally grounded alternatives (kumar, 2024).

Kundan Gyatso's Harmony and Heritage: Cultivating Tradition used stones and natural pigments to create a broken spiral of green and blue symbolizing crops and water. The disrupted spiral reflected the decline of traditional, community-driven agriculture and the rise of mechanized, unsustainable practices. The work emphasized the weakening link between people and land and the environmental consequences of these modern shifts (Gyatso).



*Figure 2 Harmony and Heritage*

Taken together, these diverse installations wove a collective narrative of environmental witness, cultural reflection, and ecological advocacy. Each artwork, in its own way, embodied the principles of sustainability through materials, process, or message. The Sa Ladakh Land Art Festival thus stands not just as an exhibition but as a living archive of environmental change. It reveals how art can speak where data falls short and reaffirms the vital role of creativity in times of ecological crisis.

**Case Study 2: Kangsing- Snow and Ice and Sculpture Association**

In the freezing winters of Ladakh, a new form of art has emerged that blends tradition, resilience and environmental urgency. Ice sculpting which is rare in India, found a meaningful expression in Ladakh through the pioneering efforts of the Kangsing Snow and Ice Sculpture Association, founded in 2018 by a collective effort of contemporary artists of Ladakh.



*Figure 3 Snow Leopard, Ice Cafe, 2022*

The movement began amidst the broader Ice Stupa initiative introduced by engineer and innovator Sonam Wangchuk. Within one of these Ice Stupa, artists Chemat Dorjey, Stanzin Khangsar, and Tsering Gurmat created an intricate Changchub Chorten, a spiritual stupa

sculpted entirely from ice, marking the beginning of ice art in Ladakh (Dorjey, 2025). Kangsing artists quickly embraced this temporary medium to create bigger and more creative works. They use snow and ice, which are only available during winter. Large ice blocks are cut from the frozen Indus and Zanskar rivers and joined together using water that freezes instantly in Ladakh's freezing temperatures.

One of Kangsing's most powerful contributions came in 2022 with the creation of a fully functional Ice Cafe on the banks of the frozen Zanskar River near Chilling village. Led by artist Tsering Gurmat, 15 Ladakhi artists built the cafe and its accompanying sculptures entirely out of ice. The project symbolized not only artistic innovation but also a deep ecological message. Ice was used not for permanence but precisely for its impermanence, a reflection of melting glaciers and vanishing water sources.

The Ice Cafe attracted both tourists and locals, not just as a visual marvel, but as an immersive statement on climate change. As Kangsing aptly put it, "Time is precious, just like our artwork with ice - it melts away." Their message was clear: just as these sculptures vanish, many of the glaciers in Ladakh are perishing at high speed due to global warming.

This philosophy continued in other public works. At the LISS Carnival in Himachal Pradesh (2022), Kangsing sculpted a burning globe with snow, a chilling warning of climate catastrophe. In 2024, they represented India at the prestigious International Snow Sculpture Competition in Harbin, China, earning the Excellence Award for their majestic snow sculpture Garuda.

In this fragile beauty of ice, artists in Ladakh have found both expression and warning. The deliberate and conscious choice of ice and snow as a medium and an art that is meant to melt, makes these sculptures a compelling environmental message. These creations celebrate the region's creativity, culture, and deep harmony with nature, yet they also sound an urgent alarm. The material, the process, and the inevitable disappearance together reflect the fragility of our glaciers. As these artworks last only a short time, they carry a powerful message, showing beauty and reminding us to take action before it's too late.



*Figure 4 Kangsing Team at work*

**Material Ethics**

The conscious choice of materials in both the Sa Ladakh Land Art Festival and the Kangsing Snow and Ice Sculpture Association reflects a deep respect for nature. Artists in both collectives create using what the land and climate provide. These materials are not just aesthetic but also carry a message of environmental responsibility. At the Sa Festival, artists reused discarded objects and natural elements such as clay, husk, broken tiles, and wood; choosing not to disturb the landscape but to create from it. They worked with the landscape rather than altering it. Similarly, Kangsing artists sculpted with snow, ice, and water, allowing their creations to slowly return to nature. These choices reflect a strong commitment to sustainability, minimal environmental impact, and respect for the local ecosystem.

In land art, the material and the process are just as important as the final outcome. The use of impermanent, natural resources emphasizes transformation rather than permanence. These artworks remind us that something simple and temporary can hold deep meaning. They show that beauty does not need to last forever to be valuable, and that decay is not the end but a part of the natural cycle of change.

## The Power of Impermanence

Many artworks at Sa Ladakh and Kangsing were intentionally temporary in nature. Mud will crack, husk will scatter, and snow will melt. This impermanence is central, not accidental. It symbolizes the fragility of ecosystems and the urgent need for mindful coexistence. In an age obsessed with permanence: cement and plastic, these fragile, vanishing works challenge us to see decay not as loss, but as renewal. They ask us to witness and to take action.

## Art in the Time of Climate Crisis

Art in Ladakh is emerging as a meaningful response to the climate crisis. While scientific reports and data may not always connect with people emotionally, art can create a deeper impact. It may not provide direct solutions, but it makes us think about our actions and the reality we are facing. This is especially meaningful in Ladakh, where climate change is affecting daily life. Art helps people stay connected to their land and value the wisdom of older generations and their traditional way of living. It serves as a reminder that modern developments are not always beneficial, and that traditional knowledge can guide us toward a more balanced and sustainable life.

## Conclusion

Ladakh's land art and ice sculptures show that art is not a luxury, but a necessity. These ephemeral works, made from soil, stone, snow, and discarded materials, may not solve the climate crisis directly, but they respond to it with feeling and awareness, making its urgency visible to all. Art reaches people emotionally, influencing them in ways that numbers and data cannot. It translates complex climate issues into something we can see, touch, and mourn. Whether it is Kangsing's melting ice forms or Sa Ladakh's earth-rooted installations, these creations awaken awareness, inspire reflection, and encourage change. Through collaboration and creativity, artists in Ladakh have shown how art can restore our sense of belonging to nature. In Ladakh and beyond, art becomes both a witness and a guide in our struggle for environmental balance.

## References


- (n.d.). Retrieved from Sa ladakh.
- angmo, t. (2024, may 28). (t. youdol, Interviewer)
- Beardsley, J. (1998). Earthworks and Beyond: Contemporary Art in the Landscape. Abbeville Press.
- Bordon. (n.d.).
- Gyatso, K. (n.d.).
- Kaur, J. (2024, june). (t. youdol, Interviewer)
- kumar, a. (2024). (t. youdol, Interviewer)
- tsepel, s. (2024, may 28). (t. youdol, Interviewer)
- Wallis, J. K. (1998). Land and Envirinment Art. Phaidon Press.
- wangail, S. (2025, april). (t. youdol, Interviewer)
- youdol, t. (n.d.).
- Youdol, t. (n.d.).
- zawa, U. (n.d.).

**SHODH-GARIMA–YEAR-2, VOL. 2 (April to June, 2025)**
**A Peer-Reviewed & Referred International Multidisciplinary Research Journal**
**ISSN (Print) : 3048-6327**
**IMPACT-FACTOR SJIF - 5.223**
**Paper Recieved : 11th June 2025** **Paper Accepted : 16th June 2025**

# राजेन्द्र यादव के सम्पादकीय के कथ्य और मन्तव्य ( 1986-1989 )

□ रोहित कुमार*

**शोध-सारांश**

*राजेन्द्र यादव के हंस का संपादकीय बहुत ही प्रभावशाली और सामाजिक मुद्दों पर केंद्रित था। उन्होंने अपने संपादकीयों में समसामयिक संदर्भों, वैचारिक विषय, दलित-विमर्श, स्त्री-विमर्श, जातिवाद, सामाजिक असमानता और राजनीतिक मुद्दों पर गंभीर, विश्लेषणात्मक, तार्किकता के साथ टिप्पणियाँ लिखी हैं। राजेन्द्र यादव 'हंस' को साहित्य का पत्र मानते हैं। उन्होंने अपने संपादकीय के बहाने साहित्य के मूल स्वर को विश्लेषित करते हुए नवीन चेतना को आम पाठक वर्ग तक पहुँचाया। क्योंकि साहित्य, समाज में बदलता कुछ नहीं है; बदला जाना चाहिए, इसकी मानसिकता तैयार करता है।*

***मुख्य शब्द***—*समसामयिक संदर्भ, सामाजिक असमानता, रचनात्मकता, प्रतिक्रियावादी नीति, सेंसरशिप, पब्लिक सेक्टर, सहज ज्ञान, डाउन टू अर्थ, पलायन, सन्निपात।*

राजेन्द्र यादव के हंस का संपादकीय बहुत ही प्रभावशाली और समाजिक मुद्दों पर केंद्रित था। उन्होंने अपने संपादकीयों में समसामयिक संदर्भों वैचारिक विषय, दलित-विमर्श, स्त्री-विमर्श, जातिवाद, सामाजिक असमानता और राजनीतिक मुद्दों पर गंभीर, विश्लेषणात्मक, तार्किकता के साथ टिप्पणियाँ लिखी हैं। उनके संपादकीयों की एक विशेषता यह थी कि वे साहित्य और समाज के बीच के संबंधों पर प्रकाश डालते थे। उन्होंने साहित्य को समाज का दर्पण माना और साहित्यकारों को समाज में बदलाव लाने के लिए प्रेरित किया।

राजेन्द्र यादव के हंस के संपादकीयों को ''मेरी तेरी उसकी बात'' नामक पुस्तक में संकलित किया गया है। यह पुस्तक उनके संपादकीयों का एक संग्रह है जो अगस्त 1986 से नवंबर 2013 तक प्रकाशित हुए थे। राजेन्द्र यादव द्वारा चौंतीस वर्ष बाद हंस का नया अंक आया। राजेन्द्र यादव 'हंस' को प्रेमचंद की रूढ़ि से नहीं, परंपरा से प्रतिबद्ध मानते हैं, यानी प्रेमचंद की दृष्टि से... प्रेमचंद हमारे लिए मूर्ति या आदर्श से अधिक एक प्रेरणा और अंकुश हैं।

राजेन्द्र यादव 'हंस' को साहित्य का पत्र मानते हैं। उन्होंने अपने संपादकीय के बहाने साहित्य के मूल स्वर को विश्लेषित करते हुए नवीन चेतना को आम पाठक वर्ग तक पहुँचाया। क्योंकि साहित्य, समाज में बदलता कुछ नहीं है; बदला जाना चाहिए, इसकी मानसिकता तैयार करता है।

राजेन्द्र यादव ने 'हंस' में सिर्फ प्रतिष्ठित, स्थापित और विख्यात लेखकों की ही रचनाओं को स्थान नहीं दिया बल्कि इन्होंने नए लेखकों को भी साथ लिया।

* शोधार्थी (हिन्दी एवम् आधुनिक भारतीय भाषा विभाग), इलाहाबाद केन्द्रीय विश्वविद्यालय, मो.नं.-6307542933

इनका कहना था कि ''बिना नए लेखकों को साथ लिए कोई भी पत्रिका जीवंत नहीं हो सकती। लेकिन हर नए लेखक को भी जानना होगा कि जिस क्षेत्र में वह काम कर रहा है वहाँ पहलों ने क्या कुछ कर लिया है और कहाँ उसे उनसे आगे जाना है।''

'अज्ञेय' ने अपनी कई कहानियाँ 'हंस' में ही छपायीं। 'अज्ञेय' भारतीय साहित्य का एक समर्थ और महत्त्वपूर्ण नाम है। रचना और विचार के प्रति गहरी आस्था ही उन्हें सृजनात्मक के साथ-साथ विवादास्पद भी बनाए हुए है। इसके साथ ही राजेन्द्र ने कुछ नए लेखकों जैसे-राजीसेठ, सत्येन कुमार, रवीन्द्र वर्मा, विश्वजीत, राजेन्द्र भट्ट, इकबाल मजीद आदि को भी लिया है।

राजेन्द्र ने अपने संपादकीय सह अंक में देश-विदेश की अधिकांश शख्सियत को रखा। इन्होंने 'हंस' में बंगला, उर्दू, पंजाबी की कहानियों के साथ पाकिस्तानी कहानियाँ भी प्रकाशित किए। जिनमें प्रमुख कहानीकार रहे हैं—महाश्वेता देवी, जोगेन्दर पाल, इकबाल मजीद, कुलवंत सिंह विर्क, फख-जमां और अनवर सज्जाद आदि। इसके साथ ही राजेन्द्र ने लक्ष्मी कण्णन की तमिल भाषी कहानी भी प्रकाशित की। इसके साथ ही इन्होंने अपने संपादकीय में प्रशंसित कहानियों का भी जिक्र किया है, एक बार राजेन्द्र यादव ने आस्किन कॉल्डवेड का नाम कॉडवैल लिखा दिया था, इस गलती को अनेक पाठकों ने बताया जिसे उन्होंने गलती मानते हुए भूल सुधार के लिए धन्यवाद दिया।

साम्प्रदायिकता भारत में 20वीं सदी से अपने पैर जमा रखी है और अनवरत होती आ रही है। साम्प्रदायिकता एक प्रक्रिया हैं, सिलसिला है, उससे प्रारंभिक स्थितियों में ही लड़ा जा सकता है, बाद में तो वह लुटेरों, हत्याओं, बलात्कारियों और नेताओं के हाथों में चली जाती है।.... जिस प्रकार वर्तमान में तमिल भाषा को देश की राजभाषा हिन्दी के समक्ष प्रतिस्पर्धात्मक रूप से खड़ा किया जा रहा है। राजेन्द्र लिखते हैं कि उत्तर भारत में साम्प्रदायिकता के साथ दूसरा सवाल जुड़ गया है भाषा का। इसके दो पक्षों पर अपने-अपने दृष्टिकोण दे रहे हैं—डाक्टर नामवर सिंह और गौतम नवलखा। धार्मिक विश्वास और मातृभाषा के रूप में कोई भी, किसी भाषा को ले सकता है- इसके लिए संविधान के उद्धरणों की जरूरत नहीं है। दिक्कत वहाँ होती है जब उर्दू को 'अल्पसंख्यकों की पहचान' का मुद्दा बनाकर राजनीतिक सौदे और सुविधाएँ तय की जाती हैं। 'उर्दू पर खतरा', 'धर्म पर खतरे' का पर्याय बन जाता है या भाषा को सामाजिक और वैज्ञानिक दृष्टि से न देखकर, सिर्फ और सिर्फ धर्म-विशेष की भावना के आधार पर देखा जाता है। नामवर सिंह ने भाषा-समस्या पर लेख 'बासी भात में खुदा का साझा' लिखा था। जिस पर बेहद मिश्रित और तीव्र प्रतिक्रियाएँ सामने आई हैं। राजेन्द्र जी कहते हैं कि जहाँ एक भाषा की बात करना साम्प्रदायिक होना है और दूसरी भाषा की बात करना सेक्यूलर होना कैसे होगा...?

राजेन्द्र के अनुसार, उर्दू की राजनीति का विरोध, उर्दू भाषा और साहित्य का विरोध बिल्कुल नहीं है... मैं आज भी मीर, गालिब से लेकर फैज, मिर्जा रूखा से लेकर मंटो-इस्मत तक सभी को सर्वश्रेष्ठ भारतीय रचनाकार मानता हूँ; शायद भारत की सबसे खूबसूरत जुबान के साहित्यकार। ठीक वैसे ही जैसे शेक्सपियर, शॉ, एलियट, दुनिया के श्रेष्ठतम साहित्यकार हैं- मगर भारत में अंग्रेजी बनी रहे, इसका मैं विरोध करूँगा।

बहरहाल, मेरा मानना है कि मसले कितने भी नाजुक हों, अगर बौद्धिक बहसें बिना व्यक्तिगत हुए, खुले वातावरण, व्यापक हितों को ध्यान में रखकर चलायी जायेंगी तो शायद रास्ता खोजने में मदद मिलेगी... यहाँ एक बात हमें बिल्कुल नहीं भूलनी चाहिए कि सिर्फ लिपि बदल देने से उर्दू के रचनाकार जितनी संख्या में हिंदी प्रदेशों में स्वीकृत हुए हैं, उतने खुद उर्दू में नहीं। यानी बैर न साहित्य से है, न भाषा से है। सवाल सिर्फ और सिर्फ लिपि की राजनीति का है।

राजेन्द्र अपने संपादकीय में नए बजट की चर्चा भी करते हैं। इन्होंने अपने संपादकीय में अज्ञेय को स्थापित किया। हंस की कहानियों में सबसे अधिक छपी है—उस प्रौढ़ व्यक्ति को केन्द्र में बनाकर लिखी गई कहानियाँ जो जीवन या कर्म से रिटायर हो गया है या होने जा रहा है। इनके संपादकीय से पता चलता है कि सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि प्रेम-कहानी (नए लोगों की कहानी) एक सिरे से गायब है, नारी-पुरुष के आपसी तनाव

गलतफहमियाँ, मोहभंग और अपने-अपने व्यक्तित्व के आग्रह देखकर लगता है कि दूरियाँ पुरानी पीढ़ी से हटकर नई के बीच आ गई हैं। प्रेम सिर्फ दैहिक या जैविक आकर्षण ही नहीं, व्यक्ति की अपनी सीमाएँ तोड़कर बाहर के साथ जोड़ने वाला सामाजिक मूल्य भी है। इस स्पंदन का समाप्त होना आदमी की स्मृति और कल्पना का समाप्त होना है, सारी रचनात्मकता का समाप्त होना है।

राजेन्द्र प्रेमचंद के जन्मदिवस पर 'हंस' की ओर से प्रेमचंद की एक दुर्लभ और असंकलित कहानी 'रंगीले बाबू'... कहानी का जिक्र करते हुए लिखते हैं कि कहानी में प्रारंभिक कच्चापन हो सकता है, मगर आस्था और विश्वास प्रौढ़ है। इसी के साथ ख्वाजा अहमद अब्बास का जिक्र करते हैं कि वे नहीं रहे। ख्वाजा अहमद अब्बास दुनिया का सबसे लम्बे समय तक लिखा जाने वाला कॉलम 'लास्ट पेज' में लिखते रहे थे। राजेन्द्र को विदेशी लेखकों के भी पत्र मिलते रहे थे जिसमें प्रसिद्ध आधुनिक लेखक और 'राइटर्स गिल्ड ऑफ ग्रेट ब्रिटेन' के सेक्रेटरी विलियम ऐश हैं। पत्र में विलियम ट्रेड यूनियनों को समाप्त करने वाली प्रतिक्रियावादी नीतियों, लेखकों पर सेंसरशिप, पब्लिक सेक्टर, बंधुआ बनाना (प्राइवेटाइजेशन) इत्यादि का जिक्र करते हैं।

राजेन्द्र बुद्धिजीवी है 'बुद्धिजीवी' होने का मतलब ही है कि हर भावना, लिहाज, विश्वास, अभ्यास या पूर्वाग्रह से उठकर, समस्या को उठाकर, समस्या को वैज्ञानिकों की तटस्थता से समझ सकने की प्रश्न-दृष्टि।

31 जुलाई, 1987 त्रिवेणी सभागार, नयी दिल्ली; में प्रेमचंद के जन्मदिवस पर लेखक की प्रासंगिकता विषय पर एक छोटा-सा आयोजन किया गया। इस गोष्ठी में बोलने वाले थे—निर्मल वर्मा, नामवर सिंह, अजित कुमार और ललित कार्तिकेय। अध्यक्ष-कृष्णा सोबती।

राजेन्द्र नीत्शे को कोट करते हैं—नीत्शे के अनुसार, सारे विश्लेषण, मूल्य-मान्यताओं के बावजूद साहित्य को समझने में अंततः कहीं एक 'सहज ज्ञान' या 'सिक्स्थ सेन्स' ही काम करता है। राजेन्द्र के सामने अधिक विवाद पैदा करने वाली दो कहानियाँ थीं—'तिरिया चरित्तर' और 'तिरिक्ष'। दोनों ही स्थिति की भयावहता, दहशत, अमानवीय-कृत परिवेश की कहानी है। व्यक्तिगत यथार्थ से उठकर 'तिरिछ' व्यापक और अमूर्त होती हुई अपने प्रतीक को सार्वजनीन, गहरी सार्थकता देती है। 'तिरिया चरित्तर' में इस हृदयहीनता की दहशत को ठोस स्थितियों 'डाउन टू अर्थ' भाषा और निहायत परिचित संबंधों का जिक्र मिलता है।

हंस, जनवरी, 1988 के अंक में दो अप्रकाशित लेकिन विवादास्पद दस्तावेज प्रकाशित हुए—'राम और कृष्ण की गुत्थी' अंबेडकर का लेख है और 'मैं रक्त शुद्ध आर्य' मुक्तिबोध का वह जवाब है, जो उन्होंने मध्य प्रदेश सरकार द्वारा प्रतिबंधित अपनी पुस्तक की स्थापनाओं के समर्थन में लिखा था (मुक्तिबोध ने अपने लेख का कोई शीर्षक नहीं दिया था। वह राजेन्द्र की ओर से 'भारत : इतिहास और संस्कृति' था) दोनों ही भारतीय इतिहास के अतिरंजित रुमानी अंधश्रद्धा के विरोध में लिखे गए हैं। अंबेडकर ने मर्यादा पुरुषोत्तम राम और कृष्ण के आदर्शों को लेकर सप्रमाण कुछ प्रश्न उठाए हैं और मुक्तिबोध ने रक्त-शुद्धि की भ्रांति (मिथ) को सोदाहरण ध्वस्त किया है।

दिल्ली के आठवें पुस्तक-मेले का जिक्र करते हुए लिखते हैं कि कुछ किताबों के दर्शन तो होंगे। बीते दिनों के पानदान और सरौतों की तरह हम यह देख सकेंगे कि आज भी कहीं कुछ किताबें हैं, और लोग उन्हें पढ़ते हैं। तत्कालीन समय में दूरदर्शन पर बेहूदे ढंग से 'रामकथा को प्रस्तुत/दिखाया जा रहा था। जिसमें नाचते राम-सीता, हनुमान के सरकसी मनोरंजन को दिखाया जा रहा था। राजेन्द्र यादव यह स्वीकार करते हैं कि 'हंस' अभी तक (फरवरी, 1988) नये रचनाकारों के बल पर ही संभव हुआ है, स्थापितों द्वारा नहीं। इसी बीच दूरदर्शन पर भीष्म साहनी के उपन्यास 'तमस' पर गोविंद निहलानी का एक सीरियल आता है और सारा देश 'अल्लाहो अकबर' के जवाब में 'हर-हर महादेव' जैसे नारों से गूँजने लगता है....।

मज़हबी, आपसी अलगाव और दूरियों की लम्बी फेहरिस्तें गिनने वालों के बीच आखिर कुछ लोग तो हैं जो यह बताते हैं कि हम कहाँ-कहाँ पास और एक हैं—कि हम दोनों एक ही सूखे, भूख, गरीबी, महँगाई,

बेकारी, राजनीतिक उठापटक और जालसाज़िशों के शिकार हैं... कि अतीत का बदला वर्तमान से नहीं लिया जा सकता, कि-हमारा भविष्य हमारा अतीत नहीं है।

राजेन्द्र देश की संवेदना-तंतु के बारे में बात करते हुए कहते हैं कि अपने देश में आज तक किसी भी लेखक की मृत्यु को लेकर क्या कभी ऐसा शोक, क्षोभ या सरोकार महसूस किया गया है, यों टूटकर हजारों लोग जमा हुए हैं? प्रभास जोशी का जनसत्ता में एक लेख छपा था जहाँ जैनेन्द्र जी की मृत्यु पर एक भी पाठक के शामिल न होने को रेखांकित किया गया था। जोशी जी ने भीतरी तकलीफ से यह बात कही थी कि पचास-साठ साल की एकांत साहित्य साधना का यह सिला कि श्मशान में न कोई बड़ा आदमी (यानी नेता), न सामान्य पाठक... केवल वही सौ-सवा सौ परिचित और परिवारी... बात सचमुच चिंतनीय है। आगे चेखव का जिक्र करते हुए बताते हैं कि गोर्की ने तो चेखव की मृत्यु पर कुल 'आठ-दस आदमियों' की बात लिखी है, लेकिन यहाँ हमें दो बातें नहीं भूलनी चाहिए—लेखन निजी कर्म है, नाटक या फिल्म की तरह टीम वर्क नहीं है, जहाँ हमेशा सौ-पचास लोग और उनके परिवार जुड़े होते हैं। दूसरे, वह अपने दर्शकों के साथ सीधा और मूर्त संवाद है, लेखक का संवाद अमूर्त है और देश भर में बिखरे पाठकों तक अलग-अलग समय, स्थितियों और तरीकों से पहुँचता है।

'आप अकेले नहीं हैं' का आश्वासन जिंदगी का सबसे बड़ा संबल है। राजेन्द्र जी कहते हैं कि जिंदगी में मैं आर्थिक रूप से असफल हो सकता हूँ और यह भी हो सकता है कि इस असफलता का कुछ हिस्सा मित्रों को भी भुगतना पड़ा हो—मगर सफलता के सरकारी, गैर-सरकारी रास्ते मुझे मालूम न हों, ऐसा तो नहीं है। संत नहीं हूँ, लेखकीय सम्मान के साथ बिना समझौता किए जो मिला है, जरूर स्वीकार किया है, मगर न उसके पीछे भागा हूँ, न वैसी तिकड़मों में मेरा विश्वास है। कला मेरे लिए न व्यक्तिगत मोक्ष का माध्यम है, न आत्मा की शांति का, वह आध्यात्मिक नुस्खा, जहाँ हर दूसरे को मैं भौतिकवादी, कीचड़ में में धंसा पशु मानने के अहंकार को पालता रहूँ।

45 वर्षीय गोरख पाण्डेय की आत्महत्या पर सवाल उठाते हैं कि उसने आत्महत्या क्यों की? पलायन, पराजय, परास्त हो जाना, चरम निराशा, कायरता, मोहभंग, सन्निपात-क्या था उसके पीछे? क्या पहेली है कि इन्हीं आरोपों और भर्त्सनाओं से कवि येसनिन की आत्महत्या को धिक्कारने वाला मायकोव्स्की खुद आत्महत्या कर लेता हैं?

गोरख पाण्डेय की मृत्यु एक बार फिर इसी सत्य को रेखांकित करती है कि जिंदगी दो और दो का समीकरण या, दो-दूनी चार का गणित नहीं; बेहद जटिल संश्लिष्ट और हर बार नए सिरे से समझे जाने की चुनौती है।

राजेन्द्र यादव का संपादकीय स्तंभ "मेरी-तेरी-उसकी बात", जो उन्होंने 'हंस' पत्रिका में अगस्त 1986 से लगभग 1990 तक समकालीन मुद्दों पर प्रकाशित किया, हिन्दी साहित्य में विमर्श-धारा को पुनर्जीवित करने वाला एक अत्यंत प्रभावशाली माध्यम था। इसमें उन्होंने साहित्य और समाज का गहन मिलन किया, जहाँ कविता-कहानी से आगे बढ़कर राजनीति, विचारधारा, लैंगिक न्याय, दलित और स्त्री विमर्श, सांप्रदायिकता, आर्थिक नीतियाँ-सभी पर अपने विचार संवेदनशील एवं तीखे ढंग से परोसे। ये लेख विवेचन से परिपूर्ण, संवादात्मक और बहस-उद्घोषक थे।

उनके संपादकीय ने आर्थिक नव-उदारवाद, ब्राह्मणवादी सांस्कृतिक सोच, सांप्रदायिक रुझानों, रामजन्म भूमि विवाद, शाहबानो फैसला, मंडल आयोग आदि मुद्दों पर तीखा विमर्श किया। उन्होंने दिखाया कि साहित्य केवल कला नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना का दर्पण होता है। राजेन्द्र यादव का "मेरी-तेरी-उसकी बात" 1986-1990 तक सिर्फ पत्रकारिता या संपादकीय नहीं था, यह साहित्य के माध्यम से सामाजिक न्याय, वैचारिक तीव्रता और विमर्श-जन्य संरचना की पहचान थी। उन्होंने हिन्दी साहित्य को खंडपरिवर्तनयुक्त विमर्श का चैनल बनाया।

## सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

1. यादव, राजेन्द्र, मेरी तेरी उसकी बात (खण्ड-1, 1986-1989), राजेन्द्र यादव के संपादकीय (हंस), अक्षर प्रकाशन, नई दिल्ली।

**SHODH-GARIMA–YEAR-2, VOL. 2 (April to June, 2025)**
**A Peer-Reviewed & Referred International Multidisciplinary Research Journal**
**ISSN (Print) : 3048-6327**
**IMPACT-FACTOR SJIF - 5.223**
**Paper Recieved : 11th June 2025** **Paper Accepted : 16th June 2025**

# बज्जिकांचल लोकगीतों में दाम्पत्य जीवन

□ डॉ. स्नेहा कुमारी*

**शोध-सारांश**

*गाँवों के लागों द्वारा रचित और मौखिक रूप से प्रसारित होने वाले गीत है लोकगीत। इस संदर्भ में लक्ष्मीनारायण सुधांशु का कथन है कि–* ***"ग्रामगीत/लोकगीत हृदय की वाणी और मस्तिष्क की ध्वनि है जो ग्रामीणों के सच्चे विचारो और भावनाओं को व्यक्त करते हैं।"*** *लोकगीत का प्रयोग प्राचीन काल से ही हमारे साहित्य में होता आया है। इसका संबंध जनमानस से है।*

*बज्जिका लोकसंगीत में जीवन के हर पहलू का दिग्दर्शन होता है। बज्जिकांचल लोकगीतों में श्रृंगार– विवाह, चइता, होली, बारहमासा इत्यादि गीत प्रचुरता से है। इनमें दाम्पत्य जीवन का कुशल चित्रण किया गया है।*

*खासकर बज्जिका क्षेत्र में जट–जट्टिन के गीतों में यौवन की ऊर्जा और अनुराग से भरे, दाम्पत्य जीवन के चित्र सबसे पहले हमारा ध्यान आकृष्ट करते है। जिसमें पति–पत्नी के नोंक–झोंक, मान–मनौवल एवं रुमानियत से सराबोर संवादपरक गीतों की पंक्तियाँ उदाहरणार्थ द्रष्टव्य है, यथा– जट अपनी पत्नी जट्टिन से परदेश जाने हेतु अनुमति माँगता है और प्रलोभन देते हुए कहता है–*

***"जाये दही गे जट्टिन देस रे विदेस, तोरा लागी लबऊ जट्टिन टीकबा सनेस।"***

*इस पर जट्टिन उत्तर देते हुए कहती है–*

***"टिकबा त आहो जट्टा चरन के धूर, रहऽ रहऽ आहो जट्टा नैने के हजूर।"***

*इस मनाही के मूल में उसका प्रेम है जो दाम्पत्य जीवन को पूर्ण करता है।*

*बज्जिकांचल लोकगीतों में दाम्पत्य जीवन को महत्त्वपूर्ण प्रतिष्ठा मिली है। कुशल दाम्पत्य का आधार प्रेम है और कुशल आदर्श दम्पति के रूप में राम–सीता को एवं शिव–पार्वती को प्रतिष्ठित किया गया है।*

*लोकगीत लोकभाषा में रचा जाना इस बात का प्रकटीकरण है, कि इसमें स्वाभाविकता, स्वच्छंदता, सरलता और सहजता अधिक पाई जाती है। लोकगीत हमारे सांस्कृतिक परंपरा की अमूल्य विरासत है। अतः इसके संपोषण और संवर्धन का दायित्व हमारी नैतिक जिम्मेवारी है।*

***मुख्य शब्द***– *बज्जिकांचल, दाम्पत्य, जनमानस, सभ्यता, बिआह, झुमर, समदाओन, भोजपुरी, मैथिली, अल्हड़, कोहबर, अहिवात।*

* पी.एच.डी./यू.जी.सी. नेट/बी. एड, (+2 विषय–हिन्दी), विद्यालय शिक्षिका, उ. मा. विद्यालय लहुरिया, lhrke<h E-Mail ID – drsnehasingh333@gmail.com, दूरभाष सं.– 8825207819

## प्रस्तावना

लोकगीत का प्रयोग अत्यंत प्राचीन काल से हमारे साहित्य में होता आया है। इसका संबंध जनमानस से है।

लोकगीत की परिभाषा के संदर्भ में विभिन्न विद्वानों के अपने–अपने मन्तव्य हैं, किन्तु सभी विद्वानों ने एक स्वर में समाज में, परिवार में इसकी उपयोगिता को स्वीकारा और सराहा है।

इस संदर्भ में रवीन्द्रनाथ टैगोर का कथन है कि–

**''संस्कृति का सुखद संकेत ले जाने वाली कला का नाम लोकगीत है।''**

लोकगीत में मानवीय भावनाएँ जैसे सुख–दुःख, हर्ष–विषाद एवं सभ्यता–संस्कृति के विभिन्न चित्र अंकित रहते हैं। यह मनोरंजन का सर्वश्रेष्ठ साधन होने के साथ–साथ मानव–जीवन की विभिन्न भावनाओं एवं रागवृत्तियों की भी अभिव्यक्ति होती है।

'लोक' अनगढ़ और गँवई समुदाय का सूचक है। 'लोक' शब्द उस मानव समूह को निरूपित करता है जो साज–सज्जा, शिक्षा, सभ्यता के दिखावा आदि से दूर रहकर प्राचीन परंपरा, सभ्यता और संस्कृति के घेरे में चलता है। लोकगीत के संदर्भ में प्रख्यात गायक 'कुमार' गंधर्व ने लिखा भी है कि–

''लोकसंगीत से ही शास्त्रीय रागों का विकास हुआ है। आम धारणा है कि राग बनाये जाते हैं लेकिन वास्तविकता यह है कि राग बनाये नहीं जाते, बन जाते हैं। लोकसंगीत में ही राग छुपे होते हैं। इसलिए यह कहना ज्यादा सही है कि शास्त्रीय राग लोकधुनों के विकसित रूप होते हैं।''[1]

## सामान्य विवेचन

बिहार में भोजपुरी, मैथिली, बज्जिका, मगही आदि के लोकगीत नयी भावना, नयी लहर, नया स्वर और मर्मस्पर्शी कोमल भावनाओं में रचे–बसे हैं। लोकगीतों की मिट्टी की सोंधी गंध गाँवों से निकलकर अब राष्ट्रीय स्तर पर धूम मचाने लगी है। जनपथ की अल्हड़ स्वर लहरी को राजपथ पर भी सम्मान मिलने लगा है। लोकगीत–संगीत को अंतराष्ट्रीय प्रतिष्ठा मिलने का मुख्य कारण यही है कि उसके कविता और धुन दोनों में प्राण होते हैं। लोकगायक लोकगीत में सिर्फ अपना व्यक्तिव नहीं बल्कि अपने समाज और लोकजीवन को प्रतिबिम्बित करता है।[2]

## बज्जिका लोक संगीत

बज्जिका लोक संगीत में जीवन के हर पहलू का दिग्दर्शन होता है। बज्जिकांचल गीतों में श्रृंगार–विवाह, चइता, होली, बारहमासा, जट–जट्टिन इत्यादि के गीत प्रचुरता से हैं। होली गीतों में मान–मनौवल की भावना प्रधान होती है।

विवाह गीतों में श्रृंगार परक अधिकतर गीत प्रेम के संयोग पक्ष से संबंधित हैं। वियोग भाव की अभिव्यक्ति चइता, बारहमासा तथा बिरहा में व्यक्त होती है। चइता शुद्ध रूप से विरह गीत है। बारहमासा में वैसे वर्णन तो बारहों महीने का होता है, लेकिन उसके भाव विरह के होते हैं।

जन्म से मृत्युपर्यन्त हर अवस्था, प्रत्येक संस्कार, प्रत्येक उत्सव, व्रत, त्योहार यहाँ तक कि श्रम गीतों का भी प्रचुर मात्रा में दर्शन होता है। इस प्रकार बज्जिका लोकगीतों को छः श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है। यथा– संस्कार–गीत, ऋतु–गीत, व्रत–गीत, जाति–गीत, श्रम–गीत और विविध गीत।

**संस्कार–गीत** के तहत विभिन्न सामाजिक एवं पारिवारिक शुभ–अशुभ उपलक्ष्यों पर गाये जाने वाले गीत आते हैं। प्रसव–पीड़ा, पुत्र–जन्म, आदि के अवसर पर सोहर गाये जाते हैं। इसके पश्चात् खेलौना गीत गाया जाता है। चुड़ाकरन के अवसर पर मुंडन–गीत तो यज्ञोपवीत के अवसर पर जनेऊ गीत गाये जाने की परंपरा रही है।

चूँकि विवाह अपने आप में महत्त्वपूर्ण संस्कार है, इसलिए इस अवसर पर गीतों की झड़ी लग जाती है। मिथिलांचल में इसे 'लगनगीत' कहा जाता है, बज्जिकांचल में इसे 'बिआहगीत' कहा जाता है, जिसे वर और वधु दोनों के घर में गाया जाता है।

जैसे– तिलक, सगुन, लगन, कोहबर, बन्ना, बन्नी, घोड़ी, सेहरा, नकटा, गाली, जोग, कन्यादान, सिंदुरदान, विदाई इत्यादि। बेटी के विवाह में गाये जाने वाले समदाओन गीत की चंद पंक्तियाँ उदाहरणार्थ द्रष्टव्य हैं–

**"कहलो न जाए अब तोहरा हो बाबा कि कहु मनमा के बात,**
**अंगुरी पकर तूहूँ चले के सिखओल, आज लगल हैं अघात हो।"[3]**

**लोकगीतों में दाम्पत्य जीवन**

हिन्दू संस्कृति में विवाह कभी न टूटने वाला एक परम धार्मिक संस्कार है। बिवाह में दो प्राणी (वर–वधु) अपने अलग–अलग अस्तित्त्वों को समाप्त कर एक सम्मिलित इकाई का निर्माण करते हैं और एक दूसरे को अपनी योग्यताओं एवं भावनाओं का लाभ पहुँचाते हुए गाड़ी में लगे दो पहिये की तरह प्रगति पथ पर बढ़ते हैं। अर्थात् विवाह दो आत्माओं का पवित्र बंधन है। जिनका उद्देश्य मात्र इन्द्रिय सुख–भोग नहीं है, बल्कि संतानोत्पति कर एक परिवार की नींव डालना है।

समाज स्वीकृत किसी विवाह प्रणाली के द्वारा अथवा शासन व्यवस्था द्वारा लागू किये गये किसी कानून के अनुसार मान्य विधि से पति–पत्नी के रूप में सूत्रबद्ध स्त्री–पुरुषों की युगल जोड़ी दम्पति कहलाता है। सूत्र–बन्धन के समय से लेकर जीवन पर्यन्त अथवा तलाक द्वारा विछिन्न होने के पूर्व तक पति–पत्नी जो सहजीवन व्यतीत करते हैं वही दाम्पत्य कहलाता है। दाम्पत्य परिवार के विकास का प्रथम सोपान एवं स्त्री–पुरुष के उन्मुक्त संबंध को स्थिरता प्रदान करने वाला संस्कार है–विवाह। उपन्यासकार प्रेमचन्द जी ने गोदान में लिखा है कि "विवाह एक समझौता है जिसे तोड़ने का अधिकार न तो स्त्री को है और न पुरुष को।"

स्पष्टतः दाम्पत्य जीवन की गाड़ी समझौता, स्नेह और सुख–दुःख की पारस्परिक सहभागिता के पथ पर ही चलती है। विरोध, अहंकार, कलह तथा एकपक्षीय दुराग्रह दाम्पत्य के अमृत को विषमय बना देते हैं। स्त्री का रूपगर्व, यौवनगर्व और मान महत्त्व पति के स्नेह पर आधारित होता है। पति विहिन नारी की विपन्न दशा का उल्लेख करते हुए रामचरित मानस में सीता जी कहती हैं–

**"जिय बिनु देह नदी बिनु वारी।**
**तैसे नाथ पुरुष बिनु नारी।।"[4]**

बज्जिकांचल लोक गीतों में दामपत्य जीवन को महत्त्वपूर्ण प्रतिष्ठा मिली है। प्रस्तुत आलेख में उसकी एक झाँकी प्रस्तुत की जाती है।

बज्जिका लोक गीतों में दाम्पत्य का आधार प्रेम है। यह प्रेम सीता–राम के दाम्पत्य प्रेम के माध्यम से प्रतिष्ठित हुआ है। बारहमासा गीत की निम्न पंक्तियाँ इस तथ्य को पुष्ट करती हैं। इसमें कहा गया हें कि सीता के प्रति अनन्य प्रीति के कारण ही श्री राम ने उनकी खोज के क्रम में समुद्र में सेतु बँधवाने जैसा कठिन कार्य किया–

**"सेही प्रीति कारन सेत बान्हल**
**सिया उदेस सिरी राम हे।"**

बज्जिका के होली गीतों का भी अपना एक अलग ही रंग होता है। इसमें नव–दम्पति की उपमा शिव–पार्वती से दी जाती है। होली उल्लास का पर्व है। इसकी सांस्कृतिक पृष्ठभूमि भी रही है। एक उदाहरण द्रष्टव्य है–

**"आजु सदाशिव खेलत होरी।**
**जटा जूट में गंग बिराजे, अंग में भस्म रमोरी।"**

**x x x**

**अदभूत रूप उमा देखि दवरी संग में सखियाँ करोरी।**
**हँसत, लजत, मुसुकात चन्द्रमा, सर्व सिद्धि इक ठीरी।**
**आजु सदाशिव खेलत होरी।।[5]**

बज्जिका क्षेत्र में जट–जट्टिन गीतों में यौवन की ऊर्जा और अनुराग से भरे दाम्पत्य जीवन के चित्र सबसे पहले हमारा ध्यान आकृष्ट करते हैं। जट्टिन अपने यौवनगर्व, रूपगर्व और पिता के स्नेहगर्व के कारण तन कर चलती है। जट उसे झुककर, नम्र होकर चलने के लिए कहता है। यथा–

**''लभ के चलही गे जटिनिआ**
**लभ के चलही गे।''**

इसके उत्तर में गर्व से जट्टिन कहती है–

**''न लभबऊ रे जटबा न लभबऊ रे, हम त बाबा के दुलारी धिआ तन के चलबई रे।''**

गरीबी की मार से आहत बज्जिकांचल के लोग कल तक पूरब देश अर्थात् बंगाल और असम में मजदूरी करने अथवा छोटे–मोटे व्यवसाय कर दो पैसा कमाने जाते थे (अब वे दिल्ली, हरियाणा और पंजाब जाने लगे हैं)। स्वभावतः वे अपनी पत्नी और बच्चों की सुख–सुविधा को आस धराकर संतोष देते थे और फिर उसको परिवार के अन्य सदस्यों अथवा समाज के भरोसे और उससे भी ज्यादा भगवान के भरोसे जीने–मरने हेतु छोड़कर परदेश चले जाते थे। उनकी वापसी प्रायः होली या दीवाली के अवसर पर होती थी और फिर दस–बीस दिन रहकर अपनी रोजी कमाने परदेश चल देते थे। जट भी कमाने के लिए परदेश जाने की अनुमति अपनी धर्मपत्नी से चाहता है। साथ ही उसके लिए माँगटीका, हार, कंगन आदि आभूषण लाने का प्रलोभन देता है। यथा– ''जाये दही गे जटिन देश रे विदेश, तोरा लागी लबऊ जट्टिन टीकबा सनेस।''

इसी तरह वह अन्य आभूषणों के नाम लेकर अपनी बात दुहराता है, उस पर जट्टिन उत्तर देती हैं–

**''टिकबा त आहो जटा चरन के धूर,**
**रहऽ– रहऽ आहो जटा नैन के हजूर।''**

इस मनाही के मूल में उसका प्रेम है। वह चाहती है कि प्रिय पास रहे। उसके लिए सुख–साधनों की सम्पन्नता से ज्यादा महत्त्वपूर्ण प्रेम है, तभी तो वह प्रिय को आँखों के सामने रखना चाहती है।

दाम्पत्य का पक्ष है तकरार नोक–झोंक लेकिन इसकी शर्त है प्रेम, मान–मनौवल, अन्यथा वह कलह में परिणत हो जायेगा।

दोनों में आभूषण और नैहर में रहने के मुद्दे पर तकरार होती है। जट्टिन का आरोप है कि जब तुमसे आभूषण माँगे तो क्यों नहीं लाये। जट का आरोप है कि उसने यौवन का उत्कर्ष काल नैहर में क्यों गँवाया ? संवाद की पंक्तियाँ इस प्रकार हैं–

जट्टिन–**''नथिया जब–जब मंगलिअउ रे जट्टा नथिया काहे न लएले रे।**

जट–**''हरिहरि बारी उमिरिया गे जट्टिन, नहिरा काहे गमएले रे।।''**

सारांशतः जट–जट्टिन के गीत रूमानियत से भरे प्रेम से सराबोर दाम्पत्य के गीत हैं, जिनमें संयोग का पक्ष प्रधान है। ऐसे ही होली के समय नव–दम्पति जो मायके से ससुराल आये हुए है। उनका कुशल चित्रण किया गया है–पत्नी आ तो गयी है पति के पास लेकिन पता नहीं कैसे दोनों कान का झुमका नैहर में वो भी कोहबर में ही छूट गया है। होली का समय है। झुमका बिना कान सूना है। अतः सद्यः विवाहिता अपने पति से कहती है–

**''उठू सैया लिखू पाती भेजू नइहरबा**
**झुमका मोरा छूटल ए हो कोहबरबा।''**

गीत में आये कोहबर शब्द से स्पष्ट है कि यह विवाह अथवा गौना के तुरंत बाद के दाम्पत्य का चित्र है।

दाम्पत्य का सारा आनंद सुहाग पर आधारित है। बज्जिकांचल में सुहागिन का अर्थ है सधवा स्त्री। इसे अहिवाती भी कहा जाता है। स्त्री चाहती है कि उसका अहिवात अचल रहे, जन्म–जन्मांतरों तक बना रहे। इसके लिए यहाँ अनेक व्रतों का विधान है। बज्जिकांचल का तीज व्रत इसी उद्देश्य से किया जाता है। यह केवल सुहागिन स्त्रियाँ करती हैं–अपने सुहाग की सुरक्षा हेतु, पति की मंगल कामना हेतु। 'छठ' व्रत के एक गीत में स्त्री सुखी और भरे पूरे–परिवार की याचना करती है, छठी मइया से। उसे पुत्र चाहिए, पुत्रवधु चाहिए, बेटी–दमाद चाहिए। लेकिन अपने लिए वह केवल सुहाग माँगती है।

**''चार पहर रात जल–थल सेबिले,**

**सेबिले चरन तोहार छठी मइया,**
**दरसन चाही तोहार।**
**सभवा बइठन को पूत एक मांगिले,**
**घर भरन को पतोह छठी मइया, दरसन..।**
**रुनकि–झुनकि हम धिआ एक मांगिले,**
**पाँव लागन का दामाद छठी मइया।।**
**दरसन......................................।**
**अपना ला मांगिले अवध सिंहोरा,**
**जनम–जनम अहिबात छठी मइया।**
**दरसन चाही तोहार।''**

बज्जिाकांचल का लोक–जीवन मूलतः एकनिष्ठ दाम्पत्य को स्वीकार करने वाला क्षेत्र है। एक से अधिक पति की यहाँ कोई सत्ता नहीं है। हाँ अपवाद रूप में कहीं–कहीं एकाधिक पत्नी का प्रसंग मिल जाता है। स्त्री के लिए दाम्पत्य जीवन का सबसे अधिक दुःखद पक्ष वही होता है जहाँ सौत की सत्ता कष्ट पहुँचाती है। निम्न गीत की पंक्तियाँ अवलोकनीय हैं, जिसमें पार्वती जी सपना देखती हैं कि भगवान शिव का विवाह हो रहा है। इस क्रम में शिवजी के साथ उनकी बातचीत से उनकी पीड़ा का अनुमान लगाया जा सकता है–

**''पुरइन पात चढ़ी सूतलन गउरा देई सपना देखल अजगुत।**
**अजोधा नगरिका बजन एक बाजे सिबजी के होए बिआह।**
**पहिरी गउरा देई इअरी से पिअरी सउतिन परिधि घर लाऊ।**
**किए हे, महादेव हम चोरनी से चटनी किए हम्मर कोखिया बिहून,**
**किऐ हे महादेव सेवा से चूकली काहे कइली दोसरो बिआह।''**

इस पर शिवजी का उत्तर सन्तोषजनक नहीं, नियतिवादी है।

**''नाहीं हे गउरादेइ चोरनी से चटनी**
**नाहीं हरी कोखिआ बिहून।**
**नाहीं हे गउरादेइ सेवा से चूकली,**
**भावी कएलक दोसरो बिआह।''**

सपत्नी के कारण होने वाली पीड़ा का चित्रण बारहमासा गीतों की कुछ पंक्तियों में भी है। वर्षा प्रारंभ हो रही है। सबके कन्त घर लौट आये हैं, लेकिन बारहमासा गाने वाली का पति नहीं लौटा है। प्रत्येक माह की ऋतुगत स्थिति उसे भिन्न–भिन्न ढंग से पीड़ित करती है। अन्य सखियों को अपने–अपने पतियों के साथ आनन्द विहार करते देखकर उसकी पीड़ा बढ़ जाती है। आश्विन महीने के आने की बात सोंचकर उसके मन में थोड़ी आशा जागती है कि शायद प्रियतम आ जायेगा, लेकिन आश्विन बीत जाता है और वह नहीं आता। विरहिणी पत्नी अनुमान करती है कि वह किसी सौत के प्रेमपाश में आबद्ध होने के कारण नहीं आया। सौत की आशा पूरी हुई, मगर उसकी नहीं। वह विरह विदग्ध भाव से गाती है। उदाहरणार्थ बारहमासा की चंद पंक्तियाँ द्रष्टव्य हैं–

**''भादौं मारै भयावने एक सखि,**
**दूसरे अंधरिया रातिन हो,**
**सेज छाड़ि हरि हमरा के गइले,**
**इहे ह दुःखवा के बात हो।**
**कुआर लालन, कुआर लालन**
**कहाँ गइले नन्दलाल हो।**
**किया राम घूमेले कदली के बनवा,**
**दिया कुबरी के साथ हो।।**
**कातिक कन्त विदेस**
**ए सखि! जोगिनी तैयार हो।**
**दुःख सुखवा हरि संग गवँइतो,**
**दियवा बरितो, अकास हो।।**
**अगहन में सखि सैनि अगम भइल,**
**नाहीं त होला विहान हो।**
**सेन छाड़ी हरि हमरा के गइले,**
**उहे दुःखवा के बात हो।।''**

इस गीत में कुबरी बैरिनिआ पद का गायन कहीं–कहीं कुबरी सउतिनिआ के रूप में भी प्राप्त होता है। कुबरी मूलतः कृष्ण कथा की कुब्जा है जिसे सूरदास आदि कृष्ण भक्त कवियों के काव्य

में गोपियों की सपत्नी के रूप में याद किया गया हैं।

आलम्बन की दृष्टि से बज्जिका लोकगीतों में चार प्रकार के आलम्बन आश्रय की सत्ता प्राप्त होती है।

**(1) सामान्य पति–पत्नी**– इसका उल्लेख बारहमासा तथा कुछ होली गीतों में आया है। यहाँ पति या पत्नी का कोई नाम नहीं है, केवल इनके दाम्पत्य का वर्णन है।

**(2) जट–जट्टिन**– इनके गीतों में जट पति है और जट्टिन पत्नी। जट–जट्टिन कौन हैं? क्या उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा आदि क्षेत्रों में पाये जाने वाली जाट जाति के दम्पति थे या कोई अन्य ? यह स्पष्ट नहीं है। यहाँ ये एक जोड़े के रूप में दाम्पत्य जीवन के प्रतिनिधि है।

**(3) सीता–राम**– दम्पति की जोड़ी के रूप में ये बज्जिकांचल के आदर्श और आदरणीय दोनों हैं। बज्जिकांचल की बेटी होने के कारण सीता और उनके पति पूरी तरह बज्जिकांचल के जीवन में रचे–बसे हैं। इनके दाम्पत्य की भित्ति प्रेम है जो दुःख में भी पर्वत की तरह अचल है। सीता अचल अहिबात की प्रतीक नारी है।

**(4) शिव–पार्वती**– बज्जिकांचल के लोक–जीवन में ये भी आदर्श दम्पति हैं। इनका स्वरूप राम–सीता से किंचित् भिन्न है। सीता–राम सुखी और उत्कृष्ट जोड़ी के रूप में मान्य हैं जबकि शिव–पार्वती की जोड़ी भिन्न है। शिव बउराह वर के रूप में लोक प्रतिष्ठित हैं, साथ ही विपन्नता के कीर्तिमान हैं। न घर है, न सुख–सुविधा। ऐसे विपन्न जीवन के निर्वाह की कठिन साधना पार्वती को महनीय बना देती है। मिथिलांचल में शिव सम्बन्धी नचारियों का बहुत प्रचलन है। ये नचारियाँ विद्यापति के नाम पर चलती हैं। इनमें से एकाध की कुछ पंक्तियाँ छनकर और रूपान्तरित होकर बज्जिकांचल के लोक–जीवन में भी स्थान पा गयी हैं। उनमें पार्वती की दाम्पत्य साधना और महिमा का वर्णन है, जैसे–

**''बर मिललओ बउरहबा हे गउरा**
**कइसे क दिनमा जतओ हे।''**

लेकिन इस चिन्ता से परे बज्जिकांचल की हर कन्या चाहती है कि उसे शिव जैसा वर (पति) मिले। तभी तो बज्जिकांचल जनपद की कन्याएँ शिव जैसा पति पाने के लिए गौरा नामक व्रत करती हैं।

## निष्कर्ष

हम कह सकते हैं कि लोक–जीवन कितना उच्च, कितना उदात्त, कितना परिष्कृत और कितना धर्म मार्ग पर अधिष्ठित है, उसका सच्चा प्रमाण हमें लोकगीतों में प्राप्त हो जाता है।

लोकगीत चाहे किसी प्रांत का हो, किसी भाषा या बोली का हो उसमें सरलता और सहजता समायी होती है। लोकगीत लोकभाषा में रचा जाना इस बात का प्रकटीकरण है कि इसमें स्वाभाविकता, स्वच्छंदता और सरलता अधिक पाई जाती है। यहाँ रूढ़ियाँ भी आकर परम्परा के साथ सातत्य स्थापित कर लेती हैं और जीवन–मूल्य को स्थापित करती हैं।

## सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

1. परिचय श्रृंखला (बिहार कोकिला शारदा सिन्हा), अंक–1, नवंबर–2003, पृ. सं.–03
2. वही, पृ. सं.–03
3. विप्लव, हरेन्द्र सिंह, बज्जिका लोक–तरंग, पृ. सं.–13
4. रामचरित मानस : अयोध्याकांड 64/4, तुलसीदास
5. भोजपुरी लोकगीत भाग–02, संपादक–डॉ. कृष्णदेव उपाध्याय, हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग, तृतीय संस्करण–1999 ई., पृ. सं.– 194
6. वही, पृ. सं.– 181

**SHODH-GARIMA–YEAR-2, VOL. 2 (April to June, 2025)**
**A Peer-Reviewed & Referred International Multidisciplinary Research Journal**
**ISSN (Print) : 3048-6327**
**IMPACT-FACTOR SJIF - 5.223**
**Paper Recieved : 11th June 2025** **Paper Accepted : 16th June 2025**

# कश्मीर केन्द्रित साहित्यिक रचनात्मकता एवं समस्याएँ, विस्थापन और वापसी

□ अंकिता सिंह*

**शोध-सारांश**

*कश्मीर पर लिखे गये साहित्य में विस्थापितों के साथ मानवीय दुर्दशा का चित्रण किया गया है। विष्णु शर्मा, नागसेन, भामह, मम्मट, आनन्दवर्धन, क्षेमेन्द्र, शंकरदेव आदि ने इसी धरती पर भारतीय संस्कृति को निरंतर समृद्ध किया। भारतीय स्वतन्त्रता के साथ ही कश्मीर में सामाजिक, राजनीतिक जैसी समस्याओं के साथ ही आतंकवाद, अलगाववाद जैसी उग्रवादी विचार पनपते रहते हैं। इसके साथ ही कश्मीर से विस्थापन और वापसी का ज्वलंत मुद्दा हमेशा प्रासंगिक रहा है।*

***मुख्य शब्द***—*विस्थापन, रचनात्मकता, सृजनात्मक, सांस्कृतिक विघटन, साम्प्रदायिक, इस्लामीकरण, प्रॉक्सीवार, चरमपंथी, उग्रवाद, पुनर्वास।*

आधुनिक युग में व्याप्त मानवीय पीड़ा एवम् वेदना का यथार्थ साहित्य में देखने को मिलता है। विस्थापन की समस्या आज के युग की सबसे गंभीर समस्या है। 'विस्थापन' अर्थात् 'किसी स्थान पर बसे हुए लोगों को बलपूर्वक हटा देना।'

संस्कृति, धर्म, अध्यात्म तथा विद्या साधना की उच्च और दीर्घकालिक परम्परा की दृष्टि से कश्मीर घाटी का स्थान अन्यतम् है। पुराण एवं राजतरंगिणी में महर्षि कश्यप को इस सुन्दर नगर का सृजनकर्ता माना जाता है। पंचतंत्र के रचयिता विष्णु शर्मा, नागसेन, भामह, मम्मट, आनन्दवर्धन, क्षेमेन्द्र, शंकरदेव आदि ने इसी धरती पर भारतीय संस्कृति को निरंतर समृद्ध किया। इसके साथ ही सिकंदर बुतशिकन के नरसंहारों से लेकर 19 जनवरी, 1990 तक समयान्तराल विस्थापन की प्रक्रिया चलती रही है। कश्मीरी पंडितों का वह पहला और सातवाँ तथा सबसे भयंकर विस्थापन था।

कश्मीर पर लिखे गये साहित्य में विस्थापितों के साथ मानवीय दुर्दशा का चित्रण किया गया है। साहित्य, प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से विशेष परिवेश और क्षण की मानवीय समस्याओं से निपटता है। आधुनिक समय में कश्मीर पर लिखा गया साहित्य हमें सामाजिक समस्याएँ, राजनैतिक समस्या/अस्थिरता, सांप्रदायिक विभाजन, सेना संबंधित समस्याएँ, सांस्कृतिक विघटन और जुझारू राजनीति के कारण हिंसा की चरम स्थितियों में रचनात्मक व सृजनात्मक अभिव्यक्ति से उपजी विस्थापन समस्या और मानवीय दुर्दशा को उजागर करता है। कश्मीरी साहित्य, वहाँ के अशांत राजनीतिक संकट के कारण मानवीय पीड़ा का एक सच्चा प्रतिबिंब है जिसने लोगों के हजारों साल पुराने सांस्कृतिक और सामाजिक ताने-बाने को तोड़ दिया है।

* शोधार्थी, हिन्दी एवम् आधुनिक भारतीय भाषा विभाग, इलाहाबाद केन्द्रीय विश्वविद्यालय।

## कश्मीर केन्द्रित साहित्य का सर्वेक्षण

कश्मीर से कश्मीरी पंडितों के विस्थापन को अब तीन दशक होने को आए हैं। तीन दशकों की इस लम्बी अवधि में आतंकवादी हिंसा में सब कुछ गँवा कर शरणार्थियों के रूप में भटकते, भागते इस समुदाय को जिन कष्टों, क्लेशों और निर्मम उपेक्षा और उदासीनता के अनुभवों से होकर उन्हें गुजरना पड़ा उनकी आत्मा को उद्वेलित कर देने वाली कथा को स्वयं इसी समुदाय के अपने कवियों, लेखकों ने अपनी रचनाशीलता का आधार बनाया। इन लेखकों ने जो कुछ लिखा है उसमें उनके अपने अनुभव का यथार्थ पूरी प्रामाणिकता और संवेदनशीलता के साथ अभिव्यक्त हुआ है। यह साहित्य में उनके जातीय नरसंहार की भयावह स्मृतियों और अपनी मिट्टी से उखड़ने और उखड़ने की गहन पीड़ा को शब्दायित करना है। इस सत्य को कहना उनके लिए कितना यातनामय और क्षोभजनक रहा होगा, इसकी कल्पना भी करना मुश्किल है, पर इस सत्य को कहा जाना अत्यावश्यक था। अभिव्यक्ति के सभी खतरे उठाते हुए उन्होंने उपन्यास, कहानी, कविता आदि साहित्य की सभी विधाओं में इसे शब्दायित करना शुरू किया।

### उपन्यास

हिन्दी उपन्यासों में कश्मीर की भीषण त्रासदी को सहज एवं स्वाभाविक ढंग से चित्रित किया गया है। कश्मीर में हुए विस्थापन को लेकर कई उपन्यास लिखे गये, जिनमें से मनीषा कुलश्रेष्ठ का 'शिगाफ', चन्द्रकान्ता का 'कथा सतीसर', संजना कौल का 'पाषण युग', खमा कौल का 'दर्दपुर', रवीन्द्र प्रभात का 'कश्मीर 370 किमी.' भी शामिल है। 'कथा सतीसर' महाकाव्य सा विस्तार लिए है। एक विशाल फलक लिए इनमें नीलमत पुराण में दिए गए कश्मीर की उत्पत्ति के मिथक से लेकर 1990 में कश्मीरी पंडितों के वर्तमान निष्कासन और बिखर जाने की त्रासदी की महागाथा अंकित है। डॉ. सत्यकाम ने इस उपन्यास को 'विस्थापितों की पीड़ा का आख्यान' कहा है। क्षमा कौल का उपन्यास 'दर्दपुर' कश्मीरी हिन्दुओं के 'संहार, उत्पीड़न' और 'विस्थापन' के भयंकर यथार्थ को उद्‌घाटित करता है और कश्मीरी मुसलमानों के साथ उनके जटिल सम्बन्धों के सामंजस्य और असामंजस्य की कहानी कहता है। 'दिनेश कुमार शुक्ल' ने इसे 'धर्मान्ध बर्बरता के विरुद्ध लड़े जा रहे संघर्ष का शिलालेख' कहा। 'संजना कौल' का उपन्यास' 'पाषाण युग' गोलियों के चलने और बम धमाकों के समय में अपनी मिट्टी और परम्पराओं के गहरे आकर्षण से बँधे एक बूढ़े पिता की कहानी है जो अन्य कश्मीरी हिन्दुओं की तरह घर छोड़कर जाने या न जाने की कश्मकश में है।

### कहानी

विस्थापन साहित्य के लेखकों ने अपने अनुभव के त्रासद यथार्थ को सम्प्रेषित करने के लिए कहानी की विधा का प्रचुर रूप से प्रयोग किया है। चन्द्रकान्ता, संजना कौल, महाराज कृष्ण संतोषी, गौरी शंकर रैना, महाराज शाह, राहुल पंडिता आदि ने इस विधा को अपनी रचनात्मक अवदान से सम्पन्न किया। चन्द्रकान्ता की 'काली बर्फ' की कथा नायिका परमी 'निडर व कर्मठ' बालिका है। डर का उसके लिए कोई मायने नहीं है। वह अपनी भयभीत माँ को समझाते हुए कहती है—शमा और अजहर के रहते हम बेघर कैसे हो सकते हैं? फिर हमने किसी का कुछ बिगाड़ा तो नहीं है.... आतंकवादियों के एक गुट ने परमी, शमा और अजहर का अपहरण किया, उन्होंने किसी को नहीं छोड़ा, क्योंकि आतंकवाद की न कोई जाति होती है और न उसका कोई धर्म होता है, उसका तो केवल स्याह रंग होता है। 'आवाज़' कहानी में 'बिनी' नामक नायिका का उग्रवादियों से अपने अपहरण के 'बदले' की कहानी है। 'शरणागत दीनार्न' में आतंक के साए में सामाजिक ताने-बाने के खटकने और मानवीय मूल्यों के तार-तार होने की व्यथा को उठाया गया है। सुधारक अदीब की कहानी 'जवाब-तलब' में एक कर्त्तव्यनिष्ठ जवान पर देश के गुनहगारों के खिलाफ कार्यवाही के सिलसिले में इन्क्वायरी के बैठने का वर्णन है। संजना कौल की 'कहूँ किससे मैं' में विस्थापन से उपजे डर से एक महिला के मानसिक अवसाद और उसके पड़ोसियों के सहयोग से उबरने की कहानी है।

### कश्मीर की समस्यायें

**( 1 ) सामाजिक समस्यायें**—कश्मीर का समाज शैव, बौद्ध और मुस्लिम की विरासत थी। चौदहवीं शती

के धर्मान्ध आक्रमणकारी शासकों ने दोनों कौमों के बीच भेद-भाव की दरारें डाल दीं। जिसका परिणाम आज का समाज भुगत रहा है। 1974 के पश्चात् ही कश्मीर में JKLF प्रयोजिक आतंकवाद के द्वारा कश्मीरी पंडितों के प्रमुख की हत्या, इस्लामीकरण का प्रयास, उनकी स्त्रियों और बेटियों के साथ दुर्व्यवहार, मुस्लिमों के एक हिस्से का साम्प्रदायिक हो जाना, आदि।

**( 2 ) राजनैतिक समस्यायें**—स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् पाकिस्तान का कश्मीर पर आक्रमण, जम्मू कश्मीर के लिए धारा 370 का प्रावधान, भारत सरकार की द्विविधाग्रस्त मनोस्थिति, कश्मीर समस्या को बिना समझे UN मंच पर ले जाना, पाकिस्तान के ISI द्वारा कश्मीर में 'प्रॉक्सीवार' तथा AFSPA का लागू होना आदि राजनैतिक समस्यायें हैं।

**( 3 ) आर्थिक समस्यायें**—कश्मीर का आर्थिक ढाँचा केसर, खुबानी, अखरोट आदि की खेती, पश्मीना शालों, रेशम के वस्त्रों तथा वहाँ के कुटीर उद्योगों (जरी, लकड़ी नक्काशी) पर आधारित था। लेकिन आतंकवाद ने इसे लगभग ध्वस्त कर दिया, जिससे वहाँ के समाज में अशिक्षा, उच्चदर, सामुदायिक वैमनस्य बढ़ा।

**( 4 ) नारियों की समस्यायें**—मानव समाज की आबादी नारी है। पितृसत्तात्मक समाज में नारी स्वभावतः शोषित (उत्पीड़ित wrong), दलित होती है। कश्मीर की स्त्री तो दोहरे अभिशाप से ग्रसित है। वह नारी चाहे अल्पसंख्यक वर्ग में आती हो या बहुसंख्यक वर्ग में। उग्रवादियों द्वारा विस्थापित समाज की स्त्रियों को दुर्व्यवहार का शिकार बनाया गया तथा मुस्लिम महिलाओं के लिए 'बुरका या एसिड' का फरमान जारी कर दिया गया।

''हममें से कुछ को नौकरियों के बहाने यहाँ बुला कर नई दिल्ली ने एक प्रयोग किया है, ताकि एक प्रोपैगेंडा किया जा सके कि कश्मीर में सब कुछ ठीक हो गया है। लेकिन अब हम मारे जा रहे हैं, इसके लिए हम किसे ज़िम्मेदार ठहराएँ? क्या यह सरकार की गलती नहीं है?''

यह कश्मीर में हाल ही में हुई हत्याओं के खिलाफ पंकज कौल नाम के एक कश्मीरी पंडित की प्रतिक्रिया है। पंकज छह साल के थे, जब साल 1990 में घाटी में हिंसा हुई थी और हज़ारों पंडित परिवारों ने घर-बार छोड़कर जम्मू और अन्य भारतीय शहरों में शरण ली, जबकि कुछ ने अपनी ज़मीन नहीं छोड़ी।

कश्मीरी भाषा बोलने वाले स्थानीय हिंदुओं को घाटी में पंडित कहा जाता है। कश्मीर के पंडित और मुसलमान भाषा, संस्कृति, साहित्य, संगीत, जीवन-शैली, खान-पान और यहाँ तक कि बच्चों के घरेलू नाम और बड़ों के सरनेम एक ही तरह के हैं।

पंकज कौल बताते हैं कि इन्हीं सब परंपराओं से लगाव और मातृभूमि के प्यार ने हजारों पंडितों को हिंसक परिस्थितियों और खतरों के बावजूद यहाँ की ज़मीन से जोड़े रखा।

८00 पंडित परिवार ऐसे हैं जिन्होंने कश्मीर नहीं छोड़ा, बल्कि अपने मुसलमान पड़ोसियों के साथ मिलकर मुश्किल हालात का सामना करते रहे।

**विस्थापन और वापसी**

साल 1990 में जब से हिन्दुओं का विस्थापन हुआ है, एक ओर कश्मीर में सशस्त्र विद्रोह को कुचलने के लिए सैन्य अभियान चलाए गए हैं और दूसरी तरफ, नई दिल्ली की सरकारें हर बार कश्मीर में पंडितों को फिर से बसाने का वादा करती रहीं।

साल 2010 में, तत्कालीन भारतीय प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने घाटी में पंडितों के पुनर्वास के लिए एक विशेष नौकरी पैकेज की घोषणा की और हज़ारों कश्मीरी पंडितों को सरकारी नौकरियाँ दी गईं।

हालाँकि, उनके घर या तो बिक चुके थे या वीरान और असुरक्षित थे, इसलिए उन्हें सुरक्षा घेरे वाले अपार्टमेंट में रखा गया था, 1990 की हिंसा के बावजूद कुछ हिन्दू परिवार घाटी में रह रहे थे। साल 1997 से साल 2003 के बीच ऐसी पंडित बस्तियों पर चरमपंथी हमले हुए।

इस दौरान सामूहिक हत्या की तीन घटनाओं में महिलाओं समेत 50 कश्मीरी पंडित मारे गए थे।

Journal Starting Year-**2024**, Frequency- **Quarterly**, Subject- **Multidisciplinary**, Language-**Hindi & English**, Publishers- **Sushil Kumar Kushwaha,** Publishing Body- **G.H. Publication**, Prayagraj, U.P.-211003 (India), Email Id:- **ghpublication@gmail.com**

पुलिस के आँकड़ों के मुताबिक साल 1990 से 2020 तक 219 कश्मीरी पंडित मारे गए, लेकिन कश्मीरी पंडितों के विभिन्न संगठनों और विभिन्न रिसर्च का कहना है कि यह संख्या इससे कहीं ज्यादा है।

वहाँ के स्थानीय जनता कहती है, कि ''कोई भी पार्टी हो, कोई भी सरकार हो, सबने बारी-बारी से हमारा शोषण किया है। वो कहते हैं कि आ जाओ, सब कुछ ठीक हो गया है, यहाँ तो 1990 से भी बदतर हालात हैं।''

पिछले महीने लगातार होने वाली कई घटनाओं में, बंदूकधारियों ने कश्मीरी पंडित कर्मचारी राहुल बट, स्थानीय मुस्लिम महिला अमरीना बट, राजस्थान के रहने वाले बैंक मैनेजर विजय कुमार, जम्मू की रहने वाली टीचर रजनी बाला और बिहार के एक ईसाई मज़दूर दिलखुश मसीह की उनके काम करने की जगह पर ही गोली मार कर हत्या कर दी थी। अभी हाल ही में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए हमले में 26 लोग मारे गए। इस हमले में जैसे-जैसे मारे गए लोगों के परिवार वाले और देश के बाक़ी लोग इस हमले के सदमे से उबरने की कोशिश कर रहे हैं, वैसे-वैसे कई सवाल भी सामने आ रहे हैं।

फ़िलहाल इनमें कई सवालों के जवाब नहीं मिले हैं।

इन सवालों में सबसे अहम् है कि पहलगाम के इस लोकप्रिय पर्यटन स्थल बैसरन में सुरक्षा क्यों नहीं थी?

पहलगाम हमले में आम नागरिकों को निशाना बनाए जाने से जुड़ा सवाल भी उठता है। इस हमले में चरमपंथियों ने वह तरीक़ा अपनाया जो अन्य हमलों से अलग था।

इस हमले में सैनिकों या पुलिस को नहीं बल्कि आम नागरिकों को निशाना बनाया गया। यह जम्मू-कश्मीर या देश के किसी हिस्से में लंबे समय बाद हुआ ऐसा हमला था, जिसमें इतने बड़े पैमाने पर आम लोगों को निशाना बनाया गया।

कश्मीरी मुद्दे को लेकर जब भी भारत-पाक वार्ता का दौर चलता है या चलने वाला होता है तो यह मान लिया जाता है कि कश्मीरी समस्या मुख्यतया कश्मीर में रह रहे बहुसंख्यकों से जुड़ी हुई है और उन्हीं की आकांक्षाओं को ध्यान में रखा जाना चाहिए। विडंबना देखिए, कश्मीरी पंडित वहाँ के मूल बाशिंदे हैं लेकिन उनके प्रतिनिधि/प्रतिनिधियों को न तो कोई वार्ता के लिए बुलाता है और न कोई महत्त्व ही देता है। शायद सरकार जानती है कि यह विस्थापित/शरणार्थी कौम अपना स्वत्व खो चुकी है, इसे हाशिये पर धकेलने में हर्ज ही क्या है? चुनावों के दौरान पंडितों के विस्थापन, उनकी त्रासदी, उनकी हताशा आदि को तो सरकारें अपने पक्ष में जोर-शोर से भुना लेती हैं, मगर समय आने पर वार्ता-मंच से उन्हें बेदखल कर देती हैं। सच है, क्रूर ग्रहों की स्तुति पहले और सौम्य ग्रहों की बाद में।

## सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

### आधार ग्रंथ


1. चन्द्रकान्ता, कथा सतीसर, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, 2000
2. कौल, संजना, पाषाण युग, आधार प्रकाशन, हरियाणा, 2013
3. कुलश्रेष्ठ, मनीषा, शिगाफ, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, 2012
4. पाण्डेय, अशोक कुमार, कश्मीरनामा इतिहास और समकाल, राजकमल प्रकाशन, 2018
5. पाण्डेय, अशोक कुमार, कश्मीर और कश्मीरी पंडित, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, 2020


### पत्र-पत्रिकाएँ


1. संस्कृति, कश्मीर विशेषांक, भारतेश कुमार मिश्र
2. साहित्य भारती, कश्मीर विशेषांक, उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान।

**SHODH-GARIMA–YEAR-2, VOL. 2 (April to June, 2025)**
**A Peer-Reviewed & Referred International Multidisciplinary Research Journal**
**ISSN (Print) : 3048-6327**
**IMPACT-FACTOR SJIF - 5.223**
**Paper Recieved : 11th June 2025**
**Paper Accepted : 16th June 2025**

# हिन्दी जैन साहित्य के विकास में जैन आचार्यों का योगदान

□ आकाश कुमार तिवारी*

**शोध-सारांश**

*''हिंदी साहित्य के विकास में जैन आचार्यों का योगदान अनुपम व अमूल्य है। इनका अध्ययन, मनन और चिंतन कर व्यक्ति अपने जीवन, समाज और साहित्य की धारा को परिवर्तित कर सकता है। हिंदी भाषा और साहित्य के विकास के अध्ययन में हिंदी जैन साहित्य की उपयोगिता महत्त्वपूर्ण है। छंद, रचना-शैली, काव्य शिल्प तथा अन्य साहित्यिक मान्यताएँ जो हिंदी को प्राप्त हुईं उनकी परंपरा को स्पष्ट करने वाले अनेक सूत्र जैन साहित्य में मिलते हैं, जिनका हिंदी साहित्य को विशेष रूप से समृद्ध करने में महत्त्वपूर्ण योगदान है। अहिंदी प्रदेशों में हिंदी का प्रचार करने में जैन विद्वानों की सेवा उल्लेखनीय है। साहित्य-निर्माण करने के साथ-साथ जैन विद्वानों ने प्रसिद्ध हिंदी ग्रंथों की संस्कृत, हिंदी और राजस्थानी भाषाओं में टीकाएँ रच कर उन जैनेत्तर ग्रंथों के प्रचार में भी योग किया है। हिंदी साहित्य की प्रवृत्ति जनहितकारी होने के नाते जिस प्रकार संत साहित्य को महत्त्व दिया जाता है। उसी प्रकार जैन संतों एवं कवियों को भी समुचित स्थान मिलना चाहिए। उनकी रचनाओं का समान भाव से अध्ययन एवं मूल्यांकन किया जाना चाहिए, इससे हिंदी और मजबूत, समृद्ध होगी।*

हिंदी जैन साहित्य के विकास में जैन आचार्यों का योगदान और उनके साहित्य की शुरुआत हम मैथिलीशरण गुप्त की इस पंक्ति से करना चाहते हैं-

**''अंधकार है वहाँ, जहाँ आदित्य नहीं है।**
**निर्बल है वह देश, जहाँ साहित्य नहीं है।''**

हिंदी साहित्य के आदिकाल में अनेक प्रकार के रचनाकार और उनकी रचनाएँ मिलती हैं। एक तरफ सिद्धों का साहित्य है तो दूसरी ओर नाथों का; इसी कड़ी में जैन साहित्य भी प्रभूत मात्रा में मिलता है। हिंदी साहित्य की आधार पीठिका के अन्वेषण में जैन धर्म का भी नाम आता है, जिसका संबंध हिंदी के विकास परंपरा से है। जैन धर्म एक प्राचीन धर्म है जो उस दर्शन में निहित है, जो सभी जीवित प्राणियों को अनुशासित, अहिंसा के माध्यम से मुक्ति का मार्ग एवं आध्यात्मिक शुद्धता और आत्मज्ञान का मार्ग सिखाता है। जैन शब्द 'जिन' से बना है' जिसका अर्थ है—'विजय पाना'। अपने मन के आकर्षण और इंद्रियों का जो असीमित भोग है उसके ऊपर विजय पाना या सांसारिक आकर्षण और सांसारिक भोग-विलास से जुड़ी हुई चीजों पर विजय पाना।

आदिकालीन काव्य धारा में सिद्ध साहित्य और नाथ साहित्य के बाद जो तीसरी प्रमुख काव्य धारा है, वह जैन साहित्य है। आदिकालीन जो धार्मिक परिस्थितियाँ थीं

* शोध छात्र (हिन्दी विभाग), इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज, मो. 7379494855

उसमें विभिन्न प्रकार के जो धर्म थे, चाहे वह बौद्ध धर्म हो, चाहे जैन धर्म हो, चाहे वह विभिन्न प्रकार के मत- शैव मत, वैष्णव मत आदि हों ये सब आदिकालीन धार्मिक परिस्थितियों में आगे बढ़ने के लिए एक दूसरे से संघर्ष कर रहे थे, आपस में संघर्ष मचा हुआ था। इसी संघर्ष को समाप्त करने के लिए अपने-अपने धर्म का प्रचार-प्रसार करने के उद्देश्य से जो साहित्य जैन धर्म के अनुयायियों ने लिखा और रचा उसे जैन साहित्य कहते हैं।

भारतीय साहित्य में प्राचीन काल से ही जैन साहित्य का बड़ा विशाल योगदान रहा है। हमारे अनेक लोकोपकारी जैनाचार्यों ने अपने जीवन का बहुभाग सर्वजन हित-कारक साहित्य की रचना में व्यतीत किया है। जैन धर्म में बड़े-बड़े प्रकांड जैन आचार्य हो गए थे, जो प्रबल तार्किक, वैयाकरण, कवि और दार्शनिक थे। उन्होंने जैन धर्म के साथ-साथ भारतीय साहित्य के अन्य क्षेत्रों में भी अपनी लेखनी के जौहर दिखलाये। जैन मत के प्रभाव में अधिकांश काव्य गुजरात, राजस्थान और दक्षिण में रचा गया। यह प्रायः प्रामाणिक रूप में उपलब्ध है। जैन मतावलंबी रचनाएँ दो प्रकार की हैं, एक, जिनमें नाथ सिद्धों की तरह अंतस्साधना, उपदेश, नीति, सदाचार पर बल और कर्मकांड का खंडन है। ये प्रायः दोहों में रचित मुक्तक हैं। दूसरी, जिनमें पौराणिक, जैन साधकों की प्रेरक जीवन-कथा या लोक प्रचलित कथाओं को आधार बनाकर जैन मत का प्रचार किया गया है। जैन पौराणिक काव्य एवं चरित्त काव्य इसी श्रेणी के काव्य हैं। दर्शन, न्याय, व्याकरण, काव्य, नाटक, शिल्प, मंत्र-तंत्र, वास्तु, वैधन आदि-आदि अनेक विषयों पर काफी मात्रा में प्राचीन जैन साहित्य आज भी उपलब्ध है, जबकि बहुत सारा साहित्य, धार्मिक, द्वेश, लापरवाही तथा अज्ञानता के कारण नष्ट हो चुका है।

जैन साहित्य विश्व साहित्य की अनमोल निधि है जिसका संबंध भारतीय साहित्य से भी है। इसी भारतीय साहित्य या इतिहास में दो संस्कृतियां सर्वाधिक प्राचीन मानी गयी हैं। श्रमण परंपरा और वैदिक परंपरा। दोनों ही परंपराएँ बहुत ही समृद्ध और उदार हृदय की थीं। जैन परंपरा जिसे की श्रमण पंरपरा भी कहा जाता है वह वैदिक परंपरा की अपेक्षा अधिक उदार थी और वह इसलिए क्योंकि जैन परंपरा में अहिंसा की विवेचना वैदिक धर्म से अधिक परिष्कृत रूप में की गई है।

भारत देश का नाम, लोकतांत्रिक व्यवस्था, ब्राह्मी लिपि और हिंदी साहित्य की उत्पत्ति जैन परंपरा की देन है और इन सबके विकास में जैन धर्म का बहुत बड़ा योगदान है। जैन कवियों ने धर्म को काव्य में द्रवित करने का प्रशंसनीय प्रयास किया है। जैनों का क्षेत्र पश्चिम भारत रहा है। पश्चिम क्षेत्र में जैन साधुओं ने अपने मत का प्रचार हिंदी कविता के माध्यम से किया। इन कवियों की रचनाएँ आचार रास, फागु, चरित्र, नीति, रीति, बारहमासा, चरचरी आदि 31 विधाओं, शैलियों में मिली हैं। आचार शैली के जैन काव्यों में घटनाओं के स्थान पर उपदेशात्मकता को प्रधानता दी गई है। इसी क्रम में जैन धर्म की उत्पत्ति हुई जिसके निम्नलिखित कारण है—

(1) जटिल कर्मकांडों और ब्राह्मणों के प्रभुत्व के साथ हिंदू धर्म कठोर व रूढ़िवादी हो गया था।

(2) वर्ण व्यवस्था ने समाज को जन्म के आधार पर चार वर्गों में विभाजित किया जहाँ दो **उच्च वर्गों को** कई विशेषाधिकार प्राप्त थे।

(3) **ब्राह्मणों के वर्चस्व के खिलाफ क्षत्रिय की प्रतिक्रिया**।

इन्हीं सब विचारों से ओतप्रोत होकर जैन साधुओं ने समाज में अपना प्रभुत्व स्थापित किया और अपने सिद्धांत की नींव रखी। इन जैन आचार्यों, मतावलंबियों ने धर्म का मुख्य उद्देश्य मुक्ति से जोड़ा और बताया कि मुक्ति के लिए किसी अनुष्ठान की आवश्यकता नहीं होती इसे केवल तीन सिद्धांतों के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है, जिसे त्रिरत्न कहा जाता है—

(1) सम्यक् दर्शन

(2) सम्यक् ज्ञान

(3) सम्यक् चरित्र

इन सभी दर्शन के मूल संयोजन में मुख्य रूप से पाँच सिद्धांतों की स्थापना हुई जिसको मानने वाले अनुयायी जैन धर्म के कहे जाते हैं। जिसमें मुख्य पाँच सिद्धांत इस प्रकार हैं—

**( 1 ) अहिंसा**—जीव को चोट न पहुँचाना।

**( 2 ) सत्य**—झूठ न बोलना।

( 3 ) **अस्तेय**—चोरी न करना।

( 4 ) **अपरिग्रह**—संपत्ति का संचय न करना।

( 5 ) **ब्रह्मचर्य**।

इन पाँच सिद्धांतों को मानने वाले जैन आचार्य कहलाए और इन्हीं सिद्धांतों को आधार मानकर अपने-अपने जीवन को सामाजिक रस-धारा में स्थापित किया और नया संदेश दिया।

जैन धर्म के लोग शारीरिक सुख को क्षणिक एवं नाशवान मानते हुए आत्मा की खोज, आत्मा के विस्तार या आत्मा के साक्षात्कार की बात करते हैं और बताते हैं कि आत्म मिलन अर्थात् अपने आप को जानना, अपने भीतर प्रवेश करना मतलब अपनी आत्मा के भीतर प्रवेश करना। जबकि मनुष्य की मूलभूत प्रकृति इसके विपरीत है। हमेशा दूसरों के भीतर प्रवेश करना चाहता है। इन्हीं सब को देखते हुए जैन धर्म ने प्रारंभ से ही अपने प्रचार के लिए लोकभाषाओं को अपनाया। अतः अपने-अपने समय की लोकभाषा में भी जैन साहित्य की रचनाएँ पायी जाती हैं, क्योंकि जैन मत के साधकों ने समाज में जो लोकगाथाएँ प्रचलित थीं, उसको मुखरता से केंद्र में लाने का प्रयास किया और रचना भी किया। जैन धर्म के प्रसिद्ध कवि स्वयंभू ने 'पउम चरिउ' की रचना की, जिसमें भगवान श्रीराम के चरित्र का वर्णन है। जिसे जैन रामायण भी कहा जाता है। इसी जैन साहित्य के विषय में जर्मन विद्वान डॉक्टर विंटरनिट्ज ने अपने भारतीय साहित्य के इतिहास में लिखा है कि- ''भारतीय भाषाओं की दृष्टि से भी जैन साहित्य बहुत महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि जैन सदा इस बात की परवाह रखते थे कि इनका साहित्य अधिक से अधिक जनता के परिचय में आये। इसी से आगामिक साहित्य तथा प्राचीनतम टीकाएँ प्राकृत में लिखी गयीं। इन्हीं प्राकृत से वर्तमान भाषाओं में जैन संस्कृति का उद्भव मिलता है।'' आजकल के जैन बहुत सी आधुनिक भारतीय भाषाओं का उपयोग करते हैं तथा हिंदी, गुजराती, अपभ्रंश साहित्य को तथा दक्षिण में तमिल और कन्नड़ साहित्य को विशेष रूप से समृद्धशाली बनाने में अप्रतिम योगदान किया।

जैन समाज का विद्वत्मत तो अपनी लेखनी सदा सर्वदा की भाँति आज भी चला ही रहा है। प्राचीन विद्वानों में पंडित लालाराम जी शास्त्री, मुरैना (महापुराण के अनुवादक), पंडित खूबचंद शास्त्री, पंडित सुमेरचद्रं दिवाकर, पंडित इंद्रलाल शास्त्री, पंडित मोतीचंद कोठारी आदि के नाम विशेष उल्लेखनीय हैं, जिन्होंने हिंदी जैन साहित्य की अपूर्व सेवा की है।

इस प्रकार समग्रता में कहा जा सकता है कि आदिकाल का जैन साहित्य जहाँ एक ओर साहित्यिक गुणों से परिपूर्ण है तो वहीं दूसरी ओर लोक जगत् की हलचलों को लोकभाषा में अपने में समाहित भी करता है। वस्तुतः अधिकांश जैन कवि राज्याश्रित नहीं थे, अतः उन्होंने जगह-जगह घूम कर उपदेश दिया और वही लिखा जो अपनी आँखों से देखा था। इसी कारण अपनी परंपरा, मान्यताओं आदि पर अपना जो विचार प्रकट किया है वह प्रमाणिक है।

आम बोलचाल के शब्दों को साहित्यिक रूप से प्रयोग करने में ये माहिर हो गए थे। सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक, साहित्यिक, ऐतिहासिक ग्रंथों के साथ लोक आख्यानक काव्यों की रचना भी उन्होंने की। रामायण, महाभारत, पुराण आदि की कथाओं की तत्कालीन समय के अनुरूप व्याख्या कर उनमें नवीनता लाने का प्रयास भी किया है। जैन कवियों ने जिन-जिन काव्यरूपों का प्रयोग किया आगे चलकर वे विकसित और प्रचलित हुए। ये भाषा से बँधे नहीं। समाज और तात्कालिक परिवेश की भाषा का संचयन, संकलन किया। यथा—रास, फागु, छप्पय, चतुष्पदिका, प्रबंध, गाथा, दोहा, स्तुति, मंगल आदि। इस प्रकार हिदी के विकास और समृद्धि में जैन साहित्य का योगदान प्रशंसनीय, अनुकरणीय और उदाहरणीय है।

## सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

1. डॉ. धीरेन्द्र वर्मा, ब्रजेश्वर वर्मा, संपादक, 'हिंदी साहित्य', द्वितीय खंड, प्रथम संस्करण (2000), भारतीय हिंदी परिषद्, प्रयागराज।
2. डॉ. रामकुमार वर्मा, 'हिंदी साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास', संस्करण (2007), लोकभारती प्रकाशन, प्रयागराज।
3. आचार्य रामचंद्र शुक्ल, 'हिंदी साहित्य का इतिहास', आठवाँ संस्करण (2012), लोकभारती प्रकाशन,

प्रयागराज।
4. डॉ. हीरालाल जैन, 'भारतीय संस्कृति में जैन धर्म का योगदान', संस्करण (1975), मध्य-प्रदेश शासन साहित्य परिषद्, भोपाल।
5. डॉ. नगेंद्र, संपादक 'हिंदी साहित्य का इतिहास', संस्करण (2001), मयूर पेपर बैक्स, नोएडा।
6. श्रीकांत साहू, 'जैन साहित्य का विकास', संस्करण (2021), भाषा प्रकाशन, नई दिल्ली।
7. डॉ. बच्चन सिंह, 'हिंदी साहित्य का दूसरा इतिहास', संस्करण (2000), राधाकृष्ण प्रकाशन, नई दिल्ली।
8. डॉ. शिवकुमार शर्मा, 'हिंदी साहित्य युग और प्रवृत्तियाँ, संस्करण (1992), अशोक प्रकाशन, दिल्ली।
9. डॉ. हजारी प्रसाद द्विवेदी, 'हिंदी साहित्य का उद्भव और विकास, संस्करण (1995), राजकमल प्रकाशन, दिल्ली।
10. डॉ. विश्वनाथ त्रिपाठी, 'हिंदी साहित्य का सरल इतिहास', प्रथक् संस्करण (2010), ओरिएंट ब्लैकस्वान प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली।
11. प्रो. रामकिशोर शर्मा, 'हिंदी साहित्य का इतिहास', संस्करण (2014), श्यामा प्रकाशन संस्थान, दारागंज, प्रयागराज।

**SHODH-GARIMA–YEAR-2, VOL. 2 (April to June, 2025)**
**A Peer-Reviewed & Referred International Multidisciplinary Research Journal**
**ISSN (Print) : 3048-6327**
**IMPACT-FACTOR SJIF - 5.223**
**Paper Recieved : 11th June 2025** **Paper Accepted : 16th June 2025**

# नाट्यशास्त्र एवं अभिनय दर्पण ग्रन्थ का तुलनात्मक अध्ययन आंगिक अभिनय के परिप्रेक्ष्य में

**Ms. Dhwani Shah***

**शोध-सारांश**

*नाट्यशास्त्र की बात करें तो यह ग्रंथ रंग मंचीय कलाओं के संदर्भ में सबसे प्राचीन ग्रंथ माना गया है। यह महान ग्रंथ नाट्यकला के अतिरिक्त काव्य, संगीत, नृत्य, शिल्प तथा अन्य ललित कलाओं का भी विषयगत कोष है। विश्वकोष नाट्यशास्त्र ने भारत की उदात्त कलाओं का निर्माण किया है। नाट्यशास्त्र को पंचम वेद की संज्ञा दी गई है एवं ग्रंथ के रचयिता भरत को मुनि कहा गया है। इस ग्रंथ की एक विशेषता यह भी है कि इस ग्रंथ का रसपान प्रत्येक वर्ण के व्यक्ति कर सकते हैं। वैसे देखा जाए तो नाट्यशास्त्र में चारों अभिनय का सविस्तार आलेखन किया गया है। अभिनय दर्पण ग्रंथ की बात करें तो यह ग्रंथ भी कला विषयक ग्रंथ है। जिसकी रचना नंदीकेश्वर के द्वारा की गई है।*

*इस ग्रंथ में आंगिक अभिनय को ज्यादा दर्शाया गया है। इन दोनों ग्रंथों में आंगिक अभिनय के आधार पर तुलनात्मक अध्ययन करने का प्रयास इस शोध पत्र में किया गया है। शास्त्रीय नृत्य भरतनाट्यम् के आधार पर यह पक्ष ढूँढने का प्रयास नृत्यजगत् के तमाम लोगों को एवं प्राचीन ग्रंथ पर कार्य करने वाले तमाम लोगों को बहुत लाभदाई रहेगा। शास्त्रीय नृत्य बिना बोले सिर्फ शरीरज एवम मुखज भावों से प्रदर्शित होते हैं, यानी कहा जाए तो अंग के बिना नृत्य अशक्य हो जाता है। प्राचीन ग्रंथ को आधारभूत मानकर नृत्यजगत् के कुछ तत्त्वों को बहुत विवरणात्मक दृष्टिकोण से प्रस्तुत करने का प्रयास अभिनय दर्पण ग्रंथ में केसे किया गया है ताकि नृत्य जगत् को बहुत आधार मिल। इस तत्त्व को इस शोध पत्र में लेने का प्रयास किया गया है।*

*भरतनाट्यम् नृत्य शैली को आधार मानकर आंग्कि अभिनय की तुलना इन दो ग्रंथों के बीच में करने से यह विवरणात्मक पहलू सामने आता है कि नाट्यशास्त्र जैसे प्राचीन ग्रंथ को आधारभूत मानकर उसके पश्चात् लिखे गए अभिनय दर्पण में क्या बदलाव पाया गया, दो ग्रंथों के बीच में कितनी समानता एवम् असमानता पाई गई है यह शोध इस शोध पत्र का मुख्य उद्देश्य है।*

***मुख्य सूची**—अभिनय दर्पण, अभिनय, नाट्यशास्त्र, तुलना, विवरणात्मक, शास्त्रीय नृत्य-भरतनाट्यम्।*

* Assistant Professor, Department of Dance, Faculty of Performing Arts, The Maharaja Sayajirao University of Baroda, Vadodara-390001, Mob No:- 9427458948, 9099972815
Email :- dhwani.shah-dance@msubaroda.ac.in

नाट्यशास्त्र में नाटक से संबंधित शास्त्रीय जानकारी होती है। यह नाटकों से संबंधित सबसे प्राचीनतम् ग्रंथ है। नाट्यशास्त्र को 300 ई. पू. भरतमुनि ने लिखा था। जिनका जन्म 400 से 100 ईशा पूर्व के मध्य हुआ था। नाट्यशास्त्र के अध्यायों में नृत्य, संगीत, कविता एवं सामान्य सौंदर्यशास्त्र सहित नाटक की सभी भारतीय अवधारणाओं में समाहित हर प्रकार की कला पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया है। संगीत, नाटक और अभिनय के सम्पूर्ण ग्रंथ के रूप में भरतमुनि के नाट्यशास्त्र का आज भी बहुत सम्मान है। नाट्यशास्त्र का मूल महत्त्व भारतीय नाटक को जीवन के चार लक्ष्यों धर्म, अर्थ, काम व मोक्ष के प्रति जागरूक बनाने के माध्यम के रूप में इसका औचित्य सिद्ध करना हैं

नाट्यशास्त्र में केवल नाट्यरचना के नियमों का आकलन नहीं होता बल्कि अभिनेता, रंगमंच और प्रेक्षक इन तीनों तत्त्वों की पूर्ति के साधनों का विवेचन होता है। नाट्यशास्त्र के 36 अध्यायों में नाट्य कला एवं शास्त्रीय संस्कृत रंगमंच के अभिनेता, अभिनय, नृत्यगीत, वाद्य, दर्शक, दशरूपक और रस निष्पत्ति से सम्बन्धित सभी तथ्यों का विवेचन किया गया है।

**नाट्यशास्त्र का परिचय**

नट् धातु से नाट्य शब्द बना है, जिसका अर्थ होता है गिरना, नाचना। कला का उत्कृष्ट रूप काव्य है और उत्कृष्टतम् रूप नाटक है। भरतमुनि का नाट्यशास्त्र सबसे प्राचीन ग्रन्थ है, जो अपने विचारों के साथ-साथ व्यापक विषयगत समग्रता से परिपूर्ण है। भारतीय नाट्य-कला पर विचार करते समय नाट्यशास्त्र सदा आगे आ जाता है। यह महान ग्रन्थ नाट्यकला के अतिरिक्त काव्य, संगीत, नृत्य, शिल्प तथा अन्य ललितकलाओं का भी विषयगत कोष है।

नाट्यशास्त्र ग्रन्थ ने भारत की रंगमंचीय कला को शताब्दियों से प्रभावित कर रखा है, क्योंकि इस अकेले ग्रन्थ में नाट्य विषयक विवरण जितनी तन्मयता के साथ प्रस्तुत हुए हैं, वह अन्य किसी उत्तरकालीन ग्रन्थ में दुर्लभ ही है। तत्कालीन संसार के किसी अन्य ग्रन्थ में भी प्राप्त नहीं होता। इसका कारण यह भी है, कि भारतीय नाट्यकला की नाट्यशास्त्र को छोड़कर कल्पना करना सम्भव नहीं है और प्राचीन भारत में व्यवहृत नाट्यकला के स्वरूप तत्त्व तथा प्रकृति को पूर्णतः हृदयांग करने के लिए एकमात्र नाट्यशास्त्र ही आधार है।

नाट्यशास्त्र में नाट्य तथा रंग से सम्बद्ध काव्य, शिल्प, संगीत, नृत्य आदि ललित कलाओं का व्यापक विवरण दिया गया है तथा अनेक प्रकार की शास्त्रों, शिल्पों, कलाओं तथा प्रयोगों की चर्चा की गयी है। इस ग्रन्थ की विविधता ने इसे काव्य, नाट्य, शिल्प तथा ललित विधाओं का विश्वकोष बना दिया। इस नाट्यशास्त्र में भरतमुनि ने नाट्यकला को व्यवस्थित कर जो स्वरूप प्रदान किया है, वह इतना व्यापक तथा सूक्ष्म तात्विक हुआ कि परवर्ती आचार्यों को इसी के प्रभाव तथा छाया में आकर ही अपना विश्लेषण प्रस्तुत करना पड़ेगा। भरतमुनि के नाट्य सिद्धान्तों में मौलिकता एवं व्यापकता का ऐसा बीज है जिनकी शाश्वत स्थिति आज भी देखी जा सकती है।

भरतमुनि के नाट्यशास्त्र में चतुर्विध अभिनय का सिद्धान्त, गीत एवं वाद्यविधि, पात्रों की विविध प्रकार की प्रकृति तथा भूमिका आदि का विवेचन विश्व की किसी भी उन्नत नाट्यकला से कम नहीं है। भरतमुनि के द्वारा रचित नाट्यशास्त्र ने शाश्वत भारत का ऐसा स्वरूप उपस्थित किया जिसमें काव्य, नाट्य, संगीत, तथा नृत्य जैसी सुकुमार ललित कलाओं के द्वारा मानव के शाश्वत जीवन की कल्पना की गयी है। नाट्यशास्त्र के सांगोपांग वर्णन से नाट्यशास्त्र को जो अप्रतिम स्वरूप प्रदान किया है, वह आज तक अक्षुण्ण है। भरतमुनि ने भारत की समस्त चेतना-कला का अपनी प्रतिभा के द्वारा निर्माण किया था जिसका कीर्तिस्तम्भ नाट्यशास्त्र है।

**नाट्यशास्त्र का स्वरूप**

ललित विधाओं के विश्वकोष इस नाट्यशास्त्र ने भारत की उदात्त कला का निर्माण किया है। भरत ने नाट्यशास्त्र को वेद की संज्ञा दी है क्योंकि अन्य वेद केवल द्विजमात्र के लिए हैं, किन्तु नाट्य का उपयोग प्रत्येक वर्ण के लिए है। प्रत्येक व्यक्ति इस आनन्द का अधिकारी माना गया है। इसी कारण अन्य शास्त्रकारों ने भी नाट्य को वेद तथा भरतमुनि को मुनि के रूप में आदर के साथ स्मरण किया है। वर्तमान में नाट्यशास्त्र

के छत्तीस या कुछ संस्करणों में सैंतीस अध्याय उपलब्ध हैं तथा इस नाट्यशास्त्र में छः हजार श्लोक हैं। इसी तथ्य का संकेत आचार्य अभिनवगुप्त ने अपनी प्रसिद्ध नाट्यशास्त्र व्याख्या अभिनवभारती में किया है। शारदातनय तथा इसके उत्तरवर्ती आचार्यों ने नाट्यशास्त्र के दो संस्करणों या पाठों का उल्लेख किया है। इनके अनुसार नाट्यवेद के वृहद् तथा लघु दो पाठ थे, जिनमें छः हजार तथा बारह हजार श्लोक थे।

रामकृष्ण कवि ने इस बात को स्पष्ट करते हुए बतलाया कि बारह हजार श्लोक की संख्या वृद्ध भरत की रचना थी, जिसको संक्षेप करते हुए भरतमुनि ने छः हजार श्लोकों में नाट्यशास्त्र का संकलन किया। प्राचीन नाट्यशास्त्र का नाम नाट्यवेद था तथा दीर्घ या द्वादशसाहस्त्री का पाठ ही प्राचीन पाठ था जिसके कुछ अंश प्राप्त भी हैं।

अन्य विद्वान श्रीरामकृष्ण कवि के इन तर्कों से सहमत नहीं हैं। उनका मत है कि लघु या षट्साहस्त्री संहिता का पाठ ही प्राचीन है, जिनमें अन्य प्रक्षेपों तथा विषयों को जोड़कर विस्तृत बनाना ही उत्तरवर्ती पाठ की स्थिति तथा आयाम को तार्किक सहारा देने योग्य बनाता है।

**अभिनय दर्पण का परिचय**

अभिनय दर्पण, नृत्य में विभिन्न इशारों, मुद्राओं और गतिविधियों का वर्णन करने वाला एक व्यापक पाठ नंदिकेश्वर से संबंधित है। हालाँकि, इस नंदिकेश्वर की पहचान, उसकी अवधि और उनसे जुड़े अन्य कार्यों पर बहुत बहस होती है। यह बहुत संभव है कि प्राचीन काल में कई लोग नंदिकेश्वर के नाम से जाने जाते थे और उनमें से बहुत से विद्वान प्रतीत होते थे जो नृत्य, संगीत और ज्ञान की अन्य शाखाओं के सैद्धांतिक सिद्धांतों में पारंगत थे। नृत्य पर दो कार्यों का श्रेय पारंपरिक रूप से नंदिकेश्वर को दिया जाता है, अभिनय दर्पण और भरतार्णव। लेकिन इस सवाल पर फिर से बहस चल रही है कि क्या वे एक ही नंदिकेश्वर द्वारा लिखे गए थे। हालाँकि यह संदिग्ध लगता है, क्योंकि दोनों ग्रंथों की विषय वस्तु में काफी भिन्नता है। इसके अलावा भरतार्णव की तिथि भी तय नहीं है।

**भंडारकर ओरिएंटल रिसर्च इंस्टीट्यूट पुणे में उपलब्ध भरतार्णव का संस्करण एक बड़ा काम माना जाता है जिसमें 15 अध्यायों में 998 छंद हैं। इसके अतिरिक्त इसमें एक परिशिष्ट है जिसमें 251 छंद हैं।**

विद्वानों की राय में यह मान लेना विवेकपूर्ण है कि अभिनय दर्पण और भरतार्णव दो अलग, अलग व्यक्तियों द्वारा लिखे गए थे, जो शायद अलग-अलग अवधियों के दौरान रहते थे। हम अगले भाग में भरतार्णव के बारे में संक्षेप में बात करेंगे। नंदिकेश्वर के अभिनय दर्पण की तिथि अनिश्चित है। विद्वान इसे मध्यकाल या उसके निकट मानते हैं, क्योंकि यह नृत्य को तीन शाखाओं में विभाजित करता है, नाट्य, नृत्य और नृत्य। लेकिन संगीत रत्नाकर (13वीं शताब्दी) के समय से ठीक पहले बारहवीं शताब्दी तक ऐसे भेद नहीं आए थे। इसके अलावा अभिनय दर्पण तांडव और लास्य को मर्दाना और स्त्री नृत्य के रूपों के रूप में देखता है, जो फिर से एक दृष्टिकोण था जिसे मध्ययुगीन काल के दौरान अपनाया गया था। नंदिकेश्वर सभी चार प्रकार के अभिनयों के महत्त्व को स्वीकार करते हैं, अपने काम अभिनय दर्पण में वह लगभग विशेष रूप से अंगिका अभिनय पर ध्यान केंद्रित करते हैं, नृत्य में हाथ, पैर और अन्य अंगों के हाव-भाव, मुद्राएँ और गतिविधियाँ।

अभिनय का शाब्दिक अर्थ है दर्शक की ओर आगे बढ़ना। अंगिका अभिनय या हाव-भाव नृत्यभाषा का एक अनिवार्य हिस्सा है। यह वह है जो नृत्य में शारीरिक इशारों और आंदोलनों, आंगिक के माध्यम से भावों, स्थितियों को व्यक्त करता है। अभिनय में वाचिका और सात्विक के तत्त्व भी शामिल हैं, जो चरित्र के कार्यों, विचारों और भावनात्मक स्थितियों का सुझाव देने के लिए हैं और अभिनय का दूसरा तत्त्व अहार्य है, कलाकारों की वेशभूषा शृंगार और मंच पर अन्य सामान भी।

**आंगिक अभिनय**

**अंगिकं भुवनं यस्य वाचिकं सर्व वांग्मयम्।**
**आहार्यं चंद्र तारादि तम नमः सात्विकं शिवम्॥**

जिसकी शारीरिक हलचलों से ही सारा ब्रह्माण्ड है, जिनकी वाणी सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड की भाषा और साहित्य है, चाँद और तारे जिनके आभूषण हैं, हम उनकी पूजा करते

हैं, शांत भगवान शिव।

नाटक और नृत्य में कलाकार कलात्मक इशारों का उपयोग करता है, जो चरित्र के आचरण, चाल और विशेषताओं और अंगों की गतिविधियों द्वारा नियंत्रित होता है। वह चित्रण की शैलीबद्ध नाट्यधर्मी पद्धति का अनुसरण करता है। नंदिकेश्वर का प्राथमिक प्रकाश अंगिका अभिनय है और वह भिन्न प्रकार के इशारों, मुद्राओं, चालों, उनके प्रतीकात्मक अर्थों और नृत्य में उनके अनुप्रयोगों का विस्तृत विश्लेषण प्रस्तुत करता है। इसके अलावा वह यह भी सूचना देते हैं कि किसी दिए गए संदर्भ में कौन से इशारों या आंदोलनों का उपयोग नहीं किया जा सकता है। लेकिन, साथ ही, नंदिकेश्वर यह सुनिश्चित करने का ध्यान रखते हैं कि अभिनय पहलू को पूरी तरह से नजरअंदाज न किया जाए। अभिनय दर्पण, मुख्य रूप से नृत्त वर्ग की अंगिकाभिनय, शारीरिक गतिविधियों या इशारा भाषा से संबंधित है और एक ऐसा पाठ है जिसका उपयोग भरतनाट्य नर्तकों द्वारा बड़े पैमाने पर किया जाता है। यह अंगिकाभिनय का वर्णन करता है; जो अंग-प्रमुख अंग, सिर, गर्दन, धड़ और कमर की गतिविधियों के संयोजन से बना है। उपांग; छोटे अंग, आँखें, भौहें, नाक, निचला होंठ, गाल और ठुड्डी, प्रत्यंग, गर्दन, पेट, जाँघें, घुटने, पीठ और कंधे आदि और चेहरे पर भाव ग्रंथ निर्दिष्ट करता है, जब अंग चलता है, प्रत्यंग और उपांग भी तद्नुसार चलते हैं। पाठ्य यह भी सुझाव देता है कि नृत्य अनुक्रम में ऐसी गतिविधियों और अभिव्यक्तियों का उपयोग कैसे किया जाना चाहिए।

अंगिका अभिनय की तकनीक को निखारने और परिष्कृत करने के लिए अभिनय दर्पण का, प्रदर्शन करने वाले कलाकारों, शिक्षकों और शिक्षार्थियों द्वारा समान रूप से एक व्यावहारिक विश्वसनीय मार्गदर्शक के रूप में व्यापक रूप से उपयोग किया जाता है। भरतनाट्य, जैसा कि आज सिखाया और अभ्यास किया जाता है, अभिनव दर्पण के साथ निकटता से जुड़ा हुआ है, जिसे वह एक प्रकार का व्यापक प्रशिक्षण मैनुअल या नृत्य, शरीर की गतिविधियों, मुद्राओं आदि की तकनीकों पर पाठ्यक्रम का एक हिस्सा मानता है, विशेष रूप से इससे संबंधित नृत्य प्रदर्शन के नृत्य पहलू पर।

नृत्य अंगिकाभिनय है, जो शुद्ध और अमूर्त नृत्य है, जिसमें अंगों, गर्दन, सिर, हाथों की शैलीबद्ध सुंदर गतिविधियाँ होती हैं, पैर आदि संगीत और विशेष रूप से लय पर प्रस्तुत किए गए। यहाँ हस्त; नृत्त हस्ता का उद्देश्य कोई विशेष अर्थ व्यक्त करना नहीं हैं और वे किसी भाव या रस का संचार भी नहीं करते है। लेकिन वे नृत्य द्वारा प्रदान की जाने वाली कृपा और सुंदरता में योगदान करते हैं। नृत्त अंगिकाभिनय के रूप में एक सजावटी तत्त्व से कहीं अधिक है, वास्तव में यह एक उत्तम नृत्य प्रदर्शन का एक विशिष्ट और तकनीकी पहलू है। नृत्य एक ऐसी कला का प्रतीक है जो विचारों, भावनाओं को व्यक्त करने और वस्तुओं; अभिनय को इंगित करने के लिए हस्त के अर्थपूर्ण अभिव्यंजक भावों के साथ नृत्य; अंगिकाभिनय की सुंदर गतिविधियों को जोड़ती है।

अभिनय दर्पण के हाव-भाव मुख्य रूप से नृत्य से संबंधित हैं। इसके हस्त, मुखजा और कैरिस आदि के प्रदर्शनों को नृत्य आंदोलनों के माध्यम से किसी विषय के वर्णनात्मक चित्रण में अभिनय पहलुओं को बहुत अच्छी तरह से अपनाया जा सकता है; विनियोग। गीत साहित्य के शब्दों, वाक्यों के अर्थ के विभिन्न रंग, इसकी भावनात्मक सामग्री को सामने लाते हैं। नृत्य वर्तमान समय में पवित्र शास्त्रीय नृत्य का प्रतीक और आत्मा है। और नृत्त उस सौंदर्यवादी कला अभिव्यक्ति में एक बहुत बड़ी भूमिका निभाता है।

नृत्य में अंगिकाभिनय पर जोर देने के लिए नर्तक को फिट शारीरिक स्थिति में होना आवश्यक है, ताकि वह सभी नृत्य गतिविधियों को अनुग्रह और चपलता के साथ निष्पादित करने में सक्षम हो सके, विशेष रूप से लय (टेम्पो) और ताल (बीट) के अनुसार चमचमाते नृत्य आइटम के दौरान।

अभिनयदर्पणम्, नंदिकेश्वर द्वारा हिंदू नृत्य और नाटक में प्रयुक्त हावभाव और मुद्रा का एक मैनुअल, जिसका अंग्रेजी में अनुवाद मनमोहन घोष (फ़िरमा केएल मुखोपाध्याय, कलकत्ता-1957) द्वारा किया गया है।

अभिनय दर्पण का अंग्रेजी में अनुवाद द मिरर ऑफ जेस्चर, बीइंग द अभिनय दर्पण ऑफ नंदिकेश्वर

शीर्षक के तहत आनंद केंटिश कुमारस्वामी और गोपाल क्रिस्टनैय्या दुग्गिरला (हार्वर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस-1917) द्वारा किया गया है।

**नाट्यशास्त्र और अभिनय दर्पण अंतर्गत आंगिक अभिनय का तुलनात्मक अध्ययन**

भरतमुनि लिखित नाट्यशास्त्र संगीत, नाट्य और नृत्यकला समन्वित एक ऐसा ग्रंथ है, जो अन्य अनेक कला संबंधित ग्रंथों का मूल है। अभिनय दर्पण नंदिकेश्वर द्वारा लिखित ऐसा ग्रंथ है, जिसका मूल तो नाट्यशास्त्र ही है, परंतु उसमें अभिनय, खासकर आंगिक अभिनय पर प्रकाश दिया गया है। समयानुसार, नाट्यशास्त्र आधारित अन्य ग्रंथ जैसे कि भरतार्णव, संगीतरत्नाकर वगैरह। समय ओर आवश्यकता अनुसार इन ग्रंथों का मूल तो नाट्यशास्त्र है, पर कुछ चीजें नाट्यशास्त्र से अलग भी हैं और नई भी। और कुछ श्लोक मूलतः लेने के बदले विशिष्टताओं के साथ दर्शकगण और नृत्यकारों की आवश्यकता के अनुसार विशेषज्ञों के मत से जोड़ा गया।

**चतुर्थ अध्याय तांडवलक्षण**

नाट्यशास्त्र के चतुर्थ अध्याय में करण, अंगहार, रेचक, तांडव, लास्य की परिभाषा एवं प्रकार की माहिती है। इसमें सामी नृत्य का भी उल्लेख है। 108 करण का विस्तृत वर्णन भी दिया गया है और अभिनयदर्पण में सौष्ठवांग की चर्चा है।

**अष्टम अध्याय उपंगाभिनयोः**

भरतमुनि ने नाट्यशास्त्र के अध्याय 8 में आंगिक के तीन प्रकार बताए हैं—अंग, उपांग और प्रत्यांग। मूकाभिनय, छत्तीस दृष्टिभेद, तेरह शिरोभेद, नौ ग्रीवाभेद, नौ नेत्रालोगक, पुताभेद, सात भौंहों के भेद, छः कपोल भेद, छः उषाभेद, सात सिबुका, भेद चार मुखरागा, छः अस्याभेद का विस्तृत वर्मन है। जबकि अभिनय दर्पण में सिर्फ चार ग्रीवाभेद, आठ दृष्टिभेद, नौ शिरोभेद की माहिती है।

**नवम् अध्याय अंगाभिनयोः**

भरतमुनि के नाट्यशास्त्र के अध्याय 9 में सड़सठ हस्तभेद दिए गए हैं। नाट्यशास्त्र के हिसाब से असंयुत हस्त संख्या में चौबीस हैं। संयुत हस्त तेरह, बाहुभेद, नृत हस्त की भी माहिती दी गई है। अभिनय दर्पण में 28 असंयुक्त हस्त, 24 संयुक्त हस्त एवं उनके विनियोग की भी माहिती है, इसमें नृत्त हस्त की माहिती नहीं है। अभिनय दर्पण में इसके अतिरिक्त देवता हस्त, जाति हस्त, नवग्रहहस्त, दशावतार हस्त और बांधव हस्त के श्लोक भी पाए जाते है, जो शास्त्रीय नृत्य की विधा में बहोत उपयोगी है जिसका कोई उल्लेख नाट्यशास्त्र में नहीं मिलता।

**दशम् अध्याय चारीविधानः**

नाट्यशास्त्र के अध्याय 10 में पांच उरुभेद, पांच भुजाओं के प्रकार, पाँच वक्षभेद, तीन उदरभेद, पाँच कटिभेद, पाँच-पाँच पादभेद के ऊपर विशेष माहिती है। अभिनय दर्पण में पादभेद, स्थानकभेद, मंदलभेद, चारीभेद के श्लोक और विनियोग दिए गए हैं।

**एकादश अध्याय मंडकल्पनः**

नाट्यशास्त्र के अध्याय 11 में चारी भूमिचारी, आकाशचारी के 32 प्रकार, शारीरिक स्थिति, रंगमंच का स्थान, शस्त्रप्रयोग के चार न्याय, धनुष के चार कृत्य, योग, व्यायाम और स्थानक की माहिती है और अभिनय दर्पण में 5 उत्प्लवन, 8 चारीभेद के ऊपर माहिती है, जबकि नाट्यशास्त्र और अभिनय दर्पण में अंगभेद के उपयोग और प्रकार की संख्या भिन्न है।

**द्वादश अध्याय गतिप्रचारः**

नाट्यशास्त्र के अध्याय 12 में मंडल के भेद और प्रभेद की विशेष चर्चा हुई है। 10 आकाशीमंडल, 10 भूमिमंडल, 12 भ्रमरीभेद दिए गए हैं। अभिनय दर्पण में 7 भ्रमरीभेद, 10 गति और 10 मंडलभेद दर्शाए गये हैं।

नाट्यशास्त्र में वाचिक अभिनय, नेपथ्य, चित्र अभिनय, सामान्य अभिनय, नाट्य की सिद्धि के विषय में वर्णन किया गया है। दूसरी ओर अभिनय दर्पण में पात्रस्यप्राण, पात्रलक्षण, सभापतिलक्षण, सभालक्षण, वर्जनीयपात्राणि, किंकिणीलक्षण के बारे में वर्णन है और अभिनय दर्पण में नाटक के विषय में कुछ माहिती नहीं है।

**निष्कर्ष**

नाट्यशास्त्र और अभिनयदर्पण दोनों प्राचीन भारतीय ग्रंथ हैं जो प्रदर्शनकला, विशेष रूप से नृत्य और नाटक की कला पर प्रकाश डालते हैं। नाट्यशास्त्र, एक व्यापक ग्रंथ है जो नाटक, नृत्य, संगीत और सौंदर्यशास्त्र सहित

प्रदर्शनकला के विभिन्न पहलुओं को शामिल करता है। यह शास्त्रीय भारतीय प्रदर्शन कलाओं पर सबसे शुरुआती और सबसे आधिकारिक ग्रंथों में से एक है। दूसरी ओर अभिनय दर्पण विशेष रूप से आंगिक अभिनय के पहलू पर ध्यान केंद्रित करता है, जो नृत्य के मूलतः भरतनाट्यम् के आंगिक अभिनय के तत्त्वों को संदर्भित करता है। अभिनय में चेहरे के भाव, हाव-भाव और शारीरिक गतिविधियों के माध्यम से भावनाओं, मनोदशाओं और कहानियों को व्यक्त करना शामिल है। जबकि दोनों ग्रंथ प्रदर्शन कलाओं की खोज में समान अधार साझा करते हैं, नाट्यशास्त्र अधिक व्यापक है और अभिनय से परे विभिन्न पहलुओं को शामिल करते हुए एक व्यापक का संकलन करता है। अभिनय दर्पण प्रदर्शन कला के क्षेत्र में आंगिक अभिनय की अभिव्यक्तियों और व्याख्या की बारीकियों पर विशेष जोर देता है।

संक्षेप में, नाट्यशास्त्र प्रदर्शन कलाओं के लिए एक व्यापक आधार प्रदान करता है, जबकि अभिनय दर्पण नाट्यशास्त्र द्वारा निर्धारित व्यापक ढाँचे के भीतर शास्त्रीयनृत्य की अभिव्यक्ति की जटिलताओं पर जोर देता हैं

**सन्दर्भ ग्रन्थ सूची**


- Natyashastra by bharatmuni- edited by pandit kedarnath, Jaipur
  अभिनय दर्पण-मनमोहन घोष
- Dance gestures, mirror of expressions, abhinaydarpanam by Dr. P. Rama chandrashekhar
- The mirror of gesture by Ananda k. coomarswamy and Gopal Krishtnayya Duggirala
- https://mycoaching.ing/natya-shastra
- https://sreenivasaraos-com.translate.goog/tag/abhinayadarpana/? X tr sl = en& X tr tl=hi& X tr hl=hi& X tr pto=tc

**SHODH-GARIMA–YEAR-2, VOL. 2 (April to June, 2025)**
**A Peer-Reviewed & Referred International Multidisciplinary Research Journal**
**ISSN (Print) : 3048-6327**
**IMPACT-FACTOR SJIF - 5.223**
**Paper Recieved : 11th June 2025** **Paper Accepted : 16th June 2025**

# वेदों में अनुष्ठानों का स्वरूप

रेवा शंकर मिश्र*
डॉ. राजेन्द्र प्रसाद चतुर्वेदी**

**शोध-सारांश**

*श्रुतियों में प्रतिपादित अनुष्ठान श्रौताग्नियों में सम्पादित कराये जाते थे, परन्तु ये बड़े ही क्लिष्ट एवं दुःसाध्य थे, श्रौत यज्ञों में तीन से पाँच तक अग्नियों का प्रयोग किया जाता है, जिसमें देवता विशेष को आहुतियाँ दी जाती हैं। इसे 11 से 21 की संख्या तक के ऋत्विजों की सहायता से किया जाता है। युगानुरूप अधिक खर्च एवं अधिक त्रिृत्विजों की आवश्यकता एवं अधिक समय में सम्पादित होने वाले भी यज्ञ श्रौत यज्ञ है। इस आलेख में उक्त बिन्दु को अंकित करने का मुख्य लक्ष्य है।*

***मुख्य शब्द***– *वेद, श्रुति, अनुष्ठान, स्वरूप, ऋत्विज, दुःसाध्य, युगानुरूप, ब्राह्मण, जातकर्म, गृह्यानुष्ठान आदि।*

## प्रस्तावना

श्रौतानुष्ठानों का वर्णन कल्पसूत्रों से प्राप्त होता है ''कल्प्यते सामर्थ्यते यागप्रयोगोऽत्र'' तथा वेदोक्त अग्नित्रय साध्य कर्मों श्रौतयाग के अनुष्ठान कर्म के बोधक श्रौतसूत्र होते हैं। ये कुल 21 प्रकार के हैं। ''गृह्यानुष्ठान'' अर्थात् गृह्य (घर) में होने वाले वह अनुष्ठान जो जन्म से लेकर मृत्युपर्यन्त होते थे। यह अनुष्ठान गृह्याग्नि में साध्य है। इनका विस्तृत विवेचन ब्राह्मण ग्रन्थों में एवं गृह्यसूत्रों में प्राप्त होता है। एकाग्नि साध्य जातकर्म दिसंस्कार होते हैं।

**ऋग्वेद (1/164/55)**[1] के अनुसार– ''वेद'' परमेश्वर के मुख से निकला हुआ ''परावाक्'' है वह ''अनादि'' एवं ''नित्य'' व ''अपौरुषेय'' है। **वृहदारण्यकोपनिषद् (2/4/10)**[2] में उल्लेख है–'उन महान् परब्रहम परमेश्वर द्वारा (सृष्टि प्राकट्य होने के साथ ही) ऋग्वेद, यजुर्वेद सामवेद और अथर्ववेद सहज ही प्रकट हुए। **मत्स्यपुराण (3/2/4)**[3] में भी यह कहा गया है कि–'ब्रह्मा जी ने सबसे पहले तप किया। तब ईश्वर के द्वारा भेजे गए वेदों का उनमें आविर्भाव हो पाया, बाद में ब्रह्मा जी के मुख से चारों वेद निकले।

**श्रीमद्भागवत (3/7/43)**[4] में भगवान नारायण ब्रह्मा जी से कहते है कि– 'ब्रह्मा जी! त्रिलोकी की सृष्टि करो तब ब्रह्मा ने वेदों में वर्णित सृष्टि क्रम के अनुसार सृष्टि किया, अर्थात् ब्रह्माजी ने वेदों को पाकर सृष्टि के काम को आगे बढ़ाया। ब्रह्मा जी की ऋषि संतानों में (सनक, सनन्दन,

* शोधार्थी (संस्कृत), शास. ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय, रीवा (म.प्र.)
** सेवानिवृत्त प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, शास. ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय, रीवा (म.प्र.)

सनातन, सनत्कुमार, वशिष्ठ आदि थे) जिन्होंने आगे चलकर तपस्या के द्वारा इसी शब्द–राशि वेदों को अपने हृदय में साक्षात्कार किया। वेद को ईश्वरीय ज्ञान के रूप में ऋषि–महर्षियों ने अपने अंन्तः चक्षुओं से प्रत्यक्ष दर्शन किये और फिर उन्हें प्रगट किया; वही ऋषि मन्त्रों के द्रष्टा बने। इन महर्षियों द्वारा मन्त्रों को प्रत्यक्ष देखे जाने के कारण इनमें कहीं भी असत्य या अविश्वास के लिए स्थान नहीं है। वे ही मन्त्र द्रष्टा ऋषि भी एक हों न हों अपितु अनेकों हुए। जैसे– ग्रत्समद, विश्वामित्र, वामदेव, अत्रि, वशिष्ठ तथा भारद्वाज आदि। कुछ ऋषि कन्यायें भी थीं जैसे– ब्रह्मवादिनी, घोषा, लोपामुद्रा, अपाला, विश्वपरा, सूर्या तथा जुडू आदि। वेद अनन्त एवं अनादि है, इसलिए कहा जाता है कि ईश्वरीय ज्ञान होने के कारण किसी भी काल में वेदों का नाश नहीं होता; क्योंकि नित्य–अनादि परमेश्वर का ज्ञान अनित्य नहीं हो सकता।

**'प्रलयकालेऽपि सूक्ष्मरूपेण परमात्मनि वेद राशिः स्थितिः।**[5]

वेदों का एक–एक अक्षर, एक–एक मात्रा अपरिवर्तनीय है।

**'वेदः शिवः शिवो वेदों वेदाध्यायी सदाशिवः।'**

वेद–मन्त्रों का अपना दिव्य प्रभाव होता है। कहा जाता है कि जो वेदज्ञ ब्राह्मण है उसमें देवता निवास करते हैं, जो ब्राह्मण वेदों में वर्णित धर्मानुष्ठानों का पालन करते हैं उनसे मृत्यु देवता भी कोशों दूर रहते हैं, यह वैदिक मंन्त्रों एवं वेदों की महिमा है। कहा जाता है कि पहले वेद एक ही था। भगवान वेदव्यास ने वेद को चार भागों में विभक्त कर दिया, उसी कारण से उनका नाम 'वेदव्यास पड़ा।

ब्राह्मणों के याज्ञिक विधानों को ''कल्प'' कहा जाता है। सूत्रशब्द का अर्थ है = विचारों का संक्षिप्त रूप। इस प्रकार हम कह सकते हैं कि ''कल्प सूत्र'' का अभिप्राय है वे रचनायें जिनमें ब्राह्मण ग्रन्थों के याज्ञिक विधान को अति संक्षिप्त वाक्यों में प्रस्तुत किया गया है। इन्हीं ''कल्प सूत्रों'' को संक्षेप में, केवल ''सूत्र'' भी कहा जाता है। इस प्रकार ''कल्प सूत्र'' और ''सूत्र–ग्रन्थ'', ये दोनों नाम पर्याय के रूप में ग्रहण किये गए हैं।

कल्प सूत्रों को संहिताओं और ब्राह्मणों की विविध विद्याओं का सार ग्रन्थ कहा जा सकता है। इसे चार प्रकारों में विभक्त किया गया है–

(1) श्रौत सूत्र
(2) धर्म सूत्र
(3) गृह्य सूत्र
(4) शुल्व सूत्र

हमारे इस शोध में प्रथम द्रष्टया यदि हम देखें तो **श्रौत सूत्र** = श्रौत सूत्रों में अर्ध वेदों में प्रतिपादित याज्ञिक अनुष्ठान विधि–विधान का विवेचन किया गया है। ये यज्ञ अनेक पुरोहितों द्वारा किये जाते थे। इन यज्ञों में आह्ननीय, गार्हपत्य और दक्षिण– इन तीनों अग्नियों का उपयोग होता था, श्रौत यज्ञों में दर्शपौणमास्य यज्ञ, चर्तुमास्य यज्ञ, सौत्रामणि यज्ञ, अग्निष्टोम, सोम यज्ञ, वाजपेय यज्ञ, राजसूय एवं अश्वमेघ आदि 14 यज्ञ प्रमुख हैं। इनमें से सात हविर्यज्ञ और सात सोमयज्ञ हैं।

यज्ञों की उपर्युक्त नामावलि को देखने से ही यह अनुमान लगाया जा सकता है कि इन श्रौत सूत्रों का विषय बहुत ही जटिल है तथा नीरस होने के कारण इनका साहित्यिक महत्त्व अल्प ही है, किन्तु कर्मकाण्ड एवं अनुष्ठान–प्रधान भारतीय संस्कृति के अङ्गभूत यज्ञों की प्रक्रिया और विधि–विधान को जानने की दृष्टि से श्रौत सूत्रों का अत्यधिक महत्त्व दिखलाई पड़ता है। वेद की प्रत्येक शाखा के ब्राह्मण आरण्यक आदि की भाँति ही, प्रत्येक वेद का श्रौत सूत्र भी प्रायः मिलता है।

**गृह्य सूत्रों** का महत्त्व लोकजीवन की दृष्टि से है। इनका सम्बन्ध गृह में होने वाले यज्ञों, अनुष्ठानों एवं संस्कारों से है।

गृह्य सूत्रों को हम गृहस्थाश्रम की आचार संहिता कह सकते हैं। इन सूत्रों में पंच महायज्ञों का विवरण और उनकी विधि विस्तृत विवेचन के साथ उपलब्ध होती है। इन यज्ञों के नाम इस प्रकार बतलाए गए हैं–

(1) देव यज्ञ, (2) पितृ यज्ञ, (3) भूत यज्ञ, (4) नृ–यज्ञ, (5) बलिवैश्यदेव यज्ञ।

गृह्य सूत्रों के अनुसार इन पाँच प्रकार के यज्ञों को समस्त गृहस्थों को प्रतिदिन सम्पादित करना चाहिए। वेदों का ऐसा मानना है कि इनके करने से दैनिक जीवन में होने वाले सामान्य अपराधों का प्रायश्चित हो जाता है।

इसके साथ ही गृह्य सूत्रों में मनुष्य जीवन में होने वाले 16 संस्कारों का भी विवेचन प्राप्त होता है। इन सभी संस्कारों से व्यक्ति जीवन से दोषों का परिहार होता है और उनके जीवन में गुणों का समावेश होता है। वे सोलह संस्कार इस प्रकार हैं–

गर्भाधान, पुंसवन, सीमान्तोन्नयन, जातकर्म, नामकरण, निष्क्रमण, अन्नप्राशन, चूड़ाकर्ण, कर्णच्छेदन, उपनयन, वेदारम्भ, समावर्तन, पाणिग्रहण, गृहस्थाश्रम (गार्हपत्य), केशन्त (संन्यास) अंत्येष्टि। गृह्य सूत्रों में प्राचीन भारतीय गृहस्थ जीवन की पद्धति पर बहुत ही अच्छा प्रकाश डाला गया है। उपलब्ध गृह्य सूत्र इस प्रकार हैं–

**वेदों के गृह्य सूत्र**

**ऋग्वेद** = (1) आश्वलायन (2) शाङ्खायन (कौसीतकी)।

**कृष्ण यजुर्वेद** = आपस्तम्ब, बौधायन, सत्याषाढ़, वैखानस, कंठ।

**शुक्ल यजुर्वेद** = कात्यायन (पारस्कर गृह्य सूत्र)।

**सामवेद** = खादिर, गोभिल, गौतम।

**अर्थववेद** = कौशिक गृह्य सूत्र।

गृह्य सूत्रों में जिस प्रकार व्यक्ति के घरेलू जीवन और गृह्य संस्कारों का विवेचन  है, उसी प्रकार व्यक्ति के सामाजिक जीवन और सामाजिक आचार–व्यवहार का विवेचन **धर्म सूत्रों** में मिलता है। गृह्य सूत्रों में पंच महायज्ञों और सोलह संस्कारों का विवेचन विशेष रूप से हुआ है। उनमें यज्ञ आदि के अनुष्ठान तथा विधि–विधान पर विशेष बल दिया गया है, किन्तु धर्म सूत्रों में व्यक्ति के सामाजिक जीवन पर ही दृष्टि केन्द्रित रही है। गृह्य सूत्रों में व्यक्ति के विवाह–संस्कार की धार्मिक पद्धति और अनुष्ठान का विवरण मिलता है।

वैदिक काल से ही मंत्रों का उपयोग यज्ञानुष्ठानों के लिए किया जाता रहा है। यज्ञानुष्ठान दो प्रकार से होते हैं, जिनका विस्तृत वर्णन वेदों में प्राप्त होता है। **(1) श्रौत यज्ञानुष्ठान, (2) गृह्य यज्ञानुष्ठान।**

श्रौत यज्ञानुष्ठान को सम्पादित कराने वाले पुरोहित को ऋत्विक् कहा जाता था। ऋत्विक् चार प्रकार के होते थे– श्रोता, उद्गाता, अध्वर्यु और ब्रह्मा। श्रोता अर्थात् यजमान का कार्य यज्ञ में देवों का आवाहन करना था, उद्गाता का ऋचाओं का गायन करके देवों को प्रसन्न करना था, अध्वर्यु यज्ञ के अनुष्ठान की विधि संम्पादित करता था तथा ब्रह्मा सारे याज्ञिक अनुष्ठान का निरीक्षण करता था।

शब्द–साधना तथा भाषा की सामर्थ्य के प्रति सजगता ऋग्वेद के कवियों अर्थात् ऋषियों में सर्वत्र देखने को मिलती है। यज्ञ अनुष्ठान के विषय में उन्होंने स्वयं संस्कार और परिष्कार का महत्त्व स्वीकार किया है। वे कहते हैं– **''सक्तुमिव तितउना पुनन्तु यत्र धीरा मनसा वाच मक्रता''** अर्थात् जैसे चलनी से सत्तू को छान कर साफ एवं शुद्ध किया जाता है, उसी प्रकार इस देश के विचारशील पुरुषों ने अपने मन की चलनी से वाणी को छान कर पावन बनाया है। अन्यत्र वाणी की गूढ़ क्षमता के विषय में ऋग्वेद का ऋषि कहता है,

कोई व्यक्ति तो वाणी को देखते हुए भी नहीं देख पाता। कोई उसे सुनते हुए भी नही सुन पाता और यज्ञ के आगे वह अपने रहस्य का उसी प्रकार उन्मीलन कर देता है जिस प्रकार प्रेम से भरी हुई पत्नी अपने आपको अपने पति के आगे–

**उतत्वः प्श्चन्न ददर्श वाचमुत**
**त्वः शृष्वन्म शृणोत्येनाम्**
**उत त्वस्मै तन्वं विससे**
**जयेव पत्य उशती सुवासाः।**

कहीं ओजस्वी और स्फुरित होती हुई पदावली तो कहीं अतिशय कोमल और यसृण शब्द विन्यास; इस प्रकार कुतंक प्रोक्त सुकुमार ओर विचित्र दोनों काव्य मार्गों पर सहज गति से ऋग्वेद के कवि अग्रसर होते हैं। जीवन में माधुर्य की कामना करते हुए ऋषिगण अपनी वाणी में माधुर्य का अवतरण कर देते हैं–

ऋग्वेद में दान स्तुतियों एवं सूक्तों में राजाओं की उदारता व दानशीलता की प्रशंसा है। ये दान यज्ञ के अवसरों पर ऋत्विजों को किए जाते थे। इन सूक्तों में दान देने वाले राजाओं की वंश परम्परा का विवरण मिलता है, इस कारण से ऐतिहासिक दृष्टि से दान का भी बहुत अधिक महत्त्व है।

यजुर्वेद का मुख्य विषय याज्ञिक विधि अनुष्ठान एवं कर्मकाण्ड है। इसमें वे सूक्त संकलित किये गए हैं जिनके मंत्र अध्वर्यु के द्वारा यज्ञ में प्रयुक्त होते थे यजुर्वेद दो रूपों में मिलता है– शुक्ल यजुर्वेद तथा कृष्ण यजुर्वेद। शुक्ल यजुर्वेद में पद्यात्मक मंत्र हैं और कृष्ण यजुर्वेद में मंत्रों के साथ गद्य में व्याख्या भी मिश्रित है।

पतंजलि के समय में यजुर्वेद की 101 शाखाएँ प्रचलित थीं। समय के साथ ये शाखाएँ लुप्तप्राय हो गयीं, ऐसा प्रतीत होता है। वर्तमान में यजुर्वेद की पाँच शाखाएँ मिलती हैं– काठक, कनिष्ठल, मैत्रयणी, तैत्तरीय और वाजसनेयी। इनमें से प्रथम चार शाखाएँ कृष्ण यजुर्वेद से सम्बन्धित हैं तथा पाँचवीं शखा वाजसनेयी शाखा शुक्ल यजुर्वेद की है। वाजसनेयी संहिता या शुक्ल यजुर्वेद में 40 अध्याय हैं। इनमें से अन्तिम 15 अध्याय प्रक्षिप्त माने गए हैं। ये चालीस अध्याय 303 अनुवादकों में तथा 1875 कण्डिकाओं में विभाजित हैं। प्रथम दो अध्यायों में दर्श और पूर्वमास इन दो यज्ञों से सम्बन्धित मन्त्र हैं, जो श्रौत यज्ञाकृष्णन से सम्बन्धित हैं, इन यज्ञों को पूर्णिमा और शुक्ल पक्ष की द्वितीया के दिन किया जाता था। तृतीय अग्निहोत्र तथा चातुर्मास्य से सम्बन्धित श्रौत अनुष्ठान के मंत्र है। अग्निहोत्र को प्रतिदिन करना चाहिए एवं चातुर्मास्य चार महीनों में एक बार किया जाता था और अभी भी दक्षिण प्रदेश में यह परम्परा प्रचलित है। प्रयागराज में बहुत से सन्त चतुर्मास्य करने आते हैं।[6]

इस प्रकार निष्कर्षतः कहा जा सकता है कि इसे कल्पवास का नाम दिया गया है और मानव एवं सन्त वैदिक एवं विद्वदजन तथा गृहस्थजन यह चतुर्मास्य करने आज भी प्रयागराज (इलाहाबाद) जाकर गंगा तट पर अपने पापों के प्रायश्चित एवं पुण्य प्राप्ति हेतु जाते हैं और यह परम्परा जो श्रौत अनुष्ठान से ली गई है, वह अनवरत् चलती जा रही है। चार से आठ तक अग्निष्टोम यज्ञ का प्रतिपादन और उसमें प्रयुक्त होने वाले नाम संबंधी अनुष्ठान का वर्णन है। अग्निष्टोम यज्ञ के द्वारा सोम को तैयार किया जाता था और प्रातः सवन, माध्य दिन सवन और अंतिम सवन ये तीनों सवन का वर्णन प्राप्त होता है। नवम, दशम में वाजपेय तथा राजसूय श्रौतानुष्ठान यज्ञ से संबंधित चर्चा एवं मंत्र प्राप्त हैं तथा ग्यारहवें अध्याय से अठारह अध्याय पर्यन्त अग्निचयन प्रक्रिया के यागिक मंत्र हैं। इन्हीं मंत्रों का पाठ करके अग्निवेदिका स्थापित की जाती है। इस वेदिका का आकार उड़ते हुए पक्षी के समान होता था, इसमें 10800

इण्टिकाओं (ईंटों) का उपयोग होता था। यजुर्वेद का शतरुद्रिय यज्ञ निर्माण एवं पूजन का अंश आज भी बहुत प्रचलित है। इसमें रुद्र के विषय में रुद्राष्टाध्यायी नामक ग्रन्थ से आज भी ब्राह्मण सम्पूर्ण श्रावण के महीने में शिवार्चन, रुद्राभिषेक, अतिरुद्र, लघुरुद्र एवं रुद्र महायज्ञादि श्रौतानुष्ठानों के उदाहरण देखने को आज भी प्राप्त होते हैं। इसमें रुद्र विषयक आह्वान के मंत्र भी प्राप्त होते हैं। उन्नीसवें से इक्कीसवें अध्याय तक सौत्रमणि और बाइसवें से पच्चीसवें अध्याय तक अश्वमेय यज्ञ के मंत्र हैं। इन मंत्रों में सारे राष्ट्र को सुखमय, समृद्धशाली तथा शक्तिशाली बनाने की प्रार्थना की गई है जिसे राष्ट्रसमृद्धि सूक्त कहते हैं। इसका पाठ उत्तरांचल में आज भी देखने को मिलता है जिसमें सम्पूर्ण विश्व के कल्याण हेतु मंत्र प्राप्त होते हैं।

## सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

1. ऋग्वेद (1/164/55)
2. वृहदारण्यकोपनिषद् (2/4/10)
3. मत्स्यपुराण (3/2/4)
4. श्रीमद्भागवत (3/7/43 )
5. कुल्लूभट्टा
6. संस्कृत साहित्य का अभिनव इतिहास पृष्ठ–29

**SHODH-GARIMA–YEAR-2, VOL. 2 (April to June, 2025)**
**A Peer-Reviewed & Referred International Multidisciplinary Research Journal**
**ISSN (Print) : 3048-6327**
**IMPACT-FACTOR SJIF - 5.223**
**Paper Recieved : 11th June 2025** **Paper Accepted : 16th June 2025**

# भूमण्डलीकरण और समकालीन हिन्दी साहित्य में 'स्त्री' और 'स्त्री-पुरुष' सम्बन्ध

□ सुन्दरम साहू*
□ डॉ. ऋचा सुकुमार**

**शोध-सारांश**

*भूमंडलीकरण, बाज़ारीकरण और वैश्वीकरण ने भारतीय समाज के ताने-बाने को गहराई से प्रभावित किया है, विशेषतः स्त्री-पुरुष संबंधों के स्वरूप में महत्त्वपूर्ण परिवर्तन दिखाई देते हैं। स्त्रियाँ जहाँ आर्थिक रूप से अधिक स्वतंत्र हुई हैं, वहीं पारिवारिक, सामाजिक और भावनात्मक स्तर पर उन्हें अनेक नई चुनौतियों का भी सामना करना पड़ा है। समकालीन हिंदी साहित्य ने इन परिवर्तनों को अत्यंत संवेदनशीलता और यथार्थ के साथ चित्रित किया है।*

*ममता कालिया की 'बेघर' और चित्रा मुद्गल की 'एक जमीन अपनी' जैसी रचनाएँ स्त्री के आत्मनिर्णय, प्रेम, विवाह और संबंधों में आए बदलावों को सामने लाती हैं। इन कृतियों की नायिकाएँ आर्थिक रूप से सशक्त होकर भी सामाजिक रुढ़ियों से संघर्षरत हैं। राजेन्द्र यादव और उदय प्रकाश जैसे रचनाकारों ने पुरुषों की मानसिक असुरक्षा तथा आधुनिक संबंधों में आई दरार को यथार्थपरक रूप से प्रस्तुत किया है। भूमंडलीकरण ने एक ओर स्त्रियों के लिए नए अवसरों के द्वारा खोले हैं, वहीं दूसरी ओर श्रम के दोहन, पारिवारिक संरचनाओं में अस्थिरता और संबंधों के बाज़ारीकरण जैसी समस्याएँ भी बढ़ी हैं। ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट 2024 के अनुसार भारत में महिलाओं की आर्थिक भागीदारी अभी भी सीमित हैं, जो इस विडंबना को उजागर करती है।*

*प्रभा खेतान की 'बाजार के बीच : बाजार के खिलाफ' जैसी रचनाएँ यौन शोषण और स्त्री की वस्तुकरण प्रवृत्ति पर करारी चोट करती हैं। समकालीन साहित्य प्रेम, विवाह, स्वतंत्रता और नैतिकता के नए विमर्शों को जन्म देता है।*

*अंततः भूमंडीकरण एक दोधारी तलवार के समान है-जिसने स्त्री को सशक्त बनाया है, पर उसे नवीन संकटों में भी डाला है। हिंदी साहित्य इस परिवर्तनशील समय का आईना बनकर उभरता है।*

* शोध छात्र (नेट, जे.आर.एफ.), मो.नं.-6393992235, ईमेल-vkbhaisa012@gmail.com
** प्रोफेसर, प्रो. राजेन्द्र सिंह (रज्जू भैया) विश्वविद्यालय, प्रयागराज

Journal Starting Year-**2024**, Frequency- **Quarterly**, Subject- **Multidisciplinary**, Language-**Hindi & English**, Publishers- **Sushil Kumar Kushwaha,** Publishing Body- **G.H. Publication**, Prayagraj, U.P.-211003 (India), Email Id:- **ghpublication@gmail.com**

भूमंडलीकरण ने आधुनिक समाज में स्त्री-पुरुष संबंधों को गहराई से प्रभावित किया है। 1990 के बाद से वैश्वीकरण, बाजारवाद, उदारीकरण और तकनीकी विकास ने भारतीय समाज को आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से व्यापक रूप से बदल दिया है। इस परिवर्तन ने पारंपरिक मूल्यों को चुनौती दी और नए सामाजिक-सांस्कृतिक बदलावों को जन्म दिया। भूमंडलीकरण ने स्त्री को आत्मनिर्भर बनाया, विवाह संस्था को नए दृष्टिकोण से देखा जाने लगा, प्रेम और संबंधों में व्यावसायिकता बढ़ी, और परिवार की पारंपरिक संरचना कमजोर हुई। समकालीन हिंदी साहित्य में इन बदलावों को विविध रूपों में चित्रित किया गया है। ये कहानियाँ स्त्री-पुरुष संबंधों में समानता, संघर्ष, प्रेम, विवाह, उपभोक्तावाद, देह और स्वतंत्रता के विभिन्न पहलुओं को उजागर करती हैं।

ममता कालिया के उपन्यास 'बेघर' में नायिका 'संजीवनी' एक उच्च पदस्थ महिला है (जो बैंक ऑफ बड़ौदा में काम करती है), लेकिन उसके जीवन में असंतोष है क्योंकि पुरुष अभी तक अपनी रूढ़िवादी मानसिकता से बाहर नहीं निकल पाया है (परमजीत नायक पात्र ने लड़कियों के कुँवारेपन की पहचान उसने चीख-पुकार और खून से सम्बद्ध की थी।) यह उपन्यास दर्शाता है कि आर्थिक सशक्तिकरण के बावजूद स्त्रियों को भावनात्मक एवं समाजिक संघर्षों का सामना करना पड़ता है- ''औरत को पैसा कमाने की आज़ादी तो मिल गई, लेकिन सोचने की आज़ादी कब मिलेगी? सम्मान कब मिलेगा?'' समाज के इस रवैये को देखते हुए 'नई कहानी' में राजेश जोशी की 'भेड़िया' कहानी की नायिका मानो सही ही बोलती थी- ''हमें न पति चाहिए न घर हमें बस थोड़ा सा भरोसा दो जिससे हमारे पंखों को मजबूती मिल जाए और औरत होने के भय से तुम भी मुक्त हो जाओ और हमें भी कर दो''। भूमंडीकरण का सबसे बड़ा प्रभाव नारी के विवाह संबंधी दृष्टिकोण में आया है इसके अंतर्गत अब नारी विवाह-विच्छेद को टैबू नहीं मानती है, चित्रा मुद्‌गल का उपन्यास 'एक जमीन अपनी' की नायिका अंकिता अपने परिवार के खिलाफ जाकर अपने प्रेमी सुधीर से कोर्ट मैरिज करती है किंतु विवाहोपरांत सुधीर द्वारा प्रताड़ना से तंग आकर वह उससे तलाक ले लेती है और निर्भीकता से कहती है- ''मुझे तुमसे घृणा है, तुम्हारी ऐय्याशियों और ज्यादतियों को ........ सती साधवी बनी माँग में सजाए रहूंगी इस मुगालते में न रहना कि मैं स्त्रीत्व की पूर्णता का भ्रम जीती रहूँगी। लो इस वक्त यह रिश्ता खत्म।'' वह उच्छृंखल नहीं है वह अनन्य प्रेम की पोषक है, लेकिन वस्तु बनकर जीना भी उसे मंजूर नहीं है पर हमारा समाज संबंध विच्छेद की सारी जिम्मेदारी स्त्रियों पर लादकर उसे लांछनों से विभूषित कर देता है। संबंध विच्छेद का एक मानसिक कारण भी है, स्त्रियों के आर्थिक स्वतंत्र होने से पुरुषों में बढ़ी असुरक्षा, भूमंडलीकरण के बाद पुरुषों को महिलाओं की बढ़ती स्वतंत्रता के साथ सामंजस्य बिठाने में संघर्ष करना पड़ा। राजेंद्र यादव की कहानी 'संबंध' में पति को अपनी पत्नी की तरक्की से असुरक्षा महसूस होती है- ''जब मैं कमा रहा था, तब सब ठीक था, अब जब वह कमा रही है, तो मैं गैर-जरुरी लगने लगा हूँ।'' पुरुष समाज एक सक्षम स्त्री को स्वीकारने में हिचकिचाता है, हालांकि यह भी सच है कि हाल में कुछ घटनाएं ऐसी हुई है लेकिन उसके बेस पर हम चीजों को जेनरलाइज़ नहीं कर सके ध्यातव्य रहे कि कोई भी चीज़ केवल एक ही कारण के वजह से नहीं होती बहुत सारे जटिल और गूंथे कारण भी होते है जो हमारी भारत की मीडिया नहीं दिखाती, उन्हें चाहिए केवल टीआरपी. और न्यूज़ तो इसी तरह का एक आयामी मसाला परोसते हैं, दूसरे पक्ष (महिला पक्ष) को पूर्णतः नजरअंदाज कर के। कथाकार उदय प्रकाश ने इस संदर्भ में एकदम ठीक ही कहा है- ''पुरुष चाहता है कि स्त्री आगे बढ़े, लेकिन इतनी नहीं कि वह उसे पीछे छोड़ दे।'' इसे यूं कह सकते nQkkâ— It's not about women empowerment it's about whether our male are empowered enough to face the empowered women.... समाज में तरह-तरह के बहाने बनाए जाते है कि अगर स्त्री काम पर गई तो वर्कप्लेस पर किसी से चक्कर चलाएगी कुछ भी बहाना, परम्परा या शास्त्र बता कर स्त्रियों को रोका ही जाएगा... क्या पुरुष दूध के धुले है? सिग्मंड फ्रायड ने पहले ही पुरुषों की पोल खोल रखी....।

हालांकि भूमंडलीकरण ने स्त्री के लिए रोजगार के

दरवाजे जरुर खोले हैं मगर उसके श्रम का शोषण हुआ है। स्त्री को बड़े समूह में फैक्ट्रियां रोजगार देती हैं। क्योंकि उनका श्रम सस्ता होता है और छंटनी करने में भी सुविधा होती है। उपद्रव का भय भी नहीं रहता। अविवाहित स्त्रियां ऑवर-टाइम काम करती हैं और उनको मातृत्व अवकाश एवं शिशुगृह की व्यवस्था की जरुरत भी नही पड़ती अतः उनकी अधिक मांग होती है। स्त्री के काम के घंटे भी ज्यादा होते हैं, वह घर जाकर भी काम करती है मगर उसके काम को सेवा का नाम देकर श्रम में नहीं आंका जाता। पर आजकल मांग चल रही है कि हाउसवर्क को भी जीडीपी. में गिना जाए जिससे हमारे देश की सही ग्रोथ पता चले।

वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की 'ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट 2024' के अनुसार, भारत 146 देशों में 129वें स्थान पर है। यह रिपोर्ट महिलाओं की दयनीय आर्थिक स्थिति को दर्शाती है और इस बात को रेखांकित करती है कि भूमंडलीकरण के बावजूद स्त्रियों की आर्थिक भागीदारी और सशक्तिकरण अभी भी बहुत पीछे हैं; पुरुषों की अपेक्षा स्त्रियों को पे पैरिटी (समान वेतन) नहीं मिलता और रोज़गार के नाम पर केवल पिंक कॉलर जॉब तक असिस्टेंट बनने, सॉफ्ट स्किल जॉब होटल, मॉल में गेस्ट को ट्रीट करने तक ही सीमित कर दिया जाता है; ये भी हमारे पहले के बने पूर्वाग्रह है जिससे हमें ये समझने की आदत हो गई है कि स्त्रियां शारीरिक रूप से कमज़ोर ही होती है, इसी वजह से कई क्षेत्रों में ग्लास सीलिंग जैसी समस्याएं दिखाई देती है। हाल ही में (अक्टूबर, 2022) सराहनीय कदम उठाया गया; भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड () ने पुरुष और महिला क्रिकेटरों के लिए समान मैच फीस की घोषणा की। यह एक ऐतिहासिक निर्णय था, जिसने क्रिकेट में पुरुषों और महिलाओं को बीच वेतन के अंतर को पाटने में मदद की। ये शुरुआती मील का पत्थर साबित हो सकता है यदि बाक़ी सभी क्षेत्रों में भी इसे लागू किया जाए।

चित्रा मुदगल के उपन्यास (एक जमीन अपनी) में भूमंडलीकरण के दो आयाम और दिखते हैं उसमें से एक है विज्ञापन जगत (फिल्म जगत), दूसरा है लिव इन रिलेशनशिप। अंकिता और उसकी मित्र नीता के माध्यम से विज्ञापन जगत की समस्याएं भी उजागर होती है। जब से सिल्वर स्क्रीन दुनिया भारतीय समाज में आई यह भारतीय महिलाओं को अपनी तरफ आकर्षित कर आर्थिक और सामाजिक स्वतंत्रता के नाम पर मॉडलिंग और अभिनय द्वारा उनकी नग्न, अर्द्धनग्न तस्वीर पेश कर तथा उनके कामांग प्रदर्शन तथा अभिनय पाखण्ड द्वारा उन्हें बाजार में उतार कर उन्हें अपने वृत्ति का साधन बना लिया जिसे नीता जैसी लड़कियाँ खुशी खुशी तैयार हो जाती हैं। उनके साथ जिसे नीता जैसी लड़कियाँ खुशी खुशी तैयार हो  जाती हैं। उसके साथ साजिश कहाँ हो रही है जब तक उन्हें पता चलता है तब तक बहुत कुछ खो चुकी होती हैं। अंकिता ऐसे ही लोगों से नीता को सावधान करती है- ''तुम सिर्फ उसके लिए एक फिल्म.... सिर्फ एक फिल्म।'' नीता, सुधीर के साथ बिना किसी हिचकिचाहट के लिव-इन रिलेशनशिप में रहती है, कहती है कि - ''मैं पत्नी नहीं सहचरी बन कर रहना चाहती हूँ, पत्नी शब्द से मुझे दासत्य की बू आती है हम वर्जनाहीन होकर जिएंगे रुढ़ मुक्त होकर मांसिक वरण करेंगे।'' अब यह किस हद तक सही है यह विद्वानों तथा समाजशास्त्रियों के मध्य चर्चा का विषय है लेकिन हां भूमंडलीकरण के प्रभाव से यह भी आजकल भारतीय समाज में देखा जा रहा है। गीतांजलि श्री के उपन्यास 'माई' में भी विवाह संस्था की पारंपरिक धारणाओं को चुनौती दी गई है- ''विवाह अगर बंदिश है, तो वह प्रेम कैसे रह सकता है?'' भूमंडलीकरण के प्रभाव से देह एक वस्तु बनती जा रही है। उपभोक्तावादी समाज में स्त्री-पुरुष संबंध भावनाओं से अधिक भौतिकता पर केंद्रित हो रहे हैं। उदय प्रकार की कहानी 'वारेन हेस्टिंग्स का सांड़' में भी भूमंडीकरण के कारण आया बाजारवाद मानवीय संबंधों में आई दरार को दर्शाता है- ''संबंध भी अब एक उत्पाद की तरह हो गए हैं, जिनका मूल्य तय किया जा सकता है।''

भूमंडलीकरण ने कुछ हद तक पुरुषों की संकीर्ण मानसिकता को भी विस्तृत किया है 'जया जादवानी' के उपन्यास 'कुछ न कुछ छूट जाता है' में प्रेम का पारंपरिक रूप नहीं बल्कि उदात्त रूप दिखाया गया है जहां नायक (पंकज) बीमारी से ग्रसित है उसे पता है उसके पास ज्यादा समय नहीं बचा है उसके जाने के बाद उसकी

पत्नी (ऋतु) और उसकी बेटी (संजना) की जिम्मेदारी कौन उठाएगा, तो वो अपनी पत्नी की दूसरी शादी करवाना चाहता है। लेखिका ने इस उपन्यास के माध्यम से यह बताया है कि प्रेम का आधार आवश्यकता की पूर्ति है। क्योंकि स्त्री एवं पुरुष दोनो ही एक-दूसरे के बिना अधूरे हैं, उन्हें एक-दूसरे के साथ एवं परस्पर सहयोग की आवश्यकता पड़ती ही है। पुरुष की ऐसी सोच केवल आधुनिक समाज में ही हो सकती है; भूमंडलीकरण के सकारात्मक सिद्धांतों के प्रभावों से उसका हृदय और मस्तिष्क संकीर्ण से विस्तृत हो गया।

'आवां' उपन्यास में लेखिका चित्रा मुद्गल ने सामाजिक रूढ़ियों के प्रति अपने विचार व्यक्त किए हैं इसमें बिमला बेन, सुनंदा की मृत्यु के बाद सामाजिक रूढ़ियों को तोड़कर उसकी मैय्यत को कंधा देती है, इसी उपन्यास की मुख्य पात्र नमिता भारतीय समाज की वर्जना को तोड़कर अपने पिता को मुखाग्नि देती है। भूमंडलीकरण और आधुनिकी समय में स्त्रियां हर चीज का लॉजिक मांगने लगी है अब उन्हें शास्त्रों की बात पर कम भरोसा हो रहा है और हर चीज के पीछे वह लॉजिक चाहती हैं जैसा कि कबीर ने कहा है ''तू कहता कागद की लेखी मैं कहता आँखन की देखी'' के रास्ते पर चल पड़ी है जो कि कुछ मात्रा में सही भी है आज के आधुनिक मानव की पहचान ही यही है हर चीज पर शंका करना जिस चीज का अनुभव खुद न कर पाना खुद न देख पाता उस चीज पर आसानी से विश्वास न करना।

भूमंडलीकरण का सबसे भयावह रूप का वर्णन प्रभा खेतान ने अपनी पुस्तक बाजार के बीचः बाजार के खिलाफ में किया उसमें वैश्या जीवन का वर्णन करती है कि कैसे पहले किसी स्त्री को यूज़ किया जाता है उसके बाद इस स्त्री को यदि कोई लाइलाज बीमारी जैसे एड्स हो जाता है तो उसे मरने के लिए छोड़ दिया जाता है। वे लिखती हैं- ''भूमंडलीकरण ने वेश्यावृत्ति के रूप को बदल दिया है। यह अब केवल गरीब स्त्रियों की रोजी-रोटी से जुड़ा मुद्दा नहीं है, बल्कि एक वैश्विक उद्योग बन गया है। दक्षिण एशिया के गरीब राष्ट्रों से लेकर अमेरिका जैसे विकसित राष्ट्रों तक यौन उद्योग अपनी जड़ जमाए हुए है। आज यह उद्योग डॉक्टरों और दवा उद्योग के लिए भी करोड़ों रूपये का व्यवसाय बन गया है।''

निश्चित रूप से हम ये निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि भूमंडलीकरण दो धारी तलवार की तरह है; कहीं भूमंडलीकरण का प्रभाव सकारात्मक तो कहीं यह नकारात्मक दिखाई देता है। हमें समझना होगा कि, अंधे अनुकरण से बचना पड़ेगा चाहे वह कितना ही आकर्षक देखने में क्यों न लगे मन को कितना ही रीझ जाय, लेकिन हमें उसे नैतिकता के तराजू में माप तौलकर ही अपनाना चाहिए। नैतिकता और आधुनिकता दोनो साथ-साथ चलने चाहिए।

समकालीन हिंदी साहित्य में भूमंडलीकरण के प्रभाव को गहराई से चित्रित किया गया है; स्त्री-पुरुष संबंधों में आए बदलावों, चुनौतियों और संभावनाओं को उजागर करती हैं। भमंडलीकरण के स्त्री को आत्मनिर्भर बनाया है, लेकिन इसके साथ ही उसे नई जटिलताओं और शोषण का सामना भी करना पड़ रहा है। यह साहित्य न केवल समाज के बदलते स्वरूप को दर्शाता है, बल्कि स्त्री-पुरुष संबंधों के नए आयामों पर विचार करने के लिए भी प्रेरित करता है।

भूमंडलीकरण ने स्त्री-पुरुष संबंधों में जटिलताएँ भी बढ़ाई हैं। हिंदी का समकालीन साहित्य इस परिवर्तन को संवेदनशीलता और यथार्थ के साथ प्रस्तुत कर रहा हैं। एक ओर यह स्वतंत्रता, समानता और आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहित करता है, तो दूसरी ओर संबंधों की गरिमा, स्थायित्व और संवेदनशीलता पर नए सवाल खड़े करता है।

**सन्दर्भ ग्रन्थ सूची**


1. प्रभा खेतान, बाजार के बीच : बाजार के खिलाफ
2. अनामिका, स्त्रीत्व का मानचित्र
3. ममता कालिका, बेघर
4. मेरी प्रिय कहानियाँ, ममता कालिया
5. चित्रा मुद्गल-आवाँ, एक जमीन अपनी, मेरी प्रिय कहानियाँ
6. राजेंद्र यादव कहानियाँ
7. गीतांजलि श्री, माई
8. उदय प्रकाश कहानियाँ
9. जया जादवानी, कुछ न कुछ छूट जाता है
10. हंस पत्रिका, आलोचना पत्रिका, नया ज्ञानोदय पत्रिका
11. समसामयिक मैगज़ीन

# जी.एच. पब्लिकेशन

## हमारे नवीनतम प्रकाशन

| | | |
|---|---|---|
| • लौकिक जीवन का आध्यात्मीकरण | प्रो. अरविन्द कुमार 'वनबन्धु' | 950.00 |
| • हिन्दू–धर्म दोष एवं समाधान | प्रो. अरविन्द कुमार 'वनबन्धु' | 950.00 |
| • जयशंकर प्रसाद की अनमोल कहानियाँ | सं. डॉ. अरुण कुमार वर्मा | 400.00 |
| • रीवा राज्य के बघेल राजाओं की आर्थिक नीतियों का ऐतिहासिक अध्ययन (1755 ई. से 1948 ई. तक) | डॉ. जीतेन्द्र कुमार पाण्डेय | 999.00 |
| • रीवा अंचल के सरयूपारीण ब्राह्मणों की वंशावली | डॉ. सुशीला पाण्डेय (तिवारी) | 999.00 |
| • कवितागीतिश्लोकसंग्रह (संस्कृत भाषा में) | डॉ. द्वारिका नाथ त्रिपाठी | 400.00 |
| • पर्यटन विकास की व्यूह रचना | चन्द्रमणि प्रसाद तिवारी | 400.00 |
| • माटी के चुकिया (छत्तीसगढ़ी बाल–कविता संग्रह) | चोवा राम वर्मा 'बादल' | 150.00 |
| • चीख एवं चौदह कहानियाँ | डॉ. सूर्य नारायण गौतम | 250.00 |
| • शुक्लयजुर्वेदीया रुद्राष्टाध्यायी (संस्कृत–हिन्दी व्याख्यासहित) | प्रो. डॉ. वेदप्रकाश उपाध्याय | 500.00 |
| • विद्यारण्यभाष्यसहितम् श्रीसूक्तम् (संस्कृत–हिन्दीव्याख्या–अंग्रेजभाष्यसहित) | प्रो. डॉ. वेदप्रकाश उपाध्याय | 50.00 |

# हमारे आगामी प्रकाशन

- Civil Engineering Construction Materials — Dr. Nisha Pandey
- वेद : भारतीय संस्कृति और विज्ञान — प्रो. डॉ. अरविन्द कुमार 'बनबन्धु'
- सनातन धर्म के आधारभूत तत्त्व — प्रो. डॉ. अरविन्द कुमार 'बनबन्धु'
- हिन्दू धर्म दोष एवं समाधान — प्रो. डॉ. अरविन्द कुमार 'बनबन्धु'
- धर्म एवं पर्यावरण विज्ञान — प्रो. डॉ. अरविन्द कुमार 'बनबन्धु'
- सनातन धर्म एवं ब्रह्म का स्वरूप — प्रो. डॉ. अरविन्द कुमार 'बनबन्धु'
- प्रेमचन्द की अनमोल कहानियाँ — सं. गौरान्शी कुशवाहा
- जयशंकर प्रसाद की अनमोल कहानियाँ — सं. डॉ. अरुण कुमार वर्मा
- जैमिनिसूत्र में विविध ज्योतिष–योग : एक समन्वयात्मक अध्ययन — डॉ. सुभाषचन्द पाराशर
- भारतीय संस्कृति में गोमाता — डॉ. सुभाषचन्द पाराशर

## पुस्तक मँगाने का नियम

- ❒ प्रत्येक पुस्तक पर 20% कमीशन दिया जायेगा एवं डाक व्यय फ्री रहेगा।
- ❒ पुस्तक के मुद्रित मूल्य में 20% धनराशि काटकर शेष धनराशि हमारे Phone Pay No. में जमाकर उसका स्क्रीन शाट तथा अपना पूरा पोस्टल पता एवं अपना मोबाइल नं., हमारे Whatsapp No. 9532481205 पर भेज दें।
- ❒ आदेशित पुस्तकें आपके पते पर रजिस्टर्ड डाक द्वारा भेज दी जायेंगी।

**Phone Pay (M.) 9532481205**
**Sushil Kumar Kushwaha**
**Union Bank of India**
**A/c. 394302010996632**
**IFSC : UBIN0530271**

# हमारे प्रकाशन जी.एच. पब्लिकेशन द्वारा प्रकाशित एवं प्रचारित पुस्तकें

## शिक्षा

| | | |
|---|---|---|
| वैदिक चिन्तन मंजूषा | डॉ. सूर्यनारायण गौतम | 350 |
| शतपथ संदर्शन | डॉ. सूर्यनारायण गौतम | 400 |
| शिक्षा में सुधार चुनौतियाँ अपार | डॉ. प्रेम भारती | 395 |
| वैदिक शिक्षा के विविध आयाम | डॉ. प्रेम भारती | 395 |
| शिक्षाप्रद प्रेरक प्रसंग | डॉ. प्रेम भारती | 350 |
| शिक्षा की समस्याएँ | शारदा देवी | 250 |

## पर्यावरण

| | | |
|---|---|---|
| वेद, यज्ञ और पर्यावरण | डॉ. सूर्यनारायण गौतम | 400 |
| पर्यावरणसुरक्षानामशतकम् | डॉ. द्वारिकानाथ त्रिपाठी | 300 |

## विधि

| | | |
|---|---|---|
| आधुनिक हिन्दू विधि (संस्कृत भाषा में) | प्रो. वेद प्रकाश उपाध्याय | 750 |

## योग एवं स्वास्थ्य

| | | |
|---|---|---|
| योगसार संग्रह | डॉ. रश्मि पाठक | 500 |
| योग एक कल्पवृक्ष | डॉ. प्रेम भारती | 300 |
| शंख थेरेपी | डॉ. प्रेम भारती | 250 |
| योग समग्र जीवन की ओर | कौशल किशोर | 400 |

## पशुपालन एवं स्व-रोजगार

| | | |
|---|---|---|
| खरगोश पालन (H/B) | डॉ. एस.पी. वर्मा | 400 |
| (P/B) | | 150 |
| बटेर पालन (H/B) | डॉ. एस.पी. वर्मा | 300 |
| (P/B) | | 100 |
| बतख पालन (H/B) | डॉ. एस.पी. वर्मा | 350 |
| (P/B) | | 130 |
| पशु पालन एवं पशु चिकित्सा | डॉ. राहुल शर्मा | 500 |

## धर्म एवं संस्कृति

| | | |
|---|---|---|
| वैष्णव महापुराणों में श्रीकृष्ण | डॉ. राम बहोरी त्रिपाठी | 500 |
| चित्रकूट के घाट से | डॉ. राम बहोरी त्रिपाठी | 200 |
| महाकवि कालिदास का सन्देश | डॉ. राम बहोरी त्रिपाठी | 100 |
| भारतोत्तर नाट्याचारों का योगदान | डॉ. बलजीत कौर | 100 |
| बुद्ध ज्ञान रसायन | शीतला प्रसाद मौर्य | 400 |
| युद्ध के नीतिशास्त्र का समीक्षात्मक अध्ययन | डॉ. सीमा सैनी | 450 |
| संस्कृत ग्रन्थों में राजनीतिक एवं आर्थिक विचारधारा | डॉ. सन्ध्या कुमारी | 700 |
| उपनिषदों की प्रेरक कथाएँ | डॉ. विभा श्रीवास्तव | 400 |
| वैदिक साहित्य में दाक्षायण यज्ञ | डॉ. मीनाक्ष उपाध्याय | 500 |
| श्रीमानस भ्रम भंजनी | रामदेव प्रसाद सोनी | 400 |
| द्वादश ज्योतिर्लिंग | ओंकार क्रान्तिकारी | 200 |
| लौकिक जीवन का आध्यात्मीकरण | प्रो. अरविन्द कुमार 'वनबन्धु' | 950 |
| हिन्दू-धर्म दोष एवं समाधान | प्रो. अरविन्द कुमार 'वनबन्धु' | 950 |

## शब्दकोश

| | | |
|---|---|---|
| किहिनी, कहनूति उखान कोश (बघेली-हिन्दी) | रवि रंजन सिंह | 750 |
| मिल बाँचे बघेली हिन्दी (बघेली हिन्दी शब्दकोश) | प्रो. अम्बिका प्रसाद तिवारी | 400 |

## इतिहास

| | | |
|---|---|---|
| तब और अब रीवा | रवि रंजन सिंह | 550 |
| रीवा राज्य के बघेल राजाओं की आर्थिक नीतियों का ऐतिहासिक अध्ययन (1755 ई. से 1948 ई. तक) | डॉ. जीतेन्द्र कुमार पाण्डेय | 999 |
| रीवा अंचल के सरयूपारीण ब्राह्मण वंशावली का ऐतिहासिक अनुशीलन | डॉ. सुशीला पाण्डेय | 999 |
| वीरांगना दुर्गावती | सोमदत्त त्रिपाठी | 250 |
| क्रान्ति से परिवर्तन | सं. डॉ. श्रीकान्त शुक्ल | 400 |

## संस्कृत-भाषा

| | | |
|---|---|---|
| आधुनिक हिन्दू विधि | प्रो. वेदप्रकाश उपाध्याय | 750 |
| वेदतत्त्वविमर्शः | डॉ. सूर्यनारायण गौतम | 500 |
| यजुर्वेदअग्नितत्वविमर्शः | डॉ. सूर्यनारायण गौतम | 400 |
| शुक्लयजुर्वेदीयगर्भाधानादि-षोडशसंस्कार-पद्धतिविमर्शः | आचार्य केदारनाथ द्विवेदी | 350 |
| कृष्णयजुर्वेदीया कठोपनिषद् | प्रो. वेदप्रकाश उपाध्याय | 250 |
| शुक्लयजुर्वेदीया रुष्टाध्यायी (संस्कृत-हिन्दी व्याख्यासहित) | प्रो. वेदप्रकाश उपाध्याय | 500 |
| श्रीसूक्तम् (संस्कृत-हिन्दी व्याख्या-अंग्रेजीभाष्य समन्वितम्) | प्रो. वेदप्रकाश उपाध्याय | 100 |
| कवितागीतश्लोकसङ्ग्रह | डॉ. द्वारिकानाथ त्रिपाठी | 400 |

## बघेली साहित्य

| | | |
|---|---|---|
| बघेली व्याकरण | सोमदत्त त्रिपाठी | 250 |
| पिता का आम वृक्ष (कहानी संग्रह) | डॉ. रामसिया शर्मा | 300 |
| जगन्नाथ केर परसाद | सीताशरण गुप्त | 300 |
| किस्सन केर पोथन्ना | डॉ. सूर्यनारायण गौतम | 250 |
| मिल बाँचे बघेली हिन्दी | प्रो. अम्बिकाप्रसाद तिवारी | 400 |
| किहिनी कहनूतिउखान कोश | रवि रंजन सिंह | 750 |
| बघेली बिरवाही | सं. डॉ. सूर्यनारायण गौतम | 120 |

## छत्तीसगढ़ी साहित्य

| | | |
|---|---|---|
| छत्तीसगढ़ के छत्तीस रतन | कन्हैया साहू 'अमित' | 350 |
| छत्तीस के लोकगीतों का सामाजिक सन्दर्भ | बलदाऊ राम साहू | 450 |
| फुरफुन्दी (छत्तीगढ़ी बालकविता-संग्रह) | कन्हैया साहू 'अमित' | 200 |
| माटी के चुकिया | चोवाराम वर्मा | 200 |

## साहित्यजीवनी-संस्मरण एवं प्रेरक-प्रसंग

| | | |
|---|---|---|
| विश्व की महान महिलाएँ | श्रीमती विभा श्रीवास्तव | 300 |
| संकल्प नाटक संग्रह | उमेशकुमार 'निराला' | 120 |
| स्मृतियों की इन्द्रधनुष | स्वामी विजयानन्द | 400 |
| तड़प (दलितचेतना पर आधारित कहानी) | बृजलाल कोरी | 250 |
| मुखाग्नि (दलितचेतना पर आधारित उपन्यास) | बृजलाल कोरी | 250 |
| नैतिक कहानियाँ | गौरांशी कुशवाहा | 300 |
| विक्रम बेताल की कहानियाँ | गौरांशी कुशवाहा | 400 |
| जयशंकर प्रसाद की अनमोल कहानियाँ | सं. डॉ. अरुणकुमार वर्मा | 400 |
| कुम्भ (कहानी संग्रह) | डॉ. रामसिया शर्मा | 300 |

## बाल-साहित्य

| | | |
|---|---|---|
| कुएँ का भूत | डॉ. रामसिया शर्मा | 100 |
| घमण्डी हाथी | डॉ. रामसिया शर्मा | 100 |
| शहर में बन्दर | डॉ. रामसिया शर्मा | 100 |
| उड़ गौरैया ऊँचे उड़ | डॉ. रामसिया शर्मा | 130 |
| भारत रत्न प्रधानमंत्री | श्रीमती विभा श्रीवास्तव | 60 |
| भारत रत्न महिलाएँ | श्रीमती विभा श्रीवास्तव | 60 |
| हमारा शरीर | डॉ. निशा गुप्ता | 60 |
| दुनिया के अनोखे जीव-जन्तु | सन्तोष दुबे | 60 |
| शिक्षाप्रद लघुकथाएँ | गौरान्शी कुशवाहा | 60 |
| दादी का आशीर्वाद | गौरान्शी कुशवाहा | 60 |
| श्रेष्ठ बाल-कहानियाँ | श्रीमती विभा श्रीवास्तव | 60 |
| फुरफुन्दी (छत्तीसगढ़ी बाल-कविता संग्रह) | कन्हैया साहू 'अमित' | 150 |
| माटी के चुकिया (छत्तीसगढ़ी बाल-कविता संग्रह) | चोवाराम वर्मा 'बादल' | 150 |

**अप्रकाशित मौलिक शोध-पत्र, शोध-प्रबन्ध, पुस्तक-समीक्षा एवं पुस्तकों के प्रकाशन हेतु सम्पर्क करें–**

# जी.एच. पब्लिकेशन

121, शहराराबाग, प्रयागराज-211003 (उ.प्र.)

दूरभाष : 0532-2563028 मो.: 9532481205

E-mail : ghpublication@gmail.com